Equally significant stipulation is given under Article 75(2) which states that the council of ministers 'shall be collectively responsible to the House of the People' though Article 75(3) mentions that the ministers 'shall hold office during the pleasure of the President'. Importantly, under Article 78(1), the constitution requires the prime minster to 'communicate to the President all decisions of the Council of Ministers'. Thus, the scheme laid out in the Constitution appears to be a careful fixation of customary and substantive provisions in which though the president is taken as repository of the powers, the real exercise of all such powers are routed through different parts of the government. In a way, therefore, the constitutional provisions regarding the powers and position of the president are in consonance with the modern constitutional axioms as exemplified by the British Constitution. In comparison to the British political system, what make the working of such constitutional scheme slightly problematic are certain peculiarities of the Indian political system such as federalism, elected office of the president, among others. But even these unique features are now, by and large, adapted to the imperatives of the parliamentary system and it is firmly established that president is not more than a ceremonial head of state in the Indian political system.

Contextual Discretion

Notwithstanding the established juridical proposition that president is bound by the advice of the council of ministers in all cases, and thereby does not have any discretion, accepting such a position as axiom of Indian constitutional law is both illogical and untenable in practice. In a way, president may be argued to have some sort of discretion in at least two circumstances. First and the incontrovertible circumstances are those in which the president does not have the opportunity

in the country, it is getting increasingly difficult for any party to secure a majority in the Lok Sabha. In such a situation, there emerges more than one contender for the post of prime minister in which case the president would be duty bound to use his wisdom and prudence, obviously based on material evidences before him, to take a decision for which there would be no advice from the council of ministers. Such a discretionary exercise of powers on the part of the president would be beyond any constitutional fetters and the president would be well within his rights to do so.

Extending the same corollary further, there may arise a situation in which an incumbent prime minister might die or resign from his post without any duly elected successor from his party. In this situation, if there are more than one contender to form the government claiming majority support in the party, the situation comes back to square one and the president gets vested with the discretionary power of choosing the prime minister. Arguably, the constitutional provision that the president would invite the leader of the majority party to form the government presupposes the existence of a majority party in the lower house of parliament. But in the era of multiparty coalition politics, neither the cobbled up majority of a coalition is permanent in the parliament, nor the leader of the majority party. Quite often, the political predilections of parties may change in which case the majority of the coalition as well as the leader of the majority party may change requiring the formation of a new government under a new leader.

Another situation for the exercise of discretionary power by the president may arise in the particular circumstance in which the incumbent prime minister loses majority in the lower house of parliament but instead of resigning she/he recommends for the dissolution of the house. In such situations, a convention has developed in Britain that the crown does not have any choice and have to abide by the advice for the dissolution of the House of Commons (Delzell Chalmers, 1946). But in India, there is neither any constitutional stipulation nor unanimity amongst the constitutional experts as to the options available before the president to act in a particular manner in such situations. As a result, the president again gets vested with some sort of discretionary power to either go in accordance with the advice of the minority prime minister to dissolve the lower house and call for fresh elections or reject his advice and explore avenues to see if an alternative majority government could be formed to last the remaining term of the house.

Presidential power to give assent to the non-money bills passed by the parliament in order to make them law has also been considered a potential area where the president may exercise his discretion to grant or withhold assent to a bill. Article 111 of the constitution provides that on presentation of a bill for his assent, 'the President shall declare either that he assents to the Bill, or that he withholds assent therefrom'. Explaining the rationale of this article, B. N. Rau notes that these provisions 'are intelligible only on the supposition that the functions of the President thereunder are meant to be exercised, at least in some cases, irrespective of ministerial advice' (Rau, 1960, p. 377). Thus, the constitution makers desired that the president need to be the repository of wisdom to provide an opportunity for a second opinion on a given piece of legislation. In case the procedure ordained in Article 111 is followed scrupulously and the bill is pre-

persons and situations did not exist in the country in all the times as a result of which a few presidents did try to assert their authority in real sense of the term to drive home the point that they could exercise their powers in contrary to or independent of the advice tendered by the council of ministers. One such instance was experienced during the presidency of Giani Zail Singh. When his relations with prime minister Rajiv Gandhi did not remain cordial, he asserted his authority by using the hitherto unknown tool of pocket veto to withhold his assent to the Indian Post Office (Amendment) Bill passed by the parliament.

The most happening period for the exercise of circumstantial discretionary power was the presidencies of R. Venkataraman and K. R. Narayanan. The fluid political situation in the country led to the onset of the era of coalition politics in which the phase of single majority party rule as well as the governments lasting their full term seemed to be over. In such circumstances, the presidents were either left with no ministerial advice or advices by the ministries who had lost their majority in the Lok Sabha. As a result, they had to exercise their constitutional powers not with the aid and advice of the council of ministers but on their own discretion. Moreover, the fragile nature of majorities held by the governments in the Lok Sabha did not allow the minsters to be over assertive in tendering advices to the presidents. But the credit must be given to the maturity of the Indian constitutionalism as well as the prudence of the presidents that they did not go beyond the *Lakshman rekha* despite all sorts of allurements and exhortations to them to indulge into petty politics and demean the constitutional sanctity of the ministerial aid and advice.

In sum, working of presidential discretion in India validates the assertion of Bombawall that 'the sanctions to prevent the President from exercising arbitrary authority must be conventional and political rather than legal' (Bombawall, 1966, p. 28). That way, unfolding of the issue of presidential discretion exhibits the gradual maturing of constitutionalism, democratic ethos and political conventions in the country. In an ambience in which one or the other kind of discretionary power for the president has been argued for in the country for a long time, a maverick president would have got ample opportunities to be tempted to use his discretion in a number of issues to disregard the ministerial advice. But the prevalent democratic political discourse and overwhelming public support for the same apparently acted as the bulwark against any misdemeanour of the presidents. Whatever discretionary act on part of any president might have been visible, that must have been the requirements of time, not the sweet will of the president. And, that is what might have been required for smooth and healthy functioning of fledgling constitutional democracies like India.

Conclusion

Despite the most sincere adaptation of the British parliamentary system, the president of India cannot be said to be devoid of certain discretionary powers arising out of circumstances as well as inverse reading of certain provisions of the constitution. As far as circumstantial discretion is concerned, such a situation could be found in almost all the parliamentary democratic political systems

References

Bagehot, W. (1873). *The English Constitution* (2nd ed.). Boston, MA: Little, Brown and Company. Retrieved 25 March 2017, from https://ia802604.us.archive.org/14/items/englishconstitu00bagegoog/englishconstitu00bagegoog.pdf

Bakshi, P. M. (2010). *The Constitution of India* (10th ed.). Delhi: Universal Law Publishing Co.

Bombawall, K. R. (1966). The President of India: Limits of Discretion. *Indian Journal of Political Science, 27*(3/4, July–December), 26.

Chatterjee, D. (2016). *Presidential Discretion.* New Delhi: Oxford University Press.

Das, B. C. (1977). *The President of India.* New Delhi: S. Chand.

Dash, S. C. (1961): The power of assent and president's role in India. *Indian Journal of Political Science, 22*(4, October–December), 320–321.

Delzell Chalmers, C. F., Asquith, C., & Phillips, O. H. (1946). *Chalmers and Hood Phillips' Constitutional Laws of Great Britain, the British Empire and Commonwealth* (6th ed.). London: Sweet & Maxwell.

Jennings, I. (1951). *Cabinet government* (2nd ed.). Cambridge: Cambridge University Press.

Malik, L. (2015). *The power of raising hill: The constitutional position, functions and powers of the President of India.* New Delhi: LexisNexis.

———. (2017). *Selected reflections on the Indian presidency: Essays in honour of President Shri Pranab Mukherjee.* New Delhi: Satyam Law International.

Punjabi, K. L. (1961). *Rajendra Prasad.* Madras: Macmillan.

Rau, B. N. (1960). *Indian Constitution in the making.* Madras: Orient Longmans.

Shah, K. T. (1985). *Constituent assembly debates* (Vol. VII). New Delhi: Lok Sabha Secretariat.

ISSN-2229-452X

भारतीय राजनीति विज्ञान शोध पत्रिका

भारतीय राजनीति विज्ञान परिषद् का अर्द्धवार्षिक प्रकाशन

वर्ष–दशम्, अङ्क:–द्वितीय, जुलाई–दिसम्बर, 2018

मनसि वचसि काये पुण्यपीयूषपूर्णा–
स्त्रिभुवनमुपकारश्रेणिभिः प्रीणयन्तः।
परगुणपरमाणून्पर्वतीकृत्य नित्यं
निजहृदि विकसन्तः सन्ति सन्त कियन्तः।।

पी. मदुरई वीरन
सम्पादक

6. The Life of Vivekananda and the Universal Gospel, Advaita Ashrama, Calcutta, 1970, pp.4-7
7. विवेकानन्द साहित्य, भाग. 3, अद्वैत आश्रम, कोलकाता, 2014, पृ. 332
8. Ibid., भाग. 5, अद्वैत आश्रम, कोलकाता, 2014, पृ. 5
9. Ibid., भाग. 1, अद्वैत आश्रम, कोलकाता, 2014, पृ. 402.03
10. Ibid., भाग. 7, अद्वैत आश्रम, कोलकाता, 2014, पृ. 148
11. अग्निमंत्र, नागपुर, 2014, पृ. 106
12. विवेकानन्द साहित्य, भाग. 2, अद्वैत आश्रम, कोलकाता, 2014, पृ. 311
13. Ibid., भाग. 7, अद्वैत आश्रम, कोलकाता, 2014, पृ. 132
14. 'bid., भाग. 5, अद्वैत आश्रम, कोलकाता, 2014, पृ. 386.87
15. अग्निमंत्र, दिसंबर 2014, नागपुर, पृ 142
16. विवेकानन्द साहित्य, भाग. 5, अद्वैत आश्रम, कोलकाता, 2014, पृ. 53
17. Ibid., भाग. 3, अद्वैत आश्रम, कोलकाता, 2014, पृ. 345.56
18. Ibid., भाग. 3, अद्वैत आश्रम, कोलकाता, 2014, पृ. 357
19. Ibid., भाग. 7, अद्वैत आश्रम, कोलकाता, 2014, पृ. 148
20. Ibid., भाग. 3, अद्वैत आश्रम, कोलकाता, 2014, पृ. 332.33
21. National Crime Records Bureau, report 2016
22. Report, 2011, National Sample Survey Office
23. Report, 2015, Socio Economic and Caste Census
24. Report, Department of Personnel and Training
25. भारत की जनगणना, 2011
26. विवेकानन्द साहित्य, भाग. 9, अद्वैत आश्रम, कोलकाता, 2014, पृ. 380.81

प्राचीन भारत में राजनीतिक न्यायः अवधारणात्मक विश्लेषण

संजीव कुमार शर्मा
चंचल

प्राचीन भारतीय राजव्यवस्था का मूल उद्देश्य न्याय की स्थापना करना है। राजनीतिक न्याय स्वतन्त्रता के आदर्श को महत्व प्रदान करके सामाजिक न्याय के हितों की पूर्ति करता है। प्राचीन चिन्तन में राजनीतिक न्याय से तात्पर्य राजव्यवस्था में व्यक्तियों की भागेदारी की सुनिश्चितता से है जो सभी व्यक्तियों को समान राजनीतिक अधिकार प्रदान करती है प्राचीन भारतीय चिन्तन में राजनीतिक न्याय समानता एवं स्वतन्त्रता पर आधारित है। इसके अन्तर्गत यहीं देखने का प्रयत्न किया जायेगा कि क्या राजनीतिक व्यवस्थाओं में सभी पदों की नियुक्तियों में सभी व्यक्तियों को समान अवसर प्रदान किए जाते थे? क्या वेतन एवं पुरस्कारों के वितरण में न्याय किया जाता था?

प्राचीन भारतीय राजव्यवस्था में राजा का राजनीतिक न्याय से निकटतम सम्बन्ध है क्योंकि वह विधिव्यवस्था एवं समाज में न्याय प्रदान करने का मूल स्त्रोत एवं धर्म का संरक्षक है। प्राचीन चिन्तन में राजा के बिना राज्य का कोई अस्तित्व नहीं है। इसीलिए भीष्म पितामह ने कहा है– **"राजन्येकु सर्वेषु वस्तव्यमिति वैदिकम्"**[1] अर्थात् राजाहीन राज्य में रहना ही नहीं चाहिए। अतएव प्रजा के सम्यक् रक्षा एवं समृद्धि के लिए राजा का होना नितान्त आवश्यक है। इसलिए प्रजा को अपने सुख एवं धर्म, अर्थ काम की सिद्धि के लिए राजपद पर किसी योग्य व्यक्ति को ही नियुक्त करना चाहिए। इस दृष्टि से प्राचीन भारतीय चिन्तन में राजनीतिक न्याय मूल रूप से योग्यता के सिद्धान्त एवं जनसहमति के सिद्धान्त पर आधारित है। सर्वोच्च पद पर आसीन राजा को पद प्राप्त करने के लिए केवल उच्च कुंल में जन्म लेना एवं ज्येष्ठता का अधिकारी होना ही नहीं चाहिए था अपितु उस व्यक्ति में कुछ विशिष्ट योग्यताओं का होना अत्यन्त अनिवार्य था। भीष्म पितामह ने राजा की योग्यता के विशय में 36 गुणों का व्याख्यान किया है। उनके अनुसार राजा को सुप्रज्ञ, शीलसम्पन्न, दान्त, मृदु, धार्मिक, जितेन्द्रिय, सुदर्शन, स्थूललक्ष, सत्यवादी, विक्रान्त शास्त्र आत्मवान, जितक्रोध, त्रयी और शास्त्र का ज्ञाता चतुवर्ग–स्त, संवृतमन्त्र, मृदुदण्डी, प्राज्ञ, शत्रु की दुर्बलता समझने में तत्पर, नय अपनयवित्, क्षिप्रकारी, सुप्रसाद, महामना, क्रियावान, अविसंवादक तथा दृढ़संकल्पी होना चाहिए। इसके अतिरिक्त एक स्थल पर वह कहते है कि वे सब गुण भी राजा में विद्यमान होने चाहिए जो सचिव एवं सेनापति आदि में अपेक्षित है। ऐसा गुणवान राजा ही वांछनीय होता है।[2]

महर्षि मनु ने राजा की योग्यता का वर्णन करते हुए कहा गया है कि राजा को वेदज्ञ, शास्त्रज्ञ एवं विनयशील होना चाहिए, क्योंकि विनय युक्त राजा कभी नष्ट नहीं होता है। अविनय से सम्राट वेन, नहुष, पिजवन के पुत्र सुदा, सुमुख नष्ट हो गये है। विनय के कारण पृथु और मनु ने राज्य, कुबेर ने धन एवं ऐश्वर्य और विश्वामित्र ने क्षत्रिय होकर भी ब्राह्मणत्व को प्राप्त किया था इसके अतिरिक्त राजा को चारो विधाओं आन्वीक्षकी त्रयी, वार्त्ता तथा दण्डनीति को विद्वानों से सीखना चाहिए क्योंकि ये चारों विधाऐं धर्मस्थिति का प्रमुख कारण है। महर्षि मनु ने राजा के जितेन्द्रिय होने पर भी काफी बल दिया है क्योंकि जितेन्द्रिय राज प्रजाओं को वश में रखने के लिए समर्थ होता है।[3] इस प्रकार राजा के गुणों को महत्व प्रदान करके मनु ने राजा की योग्यता को महत्व प्रदान किया है।

आचार्य कौटिल्य ने राजतन्त्र को श्रेष्ठ व्यवस्था स्वीकार करते हुए कहा कि राजा को योग्य, महान सम्पन्न, कर्त्तव्यपरायण तथा परोपकारी होना चाहिए। इसी अधार पर राजा के गुणों एवं

योग्यताओं का वर्णन किया गया है। कौटिल्य के अनुसार राजा को गुणवान एवं शीलवान होना चाहिए। उनकी दृष्टि में केवल वही व्यक्ति राजा होना चाहिए जो राज्य के क्षेत्र का मूल निवासी हो, जो शास्त्रों के निर्देशों का पालन करता हो और कुलीनवंशी हो बलवान हो तथा व्याधियों और व्यसनों से मुक्त हो। कौटिल्य ने राजा के चार प्रकार के गुणों अभिगामिक, प्रज्ञागुण, उत्साह गुण एवं आत्मसम्पन्न गुणों का होना अनिवार्य माना है। अभिगामिक गुणों के अन्तर्गत कौटिल्य ने सौलह प्रकार के गुणों का उल्लेख किया है यथा– राजा को महाकुलीन, देवबुद्धि, धैर्य सम्पन्न, दूरदर्शी, धार्मिक, सत्यवादी सत्यप्रतिज्ञ, कृतज्ञ, उच्चाभिलाषी, अत्यन्त, उत्साही, शीघ्र कार्य को सम्पादित करने वाला, सामन्तों को वश में करने वाला, दुष्बुद्धि, गुणसम्पन्न, परिवार से मंत्री वाला, विनयी एवं शास्त्र बुद्धि वाला होना चाहिए। प्रज्ञागुण के आठ प्रकारों वर्णित का उल्लेख करते हुए कहा कि शास्त्रचर्चा में समर्थ, शास्त्रज्ञान सम्पन्न प्रत्येक बात को ग्रहण कर लेने की क्षमता, अच्छी स्मरण शक्ति, तर्क करने की क्षम्ता, बुरे पक्ष के त्यागने की क्षमता एवं मुणियों की पहचान होनी चाहिए। उत्साह गुण के चार प्रकार शौर्य, अमर्ष क्षिप्रकारिता तथा दक्षता बनाये है। आत्मसम्पन्न गुणों के अन्तर्गत राजा के 27 गुणों से युक्त करके उसे आत्मसम्पन्न राजा की संज्ञा प्रदान की गई है।

आचार्य कौटिल्य ने राजा के संस्थागत एव व्यक्तिगत गुणों का विवरण करते हुए राजा के मर्यादित स्वरूप की भी चर्चा की है। उनके अनुसार प्रजा को ऐसे कुलीन व्यक्ति को राजा बनाना चाहिए। जिसके समक्ष समस्त प्रजाजन उसके व्यक्तिगुण गुणों के कारण नतमस्तक हो जाये। इसी कारण कौटिल्य को राजा की योग्यता में चारित्रिक गुणों का होना अनिवार्य माना है।

आचार्य शुक्र के मत में राजा जिस प्रकार सात्विक, राजस एवं तमसगुण प्रधान तप करता है, वह उसी तप के अनुसार सतगुणी, रजोगुणी एवं तमोगुणी बन जाता है। सात्विक गुण वाला राजा निरन्तर अपने कर्त्तव्य या धर्म के अनुपालन में निरत रहता है, प्रत्येक प्रकार के यज्ञों का अनुष्ठान शत्रुओं का नेता, अत्यन्त उदार क्षमावान, दानवीर, शूरवीर, इन्द्रियों के विषयों की तरफ मन न लगाने वाला, वैराग्य युक्त होता है, ऐसा राजा ही अन्त में मोक्ष प्राप्ति का अधिकार होता है।[4]

इस प्रकार भारतीय राजप्रणेताओं ने राजा के व्यक्तिगत गुणों को विशेष महत्व प्रदान करके एक योग्य व्यक्ति को राजा बनाये जाने का आग्रह किया। इस दृष्टि से योग्यता का सिद्धान्त राजपद की अनिवार्य शर्तें है, जो विभिन्न सन्दर्भों में सभी राजकुमारों के लिए एवं प्रजा के लिए राजनीतिक न्याय की स्थापना करता है। राजनीतिक न्याय समानता के सिद्धान्त का पोषक है इस आधार पर ऐसे सभी व्यक्तियों को शक्ति प्राप्त करने का समान अधिकार है जो कि योग्य है। भारतीय वाङ्मय संस्कृति में स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि यदि ज्येष्ठ पुत्र में राजा बनने हेतु वांछनीय योग्यता न हो तो उसके छोटे भाई को राजा बनाना चाहिए। उदाहरणार्थ महाभारत में महाराज धृतराष्ट्र की शारीरिक दुर्बलता अन्धे होने के कारण उन्हें राज्य नहीं मिल पाया था।[5] स्वयं धृतराष्ट्र ने दुर्योधन से कहा कि **'ज्येष्ठः प्रशासितां राज्याद्धीनांग इति भारत'**[6] अर्थात् मेरे अन्धे होने के कारण ही पाण्डु राजा बनाये गए। राजा की योग्यता का अनिवार्य गुण विनम्र स्वभावी होना भी है। यदि राजा का ज्येष्ठ पुत्र अहंकारी हो तो उसे राजा नहीं बनाया जाता था। ययाति के ज्येष्ठ पुत्र यदु थे अभिमानवश यदु ने समस्त क्षत्रियों एवं अपने पिता एवं भाई का अपमान किया था। महाराज ययाति ने क्रुद्ध होकर उन्हें उत्तराधिकार से बेदखल कर दिया था तथा अपने तीन अन्य पुत्रों जिन्होंने यदु का अनुसरण किया था, उनकी जगह अपने सबसे छोटे आज्ञाकारी पुत्र पुरू को राजसिंहासन पर सुशोभित किया था।[7] इस प्रकार एक सर्वगुण सम्पन्न व्यक्ति ही राजा नियुक्त किया जाता था।

महर्षि मनु का राजा दिव्य गुणों पर आधारित है उन गुणों को धारण करना राजा के लिए अनिवार्य है यदि वह उन गुणों को धारण नहीं करता है तो वह प्रजा के राजा होने का अधिकार

खो देता है। मनुस्मृति में कहा गया है कि यदि ज्येष्ठ पुत्र अन्धा या पागल हो तो उनके स्थान पर उसका छोटा भाई राजा होता है।[8] अतएव महर्षि मनु ने राजा की योग्यता को विशेष महत्व प्रदान करके योग्य राजा की नियुक्ति को ही उचित माना है। आचार्य कौटिल्य ने ऐसे ज्येष्ठ पुत्र को राजसिंहासन देने का विरोध किया हैं जो कि दुबुद्धि हो। इसी प्रकार शुक्र ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि यदि ज्येष्ठ पुत्र बधिर, कोठी, गूँगा अन्धा या नपुंसक हो तो उसके स्थान पर उसका छोटा भाई या पुत्र राज्याधिकार को प्राप्त करता है।[9] इस प्रकार वीर वंश में जन्म लेकर और ज्येष्ठता के आधार पर राजा को नियुक्त नहीं किया जाता था वरन् ऐसे व्यक्ति को राज्य का उत्तराधिकारी बनाया जाता था जिसे शास्त्रों का सम्यक ज्ञान हो, शूरवीर सम्बन्धी सभी चारित्रिक गुण एवं राजउद्देश्यों को प्राप्त करने की सक्षमता हो।

भारतीय संस्कृति में पुरूषों को ही राजपद का अधिकारी माना जाता था किन्तु कुछ ऐसे उदाहरण है जिनमें कहा गया है कि स्त्री को राजपद प्रदान किया जा सकता है। महाभारत महाकाव्य में वर्णित है कि विजित देश के सिंहासन पर राजा के भाई, पुत्र या पौत्र को राजगद्दी पर बैठाना चाहिए किन्तु राजकुमार न रहने पर भूतपूर्व राजा की पुत्री का राजपद मिलना चाहिए।[10] इस प्राचीन समय में नारी की राजपद न मिलने का एक कारण नियोग प्रथा भी मानी जा सकती है जिसके अनुसार निःसन्तान राजा अपने राजवंश को स्थिर करने के लिए अपनी स्त्री से दूसरे योग्य पुरूष से नियोग कराकर पुत्रोत्पत्ति करा सकता था। साथ ही यदि उसकी पत्नी वंध्या होती थी तो उसे दूसरी रानी को रखने का अधिकार था। इन्हीं सभी विकल्पों के कारण राजपद की प्राप्ति में कन्या को कम अवसर ही प्राप्त थे। अतएव कहा जा सकता है कि स्त्री को राजपद पाने का अधिकार तो था किन्तु अन्य विकल्पों के प्रावधान के कारण ऐसी स्थिति भी समाज में उत्पन्न नहीं हुई जो राजपद की प्राप्ति में उनके अधिकार सुनिश्चित करे। इसका यह अभिप्राय कदापि नहीं है कि स्त्री को राजनीतिक न्याय प्राप्त नहीं था धर्मशास्त्रों में अनेक उदाहरण ऐसे है जिनमें स्त्रियों ने पुरूषों के समान अपनी चारित्रिक एवं शारीरिक योग्यता का परिचय देते हुए पुरूषों के समान राज–निर्णयों एवं युद्धों में अपने महत्वपूर्ण योगदान से इतिहास को गौरव–गाथाओं से सम्पन्न किया है। भारतीय परम्परा में स्त्री पुरूष की वामांगी है अतएव जो पुरूष का है वह स्वतः ही स्त्री को प्राप्त है। भारतीय परम्परा में स्त्रियों को जितना सम्मानजनक स्थान प्राप्त है इतना किसी चिन्तन में प्राप्त नहीं है।

भारतीय वाङ्मय में राजा की नियुक्ति में समाज की भागेदारी का प्राथमिक महत्व प्रदान किया गया है। राजपद की नियुक्ति में जनसहमति प्रमुख आधार थी जनमत के द्वारा ही राजा की शक्तियाँ निर्धारित एवं नियंत्रित होती थी। राजा एवं प्रजा के मध्य सम्बन्ध सहयोग पर आधारित राजा के पद की नियुक्ति से लेकर उसके सभी कर्त्तव्यों में जनमत की सहमति प्रभावित रूप में देखी जा सकती है। प्रजा को यह अधिकार प्राप्त था कि वह राजा के प्रजा विरूद्ध व्यवहार की निन्दा कर सके। जन सहमति का प्रत्यक्ष उदाहरण राजपद की नियुक्ति में जनता की उपस्थिति एवं सहमति है। महाभारत महाकाव्य में प्रजा ने सर्व सम्मति से ही कुरू को राजा के पद पर आसीन किया था।[11] इसी भाँति जब राजा परीक्षित की मृत्यु हो गयी थी तब जनमेजय को अभिषिक्त करने वाले राज्यजन, मन्त्री एवं पुरोहित थे। महाभारत में एक अन्य प्रसंग यह पुष्टि करता है कि प्रजा न केवल राजा की नियुक्ति में सक्रिय भूमिका निभाती थी वरन आवश्यक रूप से राजा को नियन्त्रित भी किया करती थी।[12] उदाहरणस्वरूप विचित्रवीर्य की मृत्यु के उपरान्त प्रजा भीष्म पितामह को जनपद ग्रहण करने के लिए आग्रह करती है।[13] किन्तु भीष्म पितामह अपनी प्रतिज्ञा से वचनबद्ध होते हैं इसीलिए वे राजपद ग्रहण नहीं करते। इन तरह राजा की नियुक्ति में प्रजा की महत्वपूर्ण भूमिका थी। तथा जनता को राजा के आचरण एवं नीतियों को विरूद्ध प्रतिवाद करने का भी अधिकार प्राप्त था। महाभारत महाकाव्य में महाराज धृतराष्ट्र की प्रजा ने यह कहते

हुए निन्दा की कि वह अपने पुत्र मोह बन्धन में फंसकर पाण्डु के पुत्रों के साथ अन्याय कर रहा है।[14] इसके अतिरिक्त महाराज धृतराष्ट्र की अनुचित नीतियों के विरूद्ध सभाओं में तथा चौराहों पर जनता ने राज्य विरोधी प्रदर्शन किए है।[15] महाराज धृतराष्ट्र का भीष्म पितामह की उपस्थिति में यह कथन कहना कि 'हम पांण्डवों के साथ अन्याय करेंगे तो प्रजा हमें बन्धुबान्धवों सहित मार डालेगी।[16] स्पष्ट करता है कि राज्य के संचालन में प्रजा की सहमति अत्यन्त आवश्यक थी। इसी प्रकार मनुस्मृति में वर्णित है कि यदि राजा कोई अनैतिक एवं धार्मिक कर्म करता था तब उसे प्रजा की आलोचनाओं का सामना करना पड़ता था। मनुस्मृति में धर्मविरूद्ध आचरण करने वाले राजा के विरूद्ध प्रजा को यह अधिकार प्राप्त है कि वह आपसी चर्चाओं के द्वारा राजा के कार्यों की समीक्षा कर सकें। मनुस्मृति में राजा की लोकप्रियता का महत्व दण्डशक्ति के प्रयोग में भी किया है। उनके अनुसार सम्यक दण्ड स्वर्ग प्राप्ति एवं लोकप्रियता की प्राप्ति का साधन है तथा जो राजा दण्ड ईर्ष्या, भेदभाव एवं बदले की भावना से प्रदान करता है, वह राजा अलोकप्रियता को प्राप्त करके शीघ्र ही नष्ट हो जाता है। इस प्रकार इहलौकिक एवं पारलौकिक कल्याण के लिए आवश्यक के की राजा सदैव प्रजाकल्याण को ध्यान में रखकर ही अपने धर्म का अनुपालन करे। आचार्य कौटिल्य की राजव्यवस्था में जनसहमति का महत्वपूर्ण स्थान था। कौटिल्य ने जनसामान्य के यह अधिकार प्रदान किया है कि यदि राजा अपनी शक्तियों का दुरूपयोग करे, तो प्रजा राजा का परित्याग कर दे। कौटिल्य ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि राजा असीम शक्तियों का प्रयोगकर्त्ता है किन्तु वह प्रजा को निरंकुशता नहीं थोप सकता है। राजा केवल तभी तक राजसत्ता का अधिकारी है जब तक वह प्रजा के हित में ही कार्य करता है। राजा जब भी प्रजा के हितों के विरूद्ध कार्य करेगा प्रजा राजा के आश्रय को अस्वीकार कर सकती है। आचार्य शुक्र ने भी राजा के कार्यों में जनता की सहमति को अनिवार्य माना है। राजा के द्वारा लोकमत का अनादर करने को न केवल अनुचित माना अपितु इसे एक गम्भीर नैतिक अपराध भी माना है। शुक्र ने राजा को यह परामर्श दिया है कि वह लोकनिन्दा को गम्भीरता पूर्वक ग्रहण करके ऐसा कोई कार्य न करे जिससे प्रजा उद्विग्न हो और उसके कार्यों की निन्दा करें।[17] आचार्य शुक्र ने प्रजा को न केवल राजा के कृत्यों को निन्दित करने का अधिकार प्रदान किया अपितु शासक को पदच्युत करने का अधिकार भी प्रदान किया है। शुक्र के अनुसार प्रजा का कर्त्तव्य हूँ कि वह नीति एवं धर्म के विरूद्ध आचरण करने वाले राजा को सदैव भयभीत रखे।[18] जिससे राजा अपनी शक्तियों का दुरूप्योग न कर पाये।

इस प्रकार सभी राजप्रणेताओं ने राजाभिषेक से लेकर राज्य निष्कासन तक प्रजा की सहमति को स्वीकार किया है। राजा एवं प्रजा के मध्य अटूट सम्बन्ध था राजा के समस्त कर्त्तव्य प्रजा कल्याण पर आधारित थे। प्रजा सुरक्षा एवं न्याय प्राप्त करने के लिए राजा के आदेशों का पालन करती थी। राजा का कर्त्तव्य था कि वह प्रजा को धर्म के प्रति प्रेरित करके अनुचित कार्य करने वाले व्यक्ति को दण्डित करके लोक रक्षण करे। वही यदि राजा प्रजा के विरूद्ध नीतियों का सचरण करता था तब प्रजा विरोध का व्यवहार अपनाती थी। तब राजा को प्रजा के प्रतिवाद का सामना करना पड़ता था। राजा लोकनिन्दा एवं अपकीर्ति के भय से प्रजा के विरूद्ध कार्य करने का प्रयत्न नहीं कर पाता था। इस प्रकार राजव्यवस्था में प्रजा एवं राजा के मध्यम से न्याय की स्थापना होती हैं।

प्राचीन भारतीय राजशास्त्र प्रणेताओं ने राजा की भाँति मन्त्रिपरिषद की अनिवार्यता का प्रतिपादन किया है। महाभारत में कहा गया है कि **'न राज्यमन मात्येन शक्यं शास्तुमपियहं'**[19] अर्थात् बिना मन्त्री की सहायता के राजा तीन दिन भी राज्य का संचालन नहीं कर सकता है। महर्षि मनु के अनुसार साधारण से साधारण कार्य भी कार्य भी व्यक्ति अकेला नहीं कर सकता है तो राजकार्य जो बहुत गुरूतर है वह बिना दूसरों की सहायता से कैसे पूर्ण किया जा सकता है।[20] कौटिल्य के शब्दों में राजतन्त्र–पद सहायकों की मदद से ही सम्भव है, अकेले एक पहिये

से रथ नहीं चल सकता है। शुक्र के मत में राजा कितना भी योग्य और विद्वान क्यों न हो, उसे राजकीय कार्य बिना मन्त्रियों की सहायता से नहीं करने चाहिए। अन्यथा वे कार्य राज्य को विपत्ति में डाल देंगे और राज्य स्वयं ही विनाश की ओर अग्रसरित होगा। इस प्रकार मन्त्रिपरिषद राजकार्यों के लिए अत्यन्त अनिवार्य है क्योंकि राजा के समस्त कार्य मन्त्रणा से ही सम्पन्न किये जाते है।

प्राचीन भारतीय राजव्यवस्था में मन्त्रियों की नियुक्ति किन आधारों पर की जाती थी? एवं क्या सामान्य व्यक्तियों को नियुक्त पदों पर नियुक्त होने का अधिकार प्राप्त था यही सब विषय राजनीतिक न्याय की व्यवस्था को स्पष्ट करते है। प्राचीन भारतीय राजव्यवस्था में मन्त्रियों की नियुक्ति के मुख्य रूप से तीन मापदण्ड योग्यता, जनसहमति और परीक्षा ही थे। साधारण शब्दों में हर प्रत्येक व्यक्ति मन्त्री बनने के योग्य था। जिसमें मंत्री पद हेतु वांछनीय योग्यता थी एवं जिसकी पुष्टि उसकी परीक्षा को उत्तीर्ण करने से होती थी तथा लोकसम्मति के बिना कोई भी व्यक्ति पद प्राप्त करने का अधिकारी नहीं होता था।

राज्य में मन्त्रिपरिषद के सदस्यों की नियुक्ति में चारित्रिक योग्यता के सिद्धान्त को विशेष बल प्रदान किया गया था। महाभारत महाकाव्य में भीष्म पितामह ने मन्त्रियों के आचरण की शुद्धता को स्पष्ट करते हुए युधिष्ठिर से कहा कि शूर, परम, अनुभवी, सन्तुष्ट, महान, उत्साही और ब्राह्मण को ही मन्त्रिपद प्रदान करना चाहिए।[21] मन्त्रियों में देशकाल के अनुसार कार्य पूर्ण करने की योग्यता होनी चाहिए उसको अपने धर्म स्वामी का हितैषी होना चाहिए। आचार्य मनु ने भी मन्त्रिपद हेतु चारित्रिक योग्यता को अनिवार्य शर्त माना है। उनके अनुसार राजा को सभी मन्त्रियों में अधिक ध कर्मा और बुद्धिमान मन्त्री के साथ षाडगुण्य नीति के मन्त्र का निश्चय करना चाहिए।[22] मन्त्री की नियुक्ति के विषय में कहा कि पवित्र, बुद्धिमान, परीक्षित तथा द्रव्य के उपार्जन को जानने वाले व्यक्तियों को ही मन्त्री पद पर नियुक्त करना चाहिए।[23] आचार्य कौटिल्य शासन व्यवस्था के लिए मन्त्री एवं अन्य पदाधिकारियों का होना अनिवार्य माना है। कौटिल्य के राष्ट्रों में अच्छे शासन के लिए न केवल अच्छा शासक अनिवार्य है अपितु अच्छे अमात्य भी आवश्यक थे। अमात्यों की नियुक्ति के विषय में कौटिल्य ने कहा कि विद्या, बुद्धि, साहस, गुण–दोष, देश काल एवं पात्र का विचार करके ही राजा को अमात्य नियुक्त करना चाहिए। कौटिल्य ने अमात्यों के अन्तर्गत आने वाले मन्त्रियों तथा विभिन्न प्रकार के पदाधिकारियों की योग्यता एवं गुणों का विशद् उल्लेख करके यह व्यवस्था की कि जिस व्यक्ति में आधी योग्यता हो उसे मध्य या जिसमें एक चौथाई हो उसे निकृष्ट मन्त्री समझना चाहिए।[24] आचार्य कौटिल्य ने अपनी विद्वता का परिचय देते हुए अमात्यों के गुणों, मनोदशा एवं चरित्र के परीक्षण हेतु अनेक युक्तियों का विवरण प्रस्तुत किया है। मन्त्रियों के लिए सत्यता, ईमानदारी एवं विश्वासपात्रता की जांच को परीक्षाओं के रूप में सम्मिलित किया है।[25]

नियुक्ति की परीक्षा में सफल होने वाले पदाधिकारियों को ही राज्य के महत्वपूर्ण कार्य प्रदान करने चाहिए। कौटिल्य ने नियुक्ति की परीक्षा को उपधा परीक्षा कहा है। उपधा का अर्थ है कि गुप्त तरीके से एवं छल द्वारा किसी के चरित्र की परीक्षा करना। उपधा परीक्षा के चार प्रकार– धर्मोपधा, अर्थोपधा, कामोपधा और भयोपधा हैं। धर्मोपधा परीक्षा में भ्रमिक प्रसंग लेकर चरित्र की परीक्षा की जाती है। अर्थोपधा में आर्थिक प्रलोभन देकर, कामोपधा में स्त्री सहवास का प्रलोभन देकर एवं भयोपधा में राजा किसी मंत्री को अपमानित करता है फिर इसके बाद गुप्तचर के माध्यम से परीक्षा लेता है। इन चारों प्रलोभनों को देकर राजा ऐसे मंत्री का नियुक्त करे जो इन प्रलोभनों से मुक्त रहे। महाभारत में भी उपधा परीक्षा का समर्थन किया गया है। कौटिल्य नियुक्ति से पूर्व एवं पश्चात् परीक्षा को अनिवार्य मानते हैं ताकि पदभ्रष्ट होने वाले पदाधिकारी का नजर रखी जा सके। वही मनु नियुक्ति से पूर्व परीक्षा का समर्थन करते हैं। आचार्य शुक्र भी ऐसी परीक्षा के समर्थक हैं। विद्याध्ययन के पश्चात् ली जाये। शुक्र के शब्दों में परीक्षा में उत्तीर्ण व्यक्ति को उसकी योग्यता एवं क्षमता के अनुसार राज्य कार्य का दायित्व सौंपना चाहिए।

इस प्रकार आचार्य कौटिल्य मन्त्रिपरिषद के गठन में सर्तकता बरतने का परामर्श देते है क्योंकि मन्त्रिपरिषद के सभी सदस्य राज्य संचालन के वास्तविक अंग होते है। श्रेष्ठ एवं गुणी अमात्यों के अभाव में शासन का सुचित संचालन संभव नहीं है क्योंकि राज्य की दूसरी प्रकृति अमात्य है और अमात्यो के अन्तर्गत अनेक मन्त्रियों का उल्लेख किया गया है। आचार्य शुक्र ने मन्त्रिपरिषद की सदस्यता ये चारित्रिक योग्यता को महत्व प्रदान करते हुए कहा कि राजा के मन्त्री गुणवान होने चाहिए। शुक्र के शब्दों में राजा को राज्य के अभ्युदय हेतु कुलीन, गुणी, चरित्रवान, वीर, राजभक्त, मधुरभाषी, हितकर उपदेष्टा, सहिष्णु, सदैव न्यायप्रिय, कुपथगामी, राजा को भी युक्तिपूर्वक सत्पथ पर लाने में समर्थ, शुद्ध चरित्र वाला, द्वेषरहित, काम क्रोध लोभ से रहित तथा आलस्यहीन मनुष्यों को अपने सहायक के रूप में उच्चपद पर नियुक्त करना चाहिए।[26] शुक्र ने मन्त्रियों की आवश्यकता एवं उनकी उपयोगिता का विवरण करते हुए कहा कि युवराज एवं मन्त्रिगण दोनों ये दोनों राजा के दायें–बाये हाथ है। अतएव स्पष्ट है कि राजा के कार्यों को पूर्ण करने में मन्त्रियों की सहयोगी भूमिका है। जिस कारण इनके पद का महत्व विशेष है। इस प्रकार आचार्य शुक्र भी राजव्यवस्था में मन्त्रियों की योग्यता को अनिवार्य मानते है। जो व्यक्ति इन योग्यता को सिद्ध कर देता था वही राज्य के प्रमुख पद को प्राप्त करने का अधिकारी हो जाता था। इस दृष्टि से मन्त्रियों की नियुक्ति में सभी गुणी व्यक्तियों को राजनीतिक न्याय उपलब्ध था तथा मन्त्रियों की नियुक्ति में जनसहमति आवश्यक थी। वही व्यक्ति मन्त्री नियुक्त किया जाता था जो व्यक्ति चारित्रिक गुणों के अतिरिक्त लोकप्रिय था इसीलिए महाभारत के शान्तिपर्व में कहा गया है कि केवल ऐसे व्यक्ति को ही मन्त्रिपद प्रदान करना चाहिए जो प्रजा का विश्वास पात्र हो एवं जिसकी नियुक्ति प्रजा की दृष्टि में उचित समझी जाती हो इस सन्दर्भ ने भीष्म पितामह का कथन है कि मन्त्रिपद उसी व्यक्ति को प्राप्त होना चाहिए जिसे राष्ट्र एवं पुर दोनों के निवासियों का विश्वास प्राप्त हो इसके विपरीत उस व्यक्ति का भी प्रपत्र कभी भी प्रदान नहीं करना चाहिए। जिसमें पुर एवं राष्ट्र के निवासियों का विश्वास हो आचार्य शुक्र ने जनसहमति को महत्व प्रदान करते हुए कहा कि यदि राजा का मन्त्री अन्याय परायण हो जाए तब राजा को तत्काल ही उसे पद से च्युत कर देना चाहिए।[27] अतएव आचार्य शुक्र ने प्रजा सहमति के सिद्धान्त को मन्त्रि परिषद के गठन के लिए अनिवार्य महत्व प्रदान किया है।

प्राचीन भारतीय चिंतन में पदाधिकारियों के वेतन एवं पुरस्कारों के वितरण में आदर्श व्यवस्था थी। राज्य के पदाधिकारियों की नियुक्ति राजा कार्यों के संचालन के लिए की जाती थी। जिस कारण राजा राज्य से प्राप्त होने वाली आय का कुछ अंश राजकर्मचारियों को वेतन स्वरूप प्रदान किया करता था। वेतन व्यवस्था के अन्तर्गत पदाधिकारियों को उनके पद एवं योग्यता के अनुसार ही वेतन प्रदान किया जाता था। आचार्य कौटिल्य ने प्रत्येक पद पर अलग–अलग वेतन पद के दायित्व के आधार पर निर्धारित किया है। प्राचीन भारत में सभी चिंतकों ने राजा को निर्देष दिया कि वह वेतन नियत समय पर दे साथ ही पदाधिकारियों का वेतन इतना तो अवश्य होना चाहिए कि वह अपने परिवार का भरण–पोशण कर सके। प्राचीन समय में भी राज्यकर्मचारियों की योग्यता, कार्यक्षमता एवं राज्यनिश्ठा के आधार पर पदोन्नति प्रणाली को स्वीकार किया गया है। पदोन्नति की व्यवस्था राज्य कर्मचारियों के प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए की गई है। पदोन्नति के लिए उपधाओं का वर्णन किया गया है

प्राचीन भारतीय चिंतकों ने आदर्श वेतन की व्यवस्था एवं पदोन्नति के साथ–साथ राज्यकर्मचारियों के लिए सवेतन अवकाष की व्यवस्था की है। राज्यकर्मचारियों के लिए सामाजिक एवं धार्मिक पर्वों पर अवकाष की व्यवस्था की गई है। राज्यकर्मचारी राज्य के महत्वपूर्ण सहायक होते हैं। उनकी योग्यता एवं कार्य की समझ पर ही राज्यकार्य निर्भर रहते हैं इसीलिए राजा राज्यकर्मचारियों के लिए आकस्मिक अवकाष एवं चिकित्सा सेवा की भी व्यवस्था करता है। भारतीय

चिंतकों ने पदाधिकारी की आयु बढ़ जाने पर सेवा निवृत्ति के नियम को स्वीकारा है। कौटिल्य ने भी सेवा निवृत्त कर्मचारियों के लिए पेंषन की भी व्यवस्था की है। राज्यपदाधिकारियों की सेवाकाल में मृत्यु हो जाने पर परिवार को मुआवजा एवं भरण–पोशण का अधिकार प्रदान किया है।

इस प्रकार प्राचीन भारतीय राजप्रणेताओं ने राजनीतिक पदो की नियुक्ति सभी सिद्धान्तों में योग्यता एवं जनसहमति को विशेष महत्व प्रदान करके राजव्यवस्था में राजनीतिक न्याय की स्थापना की है। प्राचीन भारतीय चिन्तन में राजनीतिक न्याय सभी व्यक्तियों को समान नियुक्ति का अधिकार प्रदान करके व्यक्तियों को राजकीय पद प्राप्त करने हेतु योग्यता प्रमाणित करने की स्वतन्त्रता प्रदान करता है। जिसमें राज्य का कल्याण निहित है। अतएव प्राचीन चिन्तन में राजनीतिक न्याय का स्पष्ट क्रमबद्ध एवं व्यवस्थित स्वरूप है जो समानता एवं स्वतन्त्रता पर आधारित न्याय की स्थापना करता है। जिसमें भेद, असमानता एवं अन्याय के लिए कोई स्थान नहीं है। राजनीतिक व्यक्तिगत योग्यता का महत्व प्रदान करके एक श्रेश्ठ राज्य का निर्माण करता है।

सन्दर्भ सूची:-

1. महाभारत, शान्तिपर्व, 67/5
2. महाभारत में राज्यव्यवस्था, प्रेम कुमार दीक्षित, अर्चना प्रकाषन प्रथम संस्करण, 1970, पृ0 41
3. मनुस्मृति, 7/38–44
4. शुक्रनीति, 1/29–31
5. महाभारत, आदिपर्व, 101/25, उद्योगपर्व 147
6. महाभारत, उद्योगपर्व, 26/149
7. महाभारत, उद्योगपर्व, 147/3–12
8. मनुस्मृति 9/201
9. शुक्रनीति, 1/346–348
10. महाभारत, शान्तिपर्व, 33/43–45
11. महाभारत, आदिपर्व, 6/40
12. महाभारत, आदिपर्व, 6/40
13. महाभारत, उद्योगपर्व, 145/25–30
14. महाभारत, आरण्यपर्व, 1/12–18
15. महाभारत आदिपर्व, 140/23–29
16. महाभारत आदिपर्व, 130/2–7

17. शुक्रनीति, 1/26

18. शुक्रनीति, 2/274

19. महाभारत, शान्तिपर्व, 83/3

20. मनुस्मृति, 7/55

21. महाभारत, शान्तिपर्व, 83/3

22. मनुस्मृति, 7/58

23. मनुस्मृति, 7/60

24. कौटिल्य अर्थशास्त्र, 1/8

25. कौटिल्य अर्थशास्त्र, 1/10

26. शुक्रनीति, 2/7–9

27. शुक्रनीति, 2/375

[illegible] वर्ष-दशम्, अङ्क: द्वितीय, जुलाई-दिसम्बर, 2018 ISSN-2229-452X

भारत में लोकतंत्र की गहराई

दिप्ती पॉल सरीन

[illegible] के बनने की प्रक्रिया एक तरह से हमारी आजादी के संघर्ष के साथ जुड़ी [illegible] बहुत कुछ ब्रिटिशराज के समय का ही रहा, किंतु वयस्क मताधिकार, सर्वथा [illegible] न्यायपालिका, प्रतिनिधि संसदीय संस्थान और उत्तरदायी कार्यपालिका हमारे [illegible] बन गए। संविधान की रचना का अध्याय भारतीय जनतंत्र का एक गौरवशाली [illegible] संविधान सभा स्वयं वयस्क मताधिकार पर आधारित नहीं थी, किंतु संविधान [illegible] मताधिकार को सभी व्यवस्था के मूल में प्रतिष्ठित करते हुए प्रजातंत्र का एक [illegible] बना दिया।

[illegible] की भूमिका केवल चुनावों में, सरकार बनाने में और सत्ता व सुविधा के मोदक बाँटने [illegible] नहीं हो जाती। सत्ता और सुविधा के मोदक राजनीतिक दलों में बाँटने की परिपाटी के [illegible] लूट-खसोट की राजनीति पनपने लगी है। आज भ्रष्टाचार राजनीति में इस प्रकार आरोपित [illegible] है कि अपराध, भ्रष्टाचार और राजनीति–अन्योन्याश्रित हो चले हैं। आपराधिक पृष्ठभूमि के राजनेता [illegible] भ्रष्टाचार का शासन हमारे लोकतंत्र पर सबसे बड़ा प्रश्नचिन्ह है। भ्रष्टाचार के विषवृक्ष को [illegible] की राजनीति निरंतर सींच रही है। दागी मंत्रियों और सांसदों का प्रश्न राजनीति में [illegible] की खेती की फसल है। भ्रष्टाचार के विषवृक्ष को समूल नष्ट करने के संकल्प, साहस [illegible] नास्तिकता और सूझबूझ का अभाव दृष्टिगोचर होता है हमारी लोकशाही नहीं जुटा पा रही [illegible] चुनावों में अथाह अकूत धन का खर्चा होता है। सांसद और मंत्री अपने सार्वजनिक जीवन को [illegible] दिन की चाँदनी मानकर अगले चुनाव के लिए या शेष जीवन के लिए साधन जुटाना चाहते [illegible] सत्ता और भ्रष्टाचार का संयोग और दांपत्य राजनीतिक दलों और राजनेताओं को अब विचलित [illegible] करते। राजनीतिक दल और उनके नेता भ्रष्टाचार को संस्कृति को जीवन का यथार्थ मानकर [illegible] बाहुबली महारथी सांसदों और मंत्रियों को मनोनीत करने को बाध्य होते हैं कि जो चुनाव [illegible] जीतने की क्षमता रखते हैं और चुनावों में जीतने की क्षमता के लिए जातियों और उपजातियों [illegible] समीकरण चाहिए, बाहुबल चाहिए, अथाह संपदा चाहिए। हमारे लोकतंत्र में आजकल चरित्र [illegible] एक बोझा और सादगी को एक फुहड़पन समझा जाता है। बौद्धिक योग्यता और मूल्यनिष्ठा [illegible] सत प्रतिशत अवमूल्यन हो गया है। संवेदनशील बुद्धिजीवी सार्वजनिक जीवन के हाशिए पर [illegible] तिरस्कृत है और यह सब इसलिए कि मतदाता का पुण्यप्रकोप अभी हमारे समाज [illegible] भ्रष्टाचार पर बिजली की तरह नहीं गिरता। मामले–मुकदमे बरसों तक लटके रहते हैं और [illegible] मर्यादाओं का हनन सरेआम चलता है। चुनाव के खर्चे, राजनीतिक दलों का भ्रष्टाचार, [illegible] राजनेताओं की स्वार्थ जीवनशैली और जनता की निष्क्रिय उदासीनता मिलकर एक ऐसा दुष्चक्र [illegible] बनाते हैं कि इसका सक्षम प्रतिकार और प्रतिवाद करने में लोकशक्ति निहत्थी और बेवश है। जब [illegible] सिविल समाज का नैतिक मनोबल नहीं जागता तब तक छिछली राजनीति का वर्चस्व बना [illegible] यह लगभग निश्चित है

लोकशाही की श्रेष्ठ भूमिका देश के मनोबल को बनाए रखने और बढ़ाने में, देश की एकता को सुपुष्ट करने में है, हमारी नागरिकता में देशप्रेम तथा बंधुत्व को प्राण–प्रतिष्ठा करने में है, किंतु इस कसौटी पर हमारा लोकतंत्र आज खरा नहीं उतरता। यह हमारे लोकतंत्र की विडंबना है कि राजनीतिक दल और राजनेता देश के प्रतिक्षण तिल–तिल बाँट रहे हैं। प्रत्येक उपद्रव के पीछे [illegible] की स्वार्थनीतियों का टकराव स्पष्ट है, हमारा संविधान पहले ही अनुच्छेद में घोषणा

शोध मथन, Impact Factor 5.63 (SJIF), UGC No. 40908 ISSN: (P): 0976-5255, (e) : 2454-339X,
Available at http://shodhmanthan.com/books.com/ https://doi.org/10.31995/shodhmanthan

समय आने पर अपनी शक्ति को बढ़ाना चाहिए और फिर उसकी दानवता का प्रतिकार करना चाहिए।

विग्रह या शत्रु के विरुद्ध युद्ध का निर्माण

जब कोई शत्रु देश हमारे आन्तरिक मामलों में हस्तक्षेप करने लगता है और हमारी आन्तरिक शान्ति को भंग करने का प्रयास करने लगता है, तब उसके विरुद्ध युद्ध की घोषणा करना अनिवार्य हो जाता है। यह तब और भी अधिक आवश्यक हो जाता है जब कोई शत्रु हमारी सीमाओं को तोड़कर हमारी राष्ट्रीय एकता और अखण्डता को चुनौती देता है या हमारे पौरुष और शौर्य की परीक्षा लेने के लिए हमारे समक्ष खड़ा होकर हमें ललकारता है।

यान या युद्ध घोषित किए बिना आक्रमण की तैयारी

शत्रु को अपने प्रति सदा संशय में डाले रखना चाहिए। उसे हमारे राष्ट्र की किसी भी दुर्बलता का ज्ञान नहीं होना चाहिए। मनोवैज्ञानिक दबाव उस पर बना रहना चाहिए। यदि उसके समक्ष हमने अपनी दुर्बलताओं को दिखाने का तनिक सा भी प्रयास किया तो परिणाम वही होगा जो 1962 में चीन ने हमारे साथ किया था। उस समय भारत के प्रधानमंत्री पण्डित जवाहरलाल नेहरू ने चीन की शत्रुतापूर्ण साम्राज्यवादी और विस्तार वादी नीतियों के प्रति असावधानी बरतकर उसे अपनी अहिंसात्मक रक्षा नीति की दुर्बलता बता दी थी। जिसका परिणाम यह हुआ कि चीन ने भारत पर हमला किया और उस समय हमें अपने राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा बरती गई असावधानी का भारी मूल्य चुकाना पड़ा।

आश्रय अर्थात् आत्मरक्षा की दृष्टि से राजा द्वारा अन्य राजा की शरण में जाना

कभी–कभी ऐसा भी होता है कि शत्रु देश हम पर अचानक हमला कर देता है। तब उसे युद्ध के अतिरिक्त अन्य कोई उपाय हमारे पास उपलब्ध नहीं होता। ऐसी स्थिति में एक विकल्प रह जाता है कि उस देश के अतिरिक्त जो देश हमारे मित्र हैं या आक्रमण करने वाले के शत्रु हैं, हमें उनसे सामरिक संधि करनी चाहिए और उनका साथ लेकर ऐसे आक्रमणकारी का सामना करना चाहिए। अपनी राष्ट्रीय एकता और अखण्डता को बचाए और बनाए रखने के लिए ऐसा किया जाना नैतिक रूप से उचित माना जाता है। जैसा कि हम वर्तमान समय में देख रहे हैं, जब चीन अपने सैनिकों को हमारी सीमा पर भेज रहा है और सीमा पर युद्ध की स्थिति प्रबल होती जा रही हैं। ऐसे में भारत की विदेश नीति चाणक्य के इसी सूत्र का लाभ उठाते हुए संसार में अपने मित्रों को खोज रही है। इस समय हम यह भी देख रहे हैं कि भारत के साथ बड़ी संख्या में वैश्विक शक्तियां एकत्र होती जा रही हैं।

इसे चाणक्य नीति की सफलता ही मानना चाहिए कि जितनी बड़ी संख्या में वैश्विक शक्तियां भारत का सामरिक सहयोग करने की तैयारी कर रही हैं, उतने ही अनुपात में चीन हमारी सीमा पर आने में भय अनुभव कर रहा है। पिछले दिनों चीन के द्वारा कुछ सैनिक भारत की सीमाओं पर वापसी के लिए जब गाड़ियों में लादकर भेजे गए तो गाड़ियों में बैठे हुए चीनी सैनिक भारत के इस कारण रो रहे थे। क्योंकि उन्हें यह आभास हो रहा था कि आज का भारत 1962 का भारत नहीं है . आज के भारत के साथ वैश्विक शक्तियां जुड़ती जा रही हैं और यदि इस बार

युद्ध हुआ तो चीन को युद्ध का भारी मूल्य चुकाना पड सकता है। यही कारण है कि चीन के सैनिकों को ऐसा आभास हो रहा है कि हम संभवतरू इस युद्ध में मारे जाएंगे।

द्वैधीभाव अर्थात् एक राजा से शान्ति की संधि करके अन्य के साथ युद्ध करने की नीति

इस नीति को हग भारत रूस संबंधों के माध्यम से समझ सकते हैं । भारत के प्रति रूस का मित्रता पूर्ण दृष्टिकोण सारा संसार जानता है। भारत रूस की सामरिक संधि के चलते भारत को कभी भी रूप से किसी प्रकार का खतरा नहीं रहा है। रूस ने अपनी मित्रता को न केवल भारत रूस के द्वीपक्षीय सम्बन्धों के विषय में निभाया है, बल्कि उसने संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक मंचों पर भी भारत का साथ देकर अपनी सच्ची मित्रता का प्रमाण प्रस्तुत किया है। भारत ने रूस से सामरिक संधि करके भारत ने चीन को यह संदेश दिया है कि वह अपनी क्षेत्रीय अखण्डता को बनाए रखने के लिए उस से युद्ध करने को तैयार है। भारत रूस की मित्रता और सामरिक संधि को समझकर चीन भी भारत पर हमला करने से पहले 10 बार सोचेगा। भारत इस समय चीन से युद्ध करने के लिए तैयार है, क्योंकि वह जानता है कि चीन इस समय अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपने आपको अकेला अनुभव कर रहा है।

भारत चाणक्य नीति के इसी सूत्र को अपनाकर वैश्विक शक्तियों के साथ सामंजस्य स्थापित कर चीन से 1962 का बदला लेने के लिए तैयार है । यद्यपि अंतर्राष्ट्रीय शान्ति को बनाए रखने के अपने महान दायित्व का निर्वाह करने के दृष्टिगत भारत अभी भी इसी प्रतीक्षा में है कि चीन ही युद्ध का आरम्भ करे तो अच्छा रहेगा।

दुर्बल देशों के राजनीतिज्ञों को चाहिए कि वे अपने पड़ोसी सबल देश से किसी भी प्रकार मित्रतापूर्ण सम्बन्ध बनाए रखें। यदि छोटे देश या छोटे राजा अपने पड़ोसी सबल राष्ट्र को तोड़ने की या उसे किसी भी प्रकार से आहत करने की चेष्टा में सम्मिलित होंगे या ऐसे शड़यंत्र को हवा देंगे तो निश्चय ही उनका अपना अस्तित्व मिट जाएगा। वर्तमान सन्दर्भ में हम नेपाल को देख सकते हैं। नेपाल हमारा बहुत पुराना पड़ोसी देश है, परन्तु वर्तमान में वह चीन के हाथों खेल रहा है। अब चीन जैसे पड़ोसी और साम्राज्यवादी देश के हाथों में खेलकर वह अपनी स्वयं की ही हानि कर रहा है।

हमारी एकता और अखण्डता को छिन्न–भिन्न करने की योजना में सम्मिलित है तो ऐसे उत्पाती पड़ोसी शत्रु देश पर हमला करके उसे दण्डित करना सबल राष्ट्र का कार्य है। ऐसे पड़ोसी शत्रु देश के प्रति सबल राष्ट्र को भेद के माध्याम से भी उचित मार्ग पर लाने का अधिकार है। इसका अभिप्राय है कि यदि आज महामति चाणक्य होते तो वे पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देश को युद्ध के माध्यम से दंडित करने की नीति अपनाते। क्योंकि पाकिस्तान भारत की एकता और अखण्डता के लिए पहले दिन से एक खतरा बना हुआ है। वह नित्य प्रति ऐसे शड़यंत्र में लगा रहता है जिससे भारत की एकता और अखण्डता नष्ट हो जाए। इसके उपरान्त भी भारत का नेतृत्व पाकिस्तान को 'छोटा भाई' कहकर क्षमा करने की आत्मघाती नीति का पालन करता रहा है। चाणक्य के रहते ऐसी नीति को प्राथमिकता न देकर शत्रु पाकिस्तान को दण्ड और भेद के माध्यम से सही मार्ग पर लाने का प्रबंध किया जाता।

विदेश नीति को सफल बनाने के लिए गुप्तचर व्यवस्था का शक्तिशाली होना भी बहुत आवश्यक है। इस संबंध में कौटिल्य का विचार है कि कौटिल्य ने गुप्तचरों के प्रकारों व कार्यों का विस्तार से वर्णन किया है। गुप्तचर विद्यार्थी गृहपति, तपस्वी, व्यापारी तथा विष–कन्याओं के रूप में हो सकते थे। राजदूत भी गुप्तचर की भूमिका निभाते थे। इनका कार्य देश–विदेश की गुप्त सूचनाएँ राजा तक पहुँचाना होता था। ये जनमत की स्थिति का आंकलन करने, विद्रोहियों पर नियंत्रण रखने तथा शत्रु राज्य को नष्ट करने में योगदान देते थे। कौटिल्य ने गुप्तचरों को राजा द्वारा धन व मान देकर सन्तुष्ट रखने का सुझाव दिया है।

योगक्षेम· भारतीय विदेश नीति का लक्ष्य

कौटिल्य के मुताबिक विदेश नीति का मापदंड ये है कि, क्या उससे किसी राज्यसत्ता को गर्त में जाने, यथास्थिति और विकास के रास्ते पर आगे बढ़ने से जुड़े चक्र में ऊपर उठने में मदद मिलती है. विदेश नीति का लक्ष्य भौगोलिक सीमाओं की सुरक्षा के साथ–साथ आर्थिक समृद्धि प्रदान करना भी है. ये दोनों एक दूसरे को बल प्रदान करते हैं. लिहाज़ा भारतीय विदेश नीति के उद्देश्यों की प्राप्ति में पाकिस्तान और चीन की संभावित भूमिका के हिसाब से ही उनके प्रति भारत का रवैया परिभाषित होना चाहिए.

इससे भारत के राष्ट्रीय हितों में स्पष्टता लाने में आसानी होगी. इसके साथ ही वैश्विक स्वभाव वाली और आपस में जुड़ी विश्व व्यवस्था में भारतीय विदेश नीति के घोषित लक्ष्य योगक्षेम (सुरक्षा और कल्याण) को परिभाषित करने में भी मदद मिलेगी. शांगरी–ला डायलॉग में अपने मुख्य संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की भावी आर्थिक संभावनाओं को न सिर्फ़ देश की अर्थव्यस्था के आकार बल्कि वैश्विक मसलों में भारत के जुड़ाव की गहराई से भी जोड़ा, किसी ख़ास इलाक़े मे स्थित राज्य–सत्ताओं का भविष्य आपस में जुड़ा होता है. ऐसे में इनके लिए आपसी टकराव की जगह सहयोग का संबंध बनाना ज़्यादा समझदारी भरा होता है आधुनिक समय में मंडला की राजसत्ताएं "आपस में जुड़ाव वाले हो गए हैं. ऐसे में वो किसी एक राजनीतिक इकाई में राजकीय कर्तव्यों को दूसरी राजसत्ता के लोगों की खुशियों के साथ जोड देते हैं." भारत नियम–आधारित विश्व व्यवस्था को बढ़ावा देने का पक्षधर है, ऐसी कल्पनाशीलता सुरक्षा और समृद्धि के दोहरे मकसद को लक्ष्य बनाती है।

भारत की सामरिक और रणनीतिक गणनाओं को इसी संदर्भ में देखे जाने की ज़रूरत है. चीन एक स्थापित क्षेत्रीय महाशक्ति है, विश्व की आर्थिक व्यवस्था में उसका दर्जा काफ़ी ऊंचा है. भारतीय रणनीतियों में उसकी अहमियत अस्थिरता भरे पाकिस्तान के मुक़ाबले कहीं ज़्यादा है. वैश्विक मंच पर भारत अपने लिए महाशक्ति वाली भूमिका तलाश रहा है. ऐसे में कम से कम थोड़े समय के लिए ही सही, मगर चीन का रोल भारत के लिए बेहद अहम है. हालांकि, भारत की आर्थिक समृद्धि के लिए एक स्थिर और शांत पड़ोस बेहद ज़रूरी है, ऐसे में पाकिस्तान के साथ रिश्तों पर भी ध्यान दिए जाने की ज़रूरत है, भारत के नज़रिए से देखें तो एक निष्क्रिय पाकिस्तान ही पर्याप्त है जबकि चीन के साथ सकारात्मक और उत्पादकता से भरा संबंध वक्त की मांग और बेहद ज़रूरी है, चीन दुनिया की दूसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था है, ऐसे में वो एक

ऐसा किरदार है जिसे नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता, जबकि इस पायदान में पाकिस्तान का स्थान 44वां है।

अध्ययन के उद्देश्य

1. कौटिल्य और भारत की विदेश नीति के अध्ययन के लिए
2. आचार्य चाणक्य की छः सूत्रीय विदेश नीति और मोदी सरकार के अध्ययन के लिए

अनुसंधान क्रियाविधि

द्वितीयक स्रोत

माध्यमिक डेटा कई संसाधनों से एकत्र किया जाता है जैसे विभिन्न पुस्तकालयों, पुस्तकों, शोध पत्रिकाओं, इंटरनेट, पत्रिका, और समाचार पत्रों में साहित्यिक कॉलम, आधिकारिक वेबसाइट

निष्कर्ष

मोदी के उदय ने भारत के अधिक आत्मविश्वास को दर्शाया है। विदेश सचिव एस जयशंकर ने जोर देकर कहा, इसकी विदेश नीति का आयाम केवल एक संतुलन शक्ति के बजाय एक प्रमुख शक्ति बनने की आकांक्षा है।यह विजिगिशु (जो जीत की इच्छा रखता है) होने के करीब है, जैसा कि अर्थशास्त्र में चित्रित किया गया है। एक प्रमुख शक्ति बनने की महत्वाकांक्षा कौटिल्य की अवधारणा के चक्रवर्ती (आदर्श, सार्वभौमिक नेता) होने के आवेग को दर्शाती है।

ऐसा लगता है कि मोदी और उनके सलाहकारों ने अर्थशास्त्र के मूल संदेश को आत्मसात कर लिया हैरू शासक को शक्ति का ज्ञानपूर्वक उपयोग करना चाहिए क्योंकि ज्ञान शक्ति और धन से अधिक मूल्यवान है।

सन्दर्भ

1. शिवशंकर मेनन 2010 से 2014 तक राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और 2006 से 2009 तक विदेश सचिव रहे।
2. किसिंजर, हेनरी, वर्ल्ड ऑर्डररू रिफ्लेक्शंस ऑन द कैरेक्टर ऑफ नेशंस एंड द कोर्स ऑफ हिस्ट्री (न्यूयॉर्क, पेंगुइन प्रेसरू 2014), पी। 195 रूयूरोपीय विचारकों ने शक्ति संतुलन के सिद्धांत में जमीन पर अपने तथ्यों का अनुवाद करने से पहले, अर्थशास्त्र ने एक समान, यदि अधिक विस्तृत प्रणाली को श्राज्यों का चक्रश कहा जाता है, स्थापित किया।
3. कौटिल्य का अर्थशास्त्र, आईडीएसए में पता, 8 अक्टूबर 2013।
4. एक पूर्ण स्पष्टीकरण के लिए, कृपया देखेंरू मिश्रा, मलग, श्कौटिल्य का अर्थशास्त्ररू अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के क्षेत्र में अपनी सही जगह को बहाल करना, रक्षा अध्ययन जर्नल (अप्रैल–जून 2016, खंड 10, संख्या 2), पीपी.77–109.
5. जैसा कि कर्नल (सेवानिवृत्त) पी.के. 19 अप्रैल 2012 को आईडीएसए में आयोजित कार्यक्रम की रिपोर्ट में गौतम, <http:@@idsa-in@event@KautilyasArthashastraandIndiasStrategicCulture>

6. इंडिया एंड द वर्ल्ड, पर नानी पालकीवाला मेमोरियल लेक्चर, चेन्नई, 18 अक्टूबर 2013 (यानी, पिछले चुनाव से पहले।)
7. इक्कीसवां आईआईएसएस फुलर्टन व्याख्यान, सिंगापुर, 20 जुलाई 2015।
8. आचार्य अमिताव। 'डायलॉग एंड डिस्कवरीरू इन सर्च ऑफ इंटरनेशनल रिलेशंस थ्योरीज बियॉन्ड द वेस्ट'। मिलेनियमरू जर्नल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज 39, नं। 3 (2011)रू 619–637।
9. आचार्य, अमिताव और बैरी बुजान। गैर–पश्चिमी अंतर्राष्ट्रीय संबंध सिद्धांतरू एशिया पर और उससे परे परिप्रेक्ष्य। लंदनरू रूटलेज, 2009।
10. एल्पर्स, एडवर्ड। विश्व इतिहास में हिंद महासागर। ऑक्सफोर्डरू ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, 2014।

ISSN-0019-5510

IJPS INDIAN POLITICAL SCIENCE ASSOCIATION
वादे वादे जायते तत्त्वबोधः

The Indian Journal of Political Science

IPSA सरस्वती श्रुति महती महीयताम्

Volume LXXIX, No. 1 January-March, 2018

Editor
P. Madurai Veeran



ऐश्वर्यस्य विभूषणं सुजनता शौर्यस्य वाक्संयमो
ज्ञानस्योपशमः श्रुतुस्य विनयो वित्तस्य पात्रे व्ययः।
अक्रोधस्तपसः क्षमा प्रभवितुर्धर्मस्य निर्व्याजता
सर्वेषामपि सर्वकारणमिदं शीलं परं भूषणम्।।

The Quarterly Journal of Indian Political Science Association

d Approach

rinciples are often related to a variety
, and perceptions. And, one should be
d with them For instance, before ana-
epts and ideas contained in the works
Mahabharta's, ShantiParva, Plato, Ar-
Machiavelli, Bentham, Ruskin, Marx,
should be fairly conversant with their
osophical. moral, political and social
assumptions and perceptions. For, a
ses his ideas and evolves his system
to particular context and if the analy-
ciently familiar with the philosophical,
l or social context of the thinker con-
uld not able to have a fair evaluation.
for analyzing the tradition of the 'spir-
politics' which Gokhale handed down
ould be essential to be familiar with the
tion of '*Dharma*' and the politics based
nental principles of morality and ethics,
re or less common to all religions.

it may here be observed that no particu-
is comprehensive enough to study any
litical thought. Infact a number of ap-
e to be applied and there has to be some
esis between these approaches and their
as basically all these approaches are com-
o one another

Nath Dasgupta, History of Indian Philosophy, Five (Cambridge: Cambridge University Press, 1992)
ngarajan, Kautilya The Arthashastra (New Delhi: Book Indian 1992)
अर्थात तुम दृढ़तापूर्वक और निश्चयपूर्वक शत्रुओं को पराजित करो और जो लोग शत्रुता का आचरण करें, उन्हें अपने पैरों से कुचल डालो। सब दिशाएँ एक होकर तुम्हारा सम्मान करती हैं और ध्रुवता के लिए तुम्हारी नियुक्ति करती हैं। यहाँ पर समिति का महत्त्व और राजा का निर्वाचन भी स्पष्ट होता है। इसके अतिरिक्त राजा के निर्वाचन का हेतु जहाँ एक ओर राज्य का स्थैर्य था वहीं स्थैर्य के लिए शत्रु दमन भी था। ऋग्वेद में एक और मन्त्र राजा के निर्वाचन का हेतु कर संग्रह भी बताता है। निर्वाचित राजा ही कर संग्रह का अधिकारी था, अन्य कोई नहीं। यदि अन्य कोई कर संग्रह करता था तो वह विधि सम्मत नहीं होता था।

ध्रुवं ध्रुवेण हविषामि सोमम् मृशामसि।

अथो त इंद्र:केवलीविशो बलिहृतस्करात्।।[17]

यानि वह राजा जो निर्वाचित हो, पराक्रमी हो, बलवान हो, वही राष्ट्र को स्थैर्य प्रदान कर सकता था। स्थैर्य के लिए अद्वैत की प्रतिष्ठापना भी भारतीय राष्ट्र के अभ्युदय और संधारण के लिए महत्त्वपूर्ण व्यवस्था है क्योंकि प्रकारांतर से राजा, उसका बल और पराक्रम क्षरण को प्राप्त होते ही हैं। इसलिए ये सब जब क्षरण शील हैं तब ऐसी अवस्था में राष्ट्र कैसे सुदृढ़ रहेगा? इसी अवस्था के लिए ही अद्वैत की प्रतिष्ठापना की गई जो अत्यधिक महत्त्वपूर्ण थी। सभी में एकात्मता की प्रतिष्ठापना होने से यदि कालांतर में राजा बलहीन भी हो जाएगा तो भी राष्ट्र में स्थैर्य बना रहेगा। इसलिये स्थैर्य के लिए एकात्मता महत्त्वपूर्ण है। इसी तत्व को दृष्टिगत रखकर अथर्ववेद का ऋषि कहता है कि-

भद्रम् इच्छन्त ऋषय:स्वरविद: तपो दीक्षाम उपसेदू: अग्रे।

ततो राष्ट्रग् बलग् ओजश्च जातग्।

तदस्मै देवा उपसम् नमन्तु।[18]

अर्थात आत्मज्ञानी ऋषियों ने जगत का कल्याण करने की इच्छा से सृष्टि के प्रारम्भ में दीक्षा लेकर तप किया, उससे राष्ट्र निर्माण हुआ, राष्ट्रीय बल और ओज भी प्रकट हुआ। यहाँ राष्ट्रीय बल से अभिप्राय आत्मिक और संख्यात्मक दोनों से है। सब इस राष्ट्र के सामने नम्र होकर इसकी सेवा करें। इस प्रकार राष्ट्रदेव की प्रतिष्ठापना हुई और सेवा इसका मूलाधार सुनिश्चित हुआ, भोग नहीं। यानि तेन त्यक्तेन भुंजीथा, भोग नहीं। जबकि नेशन का अभ्युदय भोग के बल पर हुआ।[20] इस प्रकार आधुनिक नेशन और भारतीय राष्ट्र में मूलभूत अंतर है और वह अन्तर है भोग और त्याग का।

राजा का निर्वाचन

प्राचीन भारत का लोकतंत्र वास्तविक था। प्रारम्भ में प्रत्यक्ष और कालांतर में उसने प्रतिनिध्यात्मक स्वरूप ले लिया। राजा में अन्यान्य गुणों के साथ लोकप्रियता और शक्तिशाली होना भी महत्त्वपूर्ण था। तभी तो राजा के निर्वाचन के समय उसके इन गुणों का ऋषि बखान करता था। यथा-

आ त्वाहार्षमंयरभूर्ध्रुवस्तिष्ठाविचाचलत्।

विशस्त्वा सर्वा वाच्छन्तु मा त्वद्रष्टमधि भ्रशत।[21]

यानि तुम हर्षपूर्वक हम लोगों में आओ, अविचल रूप से स्थिर हो। सब लोग तुम्हें चाहते हैं, तुम राष्ट्र से भ्रष्ट न हो।

इहैवैधी मा च्योष्ठा: पर्वत इवाविचालत्।

इंद्रेहैव ध्रुवस्तिष्ठेह राष्ट्रमु धारय।।[22]

अर्थात तुम यहाँ पर्वत के समान दृढ़ रहो और तुम्हारा पतन न हो। तुम यहाँ इंद्र के समान अविचल रहो। तुग यहाँ रहो और राष्ट्र को धारण करो। इस प्रकार से राजा का निर्वाचन होता था और वह लोक प्रसादपर्यंत पद धारण करता था। यदि वह लोक का विश्वास खो देता था तो लोक उसे वापस बुला लेता था।

राजा के वापसी का अधिकार

यद्यपि राजा का निर्वाचन जीवनपर्यंत या लोक प्रसादपर्यंत होता था तथापि उसके द्वारा लोक को अप्रसन्न या लोक विश्वास खो देने की अवस्था में वापस बुलाए जाने के प्रमाण भी उपलब्ध हैं। राजा के पद पर बने रहने का मुख्य आधार उसका धर्म आरूढ़ होना होता था। ब्राह्मण ग्रंथों में राजा जब पद की शपथ लेता था तो वह इसके लिए कटिबद्ध होता था और इससे च्युत होने पर उसके सर्वस्व का लोप हो जाता था।[23] राजा वेन जो कि अत्यधिक शक्तिशाली था को तथा राजा नहुष को इसी प्रकार से सत्ताच्युत होना पड़ा था।[24]

राजा की अस्वीकृति का अधिकार

प्राचीन काल में यदि राजा यथोचित गुणों का स्वामी नहीं है तो लोक उसका बहिष्कार करके उसे चुनाव के अयोग्य घोषित कर देता था, चाहे वह कोई भी क्यों न हो। इसलिये राजा के संस्कार के पूर्व उसकी लोकस्वीकृति अनिवार्य होती थी। राजा सगर, जो बड़े शक्तिशाली राजा थे, के बेटे असमंजस को लोक विरोध या अस्वीकृति के कारण ही न केवल राज्य गंवाना पड़ा बल्कि वन को भी जाना पड़ा। बाद में राजा सगर ने लोक स्वीकृति से उसके पुत्र अंशुमन को राजपद पर सुशोभित किया।[25] इसी प्रकार रामायण में भी भरत के राज्याभिषेक के लिए बल दिए जाने पर दशरथ ने श्रीराम के राज्याभिषेक के लिए लोक स्वीकृति का हवाला दिया था और असमर्थता प्रदर्शित की थी।[26] ये सब प्रमाण हैं कि अनुवांशिक होते हुए भी राजा का निर्वाचन अनिवार्य था।

राजा का पुनःनिर्वाचन

राजा के धर्मच्युत होने पर उसे पदविहीन कर दिया जाता था, ऐसा उल्लेख पूर्व में किया जा चुका है। किंतु उसके धर्माचरण पर लौट आने के बाद वह पुनः राज्यपद का अधिकारी हो जाता था इसके भी प्रमाण अथर्ववेद में मिलते हैं। वह जो निर्वासित होकर अन्य देश में विचरण कर रहा है और जो फिर बुलाए जाने के योग्य है, उसे गिद्ध यहां ले आवेंगे। अश्विन उसके लिए मार्ग प्रशस्त करेंगे जिसपर यात्रा करना सुगम होगा। उसके सजात उसके चारों ओर एकत्रित हों। तेरे विरोधी तुझे बुलावेंगे, तेरे मित्रो ने तेरा निर्वाचन

किया है।"[27] इस प्रकार राज्य में दो वर्ग पनपने लगे होंगे। तभी तो मित्रों और विरोधियों का उल्लेख ऋषि ने किया। ऋषि आगे फिर कहता है कि हे राजा! तू अपने विषयों में आ क्योंकि तूने निर्वाचकों की बात मान ली है।[28] पुनःनिर्वाचन संबन्धी एक और मन्त्र अथर्ववेद में उपलब्ध है जो इस प्रकार है-

त्वां विशो वृणतां राज्याय त्वामिमाः प्रदिशः पंच देवी।
वर्ष्मन् राष्ट्रस्य ककुदि श्रयस्व ततो न उग्रो वि भजा वसूनि।।[29]

यानि राज्य के लिए प्रजा तुम्हें वरण करती है, विस्तृत विशाल दिशाएं तुम्हारा वरण करती हैं। राष्ट्र के शरीर के इस उच्च स्थान (सिंहासन) पर आसीन हो और यहाँ से उग्रतापूर्वक सब लोगों को प्राकृतिक वैभव प्रदान करो। यहाँ यह भी ध्यान में आता है कि लोक कल्याण का प्रारूप लोक ही प्रस्तुत करता था, निर्वाचित होने वाला राजा नहीं। तभी तो ऋषि कह रहा है कि तूने निर्वाचकों की बात मान ली है। अर्थात अब वह लोकरंजक भूमिका का ही निर्वहन करेगा। वह लोक या प्रजा के हित में धन का व्यय करेगा। उल्लेख मिलता है कि तू अपना मन धन प्रदान करने में एकाग्र कर। और तब हे बलवान! तू हम लोगों में धन वितरित कर। इस प्रकार राजा जो राज्यारोहण के बाद कर के रूप में धनसंग्रह का अधिकारी हो जाता था, वह उस धन को प्रजा पर ही व्यय करे, स्वयं पर नहीं। इसका यही अभिप्राय है कि लोक कल्याण राज्य और राजा का सदैव मुख्य हेतु रहा है।

समिति

प्राचीन काल में समिति की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण थी क्योंकि इसी के माध्यम से विश के लोग एक स्थान पर सामूहिक या प्रतिनिधित्यामक रूप में एकत्र आते थे। इस प्रकार से यह विश की सर्वोच्च संस्था थी जो एकत्र रूप से राजा के निर्वाचन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निर्वहन करती थी।[30] यह न केवल राजा का निर्वाचन करती थी अपितु उसे पदच्युत करके पुनः चुनने का कार्य भी करती थी। इस प्रकार से यह राज्य के संचालन में महत्वपूर्ण और सर्वोच्च स्थान पर थी[31] और इसकी प्रत्येक बैठक में राजा की उपस्थिति अनिवार्य थी।[32] इसका एकमत होना अनिवार्य था। तभी तो ऋषि इसके एकमत होने की प्रार्थना करता है। इससे यह भी दृष्टिगोचर होता है कि राज्य का संचालन सर्वसम्मति से होता था। इसके लिए समिति में लंबे समय तक चर्चा होती होगी क्योंकि एकमत पर आने के लिए यह अनिवार्य व्यवस्था थी।[33]

राजा और समिति का यह सम्बन्ध बहुत लंबे समय तक चला क्योंकि वैदिक साहित्य में विशेषकर उपनिषदों में भी समिति का उल्लेख मिलता हैं[34] जोकि वेदों के बहुत बाद के ग्रंथ हैं। समिति में सभी सदस्यों के द्वारा बहुत वैदुष्यपूर्ण वक्तव्य दिए जाते थे। इसके लिए वह न केवल अभ्यास करते थे अपितु देव से प्रार्थना भी करते थे जिससे वे समिति में प्रतिष्ठापित हो सकें।[35] समिति के अनेक रूप प्राचीन साहित्य में उपलब्ध हैं। इसकी उपस्थिति ग्राम से लेकर राष्ट्र तक विद्यमान थी।[36] वर्तमान की विधायिका की तुलना इससे की जा सकती है।

सभा

प्राचीनकाल में समिति का महत्व सभा के अभाव में अपूर्ण था। दोनों का उल्लेख प्रायः एक साथ ही किया जाता था। यथा सभा सगिति। किया भी क्यों न जाये जबकि दोनों एक ही पिता की संतान थीं।[37] सभा का

महत्व समिति से कहीं पर भी कम नहीं था बल्कि उसके समकक्ष या उससे अधिक ही था। सभा में भी सभी का एकमत होना अनिवार्य था। इसीलिए सभा को नरिष्ठा कहा गया है जिससे अभिप्राय सभा में उपस्थित सभी के उस निर्णय से है जिसका उल्लंघन न किया जा सके। इस प्रकार इसका निर्णय अंतिम और सभी के लिए बाध्यकारी होता था।[38] अतएव सभा की भूमिका राष्ट्रीय न्यायालय की होती थी। वर्तमान समय के सर्वोच्च न्यायालय को इसके समकक्ष मान सकते हैं।[39]

दो और संस्थाएँ प्राचीन भारत में महत्त्वपूर्ण थीं जिनको विदथ और सेना के नाम से जाना जाता था। विदथ प्रायः धार्मिक क्षेत्र में कार्यरत संस्था थी।[40] इसके महत्व का इसका अनुमान इसी बात से लागाया जा सकता है कि ऋग्वेद में इसका उल्लेख एक सौ बीस बार, सभा का आठ बार एवं समिति का छः बार हुआ है। वहीं अथर्ववेद में इसका उल्लेख बीस, सभा का सत्रह एवं समिति का तेरह बार हुआ है। इससे यह ध्यान में आता है कि ऋग्वेद की तुलना में जहाँ इसका उल्लेख अथर्ववेद में कम हो रहा है वहीं समिति और सभा का उपयोग बढ़ रहा है। चूँकि विदथ एक धार्मिक संस्था थी इसलिए जैसे-जैसे धर्म की प्रतिष्ठापना समाज में होती गई वैसे-वैसे इसकी भूमिका भी कम होती गई। ऋग्वेद की तुलना में अथर्ववेद बहुत ही बाद का वेद है। इससे हम यह अनुमान सहजता से ही लगा सकते हैं। सेना का अभिप्राय राज्य की सैनिक शक्ति से था। सभी नागरिक सैनिक होते थे। विदथ को समाज में धर्म प्रतिष्ठापना के दृष्टिकोण से प्रतिष्ठापित किया गया था क्योंकि यह ऋग्वेद के प्रारंभिक अवस्था की संस्था थी और समाज में धर्म संस्थापना के कार्य में संलग्न थी। यहाँ धर्म से अभिप्राय कर्तव्यों के पालन से है। परवर्ती काल में इसका उल्लेख नहीं मिलता है। सम्भवतः धर्म प्रतिष्ठापना के बाद इसकी भूमिका गौण हो गई होगी क्योंकि कालांतर में भारतीयों को धर्मपरायण संज्ञा से सम्बोधित किया जाने लगा था। वर्तमान के संविधानवाद की तुलना इससे की जा सकती है।

संसद

संसद शब्द भी वैदिककालीन ही है और वेदों में इसका उल्लेख बहुतायत में हुआ है। ऋग्वेद में संसद की महत्ता का प्रतिपादन करते हुए ऋषि इसको पितुमाती अर्थात अन्न-समृद्धि से परिपूर्ण बताता है।[42] अथर्ववेद में संसद का प्रयोग सभा-समिति दोनों के लिए किया गया है। ऋषि कहते है कि इस सारी संसद में भाग्यशाली होऊँ।[43] इस वाक्य से जहाँ सभा और समिति का संयुक्त स्वरूप ज्ञात होता है वहीं यह भी संज्ञान में आता है कि दोनों के सामूहिक अधिवेशन भी आयोजित किये जाते होंगे। तभी तो ऋषि सारी संसद में भाग्यशाली होने की प्रार्थना करता है, नहीं तो सभा या समिति का ही उल्लेख करता। अथर्ववेद का एक मन्त्र संसद में व्यवहार वैशिष्टय पर भी प्रकाश डालता है यानि उसके अन्दर कैसा आचरण हो।[44] संभवतः संसदीय व्यवहार शब्द तभी से शिष्टता का परिचायक हो गया होगा। इस प्रकार से संसद के दोनों सदन जो कि आज भी विद्यमान हैं, वे पुराने समय से ही चले आते हैं।

अराजकता

प्राचीनकाल में अराजकता शब्द एक आदर्श व्यवस्था के रूप में प्रचलित था क्योंकि इस अवस्था में धर्म प्रतिष्ठापना के कारण उसकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण थी। प्राचीन भारत का अराजक शब्द वर्तमान के

अनार्की से सर्वथा भिन्न है क्योंकि अराजकता का अभिप्राय है राज्य की आवश्यकता का न होना है और अनार्की का अर्थ है राज्य के होते हुए भी उसकी अनुभूति का अभाव। सही अर्थों में राज्य की आवश्यकता का अभाव समाज की आदर्श अवस्था थी क्योंकि इसमें व्यक्ति धर्मानुसार अपनी भूमिका निर्वाहन करता था। महाभारत में इस अवस्था का विस्तार से उल्लेख आया है[45] और यह अवस्था ज्ञानियों के द्वारा प्रशंसित बताई गई है। इस प्रकार अराजकता धर्मराज्य या संविधानवाद पर अवलम्बित एक आदर्श अवस्था थी। वह प्रशंसनीय थी न कि निंदनीय। गांधीजी का रामराज्य भी यही है तभी तो उन्हें एक अराजकतावादी कहा जाता है। उपनिवेशी पदावलियों की ग्राह्यता के कारण कालांतर में अर्थ का अनर्थ हुआ है।

जनहित याचिका

वर्तमान में इसको एक नई संकल्पना के रूप में विवेचित किया गया है जिसमें जनता के हितों के दृष्टिकोण से व्यक्ति या व्यक्ति समूहों के द्वारा कार्य किये जाते हैं। आधुनिक काल में जनहित याचिका का चलन अमेरिका में साठ के दशक में हुआ। इसके अभ्युदय का मूल कारण प्रतिनिधित्वविहीन वर्गों के हित संरक्षण के दृष्टिकोण से किए गए क्रिया-कलापों को माना गया और इनमें प्रमुखतः गरीब, पर्यावरणविद, उपभोक्ता, प्रजातीय एवं नृजातीय अल्पसंख्यक तथा अन्य को सम्मिलित किया गया।[46] वहीं भारत में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने सुप्रसिद्ध निर्णय में जनहित याचिका को कुछ इस प्रकार से परिभाषित किया है- 'एक विधि न्यायालय में सार्वजनिक हित अथवा सामान्य हित जिसमें जनता या किसी समुदाय के वर्ग का आर्थिक हित है अथवा ऐसा कोई हित जुड़ा है जिसके कारण उनके कानूनी अधिकार अथवा दायित्व प्रभावित हो रहे हों, के मामले में कानूनी कार्यवाई शुरू करना है।'[47]

वस्तुतः जनहितवाद की यह अवधारणा भ्रमकारी है क्योंकि भारत में यह आदिकाल से ही विद्यमान है। शौनकादि ऋषि समूहबद्ध यह कार्य करते थे और नारद ऋषि व्यक्तिगत रूप से। राष्ट्र का अभ्युदय भी लोक कल्याण की ही दृष्टिकोण से हुआ। आदिकाल में युद्धों की भयावहता से संत्रस्त होकर इंद्र ने वरुण से राष्ट्र का नेतृत्व करने का आह्वाहन किया।[48] इस प्रकार इंद्र सृष्टि के प्रथम लोकहित याचक थे जो स्वयं से ही लोक के लिये, लोक के द्वारा लोकहित की याचना करते थे। जब उन्होंने अपनी प्रार्थना में वरुण से प्रार्थना की कि तुम राष्ट्र को अपने आधिपत्य में लो तो ऐसा उन्होंने लोकेच्छा के रूप में किया न कि स्वयं की इच्छा से।[49] अतएव उन्होंने लोकहित याचिका के सिद्धांत के रूप में लोकेच्छा को प्रतिष्ठापित किया न कि व्यक्तिगत या समूहगत हितों को। इसलिये भारतीय परिप्रेक्ष्य में लोकहितकारी व्यवस्था स्वयं लोक है, लोक के द्वारा है और लोक के लिए है। इसमें कोई भी बाह्य कारक हस्तक्षेप नहीं कर सकते।

किन्तु कालांतर में समाज के विस्तृत रूप के कारण यह व्यवस्था ऋषियों के हाथ में आ गई। उसी भूमिका का निर्वाह करते हुए देवऋषि नारद, जो आदि पत्रकार के रूप में भी जाने जाते हैं, सम्पूर्ण सृष्टि का भ्रमण करते थे। सभी की सर्वप्रकार की सूचनाएं उनके पास होती थीं और उनके आधार पर वे कार्यों का सम्पादन भी करते थे। जब एक बार समाज के विस्तार के कारण लोक धर्मच्युत होने लगा और उसमें सन्ताप बढ़ने लगे तब वे भगवान श्रीविष्णु जी के सम्मुख उपस्थित हुए और समाधान मांगा। तब भगवान ने कहा- हे नारद! इस पर शौनकादि ऋषियों ने कार्य कर लिया है, तुम्हें उसे क्रियान्वित करने के दृष्टिकोण से कार्य

करना है।[50] यानि सत्य की प्रतिष्ठापना से ही लोक का सर्वविध कल्याण होगा। आज भी यही एकमात्र निर्णय सर्वकल्याण की गारंटी देता है। इस प्रकार भारतीय समाज में लोककल्याण एक बहुत पुरानी व्यवस्था है। जनहित याचिका भी भारतीय परंपरा है जिसे पश्चिम के अनुगामियों ने नए रूप में प्रस्तुत किया है।

लोककल्याणकारी राज्य

वैदिककाल से लेकर आजतक भारतीय समाज की मुख्य चिंता लोककल्याण ही रही है। इसीलिए राजा को लोकरजंक कहा जाता था। लोकरजंक राजा स्वयं के रंजन की चिंता नहीं करता।[51] वह अहर्निश लोककल्याण में ही संलग्न रहता था। वेद, महाकाव्यों और बाद के अन्य धर्मग्रंथों और नीतिग्रंथो में अनेक उद्धरण उपलब्ध हैं। किंतु उपनिवेशवाद के चलते यह भी यूरोप के द्वारा ही प्रचलन में लाया गया सिद्धांत बन गया।

सरकारों के प्रकार

समकालीन विश्व में चार प्रकार की सरकारों का अस्तित्व है-[52] अंतरराष्ट्रीय सरकार, राष्ट्रीय सरकार, प्रादेशिक सरकार और स्थानीय सरकार(नगरीय और ग्रामीण)। समकालीन विश्व की यह संकल्पना भी प्राचीन भारत से अनुप्राणित है। चक्रवर्ती सम्राट को अंतरराष्ट्रीय सरकार यानि संयुक्त राष्ट्र संघ आदि संगठनो के प्रेरक के रूप में देखा जा सकता है क्योंकि चक्रवर्ती सम्राट की कार्यप्रणाली सभी राज्यों के दैनंदिन क्रियाकलापों में हस्तक्षेप करने की नहीं थी।[53] वह विषम परिस्थितियों में ही हस्तक्षेप करता था। आज भी ऐसा ही होता है। राज्य अपनी व्यवस्था का संचालन स्वयं से करते थे।[54] आज भी राष्ट्रीय सरकार ऐसा ही करती हैं। प्रादेशिक सरकार सामन्तों के द्वारा संचालित रियासत इसके समतुल्य हैं।[55] स्थानीय सरकारों में नगरीय और ग्रामीण शासन सम्मिलित हैं।[56] स्थानीय शासन के दृष्टिकोण से प्राचीन भारत में अरण्य[57] शासन का स्वरूप भी प्रचलन में था। इसको उपनिवेशी शासन व्यवस्था ने स्वार्थ के चलते न केवल नष्ट कर दिया बल्कि उनको जंगली भी सिद्ध करके उनके संसाधनों पर भी कब्जा कर लिया। वेद, रामायण और महाभारत में अनेक प्रमाण उपलब्ध हैं। यथा निषाद, गुहराज निषाद[58] और एकलव्य के पिता श्रृंगवेरपुर के राजा[59] बाली-सुग्रीव आदि।

निष्कर्ष

उपर्युक्त उदाहरणों को भारत के वैशिष्ट्य के दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया गया है। इनमें से कुछ पर विद्वानों ने पहले भी प्रकाश डाला है किंतु कुछ विषय प्रथमतः प्रकाश में लाये जा रहे हैं। सुधि विद्वान भारतीय परिप्रेक्ष्य में वर्तमान पदावली को देखेंगे तो और नवीन दृष्टिकोण विकसित होंगे। प्राचीन साहित्य अध्येताओं के लिए कुबेर के खजाने की भांति है जिसमें से जितना चाहो ले लो लेकिन वह समाप्त होने के स्थान पर वृद्धि को प्राप्त होता है। इस साहित्य को जितना हम पढ़ेंगे उतनी नूतन दृष्टियां विकसित होंगी। इसके अतिरिक्त वर्तमान में अन्य बहुत सी पदावलियाँ भी प्रचलन में है यथा नारीवाद, गत पत्र, संप्रभुता, जनगत संग्रह, चुनाव प्रचार, महिला सशक्तिकरण आदि। शब्द सीमा के कारण उन्हें यहाँ पर समाहित कर सकना संभव

नहीं है। यहाँ पर यह भी ध्यातव्य है कि पाश्चात्य चिन्तन में या तो राज्य या पूंजी/बाजार को बलवती बनाने के प्रयास किये गए हैं जबकि भारतीय चिन्तन में समाज ही सर्वोपरि है। इसलिए समाज ही चिन्तन की धुरी रहा है और उसी दृष्टिकोण से विषयों का प्रतिपादन किया गया है। अतएव यह भी आवश्यक हो जाता है कि हम राजनीतिक चिन्तन के फलक का विस्तार करें जिससे नित नूतन संकल्पनाएँ अध्येताओं के सम्मुख आ सकें।

संदर्भ

1. ड्यूरेंट , विल, केस फोर इंडिया, स्टैंडर्ड बुक स्टाल, मुम्बई, 2011, पृ. 3
2. सर विलियम जोंस, समग्र, खण्ड 4, अगम प्रकाशन, नई दिल्ली, 1971, पृ. 110
3. होल्ज़र क्रिस्टीन, जीसस लिव्ड इन इंडिया, पेंगुइन बुक्स, नई दिल्ली, 2001, पृ. 54
4. सर विलियम जोंस, समग्र, खण्ड 4, अगम प्रकाशन, नई दिल्ली, 1971, पृ. 351
5. पवन कुमार वर्मा, भारतीयता की ओर, पेंगुइन बुक्स, नई दिल्ली , 2010, पृ. 32
6. चार्ल्स ट्रेविलन, ऑन द एजुकेशन ऑफ पीपुल ऑफ इंडिया, लोंगमैन, इग्लैण्ड, 1838, पृ. 85
7. पवन कुमार वर्मा, पू. उ., पृ. 32
8. कार्ल मार्क्स, ऑन कालोनियलिज्म, पीपल्स पब्लिशिंग हाउस, मास्को, 1978, पृ० 86
9. ऋग्वेद 7/84/2
10. ऋग्वेद 7/34/11
11. ऋग्वेद 10/124/5
12. ऋग्वेद 10/173/1
13. छान्दोग्योपनिषद, चतुर्थ अध्याय का तृतीय खण्ड, शुक्रनीति सार, 4/3/1
14. ऋग्वेद 10/173/4
15. ऋग्वेद 10/173/5
16. अथर्ववेद 6/88/3
17. ऋग्वेद 10/173/6
18. अथर्ववेद 19/41/1
19. ईशोपनिषद्, प्रथम श्लोक
20. ओल्ड टेस्टामेन्ट, अध्याय तीन

21. अथर्ववेद 6/87/1

22. अथर्ववेद 6/87/2

23. ऐतरेय ब्राह्मण 8/15, महाभारत शान्तिपर्व 59/106 से 108

24. श्री विष्णुपुराण, प्रथम सर्ग, 13वाँ अध्याय

25. तदैव, चतुर्थ सर्ग, 4था अध्याय

26. वाल्मीकि रामायण, अयोध्याकाण्ड 13/21

27. अथर्ववेद 3/3/5

28. अथर्ववेद 3/4/6

29. अथर्ववेद 3/4/2

30. ऋग्वेद 10/173/1, अथर्ववेद 6/87/1

31. ऋग्वेद 10/191/3

32. ऋग्वेद 9/92/6

33. ऋग्वेद 10/191/3

34. छान्दोग्योपनिषद, चतुर्थ अध्याय

35. ऋग्वेद 10/166/6

36 अथर्ववेद 12/1/56, काशिका 5/3/112

37. अथर्ववेद 3/3/5

38. अथर्ववेद 3/4/6

39. अथर्ववेद 5/19/15

40. ऋग्वेद 1/91/20

41. सेना का उल्लेख वेदों से लेकर आजतक थोड़े बहुत परिवर्तनों के बाद यशावत अपनी गहत्ता बनाए हुए है। इसलिए इसका उल्लेख ऋग्वेद से लेकर आजतक की साहित्य में भरपूर हुआ है। ऋग्वेद में 10/103/1 से 13, यजुर्वेद में 17/33/49, सामवेद में मन्त्र 1879 से 1889, अथर्ववेद में 19/13/1-11 तथा तैत्तिरीय स० 8/6/4/1 से 15।

42 ऋग्वेद 4/1/8

43. अथर्ववेद 7/12/3
44. अथर्ववेद 20/13/3
45. महाभारत भीष्मपर्व 11/39
46. एम. लक्ष्मीकांत, भारत की राज व्यवस्था, मैकग्राहिल, चेन्नई, 2020, अध्याय 29.3
47. तदैव
48. ऋग्वेद 10/124/5
49. ऋग्वेद 10/173/1
50. स्कन्दपुराण, रेवाखण्ड, गीता प्रेस गोरखपुर, पृ. 1056, से. 58
51. कालिदास, अभिज्ञान शाकुन्तलम, चौखम्बा, वाराणसी, 2013, पृ. 204
52. श्रीराम माहेश्वरी, लोकल सेल्फ-गवर्नमेण्ट इन इण्डिया, लक्ष्मीनरायण अग्रवाल, आगरा, 1996, पृ० 3
53. शुक्रनीति सार, 1/187
54. तदैव 1/186
55. तदैव 1/188
56. तदैव 1/189,90,91,92
57. वा. रा. अयोध्याकाण्ड, 59 वाँ अध्याय, अथर्ववेद 12/1/56
58. महाभारत आदिपर्व (संभव उपपर्व) अध्याय 131
59. वा० रा०, किष्किन्धाकाण्ड, 2 अध्याय, 11 अध्याय

कौटिलीय अर्थशास्त्र में विद्या विषयक परंपरा

डा. पवन कुमार शर्मा
आचार्य एवं अध्यक्ष
राजनीति विज्ञान विभाग,
चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

कौटिल्य का उल्लेख होते ही एक ऐसा दृढ़-निश्चयी व्यक्तित्व सम्मुख उपस्थित हो जाता है जिसने नन्द वंश के नाश और चन्द्रगुप्त को सम्राट बनाने में ही अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया किन्तु जब कौटिल्य के व्यक्तित्व पर व्यापक दृष्टिपात करते हैं तो वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी दृष्टिगोचर होते हैं।[1] उन्होंने न केवल राजनीति (यहाँ राजनीति से अभिप्राय वे सभी क्रिया-कलाप जो न केवल राज्य की प्राप्ति में सहायक हो अपितु उसके संरक्षण-संवर्द्धन में भी सहयोगी भूमिका निर्वहन करें, से है; इसे ही योगेश्वर श्रीकृष्ण ने योग-क्षेम कहा है) पर विश्व के श्रेष्ठतम ग्रन्थों में से एक 'अर्थशास्त्र' के रूप में प्रणयन किया है अपितु जीवन के अन्य आयामों पर भी अपनी विद्वत्ता का प्रकटीकरण किया है। ऐसी बहुमुखी प्रतिभा का धनी व्यक्तित्व आज से लगभग 2350 वर्ष पूर्व जन्मा।[2] उनके जन्म स्थान को लेकर भी विद्वानों में मतैक्य का अभाव है। लेकिन उनके द्वारा लिखित ग्रंथ "अर्थशास्त्र" पर सभी की सम्मत्ति है कि वह उन्हीं के द्वारा लिखा गया है।[3] यों तो अर्थशास्त्र को राजनीति का ग्रन्थ माना जाता है किन्तु उसके 15 अधिकरण 150 प्रकरण और 180 अध्यायों में राज्य से संबन्धित सभी विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया है; इससे उनकी राज्य के प्रति व्यापक दूरदृष्टि का परिचय मिलता है। यहाँ पर हम किसी राज्य के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण परिप्रेक्ष्य 'विद्या' पर प्रकाश डालने या विवेचना करने का प्रयास करेंगे।

यद्यपि जिसे हम विद्या कह रहे हैं, वस्तुतः यह समकालीन विश्व में शिक्षा के रूप में प्रतिष्ठापित हो चुकी है। विश्व की तो जाने दीजिए भारत में भी उसे शिक्षा या विद्या कहा जाए, को लेकर संभ्रम की स्थिति है। भारत की समकालीन समस्याओं के अनेक कारणों में से एक कारण विद्या-शिक्षा का संभ्रम भी है।[4] डेलर आयोग की रिपोर्ट इस पर विस्तार से प्रकाश डालती है। अस्तु! इस शोध पत्र में हमारा मुख्य उद्देश्य कौटिल्य के विद्या विषयक विचारों की विवेचना करना ही है। उसी के परिप्रेक्ष्य में हम राज्य की मूल प्रवृत्ति को समझने का प्रयास करेंगें क्योंकि राज्य के योग क्षेम का अवलम्बन विद्या ही होती है। विद्या के बल पर ही एक राजा न केवल लोक अपितु परलोक को भी सुधार सकता है और लोक में भी शान्ति और समृद्धि की स्थापना कर सकता है।

कौटिल्य के विद्या विषयक विचारों का समुच्चय उनके ग्रन्थ के प्रथम अधिकरण के पहले दो प्रकरणों के छः अध्यायों में मिलता है। प्रथम प्रकरण के अध्यायों में से प्रथम में वे विद्या के प्रकारों पर विभिन्न विद्वानों के विचारों से अवगत करवाते हैं। यहाँ पर उन्होंने तीन विद्वानों की शाखाओं का प्रमुखता से उल्लेख किया है। मैंने शाखा (School of Thought) शब्द इस लिए प्रयुक्त किया है क्योंकि वे स्वयं विद्वानों के अनुयायी इस शब्दावली का प्रयोग करते हैं। यथा वे लिखते हैं कि मनु संप्रदाय के अनुयायी आचार्य कुल तीन को ही विद्या मानते हैं। यानि-त्रयी, वार्ता और दण्डनीति। इस संप्रदाय के आचार्य आन्वीक्षकी को त्रयी में ही समाविष्ट मानते हैं।[5]

बृहस्पति संप्रदाय के अनुयायी आचार्य मात्र वार्ता और दण्डनीति को ही(दो को) विद्या मानते हैं। इस सम्प्रदाय के आचार्य त्रयी को सांसारिक लोगों की आजीविका का साधन मानते हैं।[6]

शुक्राचार्य संप्रदाय के आचार्य मात्र दण्डनीति (एक को ही) को ही विद्या मानते हैं क्योंकि दण्डनीति ही संपूर्ण विद्याओं का अवलम्ब और कारण है। जो राजा दण्डनीति में निपुण होता है वह कुछ भी अर्जित कर सकने मे सफल हो सकता है।[7] इस संप्रदाय का सर्वाधिक बल दण्ड पर ही रहता है। यद्यपि इस संप्रदाय के प्रतिनिधि ग्रन्थ शुक्र नीतिसार मे राजा के लिए दण्ड से परे अन्य व्यवहारों का भी उल्लेख है और यह ग्रन्थ कौटिल्य के अर्थशास्त्र के पूर्व का है। कौटिल्य स्वयं अर्थशास्त्र के लेखन के प्रारंभ में "नमः शुक्रबृहस्पतिभ्याम्" लिखते हैं।[8]

उपर्युक्त तीनों विद्वान आचार्यों के संप्रदायों के द्वारा प्रतिष्ठापित विद्या स्वयं में पूर्ण नही है क्योंकि उनके अन्तर्गत जीवन के सभी पक्ष समाविष्ट नहीं होते। साथ ही मनु परंपरा के आचार्य धर्म अवलम्बित परंपरा और वेदाधिष्ठित होने के कारण आन्वीक्षकी को त्रयी के अन्तर्गत ही मान लेते हैं क्योंकि आन्वीक्षकी में सांख्य, योग और लोकायत (नास्तिक दर्शन) होने के कारण वह उसको पृथक से गान्य नहीं करती है। स्वाभाविक ही मनु परंपरा के आचार्य अपनी परंपरा को वेदोक्त मान कर ही ऐसा करते हैं क्योंकि मनु परंपरा का ग्रन्थ वेद विरुद्ध व्यवस्था को कैसे स्वीकार करे जबकि वह स्वयं वेदों का प्रतिनिधि ग्रन्थ माना जाता है। बृहस्पति परंपरा के आचार्य केवल दण्डनीति और वार्ता को ही विद्या मानते हैं क्योंकि त्रयी को वे वैशेषिक ज्ञान के रूप में स्वीकार करते हैं और सामान्य सांसारिक ज्ञान सभी (विशेषकर राजा) के लिए आवश्यक नहीं होता है। यद्यपि बृहस्पति देवगुरु के रूप में मान्य हैं तथापि उनका चिन्तन भी भौतिक क्रिया-कलापों से परिपूर्ण है। संभवतः वे आन्वीक्षकी को भी त्रयी की भांति ही किसी के साथ सम्बद्ध करके विद्या की श्रेणी में नहीं रखते।

शुक्राचार्य की परंपरा के आचार्य, जैसा कि मैंने पूर्व में भी उल्लेख किया है, तो केवल दण्डनीति को ही विद्या मानते हैं क्योंकि यही समस्त संसाधनों की प्राप्ति का साधन है।

किन्तु कौटिल्य उपर्युक्त सभी परंपरा के विचारों के साथ आन्वीक्षकी को भी विद्या विषयक परंपरा में सम्मिलित करते हैं। वे इन सभी की यथार्थता का आधार धर्म और अधर्म को मानते हैं।[9]

धर्म का अभिप्राय बहुत ही गूढ़ है। धर्म का उल्लेख होते ही हम समकालीन परिप्रेक्ष्य में प्रचलित व्यवहार को दृष्टिगत रखकर स्वयं का मन पूर्वाग्रहों में जकड़ कर धर्म अवलम्बित विद्या को संप्रदाय विशेष से जोड़कर देखने लगते हैं। जबकि विद्या का अर्थ भी धर्म की भाँति ही गूढ़ और बहुत ही व्यापक है। विद्या के विषय में ईशोपनिषद कुछ इस प्रकार निर्देश करता है:-

विद्यां चाविद्यां च यस्तदवेदोभयं सह।

अविद्या मृत्युं तीर्त्वा विद्ययामृतमश्नुते॥ ईशो।[10]11

अर्थात् जो विद्या और अविद्या इन दोनों को ही एक साथ जानता है, वह अविद्या से मृत्यु को पार करके विद्या से अमरत्व प्राप्त कर लेता है।

उपनिषद स्पष्ट रूप से भारतीय वैशिष्ट्य को इस श्लोक के द्वारा प्रकट करता है जिसमें प्रत्येक विषय स्वयं में धनात्मक एवं ऋणात्मक दोनों ही को समेट कर चलता है। इस मन्त्र में भी विद्या-अविद्या एक दूसरे के पूरक हैं। विद्या स्वयं में ही अविद्या का भी प्रतिनिधित्व करती है तभी तो उपनिषद दोनों को एक साथ जानने का आग्रह करता है। विद्या का स्वरूप वस्तुत: एकात्म है जो कि जीव से जगत तक व्याप्त है। छान्दोग्योपनिषद इसकी व्यापकता का विस्तार से वर्णन करता है। एक समय नारद मुनि श्री ब्रहमा के मानस-पुत्र सनत्कुमार के सम्मुख उपस्थित होकर अपनी दुविधा का वर्णन करते हैं और उसके समाधान की अपेक्षा करते हैं। श्री सनत्कुमार नारद जी से प्रश्न करते हैं कि तुम जो भी कुछ जानते हो वह मुझसे कहो; तब मैं समाधान प्रस्तुत करुंगा। तब नारद जी ने कहना प्रारंभ किया कि भगवन ! मुझे ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद स्मरण हैं, इनके अतिरिक्त पाँचवे वेद के रूप में विख्यात पुराण वेदों का वेद (व्याकरण, इसमें वेदांग सम्मिलित है क्योंकि वेदों के अध्ययन के लिए वेदांग के छ: अंगों का ज्ञान अपरिहार्य है; वेदांग यानि, (1. शिक्षा, 2. व्याकरण, 3. निरुक्त, 4. छन्द, 5. ज्योतिष एवं 6. कल्प), श्राद्धकाल, गणित, उत्पात ज्ञान, निधिशास्त्र, तर्कशास्त्र, नीति, देवविद्या, ब्रहमविद्या, भूतविद्या, क्षत्रविद्या, नक्षत्रविद्या, सर्पविद्या (गरुड़-मन्त्र) और देवजन विद्या-नृत्य संगीत सब ज्ञात है।[11]

ये सब जानने के बाद भी नारद स्वयं को मन्त्रवेत्ता ही मानते हैं और आत्मवेत्ता बनने की अभिलाषा रखते हैं क्योंकि जो आत्मवेत्ता होता है वही ब्रहम को जानता है। तभी तो ईशोपनिषद सभी में ईश्वर के दर्शन करता है। 'ईशा वास्यमिदं सर्वं यत्किन्च जगत्यां जगत'।[12] इसी ईश्वर की प्रतीति को नारद जानना चाहते हैं। नारद से ये सभी सुनकर सनत्कुमार उनसे कहते हैं कि तुम जो भी कुछ जानते हो यह तो नाम मात्र है। इसको सनत्कुमार ने नाम मात्र क्यों कहा? और यदि ये सभी नाम हैं तो ब्रहम क्या है? उसके विषय में मुण्डकोपनिषद कुछ यों कहता है कि शौनक नामक प्रसिद्ध महागृहस्थ ने अंगिरा के पास विधि पूर्वक जाकर पूछा (विधि से अभिप्राय समिधा हाथ में लेकर क्योंकि समिधा का हाथ में होना जिज्ञासा का प्रतीक है और अपने से बड़ों से प्रश्न पूछने का यही विधान है; इसलिए यहाँ पर विधि पूर्वक कहा है) - भगवन्! किसके जान लिए जाने

पर सब कुछ जान लिया जाता है? तब ऋषि अंगिरा ने उत्तर दिया कि विद्या दो प्रकार की हैं; एक परा और दूसरी अपरा।

... परा चौवापरा च।।[13]

आगे वे इनके स्वरूप का वर्णन करते हैं कि ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद, शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छन्द और ज्योतिष यह अपरा है तथा जिससे उस अक्षर ब्रहम का ज्ञान होता है वह परा है।[14] ये ईश, मुण्डक और छान्दोग्योपनिषद जिस विद्या की बात करते हैं वस्तुतः वही विद्या कल्याणकारी और मुक्ति प्रदायिनी है अन्य सभी व्यर्थ हैं और इसी अक्षर ब्रहम को जाना जा सकता है। विष्णु पुराण का ऋषि इसको कुछ यों समझाता है कि

विद्या बुद्धिरविधायाम ज्ञानान्तात जायते।

बालोऽग्निं कि न खद्योत मसुरेश्वरमन्यते।।[15]

अर्थात् अज्ञान के कारण ही मनुष्यों की अविद्या में बुद्धि होती है। बालक क्या अज्ञानतावश खद्योत (जुगनू) को ही अग्नि नहीं समझ लेता है। यहाँ पर ऋषि अविद्या के वशीभूत ही मनुष्यों के द्वारा किए जाने वाले कार्यों को अज्ञानता कह रहा है; तो ज्ञान क्या है? ज्ञान है विद्या को विद्या और अविद्या के रूप में समझना। पुराणकार इसको समझाने का प्रयास करते हैं।

तत्कर्म यन्न बंधाय सा विद्या या विमुक्तये।

आयासायापरं कर्म विद्यान्या शिल्पनैपुणम।।[16]

अर्थात् कर्म वही है जो बन्धन का कारण न हो, और विद्या वही है जो मुक्ति की साधिका हो। इसके अतिरिक्त और कर्म तो परिश्रम रूप तथा अन्य विद्याएं कला-कौशल मात्र ही हैं।

इस प्रकार कौटिल्य अपने अर्थशास्त्र में विद्या को समग्रता में स्वीकारने का प्रयास करते प्रतीत होते हैं। वे पहले मनु, बृहस्पति एवं शुक्राचार्य परंपरा के विद्या संबन्धी विचारों का उल्लेख करते हैं और फिर अपने यथार्थवादी दृष्टिकोण के अनुरूप उन तीनों के विचारों को समाविष्ट करके सभी की व्याख्या धर्मावलम्बित करते हैं। इस प्रकार से आस्तिक नास्तिक दोनों ही परंपराएं धर्म के प्रभाव में आकर आस्तिक ही हो जाती हैं क्योंकि विद्या के समान ही कणाद भी धर्म की व्याख्या में समष्टि को समाहित करते हैं जबकि वे स्वयं नास्तिक विचार परंपरा के ऋषि माने जाते हैं। तभी तो वे वैशेषिक दर्शन में लिखते हैं कि

यतोऽभ्युदय निःश्रेयस सिद्धिः सः धर्मः।[17]

अर्थात् जिससे अभ्युदय अर्थात इहलौकिक सुख की एवं जीवन मुक्ति और मोक्ष की सिद्धि हो वही धर्म है। उपनिषद भी इसी अभ्युदय (लौकिक सुख) की दृष्टि से अविद्या और अपरा की बात करते हैं किन्तु पूर्णत्व के लिए विद्या और परा को समाविष्ट करके ही मुक्ति संभव है। विष्णु पुराण वही कहता है और कणाद भी

धर्म के विषय में समन्वयात्मक दृष्टिकोण का प्रतिवादन करता है। इसी धर्म के परिप्रेक्ष्य में मनुस्मृति गुणों का उल्लेख करती है

धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः।
धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्म लक्षणम्।[18]

यानि, धैर्य, क्षमा, दम (विकार का हेतु उपस्थित होने पर भी मन को उसमें न लगाना ही दम कहलाता है), अस्तेय (पराए धन में आसक्ति न होना) शौच (पवित्रता) इन्द्रिय निग्रह (इन्द्रिय नियन्त्रण), धीर (शास्त्रार्थ ज्ञान), विद्या (अपरा और परा की समझ, क्योंकि इसी से व्यष्टि से समष्टि के भाव की प्रतीति होती है। इसके अभाव में शेष सभी व्यर्थ हैं) सत्य तथा क्रोध का नियमन ये दस धर्म के लक्षण हैं। इस प्रकार इन गुणों के अभाव वाले समस्त क्रिया-कलाप अधर्म ही हैं। अतः कौटिल्य ने अपने समकालीन और पूर्व के विद्वानों में विद्या को लेकर मत वैभिन्न्य होने के बाद भी आन्वीक्षकी, त्रयी, वार्ता और दण्डनीति को विद्या के रूप में स्वीकार किया क्योंकि वे अपने सभी क्रिया कलापों को धर्म पर अवलम्बित मानते हैं।

1. आन्वीक्षकी: इसको आत्मविद्या सांख्य, योग एवं लोकायत (इसको नास्तिक दर्शन कहा गया है क्योंकि वे वेदों को नहीं मानते) को सम्मिलित माना जाता है।[19] यहां पर यह ध्यातव्य है कि मनु धर्म प्रधान परंपरा के प्रणेता माने जाते हैं और उनकी विचार परंपरा में धर्म का स्थान महत्त्वपूर्ण है। इस परंपरा का मूल आधार वेद हैं; मनु वेदों को लोक का अवलम्बन मानते हैं। इसलिए उन्होंने ऐसी परंपरा जो कि वेदों का निषेध या अमान्य करती हो, को ही विद्या परंपरा में पृथक से स्थान न देकर त्रयी के अन्तर्गत ही मान लिया। क्योंकि, कौटिल्य एक यथार्थवादी चिन्तक माने जाते हैं इसलिए उन्होंने अपने चिन्तन में उन सभी को भी स्थान दिया जो कि वेद परंपरा में विश्वास नहीं रखते थे किन्तु भारतीय जीवन चक्र में उनका न केवल हस्तक्षेप था बल्कि जीवन चक्र को आधार देने में एक महत्त्वपूर्ण योगदान भी था। सही अर्थों में कौटिल्य निषेधकारी प्रवृत्तियों को भी अध्ययन-अध्यापन के रूप में सम्मिलित किए जाने के पक्षधर थे; तभी तो वे अपनी-विद्या परंपरा में आन्वीक्षकी को भी पृथक से सम्मिलित करते हैं।

उमाशंकर ऋषि, माधवाचार्य के सर्वदर्शन संग्रह की पूर्वपीठिका में स्पष्टतः उल्लेख करते हैं कि श्रौत और तार्किक दार्शनिकों में मूल भेद यह है कि श्रौत दार्शनिक वेदों को स्वतः प्रमाण मानते हैं जबकि तार्किक उन्हें परतः प्रमाण मानते हैं। यहाँ पर स्वतः प्रमाण से अभिप्राय है कि वेद स्वयं सिद्ध हैं उन्हें किसी के द्वारा सिद्ध नहीं किया जा सकता वे अपौरुषेय हैं। जबकि परतः प्रमाण मानने वालों का यह मत है कि वेद पौरुषेय हैं और उनकी सिद्धि के लिए हमें दूसरे साधनों पर निर्भर करना पड़ता है। इसलिए वे भी पुरुष प्रणीत हैं।[20] यद्यपि मीमांसा दर्शन ने वेदों को अपौरुषेय ही माना, मनुष्य तो मात्र इनका संकलन कर्ता ही है।[21] संभवतः हो सकता है कौटिल्य ने इन्हें अपनी विद्या परंपरा में सम्मिलित करने के परिप्रेक्ष्य में मीमांसा को ही आधार बनाया हो। जो भी हो, कौटिल्य ने आन्वीक्षकी को विद्या परंपरा में स्थान देकर स्वयं के यथार्थवादी होने की भी पुष्टि की है। कौटिल्य इन चारों विद्याओं की यथार्थता का मूल्यांकन भी धर्म-अधर्म के आधार पर ही करते हैं। इस

प्रकार से वे एक ओर जहाँ यथार्थवादी परिप्रेक्ष्य के आधार पर समावेशण का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं वहीं वे दूसरी ओर भारत की सनातन परंपरा में जिसमें धर्म-अधर्म की केन्द्रीय भूमिका है, को विद्याओं के मूल्यांकन का आधार मानते हैं। आन्वीक्षकी को वे इस लिए भी महत्त्वपूर्ण मानते हैं क्योंकि यह मनुष्य में लोक व्यवहार को प्रतिष्ठापित करती है तथा मनुष्य को यथार्थ चिन्तन की ओर अग्रसर करती है। क्योंकि, यह तर्कप्रधान है इसलिए ये सभी विद्याओं का मार्गदर्शन कर सकने में सक्षम है।

2. त्रयी: कौटिल्य के अनुसार साम, ऋक और यजु ये तीनों वेद ही त्रयी के अन्तर्गत आते हैं।[22] यद्यपि, ऋक्वेद ही एक मात्र वेद माना गया है, कालान्तर में यजुर्वेद एवं सामवेद भी ऋक्वेद में से ही अलग हुए। इसके अतिरिक्त अथर्ववेद और इतिहास को भी वे वेदों की श्रेणी में रखते हैं। और फिर वेदांग(शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छन्द और ज्योतिष) कहे गये हैं। इनके सहयोग से वेदों का अध्ययन किया जाता है। त्रयी में जिस धर्म का उल्लेख है वह धर्म स्वयं में चारों वर्ण एवं चारों आश्रमों को समाहित किए हुए है। इस धर्म के माध्यम से सभी वर्ग अपने-अपने विहित कर्मों का पालन करते हैं। धर्म के सम्बन्ध में मैं पूर्व में ही लिख चुका हूँ। त्रयी का अर्थ वेदत्रयी से हैं। वेदों में वर्ण का अभिप्राय कार्य विभाजन से है न कि समाज विभेद से। इसी को श्रीमद्भगवतगीता में भगवान श्री कृष्ण ने बहुत ही सुन्दर ढंग से व्यक्त किया है।

चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्मविभागशः।[23]4/13

यानि ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्रों का समूह, गुण और कर्मों के विभाग पूर्वक मेरे द्वारा रचा गया है। भगवान श्री कृष्ण यहाँ पर वर्ण की पुष्टि वेदानुसार ही करते हैं। इसका अभिप्राय जिस व्यक्ति में जितने गुणों का न्यूनाधिक्य है वह उसी के अनुसार कर्मों का संपादन करता है। वर्ण का संबंध जन्म से न होकर कर्म से है। इसी की पुष्टि वे 18 वें अध्याय में कुछ इस प्रकार से करते हैं कि हे **परंतप**! ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्यम् तथा शूद्रों के कर्म स्वभाव से उत्पन्न गुणों के द्वारा विभक्त किए गए हैं-

ब्राहम्णक्षत्रियविषां शूद्राणां च परंतप।

कर्माणि प्रविभक्तानि स्वभावप्रभवैर्गुणैः।।[24]

इस प्रकार त्रयी वर्ण और आश्रम व्यवस्था को धर्म का मूल मानती है, किन्तु जन्मना नहीं अपितु कर्मणा। इस प्रकार कौटिल्य तत्कालीन सामाजिक परिवेश को भी सावधान करते हैं कि वेद में भी और बाद के साहित्य में भी कुछ भी यदि विसंगति पूर्ण रचा गया है तो वह यथावत मान्य न होकर यथार्थवत मान्य होगा। इस प्रकार से कौटिल्य की विद्या परंपरा में आन्वीक्षकी त्रयी की पूरक होकर प्रगट होती है। इसके आगे वे चारों वर्णों के कार्यों का विभाजन ठीक उसी प्रकार से करते हैं। जिस प्रकार से श्रीमद्भगवद्गीता करता है। ब्राहमण के लिए वे कहते हैं-

शमो दमस्तपः शौचं क्षान्तिरार्जवमेव च।

ज्ञानं विज्ञानमास्तिक्यं ब्रहमकर्म स्वभावजम्।

अर्थात् अन्त:करण का निग्रह करना, इन्द्रियों का दमन करना, धर्मपालन के लिए कष्ट सहना, बाहर-भीतर से शुद्ध रहना; दूसरों के अपराधों को क्षमा करना, मन, इन्द्रिय और शरीर को सरल रखना; वेद, शास्त्र, ईश्वर और परलोक आदि में श्रद्धा रखना, वेद-शास्त्रों का अध्ययन-अध्यापन करना और परमात्मा के तत्त्व का अनुभव करना ये सभी ब्राहम्ण के स्वाभाविक कर्म हैं। इस प्रकार से श्री कृष्ण जी ब्राहम्ण के लिए बहुत ही स्पष्ट रूप से करणीय और अकरणीय में भेद कर देते हैं। जो लोग जन्म के बल पर जातीय अहंकार पालें, वे कौटिल्य की विद्या परंपरा का भाग नहीं हो सकते।

क्षत्रिय के कर्मों का निर्धारण करते हुए भी वे स्पष्टत: उल्लेख करते है:-

शौर्यं तेजो धृतिर्दाक्ष्यं युद्धे चाप्यपलायनम्।

दानमीश्वरभावश्च क्षात्रं कर्म स्वभावजम्।[26]

अर्थात् शूरवीरता, तेज, धैर्य, चतुरता और युद्ध में भी न भागना, दान देना और स्वामीभाव ये सभी क्षत्रिय के स्वाभाविक गुण हैं। इस प्रकार त्रयी में वर्ण व्यवस्था का पक्ष तो लिया गया है किन्तु उसका स्वरूप सामञ्जस्यात्मक है और धर्म कोन्द्रित है। इस प्रकार वर्ण व्यवस्था का सामञ्जस्यात्मक और कल्याणकारी रूप उजागर होता है। यद्यपि अपने अर्थशास्त्र में वे श्री कृष्ण भगवान को उदधृत नहीं करते हैं किन्तु वर्णों के कर्मों का निर्धारण वे नितान्त श्रीमदभगवत्गीता के अनुसार ही करते हैं। सन्दर्भ के लिए मैंने श्लोकों को यथा स्थान उद्धृत भी किया है। यह साम्यता भी कौटिल्य के यथार्थवादी होने की पुष्टि करती है। वे वैश्य और शूद्रों के गुणों का वर्णन भी श्रीमदभगवत्गीता के अनुसार ही करते हैं-

कृषिगौरक्ष्यवाणिज्यं वैश्यकर्म स्वभावजम्।

परिचर्यात्मकं कर्म शूद्रस्यापि स्वभावजम्।।[27]

अर्थात् कृषि, गोपालन और क्रय-विक्रय रूप सत्य व्यवहार ये वैश्य के स्वाभाविक कर्म हैं तथा सब वर्णों की सेवा करना शूद्र का स्वाभाविक कर्म है।

आश्रम व्यवस्था को वे जीवन का महत्त्वपूर्ण स्तम्भ मानते हैं। इसलिए वे भी मानव धर्म शास्त्री की ही भांति त्रयी के अन्तर्गत आश्रमों की बात करते हैं। ब्रहमचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ एवं सन्यास का वे सविस्तार उल्लेख करते हैं।

1. **ब्रह्मचारी** ब्रह्मचारी के धर्म के संबन्ध में वे नियमित स्वाध्याय, अग्निहोत्र, नित्य स्नान, भिक्षाटन, गुरू सामीप्य, गुरू की अनुपस्थिति में शिष्य गुरूपुत्र (जो योग्य हो) या अपने किसी समान शाखाध्यायी के समीप रहे जिससे स्वाध्याय में विघ्न न आवे। इस प्रकार इस अवस्था में जो व्यक्ति अनुशासन बद्ध हो जाते हैं वे जीवन पर्यन्त अनुशासन का पालन करते हुए सुखोपभोग करते हैं।[28]
2. **गृहस्थ:** गृहस्थ को वे अपनी परंपरानुकूल आचरण का निर्देश करते हैं। यथा सगोत्र तथा असगोत्र समाज में विवाह करे; ऋतुगामी हो; देव, पितर, अतिथि और मृत्यजनों को देकर सबसे अन्त में भोजन

करे। इस प्रकार से कौटिल्य भी धर्मग्रन्थों में वर्णित गृहस्थ के कर्मों के अनुसार ही जीवन यापन की बात कहते हैं। भारतीय परंपरा में सही अर्थों मे गृहस्थाश्रम ही शेष आश्रमों का न केवल अवलम्ब है अपितु संस्कृति और अर्थका संरक्षक एवं संवर्द्धक भी है।[29]

3. **वानप्रस्थ:** यह अवस्था सही अर्थों में गृहस्थ और सन्यास के मध्य सन्धिकाल जैसी है जिसमें मनुष्य गृहस्थ भी है किन्तु संयम की साधना में भी रत है। इसलिए कौटिल्य कहते हैं कि वानप्रस्थी ब्रहमचर्य का पालन करें, भूमि पर शयन करें, जटा, मृगचर्म को धारण करें, अग्निहोत्र तथा प्रतिदिन स्नान करें, देव-पितर एवं अभ्यागतों की सेवा-पूजा करें और वन के कन्दमूल-फल पर निर्वाह करें। इससे दृष्टिगत होता है कि ब्रहमचर्याश्रम और वानप्रस्थाश्रम में बहुतायत में साम्यता है।[30]

4. **सन्यासाश्रम:** सन्यासी के कर्त्तव्यों के परिप्रेक्ष्य में कौटिल्य लिखते हैं कि वह जितेन्द्रिय हो, वह सांसारिक कामों को न करे, निष्किंचन बना रहे; एकाकी रहे, प्राणरक्षा मात्र के लिए स्वल्पाहार करे; समाज में न रहे, जंगल में भी एक ही स्थान पर न रहे। मनसा, वाचा कर्मणा अपना बाहर-भीतर पवित्र रखे। इस प्रकार त्रयी एक प्रकार की ऐसी व्यवस्था का समर्थन करती है जोकि धर्मावलम्बित है। कौटिल्य प्रत्येक वर्ण और प्रत्येक आश्रम को धर्म के पालन का निर्देश करते हैं।[31] मानव धर्म शास्त्र ने जिस धर्म की बात कही है, और कणाद जिस धर्म का निर्देश करते हैं जिससे अभ्युदय और नि:श्रेयस दोनो की प्राप्ति होती है, के आधार पर कौटिल्य जीवनचर्या का निर्धारण करते हैं। इस प्रकार कौटिल्य धर्मावलम्बित होते हुए भी यथार्थता पर अधिक बल देते हैं। त्रयी के ऊपर धर्म सूत्रों एवं गृहसूत्रों का प्रभाव स्वत: अनुभव किया जा सकता है किन्तु रुढ़ियों को कौटिल्य ने कहीं पर भी प्रश्रय नहीं दिया है।

3. **वार्ता:** इसके अन्तर्गत कौटिल्य, कृषि पशुपालन और व्यापार को सम्मिलित करते हैं। इसके परिणाम स्वरूप धान्य, पशु, हिरण्य, ताम्र आदि खनिज पदार्थ और नौकर चाकर आदि की प्राप्ति होती है। वस्तुत: इस विद्या का संबन्ध वैश्य वर्ग के साथ जोड़कर देखा जा सकता है। क्योंकि वर्णाश्रम व्यवस्था में कौटिल्य ने जो कार्य विभाजन किया है वह इसी के अन्तर्गत आता है।[32]

4. **दण्डनीति:** कौटिल्य शेष सभी विद्याओं का अवलम्बन इस विद्या को मानते हैं। वह लिखते हैं कि आन्वीक्षकीत्रयी वार्तानां योगक्षेमसाधनो दण्ड:। अर्थात् आन्वीक्षकी, त्रयी और वार्ता की सुख-समृद्धि का आधार दण्ड ही है। तस्य नीतिर्दण्डनीति:। यानि दण्ड (शासन) को प्रतिपादित करने वाली नीति ही दण्डनीति कहलाती है। क्योंकि उसमे ही वह वैशिष्ट्य है जो कि अलब्धलाभार्था; लब्धपरिरक्षणी; रक्षितविवर्धनी; वृद्धस्य तीर्थेषु प्रतिवादनी च। यानि वही (दण्डनीति) अप्राप्त वस्तुओं को प्राप्त करवाती है, रक्षित वस्तुओं की वृद्धि करती है और वही सवंर्द्धित वस्तुओं को समुचित कार्यों में लगाने का निर्देश करती है। उसी पर संसार की समस्त लोकयात्रा निर्भर करती है।[33]

दण्डनीति के सम्बन्ध में प्राचीन आचार्य यानि कौटिल्य के पूर्व का यह मानना है कि समस्त प्राणियों को वश में रखने का एक मात्र उपाय दण्डनीति ही है। किन्तु कौटिल्य इससे सम्मति नहीं रखते क्योंकि वे राजा के सम्यक व्यवहार के पक्षधर हैं यानि न तो राजा दण्ड में सख्ती करे और न ही ढ़िलाई। अर्थात उनका मानना है कि दण्ड का आधिक्य और ढ़िलाई दोनों अवस्था ही राजा के लिए समस्या कारक हो सकती हैं। इसलिए मत्स्य न्याय के उन्मूलन एवं धर्म संस्थापन के दृष्टिकोण से दण्ड अति आवश्यक है। दण्ड के कारण ही लोक धर्माधिष्ठित रहते हैं। दण्डनीति से अभिप्राय प्राचीन वाङ्गमय में सेना एवं शासन यानि, बाह्य एवं आन्तिरिक सुदृढ़ता दोनों से है। जो भी राजा इन दोनों ही परिप्रेक्ष्य में उचित व्यवहार करता है वही सुरक्षित राज्य का संचालन कर सकता है।

धर्माचरण, लोक का शासन अनुरागी या दण्डाधिष्ठित व्यवस्था का अनुपालक होना अति आवश्यक है।[34] क्योंकि योगक्षेम का संरक्षण दण्ड से ही संभव है और दण्ड का क्रियान्वयन विद्या से।[35] हितोपदेश विद्या और विनय का अन्तः सम्बन्ध मानता है; वह कहता है। विद्या ददाति विनयं विनयाद्याति पात्रताम्। पात्रत्वाद् धनमाप्नोति धनात् धर्मं ततः सुखम्।[36] यानि, विद्या से विनम्रता, विनम्रता से पात्रता, पात्रता से धन, धन से धर्म की पूर्ति और फिर सुखानुभूति प्राप्त होती है। कौटिल्य विनय के दो प्रकार बताते हैं वे विनय से अभिप्राय शिक्षा मानते हैं और उसको दो में विभाजित करते हैं 1. कृतक (कृत्रिम, बनावटी, नैमित्तिक) और 2. स्वाभाविक (स्वतः सिद्ध)। शिक्षा सुपात्रों के लिए है वह उन्ही में सुधार कर सकती है कुपात्रों में नहीं।[37] शास्त्रकार ने सही ही कहा है –

विद्या विवादाय धनं मदाय शक्तिः परेषां परपीड़नाय।
खलस्य साधोर्विपरीतमेतत् ज्ञानाय दानाय च रक्षणाय॥[38]

यह सुभाषित कौटिल्य की ही बात की पुष्टि करता है। कौटिल्य सुपात्र के गुणों का बखान करते हैं कि सुपात्र इसलिए योग्य हो सकता है क्योंकि वह शुश्रुषु, श्रवण ग्रहण, धारण, विज्ञान, ऊहापोह (तर्क- वितर्क) में विवेक तथा बुद्धि से काम लेते हैं। इसलिए जो सुपात्र है वही विद्या को स्वाभाविक रूप से जानकर उससे लाभान्वित हो सकता है वही उसके जीवन मे परिवर्तनकारी हो सकती है वही उसे मुक्त करने वाली हो सकती है। ऐसे ही सुपात्रों के लिए विष्णुपुराण ने विद्या को युक्ति प्रदायक बताया है। इस प्रकार से सुपात्र ही विद्या को स्वाभाविक रूप ग्रहण कर सकने में समर्थ होकर स्वयं का और लोक का कल्याण कर सकने में समर्थ हो सकता है शेष तो विद्या का अहंकार पालकर अभिनय कर रहे हैं और ऐसों को ही कौटिल्य ने कृत्रिम विधावान माना है। कौटिल्य स्वाभाविक विद्या के स्वामी से लोक रंजन की अपेक्षा करते हैं। इसीलिए वे ऐसे राजा के द्वारा भी लोक कल्याण में तत्पर रहकर लम्बे समय तक पृथ्वी के निर्बाध शासन की अपेक्षा करते है क्योंकि ऐसे राजा के दुश्मन प्रायः कम ही होते हैं। और जो विद्या प्रणीत आचरण नहीं करते वे कामादि छः शत्रुओं के वशीभूत पराभव को प्राप्त होते हैं।

इस प्रकार कौटिल्य अपने अर्थशास्त्र में विद्या व्यवस्था का न केवल समर्थन करते है बल्कि विद्या को मूल मानकर संपूर्ण ग्रन्थ को विस्तार देते हैं। वह इसके बाद के सभी अधिकरण, प्रकरण और अध्यायों में इन्हीं चारों विद्याओं को विस्तार से समझाने का प्रयास करते हैं। सही अर्थों में कौटिल्य एक ऐसे चिन्तक हैं जो कि भारत की सनातन परंपरा में दृढ़ विश्वासी होते हुए भी देशकाल परिस्थिति के अनुसार होने वाले यथार्थवादी क्रिया-कलापों को अपने चिन्तन में न केवल स्थान देते हैं बल्कि तार्किकता के साथ उन्हें प्रतिष्ठापित भी करते हैं और यही कारण है कि उनका कालजयी चिन्तन आज भी स्वयं की प्रासंगिकता बनाए हुए है।

सन्दर्भ

1. स्वामी जगदीश्वरानन्द सरस्वती, चाणक्य नीति दर्पण की प्रस्तावना, विजय कुमार गोविन्दराम हासानन्द, नई दिल्ली, 2013 पृष्ठ-6 एवं पृ0 67
2. वाचस्पति गैरोला, कौटिलीय अर्थशास्त्रम्, चौखम्बा विद्या भवन, वाराणसी, 2013, पृ0 69, 72-73। एवं काशी प्रसाद जायसवाल, हिन्दू राजतन्त्र, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, 2012, पृ0 171 का भी अवलोकन किया जा सकता है।
3. तदैव, पृ0 65-67
4. चन्द्र भूषण शर्मा एवं पवन कुमार शर्मा, सा विद्या या विमुक्तय, कौटिल्य प्रकाशन नई दिल्ली 2017, पृ 1-3
5. वाचस्पति गैरोला द्वारा संपादित कौटिलीय अर्थशास्त्र, पृ0 8
6. तदैव
7. तदैव
8. तदैव पृ0 1
9. तदैव पृ0 8
10. ईशावास्यादि नौ उपनिषद, गीताप्रेस गोरखपुर, सं0 2072. 12 वाँ पुनर्मुद्रण, पृ0 46
11. छान्दोग्योपनिषद, गीताप्रेस गोरखपुर, सं0 2070. 18 वाँ पुनर्मुद्रण, पृ0 672 674
12. ईशावास्यादि नौ उपनिषद, पृ0 25
13. मुण्डक उपनिषद, गीताप्रेस गोरखपुर, सं0 2072. 12 वां पुनर्मुद्रण, पृ0 462
14. तदैव पृ0 463
15. विष्णुपुराण, गीताप्रेस गोरखपुर, सं0 2067. 39 वाँ पुनर्मुद्रण, 1/19/40
16. तदैव 1/19/41

17. शास्त्री, पण्डित ढूंढीराज, कणाद वैशेषिक दर्शन प्रशस्तपाद भाष्य, चौखम्भा संस्कृत संस्थान, सं0 2063, पृ0 9
18. शिवराज आचार्य कौण्डिन्न्यायन द्वारा संपादित, मनुस्मृति, चौखम्भा विद्याभवन, वाराणसी, 2010, पृ0 446 (6/92)
19. पूर्व उल्लिखित कौटिलीय अर्थशास्त्र पृ0 8
20. प्रो0 उमाशंकर शर्मा, ऋषि, द्वारा संपादित माधवाचार्य का सर्वदर्शन संग्रह, चौखम्वा विद्या भवन, वाराणसी, 1984,पृ0 30
21. तदैव पृ0 30
22. पूर्व उल्लिखित कौटिलीय अर्थशास्त्र पृ0 10
23. श्रीमदभगवत्गीता, गीताप्रेस गौरखपुर 4/13
24. तदैव 18/41
25. तदैव 18/42
26. तदैव 18/43
27. तदैव 18/44
28. पूर्व उल्लिखित कौटिलीय अर्थशास्त्रम् पृ0 10
29. तदैव 10
30. तदैव 11
31. तदैव 11
32. तदैव 12
33. तदैव 12-13
34. तदैव पृ0 13
35. तदैव पृ0 14
36. हितोपदेश - 6वां श्लोक
37. पूर्व उल्लिखित कौटिलीय अर्थशास्त्र पृ0 16-17
38. सुभाषित रत्नभण्डागारं, 60/889

❑❑❑

ISSN-2229-452X
UGC-CARE-45

भारतीय राजनीति विज्ञान शोध पत्रिका

वर्ष-द्वादश, अङ्कः-द्वितीय
जुलाई-दिसम्बर, 2020

भारतीय राजनीति विज्ञान परिषद् का अर्द्धवार्षिक प्रकाशन

नामूलं लिख्यते किंचित्
नानपेक्षितमुच्यते।
विश्लिष्याश्लिष्य सन्दर्भान्
समस्याः समाधीयते।।

मानस चक्रवर्ती
सम्पादक

7. ऋग्; 2/8/14

8. अथर्व; 12/3

9. अथर्व; 19/3

10. कठो; 2/2/10

11. इदं हि वां परप्रतं महवे ..विमुमुक्तमस्मे। ?/91/5

12. ऋग् 4/47/3

13. ऋग् 10/90/13

14. तै.उप. 2/3

15. छांदा.उप. 3/18/4

प्राचीन भारतीय चिंतन की समस्त व्यवस्थाओं का प्राण उसकी न्याय व्यवस्था ही है। प्राचीन भारतीय समाजों में सुख, शान्ति, सुव्यवस्था, स्थिरता, न्याय–अन्याय के मध्य भेद निर्धारण करने, दोषी को दण्डित करने एवं विधि की व्याख्या करने के लिए न्याय–व्यवस्था की स्थापना हुई। न्याय व्यवस्था ने नागरिकों के अधिकार एवं कर्त्तव्यों को विधि द्वारा स्पष्ट करके उसकी सीमा का निर्धारण किया जिससे प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों का संरक्षण हुआ और दूसरे के अधिकारों पर प्रभुत्व जमाने की प्रवृत्ति का ह्रास हुआ। प्राचीन भारतीय शासन प्रणाली का स्वरूप राजतंत्रीय था इसी कारण न्याय व्यवस्था में राजा का स्थान सर्वोत्तम है। प्राचीन भारतीय वांड्मय के चिंतकों ने राजा को यही आदेश दिया कि वह प्रजा का संतुष्ट रखे एवं प्रत्येक व्यक्ति के लिए न्याय का वितरित करे अर्थात् न्याय की समुचित व्यवस्था करना ही राजा का कर्त्तव्य है। महाभारत के शान्तिपर्व में भीष्म ने न्याय की महत्ता को अभिव्यक्त करते हुए कहा कि विधि के शासन में रहने से लोग सुखी रहते हैं।[1] मनु ने भी न्यायप्रिय राजा की प्रशंसा करते हुए कहा कि न्यायपूर्ण व्यवहार से राजा का संसार में यश फैलता है।[2] आचार्य कौटिल्य ने न्याय के लिए व्यवहार शब्द का प्रयोग करते हुए कहा है कि धर्म, व्यवहार, चरित्र और न्यायपूर्वक शासन करता हुआ राजा सारी पृथ्वी का स्वामित्व प्राप्त करता है।[3] आचार्य शुक्र की दृष्टि में राजा का प्रमुख कर्त्तव्य दुष्ट–निग्रह (दुष्टों को दण्डित) करना एवं प्रजा की रक्षा करना है। उचित एवं अनुचित का अनुशीलन करके राजा प्रजा को सत्कर्म में नियोजित करने के लिए जिस कार्य का सम्पादन करता है वह व्यवहार है।[4] इस प्रकार सभी चिंतकों ने राजा को न्याय की व्यवस्था का दायित्व प्रदान किया है। राजा के लिए स्पष्ट घोषणा की गई कि वह न्याय का धारण धर्मानुसार एवं निष्पक्षतापूर्वक ही करे। महाभारत महाकाव्य में वर्णित है कि जब न्याय व्यवस्था का उचित प्रबन्ध नहीं होता तब राजा को स्वर्ग एवं यश की प्राप्ति नहीं हो सकती।[5] आचार्य मनु के मत में धर्मविरूद्ध दिया गया दण्ड राजा के यश एवं कीर्ति का नाश करने वाला तथा परलोक में दूसरे धर्म से प्राप्त होने वाले स्वर्ग का प्रतिबंधक है।[6] इसी प्रकार कौटिल्य ने कहा कि राजा अपनी प्रजा को न्याय प्रदान नहीं करता वह शीघ्र नष्ट हो जाता है। राजा से यह अपेक्षा की गई है कि वह अपनी अपनी न्यायिक शक्ति का प्रयोग विधि के अनुरूप ही करे अन्यथा दण्ड का भागी होगा।[7] आचार्य शुक्र ने अन्यायी राजा के दुष्परिणाम का स्पष्टीकरण करते हुए कहा है कि जो राजा दण्डनीति का समुचित रूप से पालन नहीं करता है, उचित दण्ड नही देता तथा अनावश्यक रूप से अधिक दण्ड देने का अभ्यासी होता है, उस राजा का क्षय अवश्यम्भावी है।[8] इस प्रकार राजा का न्यायिक कर्त्तव्य यही है कि वह अपराध की गुरुता और लघुता देखकर ही न्याय करे क्योंकि न्यायपूर्ण समाज में ही व्यक्ति का जीवन पोषित होता है।

महाभारत में पितामह भीष्म ने न्याय व्यवस्था के सन्दर्भ में कहा है कि राज्य में धर्मशास्त्रों के अनुसार न्याय व्यवस्था की स्थापना होनी चाहिए जिससे सभी के साथ समान व्यवहार किया जा सके।[9] भीष्म ने विधि के चार स्रोत– देव स्रोत, आर्ष स्त्रोत स्रोत लोक स्त्रो स्रोत एवं संस्था सम्मत स्रोत बताये है। देव सम्मत स्रोत स्वयं ब्रह्मा[10] द्वारा निर्मित विधियाँ है। आर्ष स्रोत में ऐसे नियम है जिन्हें मानव जीवन को देशकाल और परिस्थिति के अनुसार अनुशासित करने के लिए ऋषि मुनियों (बृहस्पति, शुक्र, भीष्म)[11] ने बनाया था। लोक सम्मत स्रोत में विधियों का निर्माण जनता[12] की सम्मति से हुआ है। अंतिम संस्था सम्मत स्रोत प्राचीनकाल की संस्था द्वारा निर्मित नियम तथा कुल, धर्म, जाति धर्म, एवं देश धर्म पर आधारित है। इस प्रकार महाभारत काल में विधियों

के निर्माण उपरोक्त आधारों पर किया गया था। ये प्रथायें एवं परम्परायें कालान्तर में राज्य द्वारा मान्यता प्राप्त कर लेती और फिर विधि का स्वरूप धारण कर लेती थी।

मनुस्मृति में राज्य द्वारा लागू किये जाने नियमों को धर्म कहा है। इस धर्म के चार स्रोत वेद, स्मृति, सदाचार और आत्मप्रियता (मन की प्रसन्नता) बताये गये हैं।[13] इन सभी स्रोत में मनु ने वेद एवं स्मृति का यथावत उल्लेख किया है किन्तु अंतिम दो सदाचार एवं आत्मप्रियता के विषय में केवल यही वर्णन किया है।

आचार्य कौटिल्य ने न्याय के चार स्रोत धर्म, व्यवहार चरित्र और राजाज्ञा का वर्णन करते हुए कहा है कि ये विवाद के निर्णायक साधन होने के कारण राष्ट्र के चार पैर माने जाते है। इन्ही पर सारा राज्य टिका है। इन सभी प्रकारों में धर्म से व्यवहार, व्यवहार से चरित्र और चरित्र की अपेक्षा राजाज्ञा श्रेष्ठ है।[14] कौटिल्य के अनुसार धर्म सत्य में, व्यवहार साक्षियों में चरित्र समाज के जीवन में और राजाज्ञा राजकीय शासन में स्थिर रहती है। परिस्थितियों के आधार पर राजा विवादों पर निर्णय किया करते थे

आचार्य शुक्र ने विधि के आधार के लिए श्रुति, स्मृति और आचार को स्वीकृति प्रदान की है।[15] शुक्र के इन स्रोतों के अलावा राजाज्ञा को भी विधि का स्रोत माना गया है।

अतएव प्राचीन भारतीय न्यायिक व्यवस्था में कानून का आधार परम्परागत धर्म, प्रथायें, व्यवहार एवं चरित्र हैं जो राजा की आज्ञा में परिलक्षित होता है।

महाभारत महाकाव्य में न्यायिक संगठन (विशेष न्यायालय, पृथक् न्यायाधीश एवं न्यायिक कार्मिक वर्ग) का स्पष्ट विवेचन नहीं किया गया है। महाभारत के विभिन्न प्रसंगों से यही ज्ञात होता है कि समस्त न्यायिक कार्यों का संचालन राजा के द्वारा ही होता था। राजा ही यथेष्ठ धर्म (श्रुति, स्मृति एवं शिष्टाचार पर आधारित) का संरक्षक एवं दण्डधर था। इसका आशय यह नहीं है कि न्यायिक व्यवस्था में अन्य अधिकारियों की उपस्थिति की उपेक्षा की गई है। भीष्म पितामह ने राजा को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वह न्यायधारण करते समय अपने साथ तत्वदर्शी विद्वानों को रखे। जिससे प्रजा को विशुद्ध न्याय की प्राप्ति हो सके, क्योंकि यही राज्य के स्थायित्व का आधार है।[16] न्यायिक प्रक्रिया में विद्वानों के परामर्श का विशेष महत्व था इसीलिए राजा को निर्देश दिया गया है कि वह अनेक तत्वदर्शी श्रेष्ठ विद्वानों के साथ सलाह करके ही अभियुक्त के कथित अपराध, देशकाल, न्याय और अन्याय आदि की विवेचना करने के पश्चात् ही शस्त्रानुसार दण्ड दे।[17] इस प्रकार विदित होता है कि महाभारतकाल में न्यायिक शक्तियों का प्रधान 'राजा' अपराधियों के विवादों का निर्णय विद्वत सम्मति से शास्त्रानुसार करता है।

मनुस्मृति में न्यायिक व्यवस्था के संगठन का स्पष्ट वर्णन किया गया है। न्याय की सबसे बड़ी संस्था 'धर्मसंस्था' का प्रधान राजा होता था। धर्मसभा का एक अध्यक्ष होता था जिसे 'धर्मस्थ' कहा गया है।[18] इसके अतिरिक्त न्यायिक कार्यों में सहयोग देने के लिए तीन अन्य न्यायाधीश होते थे। राजा की अनुपस्थिति में राजा द्वारा नियुक्त विद्वान ब्राह्मण न्यायिक कार्यों को पूर्ण करता था।[19] मनु ने राजा की अनुपस्थिति में शूद्र जाति के व्यक्ति को अनिवार्यतः अनुपयक्त माना है।[20] मनु ने न्यायाधीश की योग्यता को निर्धारित करते हुए कहा है कि न्यायाधीश वह व्यक्ति होना चाहिए जो बाहरी चिन्हों, स्वर, वर्ण, इंगित, आकार, नेत्र और चेष्टा भाषण मुख के विकारों से मनोभाव को जानकर निर्णय कर सके। मनु ने न्यायाधीशों का निर्देश दिया कि वे अर्थ, अनर्थ और केवल धर्म एवं अधर्म का भली–भाँति जानकर वर्णक्रम से न्यायप्रार्थियों के सब कार्यों को करे।[21] इस प्रकार महर्षि मनु न्यायाधीश पद की गरिमा को ध्यान में रखकर न्यायाधीशों के लिए अपेक्षित योग्यता की अनिवार्यता निश्चित करते हैं।

बाबा के डेरे पर कुछ लोग मिलने आने वाले थे आने के समय के निर्धारण के लिए कूट संकेत गधे का रेंकना सुनिश्चित किया गया था। जब गधा रेन्का तब अब्दुल रऊफ खान,निजाम अली खान, कालकप्रसाद, घनश्याम सिंह और जोरावरसिंह आदि ने डेरे में प्रवेश किया। सभी ने बाबाजी का यथायोग्य अभिवादन किया और प्रत्युत्तर में बाबा ने उन्हें आशीर्वाद दिया। कुशलक्षेम के बाद सभी ने बाबा की इच्छा जाननी चाही और फिर बाबा से सब स्थानों के समाचार पूछे। बाबा ने उनसे कहा कि मैं पूर्व से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण हो आया हूँ , सब ठीक है। सभी स्थानों पर तपाती और लाली पहुंच गई हैं। यह क्रम एक शहर से दूसरे शहर तक अनवरत चल रहा है। बाबा ने कुछ उत्साहवर्धक बातें कहकर सिपाहियों के हल समाचार जाना। बाबा ने फिर व्यंग्यात्मक स्वर में पूछा कि दुष्टों को भी इसकी कुछ सूचना है कि उनके पैरोंके नीचे की जमीन खिसकने वाली है। प्रत्युत्तर में अब्दुल रऊफ ने कहा कि नहीं उन्हें कुछ ज्ञान नहीं है। 1857 का स्वतंत्रता संग्राम एक सुनियोजित पद्धति से लड़ा जाने वाला संग्राम था। इसमें हिन्दू मुस्लिम दोनों ने सन्यासियों के नेतृत्व में सहभागिता की थी और प्रत्यक्ष नेतृव कर्ता थे नाना साहब, अजीमुल्ला खान और तात्या टोपे आदि। सन्यासियों की भूमिका को हमने मरियम उपन्यास के द्वारा समझने के पर्यटन किए हैं। हम सभी जानते हैं कि उपन्यासों में बहुत से नाम काल्पनिक होते हैं किंतु बहुत सी घटनाएं सत्य होती हैं। इस उपन्यास के साथ भी ऐसा ही है। बाबा का नाम आदि काल्पनिक हो सकते हैं किन्तु घटनाओं की सत्यता का ज्ञान एक और स्रोत से हो जाता है। मुजफ्फरनगर में सोरम की सर्वखाप पंचायत के अभिलेखों से भी दसनामी सन्यासियों के सहभागिता की पुष्टि होती है। सन्यासियों की पहली सभा 1855 के प्रारंभिक काल में हरिद्वार में हुई थी , इसमें बहादुर शाह के पुत्र फिरोजशाह, राय साहब मराठा जोकि नाना साहब ही रहे होंगे,बाला साहब मराठा सम्भवत: तात्या टोपे, रंगू बापू,अजीमुल्ला खान और रमजान बेग उपस्थित थे। इस सभा की कुल संख्या 1500 के आस पास थी। इसी सभा में स्वामी स्वामी ओमानंद के नेतृत्व में चपाती और कमल के फूल के वितरण की योजना बनी थी। स्वामी ओमानंद की आयु उस समय 160 वर्ष थी और इनके शिष्य पूर्णानन्द की आयु 132 वर्ष और इनके शिष्य विरजानन्द की आयु 110 वर्ष थी। उस समय स्वामी दयानंद मूलशंकर के नाम से ही जाने जाते थे और 25-26 वर्ष की आयु के थे। वे पूर्णानन्द से विद्या अध्ययन करने के

लिए आए थे किंतु वयोवृद्ध होने के कारण उन्होंने मूलशंकर से कहा कि मेरे शिष्य विरजानंद के पास जाकर अध्ययन कर। लेकिन उससे पहले देश धर्म के भले के लिए कुछ कार्य करे। इसके बाद से मूलशंकर आंदोलन की प्रत्येक सभा का अनिवार्य अंग बन कर रहे।

इसी प्रकार की दूसरी सभा अक्टूबर 55 में गढ़मुक्तेश्वर में कार्तिक मास में लगने वाले मेले में मेले से थोड़ी दूरी पर हुई। पूर्णानन्द इस सभा के प्रधान थे और रुड़की के पास स्थित गुरुलिग पंथ स्थान के प्रमुख फखरुद्दीन पिरान कलियर उप प्रधान थे। इस सभा की उपस्थिति लगभग 2500 थी। स्वामी पूर्णानन्द ने बहुत ही ओजस्वी भाषण दिया जोकि अभिलेखों के अनुसार इस प्रकार है " मुल्क को फिरंगी के भरोसे मत छोड़ो , वे बेदीन हैं । जिनका कोई कॉल फेल नहीं है।ये राजा नहीं बल्कि तिजारती लुटेरे और जरपरस्त हैं।ये हमारे मुल्क की तमाम मखलूक के हर इंसान की जिंदगी के दुश्मन हैं और ये तुम्हारा खून और गोश्त कहा जाएंगे। इनसे बचो।ये तुम्हारी नस्लों को नेस्तनाबूद कर देंगे और मुल्क में खुद आबाद होकर रहेंगे। इन्हें अपने मुल्क से निकालो।" इस भाव और ओजपूर्ण भाषण से सन्यासियों की चिंता समझ मे आती है। वे न स्वयं संघर्ष कर रहे थे बल्कि अपने समस्त संसाधनों को भी इसमें लगाए हुए थे।

ऐसी ही तीसरी सभा 11 अक्टूबर1855 को हरिद्वार के पहाड़ों में हुई थी और इसका आयोजन भी स्वामी पूर्णानन्द ने किया था। जिसमे भी लगभग 565 साधु और 195 मुसलमान फकीर सम्मिलित हुए थे। स्वामी विरजानंद भी इस सभा में थे और मूलशंकर भी। इस सभा को भी पूर्णानन्द और फखरुद्दीन ने सम्बोधित किया था।

स्वामी पूर्णानन्द का आश्रम हरिद्वार के पास कनखल में है और 1857 के आंदोलन को संगठित करने में इनकी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका थी । प्रारम्भ में कमीशन के सम्मुख साक्षी देते समय सीताराम बाबा ने जिस दस्स बाबा का उल्लेख किया है हो सकता है कि वे स्वामी पूर्णानन्द ही हों क्योंकि उनका आश्रम तो कनखल में है और वे रहने वाले पंजाब के। 18 वी सदी में जो सन्यासी आंदोलन बंगाल में हुआ था, उससे भी ये गुरु शिष्य सम्बंधित रहे हों। यदि सम्बंधित न भी रहे हों तो परिचित अवश्य रहे होंगे। 18 वीं सदी का सन्यासी आंदोलन भी दशनागियों के द्वारा ही संचालित है और 1857 का भी। इसलिए सम्बन्ध सम्पर्क हो सकता है। अस्तु।

अक्टूबर55 वाली सभा में स्वामी विरजानन्द भी थे, इन्होंने 1857 के आंदोलन को गतिशील बनाने में बहुत अधिक परिश्रम किया था। इन्होंने और इनके शिष्यों ने 1854 के आसपास से ही यह वातावरण निर्मित करना प्रारम्भ कर दिया था कि जो भी व्यक्ति मथुरा की यात्रा करेगा उसके सब पाप नष्ट हो जाएंगे और उसकी सैट पीढ़ियां भवसागर से पर हो जाएंगी। मुसलमानों ने भी मथुरा की मस्जिद में नमाज पढ़ने का फतवा दिया था। परिणामतः 1857 के पूर्व ही पूरे भारत से हिन्दू मुसलमान मथुरा आने लगे थे। स्वामी विरजानन्द ने मथुरा को अपना केंद्र उसकी पहुंच को दृष्टिगत रखकर बनाया होगा क्योंकि वह जल और थल दोनों मार्गो से ही सुगम है।

सम्भवतः सिंधिया की दादी बैजी बाई ने भी मथुरा में धार्मिक अनुष्ठान करना यही सब सोचकर

सुनिश्चित किया होगा।अस्तु।

विरजानन्द ने काशी में शिक्षा पाई थी और उनके शिष्य सम्पूर्ण भारत में फैले हुए थे। 1944 में वे अलवर आ गए थे और यहां के राजा विनय सिंह को उन्होंने सँस्कृत सिखाई थी। राजा विनयसिंह के माध्यम से अनेक परिचय अन्य राजाओं से भी हुआ। वे प्रज्ञाचक्षु थे और उनका व्यक्तित्व विलक्षण था। अलवर माथुर पासपास ही हैं, उसके व्यापिकर और धार्मिक महत्व से वे परिचित थे इसीलिए उन्होंने अपने गुरु पूर्णानन्द की इच्छा पूर्ति के लिए मथुरा को केंद्र बनाया जिससे क्रांति की तैयारियों पर किसी की दृष्टि न पड़े।

क्रांति की गतिविधियों के सम्पादन के दृष्टिकोण से एक सभा 1856 में मथुरा में हुई थी। इस सभा में हिन्दू मुसलमान दोनों ने सहभागिता की थी। सभा में स्वामी विरजानन्द को पालकी बिठाकर लाया गया था। ई समें बहादुर शाह जफर का बेटा, नाना साहब, अजीमुल्ला खान, रंगू बापू आदि उपस्थित थे। इन सब ने स्वामी विरजानन्द को प्रणाम करने के उपरांत उनके चरणों में भेंट स्वरुप अशरफिया प्रस्तुत की थीं। बाद में एक हिंदी साधु और एक मुसलमान फकीर ने खड़े होकर स्वामीजी की प्रशंसा की और उनकी उपस्थिति को अपना सौभाग्य बता

डा० राम मनोहर लोहिया

(1910-1967)

के

हिन्दू धर्म सम्बन्धी विचार

(मूल लेखों एवं भाषणों से संकलित)

अनुक्रमणिका

डॉ० राम मनोहर लोहिया और हिंदुत्व

प्रो० पवन कुमार शर्मा*

लोहिया जी का जीवन परिचय

डॉ० लोहिया जी के पूर्वज मूलतः माँ विंध्यवासिनी के क्षेत्र यानी मिर्जापुर के रहने वाले थे। वे अग्रवाल वैश्य थे और कपड़े और लोहे का व्यवसाय करते थे, लोहे के व्यवसाय के कारण ही लोहिया कहलाए। इनके बाबा श्री शिव नारायण जी मिर्जापुर से कालांतर में श्री अयोध्या जी आकर बस गए थे। इन्हीं के चौथे पुत्र श्री हीरालाल का विवाह मिथिला क्षेत्र की रहने वाली श्रीमती चंदा के साथ हुआ और इनके घर में ही 23 मार्च 1910 (अक्षय तृतीया, चैत्र कृष्ण तृतीया) को डॉ० लोहिया का जन्म हुआ। जन्म के ढाई वर्ष बाद ही इनकी माता का निधन हो गया और उनका लालन.पालन इनकी दादी और उनके पड़ोस में रहने वाली नाइन सरयू देवी ने किया। सरयू देवी का बेटा जोकि आयु में इन से 8-10 वर्ष बड़ा था इनका एकमात्र सखा था। 15 वर्ष की अवस्था, (1925) में, इन्होंने मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की। इनके पिता कांग्रेस में सक्रिय थे, ये भी उनके साथ कांग्रेस के कार्यक्रमों में प्रायः जाते थे। ऐसे ही एक कार्यक्रम में, मुंबई में, (1920, में) इनको गांधीजी से प्रत्यक्ष आशीर्वाद प्राप्त हुआ। 12वीं की परीक्षा इन्होंने

महामना मदन मोहन मालवीय द्वारा स्थापित काशी हिंदू विश्वविद्यालय से 1927 में उत्तीर्ण की। बाद में परिवार के कोलकाता आ जाने के कारण यहीं से 1929 में इन्होंने बी0ए0 की परीक्षा उत्तीर्ण की। तदोपरांत, उच्च अध्ययन हेतु इन्होंने इंग्लैंड के लिए प्रस्थान किया । यहाँ पर कुछ समय व्यतीत करने के बाद ये जर्मनी गहुंचे और बर्लिन विश्वविद्यालय से मास्टर करने के बाद प्रोफेसर सर बर्नर जैम्बार्ड के सान्निध्य में, 1932, में 'नमक सत्याग्रह' पर डॉक्टरेट की उपाधि अर्जित की। 1933 में भारत वापसी पर कांग्रेस के अंदर स्थापित विदेश विभाग के सचिव नियुक्त हुए। समाजवादी विचारों से संपन्न होने के बावजूद भी इन्होंने भारत और भारतीयता के उत्स को नहीं छोड़ा और उसके गुण वैशिष्ट्य का विश्लेषण करते रहे। भारतीयता का यह श्रेष्ठ चिंतक 30 सितंबर 1967 को कालकवलित हुआ ।

सारांश

भारत में समाजवादी आंदोलन की नयी के रूप में डॉ० राम मनोहर लोहिया, आचार्य नरेंद्र देव एवं लोकनायक जयप्रकाश नारायण को देखा जाता है। ये सभी समाजवादी चिंतन से न केवल अनुप्राणित थे बल्कि उसकी प्रतिष्ठापना के लिए प्राणपण से सक्रिय भूमिका का निर्वहन भी करते थे । किंतु इनके समाजवादी चिंतन का उत्स पश्चिमी न होकर भारतीय ही था, तभी तो, ये सदैव अपने चिंतन में भारत और भारतीयता को प्रश्रय देते थे । हिंदू धर्म का वैशिष्ट्य इनके चिंतन का मूल आधार था और वही इनके लेखन और क्रियाकलापों में सर्वत्र परिलक्षित भी होता है। धर्म की वैज्ञानिकता और विभिन्न स्वरूपों से वे भली.भांति परिचित थे । इस आलेख में डॉ० राम मनोहर लोहिया जोकि बीसवीं सदी के एक प्रमुख समाजवादी के रूप में स्थापित थे और स्वयं की उपस्थिति राजनीतिक और सामाजिक

प्रो० पवन कुमार शर्मा
आचार्य एवं अध्यक्ष , राजनीति विज्ञान विभाग एवं निदेशक, पं० दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

धरातल पर समान रूप से अंकित कराते रहते थे के, हिंदू धर्म संबंधी विचारों को प्रकट करने के साथ.साथ उस में सन्निहित व्यापकता (महापुरुष, तीर्थस्थान, भाषा, नदियों आदि) को भी प्रस्तुत किया जा रहा है । क्योंकि धर्म स्वयं में ही बहुत व्यापक है, उसे किसी संकुचित दायरे में व्यक्त नहीं किया जा सकता । डॉ० लोहिया ने अपने विचारों में इसी भाव को यत्र तत्र व्यक्त किया है ।

प्रमुख शब्द – राम, कृष्ण, शिव, नदियाँ, रामायण, ब्रहम, भाषा, लिपि, राष्ट्रीय एकता ।

रामायण

भक्ति काल के अग्रणी कवियों में तुलसीदास जी की गिनती होती है। वे न केवल भक्त कवियों में श्रेष्ठत्व को प्राप्त थे अपितु वे समाज के एक कुशल पारखी भी थे। मुगल काल में भारत में जो कुछ भी घटा वे उससे न केवल परिचित थे बल्कि उस सब के समाधान कारक भी थे। भारत में राम और गांव के संबंधों से वे भलीभांति परिचित थे और इसी परिचय की पुष्टि के लिए उन्होंने लोक भाषा में रामायण का प्रणयन "रामचरितमानस" के रूप में किया था। राम भारत के प्राण हैं और वे भारत की सीमा भी हैं । डॉ० लोहिया के जन्म का और बचपन का अयोध्या के साथ संबंध रहा है। अतएव वे राम की महिमा और रामायण के महात्म्य से भली प्रकार से परिचित थे और इसी परिचय को उन्होंने अपने विचारों में बहुत ही मीमांसात्मक रूप में प्रस्तुत किया है। वे लिखते हैं कि "..... **दृष्टि गहरा और व्यापक हुए बिना न आनंद मिलता है,** न **समझ** । तुलसी की **रामायण में आनंद के साथ साथ धर्म भी** जुड़ा हुआ है, **धर्म शाश्वत् मानी** में और **वक्ती भी** । तुलसी **की कविता से निकली** है **अनगिनत रोज की उक्तियां और कहावतें**, जो **आदमी को टिकाती हैं और आदमी को सीधे रखती हैं**....।"[1] ते आगे पुनः लिखते हैं कि "..... तुलसी **महान हैं, यह कहना आवश्यक है । जरूरत है**, बताने की **उन चीजों को जिनमें उनकी महत्ता** फूटती **है** । तुलसी के **बारे में मैं अपनी निजी राय बता** दूं, जिसको **मानना जरूरी नहीं** है, तुलसी **एक रक्षक कवि** थे। जब **चारों ओर से अभेद्य हमले हों, तो बचाना, थामना टेक देना, शायद ही** तुलसी से बढ़कर **कोई कर सकता है**"[2] रामायण के वैशिष्ट्य को वे जिस प्रकार से रेखांकित करते हैं उस

प्रकार से उनकी परिपाटी का अन्य नेता या विचारक नहीं करता । वे लिखते हैं कि "**आनंद प्रेम और शांति का आह्वान तो रामायण में है ही,** पर हिंदुस्तान **की एकता जैसा लक्ष्य** भी स्पष्ट है। **सभी जानते हैं कि राम** हिंदुस्तान **की उत्तर दक्षिण की एकता के** देवता थे, पूर्व पश्चिम **एकता के देवता थे** कृष्ण, और आधुनिक **भारतीय भाषाओं** का गूल स्रोत **रामकथा** है। कम्बन की **तमिल रामायण**, एकनाथ की **मराठी रामायण**, कीर्ति वास की **बांग्ला रामायण और ऐसी ही** दूसरी रामायणों ने **अपनी अपनी भाषा को जन्म और संस्कार दिया** ।"[3]

रामायण में तुलसीदास ने जिस प्रकार से जगत के निरूपण में " सियाराम" का दर्शन किया है, उस पर तुलसी बहुत ही बेबाकी से टिप्पणी करते हैं। वे लिखते हैं कि "**राघव है तुलसीः** क्या **ममता, क्या नारी हृदय की चीख , क्या नर नारी आदर्श जीवन की** सूचना । आखिर **उसने संसार को** किस रूप में **जाना है, सियाराम मय सब जन जानी'। नर और नारी का स्नेह मय संबंध** बराबरी की **नींव पर हो सकता है** । ऐसा संबंध **कोई समाज अभी तक नहीं जान पाया** । सीता और राम में पूरी बराबरी **का स्नेह नहीं था** । समाज के **अंदर व्याप्त गैर बराबरी का कण उसमें ही पड़ गया । फिर** भी **जितना ज्यादा** सीता, द्रौपदी **और पार्वती इत्यादि को** ऊंचे और स्वतंत्र **आसन पर बैठाया है,** उससे **ज्यादा ऊंचा नारी का आसन** दुनिया में कहीं **और कभी नहीं** हुआ। यदि दृष्टि ठीक है तो राम कथा और तुलसी **रामायण की कविता सुनने या पढ़ने से नर नारी के सम** स्नेह **की ज्योति मिल सकती है** ।"[4]

रामायण में वर्ण (रंग) आधार पर भी बहुत ही बुद्धिमता से विदेशियों के द्वारा उत्पन्न संभ्रम पर प्रश्नचिन्ह लगाते हैं कि "....**राम और भरत दोनों सांवले** हैं । इन **महान तथ्यों के सामने**, कैसे कहा **गया है कि रामायण आर्यों का ग्रंथ है अथवा उत्तर वालों का** ।"[6] ते आगे पुनः लिखते हैं कि " मुझे ऐसा लगता है कि आम, द्रविण और मंगोल भेद गढ़े गए हैं, विशेषकर विदेशियों ने।"(पृ०-13) इस प्रकार से वे रामायण के द्वारा लोक व्यापी परंपरा का मूल्यांकन करते हैं और स्वयं की भारतीय दृष्टि का परिचय भी देते हैं।

ब्रहम ज्ञान

डॉ० लोहिया वेदों के सार तत्व के रूप में उपनिषदों में वर्णित ब्रह्म के विषय में बहुत ही स्पष्टता के साथ विवेचना करते हैं । वे लिखते हैं कि "**लेकिन फिर भी इतना मैं** कहूंगा कि **जितना मजा मुझे उपनिषद के दर्शन में आया, उतना शायद, या ऐसा** कहूं, उससे **ज्यादा और कहीं नहीं आया** । उपनिषद **वेदों का एक निचोड़** है, पूरा **निचोड़ नहीं** । **उपनिषद में दर्शन को आप संगीत के रूप में पाएंगे** । सारी दुनिया में **दर्शन गद्य में है । पुराने जमाने में कहीं कहीं कुछ कविता करने की कोशिश की गई जैसे रोम, इटली वगैरह में, लेकिन वह दर्शन नहीं, वह ज्यादातर नीतिशास्त्र है । केवल हिंदुस्तान में दर्शन संगीत के रूप में कहा गया। जब दर्शन और** संगीत का **जोड़ हो जाए तो मजा ही आएगा । मैं आपको दो** पूरे श्लोक **तो नहीं** सुनाऊंगा, क्योंकि पूरे तो **इस वक्त याद भी नहीं आएंगे 'अग्निर्ययेको भुवनं प्रविष्टो' और फिर उसके बाद है: रुपं रुपं प्रतिरुपो वभूब'।**

अग्नि, वायु, इसी **तरह से दो.तीन भौतिक** पदार्थों को लेकर **बीच में और बहुत से आते** हैं । अर्थ **है कि अग्नि एक है लेकिन वह संसार में जब** धुसती है, **प्रविष्ट होती है, तब उसके** नाना रूप **हो जाया करते हैं । जैसे अग्नि है, वायु** है, **उसी तरह से आत्मा है । इन श्लोकों को अगर मन में** गुनगुनाओ या **जोर से ही सुनो तो मजा तो मिलता ही है और फिर ब्रह्म ज्ञान का वह स्वरूप आपके मन के सामने आता है जिसमें** आदमी **अपनी सीमित करने वाली चमड़ी के बाहर निकल कर बाकी सब से अपनापन अनुभव करने लगता है । चमड़ी हमारी सीमा है** । जैसे **देश की सीमा होती है जैसे हमारी सीमा चमड़ी है** । इसी के अंदर **हम हैं । इसी के अंदर न केवल शरीर है,** बल्कि उसके साथ **साथ हमारा** मन जुड़ा **है और नतीजा यह होता है कि अपना** घर, **अपना बाप, अपनी बीवी, अपने बच्चे, यह सब अपनापन इसी चमड़ी के अंदर रहते** हुए **आ जाया करता है** ।"""" ब्रह्म **ज्ञान में जो चीज** मुझे अच्छी लगती है, वह यह कि आदमी **अपने संकुचित शरीर और मन से हटकर लोगों से अपनापन महसूस** करें । यह है असली **ब्रह्म ज्ञान**" ।' डॉ० लोहिया यहां पर "सर्वं खलु इदम ब्रहम" को सहज और सरल रूप में व्याख्यायित कर रहे हैं।

ब्रह्म के विषय में उनका इतना विषद ज्ञान उनके भारतीय दृष्टि का ही परिचायक है।

राम, कृष्ण और शिव

राम, कृष्ण और शिव हिंदुत्व का व्यवहारिक स्वरूप है। सरल शब्दों में कहें तो यह अधिक उचित होगा कि वह हिंदुत्व के दार्शनिक आधार " सच्चिदानंद" का **सामान्य रूप में प्रगटीकरण हैं** जो कि इस धरती पर मनुष्यों की **भांति ही सुखों दुखों को भोगते भी हैं और उनसे मुक्त** भी रहते हैं। **समय-समय पर वे मानवीय संवेदनाओं का साक्षात्कार भी करते** हैं और **लौकिक सहयोग से उनसे पार भी पाते** हैं । संपूर्ण हिंदू समाज इन तीनों से परे स्वयं की या इस सृष्टि की **कल्पना भी नहीं** कर सकता। इन तीनों पर ही **मानो सृष्टि** अवलंबित है ऐसा लोहिया जी के विचारों से भी प्रतीत होता है। राम कृष्ण और शिव की त्रयी मैं उन्होंने सर्वप्रथम राम फिर कृष्ण और सबसे बाद में शिव के स्वरूप को व्याख्यायित किया है। हम उसी रूप में उसे समझने का प्रयास करते हैं। वे लिखते हैं कि "**राम और कृष्ण और शिव हिंदुस्तान की उन तीन चीजों में** है- मैं उनको **आदमी कहूं** या देवता, इसके **तो कोई खास मतलब नहीं होंगे- जिनका असर** हिंदुस्तान के दिमाग **पर ऐतिहासिक लोगों से भी ज्यादा है ।**[8] राम कृष्ण और शिव की व्यापकता के विषय में वे समाज और उनके अंतर संबंधों को कुछ यों प्रगट करते हैं कि " **राम कृष्ण और शिव ये कोई एक दिन के बनाए हुए नहीं है। इनको आपने बनाया। इन्होंने आपको नहीं बनाया। आमतौर से तो आप यही सुना करते हो कि राम और कृष्ण और शिव ने हिंदुस्तान या हिंदुस्तानियों को बनाया। किसी हद तक, शायद यह बात सही भी हो लेकिन ज्यादा सही यह बात है कि करोड़ों हिंदुस्तानियों ने युग युगांतर के अंतर में हजारों बरस में राम कृष्ण और शिव को बनाया। उनमें अपनी हंसी और सपने के रंग भरे और तब राम और कृष्ण और शिव जैसी चीजें सामने हैं।**"[9] राम, कृष्ण और शिव के स्वरूपों को वर्णित करते हुए वे लिखते हैं कि " **राम और कृष्ण तो विष्णु के रूप हैं और शिव महेश के। मोटी तौर से लोग यह समझ लिया करते हैं कि राम और कृष्ण तो रक्षा या अच्छी चीजों की हिफाजत के प्रतीक हैं और शिव विनाश या बुरी चीजों के**

नाश के प्रतीक हैं।''[10] वे आगे इनकी भूमिका की व्याख्या करते हैं कि ''राम की सबसे बड़ी महिमा उनके नाम से मालूम होती है, जिसमें उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहकर पुकारा जाता है। जो मन में आया सो नहीं कर सकते। राम की ताकत बंधी हुई है, उसका दायरा खिंचा हुआ है। राम की ताकत पर कुछ नीतियां शास्त्र की धर्म की या व्यवहार की, या अगर आप आज की दुनिया का एक शब्द ढूढें तो विधान की मर्यादा है।'''' लेकिन इतना कह देना काफी होगा कि पुराने दकियानूसी लोग भी जो राम और कृष्ण को विष्णु का अवतार मानते हैं राम को तो सिर्फ 8 कलाओं का अवतार मानते हैं और कृष्ण को 16 कलाओं का अवतार ।[11] कृष्ण संपूर्ण और राम अपूर्ण। अपूर्ण सही नहीं होगा लेकिन अपना मतलब बताने के लिए मैं इस शब्द का इस्तेमाल किये लेता हूं । ऐसे मामलों में कोई अपूर्ण और संपूर्ण नहीं हुआ करता, लेकिन जाहिर है जब एक में 8 कलाएं होंगी और दूसरे में 16 कलाएं होंगी तो उससे कुछ नतीजे तो निकल ही जाया करेंगे ।[12]

वे कलाओं के भेद की बात को स्पष्ट करने के लिए आगे एक दृष्टांत देते हैं कि ''भागवत'' में एक बड़ा दिलचस्प किस्सा है। सीता खोई थीं तब राम को दुख हुआ था। दुख ज्यादा हुआ। किसी हद तक मैं समझ भी सकता हूं, गो कि लक्ष्मण भी वहां पर था और देख रहा था। इसलिए राम का पेड़ों से बात करना और रोना वगैरह कुछ ज्यादा समझ में नहीं आता। अकेले राम रो लेते, तो बात दूसरी थी, लेकिन लक्ष्मण को देखते हुए, पेड़ से बात करना और रोना वगैरह, जरा ज्यादा आगे बढ़ गई बात ।[13] यहीं पर वे राम को रोता हुआ देखकर चंद्रमा के हंसने की बात भी लिखते हैं और बाद में 8 और 16 कलाओं के भेद को स्पष्ट करने के लिए कृष्ण के महारस का उल्लेख करते हुए लिखते हैं कि'.... शारद हजार दो हजार बरस बाद जब कृष्ण के रूप में वे आए तो फिर एक दिन हजारों गोपियों के बीच में कृष्ण ने भी अपनी लीला रचाई। वे 16000 थीं या 12000 थीं, इसका मुझे ठीक अंदाजा नहीं। एक एक गोपी के अलग अलग से, कृष्ण सामने आए और बार.बार चंद्रमा की तरफ देखकर ताना मारा, बोलो अब हंसो। जो चंद्रमा राम को देखकर हंसा था जब राम रोए थे, उसी चंद्रमा को उंगली दिखाकर कृष्ण ने ताना

मारा कि अब जरा हंसो, देखो तो सही। 16 कला और आठ कला का यह फर्क रहा ।"[14] आगे भी 16 कलाओं के विस्तार का रहस्य कृष्ण के जीवन चरित्र के द्वारा उद्घाटित करते हैं कि"..... 16 **कला है । मर्यादा नहीं, विधान नहीं है,** यह ऐसी **लोकसभा है जिसके ऊपर विधान की कोई रुकावट नहीं है मन में आए सो करो**। धर्म की **विजय के लिए अधर्म से अधर्म करने को तैयार रहने का प्रतीक कृष्ण हैं**।"""" **कृष्ण 16 कलाओं का अवतार किसी चीज की मर्यादा नहीं । राम मर्यादित अवतार, ताकत के ऊपर सीमा जिसे वे उलांघ नहीं सकते थे**। कृष्ण **बिना मर्यादा का अवतार।**"[15] राम मर्यादित हैं और कृष्ण मर्यादाओं से परे। कृष्ण की मर्यादाओं से परे की भूमिका को वे परमार्थी के रूप में व्यक्त करते हैं। कृष्ण हरेक के लिए सरल नहीं है ।

राम के मर्यादित स्वरूप को वे गांधी जी के साथ जोड़ते हुए लिखते हैं कि "**जब कभी गांधी जी ने किसी नाम को लिया, तो राम का लिया।** कृष्ण का **नाम भी ले सकते थे। लेकिन नहीं।** उन्होंने एक **गर्यादित तस्वीर हिंदुस्तान के सामने रखनी थी, एक ऐसी ताकत जो अपने ऊपर नीति,** धर्म या **व्यवहार की रुकावटों को रखें,** मर्यादा **पुरुषोत्तम का प्रतीक**।"[16] इस प्रकार लोहिया भी राम को मर्यादित और श्रीकृष्ण को व्यवहारिक रूप में प्रस्तुत करते हैं और लिखते हैं कि" मैं, **इस समय, बुनियादी तौर से राम और कृष्ण के बीच इस फर्क को सामने रखना चाहता** हूं कि **एक तो मर्यादा पुरुषोत्तम** है, एक **की ताकतों के ऊपर रोक** है, और दूसरा **बिना रोक का, स्वयंभू** है। यह सही **है कि वह राग से परे है, राग से परे रहकर** सब कुछ कर **सकता है और उसके लिए कोई नियम और उप नियम नहीं** ।"[17]

राम और कृष्ण से भारत का कण कण व्याप्त है और शिव से संपूर्ण परिवेश आच्छादित है। इस विषय को डॉ० लोहिया कुछ यूं प्रस्तुत करते हैं कि "**वह नीलकंठ शिव, जिसके हर काग का औचित्य उसके अंदर बना** हुआ है। वह मर्यादा पुरुषोत्तम राम और वह योगेश्वर कृष्ण जो लीला करके चंद्रमा को ताना मारा करता है। यह सब किसी भी **आदमी के दिल को बड़ा करने वाले किस्से हैं** ।"[18] लोहिया भारत की नाड़ी को एक कुशल वैद्य की भांति समझते हैं और उसी अनुरूप व्याख्या करते हैं। राम और कृष्ण को वे मात्र उत्तर दक्षिण और

पूर्व पश्चिम को जोड़ने वाला देव ही नहीं मानते बल्कि वे इन दोनों को भारत की प्रकृति और संस्कृति का वाहक भी मानते हैं। तभी तो वे बहुत ही सरल शब्दों में जमुना, सरयू, बांसुरी और धनुष के रूपक पर लेखनी उठाते हैं और लिखते हैं कि "**और सिर्फ** जमुना **और सरयू में ही ऐसा करने की कोशिश नहीं की** गई । जब तुलसीदास **गए जमुना के किनारे, तो उन्होंने सिर नवाने से इंकार किया, यह सब जानते** हुए कि सब **एक ही माया है। लेकिन उन्होंने कहा कि भई हाथ में** धनुष **बाण लो,** अपनी मुरली **अलग रखो तब मैं अपना सिर नवाऊंगा**। तो फिर मुरली **अलग हुई, धनुष बाण हाथ में आया**, जमुना **और** सरयू **एक हो गईं**।"[19] इस प्रकार वे जहां एक और इन दोनों को भारत के क्षितिजों को मिलाने वाला बताते हैं वहीं इनको मध्य से संयोग रूप में प्रस्तुत करके व्याख्या को मोहकता प्रदान करते हैं। इस प्रकार वे राम, कृष्ण और शिव को इस प्रकार से विवेचित करते हैं कि तीनों एक.दूसरे के पूरक हों। वे लिखते हैं कि " **राम, कृष्ण और शिव भारत में पूर्णता के तीन महान स्वप्न** हैं । **सबका रास्ता अलग अलग है । राम की पूर्णता मर्यादित व्यक्तित्व में है**, कृष्ण की **उन्मुक्त या संपूर्ण व्यक्तित्व में और शिव की असीमित व्यक्तित्व में, लेकिन हर एक पूर्ण है** ।[20]

शिव

वस्तुतः शिवजी को आदि अनंत माना जाता हैं आदि जगतगुरु शंकराचार्य ने निर्वाण षटकम् में इसी प्रकार की अभिव्यक्ति की है । डॉ० लोहिया भी उसी सनातनता का उल्लेख अपने विचारों में करते हैं। वे लिखते हैं कि," **शिव एक निराली छटा वाला है दुनिया भर में ऐसी कोई** किवदंती **नहीं जिसकी न लंबाई है, न चौड़ाई है और न मोटाई** । एक **फ्रांसीसी लेखक ने शिव के बारे में कहा था** कि वह तो एक '**नॉन डाइमेंशनल मिथ**' हैं (अंग्रेजी शब्द है फ्रांसीसी नहीं) **यानि ऐसी किंवदन्ती जिसकी कोई सीमा नहीं है, जिसकी कोई हदें नहीं है, न लंबाई है, न चौड़ाई, न मोटाई । किवदंतियाँ** दुनिया में **और जगह भी हैं,** खास **तौर** से पुराने मुल्कों **में, जैसे ग्रीक आदि में** बहुत हैं । **जहां नहीं है? बिना किंवदन्तियों के कोई देश रहा ही नहीं** और जितने पुराने देश हैं **उनमें किवदंतियाँ ज्यादा है** । **मैंने** शुरू में **कहा था कि एक तरफ**

'हितोपदेश' और पंचतंत्र की गंगा दत्त और प्रियदर्शन जैसी बच्चों की कहानियां है, तो दूसरी **तरफ, हजारों बरस के काम के नतीजे स्वरुप**।" कुछ लोगों में ..... **हंसी और सपने भरे हुए** हैं, **ऐसी किवदंतियाँ हैं** ।"[21] डॉ० लोहिया सही लिखते हैं। वे भारत के जनमानस से न केवल गहरे जुड़े थे बल्कि वह उनके अंतस में भी पैठा हुआ था । भारत की किंवदंतियों के विषय में सर विलियम जॉन्स भी कुछ ऐसा ही लिखे हैं कि कथाएं तो बाइबल की भी हैं परंतु उनमें वह कसाव नहीं है जो कि हिंदुओं की भाषा में हैं ।[22] तथा वे हितोपदेश को विश्व की नैतिकता सिखाने के ग्रंथ में स्थापित करते हैं ।[23] भगवान शिव की महत्ता न केवल लोहिया मानते हैं बल्कि महापंडित राहुल सांकृत्यायन भी शिवजी से कितने प्रभावित थे कि उनको भी भारतीयता का प्रतिनिधित्व प्रदान करते हैं। पंडित विद्यानिवास मिश्र उनको स्मरण करते हुए लिखते हैं कि सांकृत्यायन रूस में रहते थे तो वहां पर उनकी एक कैथोलिक महिला के साथ संतान उत्पन्न हुई। वह महिला कैथोलिक ईसाई थी । उनके एक पुत्र हुआ उसका नाम था ईगोर। एक दिन उसने राहुल सांकृत्यायन से पूछा की माँ के जैसे ईश्वर हैं (अपनी मां को ईसा मसीह के आगे पूजा करते देखने पर) वैसा हमारा नहीं है। विद्यानिवास जी लिखते हैं कि बहुत परिश्रम के बाद सांकृत्यायन कहीं से भगवान शिव का चित्र लाकर अपने पुत्र को दिए । ईगोर ने उनके चित्र को लेकर अनेक प्रश्न किए। सांकृत्यायन ने कहा कि ऐसा ही है हमारा भगवान/ तो भगवान शिव सही में अद्भुत और आदि अनंत हैं ।[24]

भगवान शिव की आदि अनंतता के विषय में फिर एक किस्सा लिखते हैं कि "**शिव ही एक किवदंती हैं जिनके न आगा है न पीछा । यहाँ तक कि वह किस्सा मशहूर है कि जब ब्रह्मा और विष्णु आपस में लड़ गए। यह देवी देवता** खूब लड़ा **करते** हैं, कभी कभी **आपस में तो शिव ने उनसे कहा लड़ो मत। जाओ तुम में से एक मेरे सिर का पता और दूसरे मेरे पैर का पता लगाएं और फिर लौटने पर आकर मुझे मुझसे कहो । जो पहले पता लगा लेगा, उसकी जीत हो जाएगी। दोनों पता लगाने निकले। शायद अब तक पता लगा रहे हों ।"" खैर किस्सा यह है कि बहुत अरसे के बाद मैं न जाने कितने लाखों बरस के बाद ब्रह्मा और विष्णु दोनों लौट कर आए और शिव**

से बोले कि भई पता तो लगा नहीं । उन्होंने कहा कि फिर क्यों लड़ते हो यह फिजूल है ।"[25] जगत गुरु आदि शंकर ने भी सही कहा है आदि अनंत। भगवान शिव के लोकाचारी स्वरूप का उल्लेख करते हुए लोहिया जी लिखते हैं कि "शिव का वह किस्सा भी आपको याद होगा शिव ने सती को मना किया था कि देखो तुम अपने बाप के यहां मत जाओ क्योंकि उसने तुमको बुलाया नहीं। बहुत बढ़िया किस्सा है यह । शिव ने कहा था कि जहां पर विरोध हो गया हो वहां पर बिन बुलाए मत जाओ, उसमें कल्याण नहीं हुआ करता है । पर फिर भी सती गईं । यह सही है कि उसके बाद शिव ने अपनी वक्ती तौर पर जैसा मैंने कहा, वही काम खुद अपने आप में उचित है बहुत जबरदस्त गुस्सा दिखाया था और उसकी पलटन कैसी थी। धगद धगद धगद ज्वल ललाट पट्ट पावके, किशोर चन्द्र शेखरे, शिव की तस्वीर आंख के सामने आती है वह किस तरीके की है। जटा में चंद्रमा है लेकिन लपटें ज्वाला की निकल रही हैं, धगद धगद हो रहा है ।
सब तरह की, एक बिना सीमा की किंवदन्ती सामने खड़ी हो जाती है शक्ति की-, सैलाब की, सब तरह के लोगों को साथ समेटेने की ।"[26] सही अर्थों में भगवान शिव सर्वांकिश हैं उनकी सर्वांकशता सर्बख्यात है। डा० लोहिया हिन्दुत्व के व्यवहार की बहुत ही विशद व्याख्या करते हैं। कर्म और संचित कर्मो का जो संयोग है उस पर वे बहुत गूढ़ विचार प्रगट करते हैं और लिखते हैं कि "..... लेकिन बुनियादी तौर पर हिन्दुस्तान का असली कर्म सिद्धान्त यही है कि जहाँ तक बन पड़े अपने आपको कर्म की फाँस से रिहा करो। यह सही है कि पुराने संचित कर्म हैं, उनसे तो छूट सकते नही; तो उनको भुगतना पड़ेगा; वे तो और नए कर्मों में आएंगे ही, लेकिन कोशिश यह करो कि नए कर्म न आएँ । हिन्दुस्तान की सभ्यता का यह मूल. भूत आधार कभी नहीं भूलना चाहिए कि नए काम मत करो, पुराने कामों को भुगताना ही पडेगा और जब कामों की श्रृंखला टूट जाएगी तभी मोक्ष मिलेगा। और शिव जैसी किंवदंती और इस तरह के विचार मिल लाने के बाद, कई बार तामस भी आ जाता है । उसके साथ साथ एकाएक कोई विस्फोट हो जाया करता है ।"[27] हिंदू समाज में कर्म सिद्धांत की अत्यधिक महत्ता है । श्रीमद्भागवत

गीता में ही श्री कृष्ण भगवान ने कर्म को ही मनुष्य का मूल अधिकार घोषित किया है ।[28] हितोपदेश भी कर्म को ही महत्वपूर्ण मानता है तथा प्रारब्ध की बात करने वालों के लिए भी इस जन्म में कर्म करने को कहता है, ऐसा इसलिए क्योंकि इस जन्म का कर्म ही उनके अगले जन्म का प्रारब्ध होगा ।[29] इस प्रकार हिंदू धर्म में ही मनुष्य, मात्र अपने कर्मों को भोग कर मोक्ष को प्राप्त होता है।

हिन्दू संस्कृति में नदी का स्थान

वेदों में नदियों को माँ कहा गया है और इन्हें सदैव ही बहुवचन में उच्चारा गया है ।[30] क्योंकि नदी वस्तुतः बहुवचन को ही स्वयं में समेट कर न केवल चलती हैं बल्कि प्रस्तुत भी करती हैं । इसीलिए हिन्दू संस्कृति में इनका स्थान प्रत्यक्ष और गुप्त दोनों ही रूपों में पर्याप्त रहा है और है भी। इन्हीं सब विषयों को दृष्टिगत रखकर डा० लोहिया अपने विचारों को प्रकट करते हुए लिखते हैं कि" **हिन्दुस्तान का मौजूदा जीवन और पुराना इतिहास सभी बहुत कुछ नदियों के साथ साथ** चला, यों **सारी** दुनिया **में, लेकिन यहाँ ज्यादा । अगर मैं राजनीति न करता और स्कूल में अध्यापक होता**, तो इसके **इतिहास को समझता** । राम **की अयोध्या** सरयू के **किनारे, कुरू और पांचाल** और **मौर्य तथा** गुप्त **गंगा के किनारे**, और मुगल और शौरशेनी **नगर और राजधानियां यमुना के किनारे रहीं । बारहों मास पानी के कारण शायद विशेष जलवायु** के **कारण, या हो सकता है, विशेष संस्कृति के कारण ऐसा हुआ** हो । **एक बार मैं महेश्वर नाम के स्थान पर** गया, जहाँ अहिल्या अपनी **ताकता से गद्दी पर बैठी थीं** । वहाँ **पर एक संतरी था उसने** पूछा कि तुम **किस नदी के हो** । दिल में घर कर जाने वाली बात है । **उसने शहर नहीं पूछा । भाषा भी नहीं** पूछी । जितने **साम्राज्य** बढ़े, किसी न किसी **नदी के किनारे बढ़े चोल** कावेरी **के किनारे -,पांडया वैगेईके, और पल्लव पालार के किनारे बढ़े।**"[31]

हिन्दुस्तान के तीर्थ

भारत संस्कृति प्रधान देश रहा है। इसलिए यहाँ के समस्त उपक्रम भी संस्कृति परक ही रहे हैं। भारत का प्रत्येक परिप्रेक्ष्य संस्कृति अवलम्बित है, यहाँ तक कि शासन और प्रशासनिक व्यवस्थाएँ भी । भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने अपने एक निबन्ध में हिन्दू त्यौहारों को म्युनिसिपलिटी का स्तर प्रदान किया है। इस प्रकार हिन्दू

त्यौहार और तीर्थ स्थल न केवल संस्कृति के वाहक हैं बल्कि वे इसे सुदृढ़ता भी प्रदान करते हैं। लोहिया इस विषय को बहुत व्यापकता से न केवल समझाते हैं बल्कि वे उसको यथा स्थान अपने भाषणों और लेखों में उल्लिखित भी करते हैं । यथा "**तुलनात्मक दृष्टि से** हिन्दुस्तान के **तीर्थ-केन्द्र बड़ी सांत्वना देते हैं । किसी भी महान मन्दिर के एक कोने में आप खड़े हो जाइये, एकाध धण्टे में ही आप सारे हिन्दुस्तान को वहाँ पर चलते-फिरते देख सकते हैं। हम एक हैं, इतने एक हैं कि इस समय लगता है कि किसी में** इतनी शक्ति **नहीं कि वह हमें तोड़कर दो बना सके** । दुर्भाग्य से **यात्री आत्मकेन्द्रित होता है। स्थानीय लोगों को और सहयात्रियों के नाना प्रकार को अगर वह** सहानुभूति से **देखे और सुने**, तो उसे **राष्ट्रीय एकता में बड़ी आंतरिकता** का अनुभव **होगा।** पर **आज वह एक खास जगह के एक खास देवता के साथ आंतरिकता की खोज करता है और, इसलिए** समूचे देश में **अब तक** पूजा **करने में असमर्थ हूँ**, और **शायद हमेशा ही असमर्थ रहूँगा । किन्तु समय निकाल कर** काम द्वारा **पवित्र किए गए स्थानों पर कहीं से आने वाले, कि** देश का **कोई हिस्सा नहीं** छूटता, अपने देश **वासियों** को मैं पूजा **करते देखना चाहता हूँ** ।"[32] वे इन तीर्थ स्थलों के महत्व को दृष्टिगत रखकर तत्कालीन सरकारों की उपेक्षा की आलोचना भी करते हुए लिखते हैं कि"..... **मैं आज द्वारिका, रामेश्वरम्, अयोध्या और बनारस जैसे महानतम तीर्थ-स्थानों की मारक उपेक्षा पर जोर देना चाहता हूँ । 80 लाख से अधिक व्यक्ति प्रति वर्ष इनकी यात्रा करते हैं। अच्छे मकानों और आवास की आधुनिक सुविधाओं की प्रदर्शनियाँ दिल्ली में करना धन का मुजरिमाना अपव्यय है,** जब कि **थोड़े से अतिरिक्त** खर्चे से **इन महान तीर्थ-केन्द्रों का जीर्णोद्धार हो सकता है और ये शिक्षाप्रद उदाहरण बन सकते हैं** । भारत सरकार **इस काम से भागती** है, शायद, **इस आधार पर कि ये हिन्दू तीर्थ स्थल हैं और ऐसा प्रकट करना चाहती है कि वह स्वयं हिन्दू नहीं है।**"[33]

वर्णमाला और भाषा

किसी भी समाज के उन्नयन में वर्णमाला, भाषा, बोलियों और शिक्षा का महत्व पूर्ण योगदान होता है और इस योगदान को ही केन्द्र में रखकर समाज को स्वयं

के क्रिया-कलापों का नियमन करना चाहिए। क्योंकि वर्णमाला और भाषा की व्युत्पत्ति इस संसार का सबसे अधिक क्रांतिकारी काम है। स्टीफन हांकिग सभी लिपियों और भाषाओं को जैविक सिद्धान्त पर अवलम्बित मानते हैं ।[34] लोहिया जी भी अपने विचारों में इनकी साम्यता पर (विशेषकर भारतीय) खुलकर विचार प्रकट करते हैं। वे लिखते हैं कि "**भारतीय वर्णमाला पर, इधर मैं विचार कर रहा था। वे सभी नागरी वर्णमाला के भेद हैं, तमिल** भी । **तमिल वर्णमाला,** सिर्फ **नागरी वर्णमाला** में बूंद **भर जोड़-घटाव है।**

बिल्कुल **साफ तौर पर, या तो उपलब्ध सामग्री (उदाहरणार्म** तालपत्र **या भोज पत्र) या सभी को, वर्णमाला को** भी, सुन्दर **बनाने की** पूर्ती **भारत की आन्तरिक प्रवृत्ति** का **परिणाम है उड़िया और बंगला ।"**[35] वे फिर आगे लिखते हैं कि "सभी **भारतीय वर्णमालाएँ एक ही मूल की हैं** । ..... क्योंकि **पिछले महीनों से भाषा और अक्षर के रहस्य के प्रति** मेरी बुद्धि **ज्यादा सचेत हो गयी, मैंने एक खोज** की । **लिखावट में भी, उड़िया अक्षर, भारत की बुनियादी वर्णमाला** का **एक प्रकारान्तर** है। उसके **एक-एक अक्षर की आकृति प्रायः नागरी अक्षर जैसी है, पर वह एक प्रकार की गोलाई से, लगभग पूर्ण चन्द्र जैसी गोलाई से घिरा है।**[36]

वे पुनः लिखते हैं कि "**उर्दू को छोड़कर, भारतीय वर्णमालाओं की ध्वनि 99 प्रतिशत और आकृति 80 प्रतिशत के ऊपर समान है। अक्षर की ध्वनि और इसकी आकृति ही किसी वर्णमाला को अपना विशिष्ट रूप देते हैं। भारतीय वर्णमालाओं के अत्यन्त बहुसंख्यक अक्षर ध्वनि में ठीक एक जैसे हैं; बहुत थोड़े अक्षर, जो अन्य अक्षरों से भिन्न है, प्रतिभा की ध्वनि को ही व्यक्त करते हैं ।**[37]

लिपि वगैरह के बारे में एक बात और कह दूँ । गलती में शयद हमारे लोग जब अंग्रेज हरफ मिटाते हैं तो उसके साथ-साथ ये अंक जैसे 1, 2, 3 जो लिखे रहते हैं, उनको भी कभी-कभी मिटा देते हैं। अंक अंग्रेजी के नहीं हैं। ये अन्तर्राष्ट्रीय अंक हैं। ये अन्तर्राष्ट्रीय अंक भी अपनी पैदाइश में हिन्दुस्तानी अंक हैं। हजार-डेढ हजार वर्ष पहले हमारे मुल्क से अरबी लोग इनको ले कर गये थे और सारी दुनिया में इनको फैलाया। ये हिन्दुस्तान के

ही अंक हैं। जैसे मैंने तेलुगु और नागरी लिखावट में 'ल' वाली मिसाल दी वैसे ही '3' को लो। जो नागरी का '3' है और वह जिसे अंग्रेजी का समझा जाता है दोनों में क्या फर्क है। अंग्रेजी के '3' को एक पूँछ लगा दो तो पह नागरी का तीन हो गया।"[38]

अगर ऐंग्लो-इंडियन प्रतिनिधि का अलग से लोकसभा में बैठना जरूरी है तो कम-से-कम चुन कर आना चाहिए। सरकार की कृपा से नहीं। जब तक सरकार उनको नामजद करती रहेगी, तब वह अंग्रेजी भाषा का गुलाम होगा, अपनी मातृभाषा का भक्त नहीं। वह अलगाव की बातों में सरकार से ऐंठेगा, लेकिन बाकी सभी बुनियादी मामलों में सरकार का पिट्ठू रहेगा। वह खुद को और अपनी बिरादरी को इस भूल का शिकार बनाए रखेगा कि ईसामसीह अंग्रेजी बोलते थे। वैसे भारतीय ईसाई भी भूल के शिकार हैं, किसी हद तक। ईसा मसीह दरअसल अरमेयक बोलते थे जो आज की हिन्दी के ज्यादा नजदीक थी, बनिस्बत आज की अंग्रेजी के ।[39]

भारतीयता का प्रतीक रामायण मेला

राम भारत का उत्स हैं; इस तथ्य से कोई भी स्वयं को पृथक नहीं कर सकता। डा० लोहिया जी भी इससे अछूते नहीं हैं। वे 12वीं की परीक्षा काशी हिन्दू बिश्वविद्यालय से उत्तीर्ण कर के ही कलकत्ता गए थे । काशी में प्रचलित रागायण मेले की सामाजिक और सांस्कृतिक महत्ता से वे परिचित थे और वह उनके अन्तस में प्रतिष्ठापित थी। इसलिए वे इस पर व्यापकता से न केवल दृष्टिपात करते हैं बल्कि उस पर लिखते भी हैं । **"यों रामायण मेला अयोध्या में होता तो अच्छा, किन्तु अयोध्या सदातीर्थ होने के कारण और चित्रकूट रमणीक होने के कारण पहला प्रयास चित्रकूट में ही अच्छा रहेगा।" मेले के मुख्य हेतु के विषय में वे लिखते हैं कि" इस मेले के मुख्य तात्पर्य हो सकते हैं 1. आनन्द, 2. दृष्टि, 3. रस संचार, 4. हिन्दुस्तान को बढ़ावा।"**[40] इस प्रकार वे मेलों के विषय में भारतीय दृष्टिकोण का प्रतिपादन करते हैं। आगे वे तुलसी रामायण के साथ इसे जोड़ कर देखते हैं और लिखते हैं कि **"तुलसी की रामायण में आनन्द के साथ-साथ धर्म भी जुड़ा हुआ है। धर्म शाश्वत मानी में और वक्ती भी। तुलसी की कविता से निकली हैं रोज की उक्तियाँ और कहावतें, जो आदमी को टिकाती हैं और सीधे रखती हैं"**[41]

जैसा कि हमें विदित है कि तुलसी भक्तिकाल के शिरोमणि कवि हैं । और उस समय की परिस्थितियों के अनुरूप ही उन्होंने मर्यादा पुरूषोत्तम के चरित्र का बखान करके लोक को जागृत करके यह समझाया कि लोक की समस्याओं के समाधान के लिए लोक को ही संगठित होकर संघर्ष करना होगा। स्वयं श्री राम ने भी यही किया था । वही समझाने के लिए डा० लोहिया लिखते हैं कि **"तुलसी एक रक्षककवि थे । जब चारों और ओझल हमले हों, तो बचाना, थामना, ठेला देना, शायद ही तुलसी से बढ़कर कोई कर सकता है। जब साधारण शक्ति आ चुकी हो, फैलाव, खोज, प्रयोग, नूतनता और महाबल अथवा महाआनन्द के लिए दूसरी या पूरक कविता ढूंढनी होगी।"**[42] वे तुलसी को राष्ट्रीय जागृति के कवि के रूप में लेते हैं और राम को भारतीय संस्कृति के आधार स्तम्भ के रूप में प्रकट करते हुए उनके चहुँमुखी प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए लिखते हैं कि **"आनंद, प्रेम और शान्ति का आह्वान तो रामायण मेले का मुख्य प्रयोजन है ही, हिंदुस्तान की एकता जैसे सांप्रतिक लक्ष्य भी प्राप्त किए जाएंगे। सभी जानते हैं कि राम हिंदुस्तान के उत्तर-दक्षिण की एकता के देवता थे, पूर्व-पश्चिम एकता के देवता थे कृष्ण, और कि आधुनिक भारतीय भाषाओं का मूल स्त्रोत राम-कथा है । कंबन की तमिल रामायण, एकनाथ की मराठी रामायण, कीर्तिदास की बंगला रामायण, और ऐसी ही दूसरी रामायणों ने अपनी-अपनी भाषा को जन्म और संस्कार दिया। तुलसी की रामायण को केंद्रित करके इन सभी रामायणों पर विचार किया जाएगा, और बानगी के तौर पर उनका भी पाठ होगा ।"**[43] इससे वे धर्म की बहुत ही गूढ़ परिभाषा करते हुए लिखते हैं कि" **अब समय आ गया है कि धर्म को दीर्घकालीन राजनीति और राजनीति को अल्प कालीन धर्म माना जाए। दोनों के बीच का रिश्ता अन्वेषण-योग्य है। धर्म मुख्यतः अच्छाई करता है और अच्छाई की स्तुति, जबकि राजनीति मुख्यतः बुराई से लडती है और बुराई की निंदा करती है । सिर्फ अच्छाई की स्मृति में धर्म निर्जीव हो जाता है और ऐसे ही सिर्फ बुराई से लड़ने से राजनीति बल हीन हो जाती है"**[44] डा० लोहिया ने बहुत ही सजीव सम्बन्ध बताया है धर्म और राजनीति का। किन्तु भारत के कर्ता-धर्ताओं ने तो धर्म को साम्प्रदायिक घोषित करके उसे संकुचितता प्रदान कर दी है; जिससे उसके अर्थ बदल गए हैं । डा० लोहिया ने स्वयं की व्यापकता के आधार पर उन्हें संशोधित करने के प्रयास किये । धर्म की व्यापकता और संकुचितता को वे कवियों के ही धरातल पर समझने और समझाने का प्रयास करते हैं और लिखते हैं कि **"जहाँ धर्म निरपेक्ष**

कवि शेक्सपीयर और गेटे या कालिदास भी पाठक में, उसकी समीक्षा बुद्धि को अवरुद्ध किए बिना कविता और विस्तीर्ण वातावरण निर्मित करते हैं, वहाँ रामायण जिस किसी विषय पर जो कुछ कहती है उसे पवित्र बना देती है। कम से कम अधिकांश पाठकों और श्रोताओं पर यही असर पड़ता है ।"[45] इतना ही नहीं रामायण सम्पूर्ण जीव-जगत में राम की प्रतीति भी करवाती है ।

रामायण मेले की उपयोगिता को वे कुछ यों स्पष्ट करते हैं कि "रामायण मेला हिन्दुस्तान के दिमागी जीवन को एक नई दिशा देगा, अगर वह धार्मिक कविता के सर्वश्रेष्ठ अंग और भृष्ट अंग में विवेक करना सिखाए। इसलिए मैं उम्मीद करूगाँ कि अगुआगिरी करने वाली नारी उसी झूम से उन चैपाइयों को पढ़ेगी जैसे दूसरी चैपाइयों को। मन में, जहाँ जैसी जरूरत होगी, वह पात्र पर हंस लेगी या तुलसी पर।"[46] रामायण एक व्यापकता का ग्रन्थ है और उसको प्रत्येक व्यक्ति स्वयं के मनोभावों के अनुसार स्वीकारता है। यह स्वातन्त्र्य स्वयं तुलसी भी प्रदान करते हैं तभी तो लिखते हैं जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखीं तिन तैंसी । यही दृष्टि सृष्टिवाद है ।

राष्ट्रीय एकता

इतना ही नहीं लोहिया विदेशी लोगों के द्वारा भारत में विभेदकारी क्रिया-कलापों पर भी कटाक्ष करते हुए लिखते हैं कि "मुझे ऐसा लगता है कि आर्य, द्रविड और मंगोल भेद गढ़े गए हैं, विशेषकर विदेशियों ने गढ़े हैं। यदि ये थे भी, तो 3-4 हजार वर्ष पहले। अब वे बिल्कुल झूठे हैं। इसी एक झूठ के सहारे हिन्दुस्तान का पूरा इतिहास, साहित्य, भूगोल और संस्कृति इत्यादि अब तक पढ़ाए जाते हैं। इससे अनर्थ हो रहा है। भारत की भाषाओं का वर्गीकरण भी झूठा है। तमिल का 'मैलम' और संस्कृत-हिंदी का मयूरम एक ही है। यू, और ए, अथवा इ, और ल, का परिवर्तन भाषाशास्त्र का एक मान्य नियम है। बहुतेरे शब्द इसी तरह के हैं। यह मैं नहीं कह सकता कि तमिल से संस्कृत-हिंदी ने लिया अथवा उल्टे मार्ग से। इसमें मुझे कुछ दिलचस्पी नहीं । मुझे दिलचस्पी इसमें है कि एक दूसरे से लेते रहे और एक होते रहे हैं। केवल कुछ गिनतियाँ अथवा कुछ आरंभिक शब्दों के आधार पर आर्य, द्रविड या आस्ट्रिक भाषाओं का बतंगड़ खड़ा कर देना मूर्खता है। 4 हजार वर्ष पहले भी, शायद ऐसा नहीं था। इन 3 हजार वर्षों में तो बिल्कुल ऐसा नहीं रहा है ।"[47]

इस प्रकार से वे अपने विचारों के माध्याम से न केवल उपनिवेशी वृतांत को अमान्य करते हैं बल्कि उससे जो भ्रम उत्पन्न हुआ और जो नुकसान हुआ पर, अपनी चिन्ता भी व्यक्त करते हैं। यही चिन्ताएँ डा० लोहिया को अन्यों से पृथक करती हैं और इसी आधार पर उन्हें पढ़ा और पढ़ाया जाना चाहिए, जिससे भारत का गुण-वैशिष्ट्य हमारे युवा वर्ग के सम्मुख आ सके ।

सन्दर्भ

1. ओंकार शरद, भारतमाता - धरतीमाता (राम मनोहर लोहिया के सांस्कृतिक लेख) (1999), लोक भारती प्रकाशन, इलाहाबाद, पृ० 09
2. तदैव
3. तदैव
4. तदैव पृ० 11
5. तदैव पृ० 13
6. तदैव
7. तदैव पृ० 25-26
8. तदैव पृ० 52
9. तदैव पृ० 55
10. तदैव
11. कलाओं को समझने के लिए उपनिषद और मानव धर्म शास्त्र का अध्ययन करें।
12. ओंकार शरद, भारतमाता - धरतीमाता (राम मनोहर लोहिया के सांस्कृतिक लेख) (1999), लोक भारती प्रकाशन, इलाहाबाद, पृ० 56
13. तदैव
14. तदैव पृ० 57
15. तदैव पृ० 58
16. तदैव पृ० 59
17. तदैव पृ० 60
18. तदैव पृ० 68
19. तदैव पृ० 68-69

20. तदैव पृ० 74
21. तदैव पृ० 61
22. सर विलियम जोन्स समग्र, खण्ड 3,
23. तदैव
24. विद्यानिवास मिश्र, क्या पूरब क्या पश्चिम (2018), सस्ता साहित्य मण्डल, नई दिल्ली, पृ० 30-31
25. ओंकार शरद, भारतमाता - धरतीमाता (राम मनोहर लोहिया के सांस्कृतिक लेख) (1999), लोक भारती प्रकाशन,
इलाहाबाद, पृ० 61
26. तदैव
27. तदैव
28. श्री मदभगवद्गीता - 2/47
29. हितोपदेश-श्लोक संख्या 27-30 (मित्रलाभ)
30. ऋग्वेद
31. ओंकार शरद, भारतमाता - धरतीमाता (राम मनोहर लोहिया के सांस्कृतिक लेख) (1999), लोक भारती प्रकाशन,
इलाहाबाद, पृ० 152
32. तदैव पृ० 137
33. तदैव पृ० 155
34. स्टीफन हाकिंस, ब्रीफ आंसर टू बिग केशनस् (2018,), जानमुरे, लन्दन, पृ० 73-77
35. ओंकार शरद, भारतमाता - धरतीमाता (राम मनोहर लोहिया के सांस्कृतिक लेख) (1999), लोक भारती प्रकाशन,
इलाहाबाद, पृ० 153
36. तदैव पृ० 157
37. तदैव पृ० 157
38. तदैव पृ० 157
39- तदैव पृ० 157
40. के. विक्रमराव एवं प्रदीप कुमार सिंह (संपादित) लोहिया संचयिता (2018), अनामिका पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई

Psychological Theme in William Faulkner's Novel "The Sound and the Fury"

Dr. Meenakshi,

Department of English, Motilal Nehru College, Delhi University, Delhi

Introduction :

During the late nineteenth century, psychology came to be acknowledged and accepted scientific field. The discovery of this new branch of science has had a profound effect upon literature that has been written after its adoption. Psychology became a topic of great intrigue and interest. This new found interest in psychology led to the assimilation of psychological concepts and ideas into the American Literature of the turn of the century, as well as the literature of modern times. Writers of the late nineteenth century and early of mid-twentieth centuries were influenced by many famous psychologists of the day.

Wilhelm Wundt, one of the first well known psychologists and founder of the structuralist field of psychology asserted that human experience could be broken down into the "most fundamental elements, or 'atoms' of thaught"[1] William James, the prominent American psychologist and author of the psychological view of functionalism, argued that human perceive things in a continuous strem of consciousness.

Early psychological concepts even pervade the works of some of the most famous and widely read authors of the day such as Ernest Hemingway. Hemingway's well-know work The Snows of Killimaniaro indicates that Hemingway was also influenced by the new field of psychology. In this work Hemingway incorporates psychology into the literary frame work and technique of the piece, unlike Gertrude who portrays psychology through her characters and plat into much of the literature of the time. This accurate portrayal of the human experience, as the noted critic William Howells asserts, should be the author's ultimate goal. He declares that in literature "the only beauty is truth to the human experience."[2]

William Faulkner penetrates into the innermost recesses of the human mind and as such he very well entertains one with the psycho-spiritual realities of

Minakshi

U.G.C.No.-40627

P: ISSN NO.: 2394-0344 RNI No.UPBIL/2016/67980 VOL-4* ISSUE-2* (Part-1) May- 2019
E: ISSN NO.: 2455-0817 *Remarking An Analisation*

Tragic Vision in Arthur Miller's All My Sons

Minakshi
Assistant Professor
Dept. of Legal Studies
Chaudhary Charan Singh,
University, Meerut
Uttar Pradesh, India

Abstract

Tragedyis different from the tragic vision. Tragedy as defined by Aristotle"- the imitation of an action that is serious and also as having magnitude, complete in itself -with incidents arousing pity and fear where with to accomplish its catharses of such emotion"[1] is difficult to superimpose by a new definition. However any piece of literary art, which has high seriousness, as Mathew Arnold said of it, in it or is dealing with dark side of life, has also come under this type of genre. Tragedy is a form of drama exciting the emotions of pity and fear. Tragedy is more of a dramatic from in relation to the art having the maximization of characteristics effect which is its end. And in between arousing pity and fear It is "Mimesis and Imitation of what is in the worldabout us."[2]

The play "All My Sons" takes the title from the swan-song of Joe Keller, the tragic character in the play. His sens of guilt drives him to suicide, and statement that he was ending his life to make amends for the twenty one pilots, who met their end by using the cracked cylinder heads dispatched from the factory of Joe Killer. Larry's death brings home Joe the truth that not only Larry but also those twenty one pilots were his sons. The major theme "All My Sons" is the tragic conflict between the family loyalties and the social responsibility. Joe Killer is ordinary fair-to medium individual whose love for his family boundless. Being an uneducated man, not given too much reading, he lives in narrow world consisting of his family and a few neighbors. A confusion of values overwhelms his mind, for he is obsessed with his own happiness and of those he loves, but his son Chris speaks of the universe of people to which he has the responsibility. His personal tragedy triggers from his adherence to the American value system which is antagonistic to social welfare.

Keywords: Magnitude, Accomplish, Arousing, Self-Deception, Betrayal, Guilt, American Dream, Responsibility.

Introduction

Tragic vision, as against tragedy. Is the artist's vision, which creates a tragic split of the writer as man and as an artist that characterizes itself in his writings. It dramatizes same basic truth of life that is seen by Miller viz. in Henry James's "The portrait of a lady" and before him, in Shakespeare and Hardy, there is emitted a tragic experience which for them is and was the result of how they looked at life. It was their truth and is of all of the human beings. In this way.

The tragic vision is that view of life, that outlook, that attribute, which has its genesis in the artist's contemplation of the world vis-à-vis his man's place in it. It is formulated on its own, quite naturally. Its constituents may also be the characteristics inherited from birth and the experience observed and undergone circumstantially. Bath contribute to its formation at a conceptual level. The troubles and moments of deep depression and disillusionment undergone by Miller in his life commune with his hereditary traits and the result was the formation of this vision which became a dominating feature of his temperature.

This often made him to question the fundamentals of life. Pessimism is its way of looking, Then, at things, matters and life, at the metaphysical level. In tragic temper and maturity of outlook, Miller falls in the line of Shakespeare, Thomas Hardy and the tragic writers like Steinberg O' Neill and others "to grace the high hills of English literature."
The Play "All My sons" maid its first appearanceon the stage in January1947.Wigh this play, Miller achieved his first sage triumph. In this play, as in his other early plays, Miller represents capitalism as creating an exploitative system which denies individual identity. Capitalism, according to Miller, creates false needs and implies that the satisfaction of those

Minakshi

needs would resolve a longing. Which is in truth spiritual in origin. Capitalism is substitute role for identity and replaces the individual with economic relationship.

"All My Sons" (1947) is a play with a social thesis.The story was intended by Miller to arouse the social consciousness. In this play, the hero Joe Keller Kills himself and meets his tragic end finally. This is a story about a manufacture whose defective airplane parts cause the death of his son and other aviators in wartime. The hero, Joe Keller is a successful businessman who has earned a lot of money by manifesting defective cylinders during the world war second. The defective cylinders, supplied by him, led to the death of 21 pilots. At his trial, he denies the responsibility; letting his timid partner Steve Deever take the blame and the punishment. Having been exonerated, Joe Keller has successfully reestablished his business and though his neighbors still believe him to be guilty, they have apparently accepted him back into his social life but relied at his acquittal is diluted by grief at the loss of his son Larry, reported missing in action dead when the plat opens, about three and a half years later that son's fiancée Annie (daughter of Joe Keller's business partner who is in jail) arrives to marry the dead boy's brother Chris Keller. Annie's arrival brings about a crisis in Keller's family, and especially for Kate Keller who has always refused to accept the fact of the death of her son Larry, and who had so far been seeing Annie's failure to marry anybody else as a proof of Annie's similar faith in his being still alive.The planed marriage between Annie and Chris therefor means that Kate Keller must abandon her fond belief that her Larry is still alive. But acceptance of Lorry's dearth also forces her to acknowledge some connection between the death and what she knows to be her husband's guilt. The situation becomes more complicated when Annie's brother George arrived to confront Joe Keller with that guilt. And although George failed to obtain a confession from Joe Keller the planned marriage between Annie and Chris brings about that confession because Chris's mother plays her final cord in order to prevent marriage, which could mean the end of her belief and her hope in Larry's continued survival. She reveals her husband's quilt to her son Chris. But a letter, which Annie now reveals, finally defeats her and her husband. In this letter the missing son Larry had announced his intention to commit suicide because his father's dishonest action in having supplied defective equipment to the Air force. Finding himself compelled to accept the responsibility for his dishonest action, Joe Keller shoots himself.

Miller's own comments on this play are worthy of notice. He tells us that the play begins in an atmosphere of undisturbed normality and that the first act was designed by him to be a slow affair, infect, says Miller, he had even tried to make the start of the play somewhat boring, His object being to horrify the audience when the first hint of crime committed by Joe Keller is dropped. The horror according to Miller would result from the contrast between the serenity of the civilization on view and the threat to that civilization from the stirrings of the human conscience. Miller then goes on to say that the crime in the play is not one which is about to be committed but which had been committed long ago. The damage, which the crime could do, has already been done, and been done irreparably. The only thing, which now remains to be dealt with, is the conscience of his son Chris in the face of what he has come to know about his father.

The play is an assertion of the need for the individual to accept full responsibility for his action, to acknowledge the reality of a world in which the brother hood is an active principle rather than simple plety. It is an assault on a materialism which is seen as being at odds with human values, on a capitalist drive for profits, which is inimical to the elaboration of an ethic based on the primacy of human life and the necessity to acknowledge a social contract. Indeed Joe Keller defends himself by insisting that his own values are those of the world in which he moves, as he asks rhetorically, "who worked for nothing in that war? When they work for nothing, I will work for nothing. Did they ship a gun on a truck out Detroit before they got their price? Is that clear? It is dollars and cents, nickels and dimes what is clear? Half the goddam country is a gotta go if I go." [3]

1853 में मार्क्स भी कुछ इसी प्राकर से लिखते है ''हम निश्चयपूर्वक, न्यूनाधिक सुदूर अवधि में, उस महान और दिलचस्प देश को पुनर्जीवित होते देखने की आशा कर सकते हैं जहाँ के सज्जन निवासी राजकुमार माल्तिकोव (रूसी लेखक) के शब्दों में ''इटालियन लोगों से अधिक चतुर और कुशल हैं; जिनकी अधीनता भी एक शांत गरिमा से संतुलित रहती है, जिन्होंने अपने सहज आलस्य के बावजूद अंग्रेज अफसरों को अपनी वीरता से चकित कर दिया है, जिनका देश हमारी भाषाओं, हमारे धर्मों का उद्गम है, और जहाँ प्राचीन जर्मन का स्वरूप जाट में, प्राचीन यूनानी का स्वरूप ब्राह्मण में प्रतिबिंबित है।''[2] यद्यपि, मार्क्स ने कभी भी भारत भ्रमण नहीं किया था इसलिए वह भारत के पुनर्जीवित होने की बात करता है, जबकि सच्चाई यह रही कि भारत सनातनी परंपरा का होने के कारण स्वयं अपने को अद्यतन करता रहा। यहाँ पर पुनर्जीवित शब्द का प्रयोग मार्क्स ने भारत की प्रकृति से अनभिज्ञ होने के कारण किया है और माल्तिकोव भी भारत के जाट को जर्मन के समकक्ष तथा ब्राह्मण को यूनानी के समकक्ष इसलिए रखता है क्योंकि उसके सम्मुख इन्हीं दोनों समाजों के उदाहरण थे। वास्तविकता इसके

* प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

विपरीत है क्योंकि भारतीय समाज जर्मनी और यूनान से अधिक पुराना है। जैसा कि मैं ऊपर भी उद्धृत कर चुका हूँ कि इस प्रकार की मनोवृत्ति उपनिवेश काल की देन है। इस प्रकार के विचार भारत में बहुत पहले से विदेशियों के द्वारा प्रचारित किए जा रहे थे, किंतु कालान्तर में भारत के साम्बन्ध में सकारात्मक विचारों को उद्घाटित करने वाले व्यक्ति एवं साहित्य को या तो प्रतिबंधित कर दिए जाने की परंपरा विकसित हुई या फिर उन्हें मुख्य धारा से ही बाहर कर दिया गया। यही कारण था कि विल ड्यूरण्ट की यह पुस्तक सर्वप्रथम 1930 में प्रकाशित हुई थी लेकिन उसके बाद बहुत लंबे समय तक भारत का बुद्धिजीवी वर्ग इस पर बात करने से कतराता रहा; क्योंकि यह भारत के महानतम् अतीत को उद्घाटित करती है और ब्रिटिश राज ने भारत में किस प्रकार शोषणकारी शासन किया उस पर भी प्रकाश डालती है। भारत के विषय में यह एक अत्यधिक प्रमाणिक अभिलेख है जो भारत के गौरवशाली अतीत तथा शेष विश्व को उसके योगदान से परिचित कराता है।

इसी प्रकार सर विलियम जोन्स, जो कि ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया कंपनी के कलकत्ता स्थित सुप्रीम कोर्ट, में जस्टिस बनकर 15 जनवरी 1784 में भारत आए और उन्होंने भारत के ऊपर बहुत लिखा जो कि लगभग पांच खण्डों में संकलित है, को भी भारत के तथाकथित बुद्धिजीवियों ने भुला दिया। सर विलियम जोन्स ने 1784 में रायॅल एशियाटिक सोसायटी की स्थापना की और उसके माध्यम से भारत के विपुल संस्कृत साहित्य का अनुवाद कराया। यह संपूर्ण साहित्य न केवल ब्रिटिशर्स के लिए प्रेरणास्पद रहा बल्कि यूरोप के विकास में भी इसने महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन की।

किन्तु, परिस्थितियाँ कुछ ऐसी बनीं कि भारत की युवा पीढ़ी को इस प्रकार के ज्ञान से सदैव दूर रखा गया। इस ज्ञान के बिखिन्न आयाम रहे हैं। यहाँ पर हम राजनीति शास्त्र के अंतर्गत पढ़ने और पढ़ाए जाने वाले एक आयाम तुलनात्मक राजनीति पर भारतीय परिप्रेक्ष्य में बात करेंगे। जब मैं भारतीय परिप्रेक्ष्य लिखता हूँ तो उसका अभिप्राय प्राचीन से है; क्योंकि आधुनिक तो लगभग सभी पाश्चात्य ही है, चाहे वह प्राचीन हो या अर्वाचीन। जब हम तुलनात्मक राजनीति के विषय में अध्ययन करते हैं तो ध्यान में आता है कि तुलनात्मक राजनीति का अभ्युदय भी अन्य शास्त्रों या अवधारणाओं की भांति ही यूनान में हुआ और प्रायः अरस्तू उसके प्रारंभ कर्ता माने गए। सर्वप्रथम, उन्होंने 158 देशों के संविधानों का अध्ययन किया, जिससे तुलनात्मक राजनीति का आधार बना। लेकिन राजनीतिशास्त्र के विद्यार्थी को कभी भी यह नहीं पढ़ाया गया कि प्राचीन भारत में भी अनेक प्रकार की शासन प्रणालियाँ प्रचलन में थीं और उनका अध्ययन भी तुलनात्मक दृष्टिकोण को विकसित करने में सहायक हो सकता था। आधुनिक तुलनात्मक राजनीति के परिप्रेक्ष्य में समकालीन राजनीति शास्त्री जे.डब्ल्यू.गार्नर लिखते हैं कि "वर्तमान अथवा अतीत में विद्यमान राज्य व्यवस्थाओं के माध्यम से ऐसी निश्चित सामग्री एकत्रित की जाए जिससे कोई अन्वेषक

चयन तुलना और निरसन की विधियों से राजनीतिक इतिहास में आदर्श प्रारूपों और प्रगतिवादी शक्तियों की खोज कर सके।''[3] जब हम इस परिभाषा का संज्ञान लेते हैं तो समकालीन राजनीति शास्त्रियों की विशेषकारी दृष्टि समझ में आती है कि वे पाश्चात्य राज्यों के स्वरूप को तो तुलनात्मक राजनीति के दृष्टिकोण से सम्यक पाते हैं; किंतु भारतीय राज्य उन्हें इस दृष्टि से उपर्युक्त प्रतीत नहीं होते। कई बार तो वे ऐसा ही प्रगट करते हैं कि भारत में आधुनिक या पाश्चात्य परिप्रेक्ष्य के राज्यों को व्यवस्था का सर्वथा अभाव था। यदि भारत में ब्रिटिशर्स नहीं आए होते तो भारत राजनीतिक इकाई के रूप में स्वयं को संगठित ही नहीं कर सकता था। यही दृष्टि उन विद्वानों को पक्षपाती बनाती है और प्राचीन भारत के अध्ययन की ओर दृष्टिपात करने से रोकती है। मैं गार्नर की परिभाषा के आलोक में ही प्राचीन भारत में विभिन्न राज्यों की कार्य प्रणाली को आधुनिक तुलनात्मक राजनीति के परिप्रेक्ष्य में समझने की कोशिश करुँगा। प्राचीन भारत की राज्य व्यवस्थाओं को समझने के दृष्टिकोण से वेद, रामायण, महाभारत, ब्राह्मण ग्रंथ, धर्मसूत्र एवं गृहसूत्र तथा कुछ बौद्ध एवं जैन ग्रंथ महत्वपूर्ण हैं। इन्हीं के आलोक में जो शासन प्रणालियाँ प्रचलन में थीं वे अग्रवत् हैं।

1. भौज्य शासन प्रणाली 2. स्वराज्य शासन प्रणाली 3. वैराज्य शासन प्रणाली 4. मद्र शासन प्रणाली 5. राष्ट्रिक शासन प्रणाली 6. पैत्तनिक शासन प्रणाली 7. द्वैराज्य शासन प्रणाली 8. अराजक शासन प्रणाली 9. उग्र और राजन्य शासन प्रणाली ये न केवल राज्य प्रणालियाँ थीं अपितु इनके शासक भी भिन्न-भिन्न उपाधियों या पदवी से विभूषित होते थे और उसी नाम से वे जाने या पुकारे जाते थे।

1. भौज्य शासन प्रणाली:- इस प्रकार की शासन प्रणाली का उल्लेख ऐतरेय ब्राह्मण में मिलता है।[4] पाली त्रिपिटक ने भी इस पर प्रकाश डाला है।[5] भौज्य शासन प्रणाली में राजा का निर्वाचित होना अनिवार्य शर्त थी। किंतु, जब हम इस विषय की और गहराई से जाँच करते हैं तो स्पष्ट होता है कि भौज्य और राष्ट्रिक या राष्ट्रिक दोनों एक ही हैं।[6] किंतु इनका नेतृत्व वंशानुक्रमिक नहीं होता था। ये मिल-जुल कर नेतृत्व करते थे। इस प्रकार सामान्यतः नेतृत्व एक से अधिक के द्वारा किया जाता था। हम इसे बहुल कार्यपालिका के समकक्ष या बहुलकार्यपालिका भी कह सकते हैं। महाभारत के शांतिपर्व में जो विभिन्न शासकों की सूची दी गई है उसमें भी भौज्य का नाम सम्मिलित है।[7] ऐतरेय ब्राह्मण भी इसका समर्थन करता है और इसे एक जाति के रुप में भी मान्यता देता है। कालान्तर में इसी शासन प्रणाली के आधार पर इसमें रहने वाली जाति भोज के नाम से जानी गई। इस प्रकार की शासन प्रणाली पश्चिमी भारत के गुजरात प्रदेश के काठियावाड़ क्षेत्र में विद्यमान थी। वर्तमान भुज जिला भोज या भौज्य शासन प्रणाली का ही प्रतिनिधि है।

2. स्वराज्य शासन प्रणाली:- स्वराज्य शासन प्रणाली का उल्लेख भी ऐतरेय ब्राह्मण में ही मिलता है।[8] इस

शासन प्रणाली में राजा को 'स्वराष्ट' कहा जाता था जिसका अर्थ है-'स्वयं शासन करने वाला।' 'तैत्तरीय ब्राह्मण' इस शब्द पर विस्तार से प्रकाश डालता है जिसमे वाजपेय यज्ञ की प्रशंसा में लिखा है कि जो यथोपयुक्त विद्वान वाजपेय यज्ञ के द्वारा यज्ञ प्रदान करता है वह 'स्वराज्य' प्राप्त करता है और स्वराज्य शब्द की व्याख्या में लिखा है-अपने समान लोगों का नेता बनना, वह बड़प्पन या ज्येष्ठय प्राप्त करता है।[9] यानि 'स्वराज्य' वह शासन प्रणाली जिसमें राजा समान लोगों पर अपने गुण वैशिष्टय के कारण नेतृत्व करने की क्षमता रखता हो। ये गुण इन्द्र के गुणों के समान समझे जाते थे। इस प्रकार की शासन प्रणाली भी पश्चिमी भारत में प्रचलित थी। यह प्रारंभिक अवस्था का वर्णन है क्योंकि शुक्ल यजुर्वेद के अनुसार यह शासन प्रणाली उत्तरी भारत में भी प्रचलन में थी।[10]

3. वैराज्य शासन प्रणाली- ऐतरेय ब्राह्मण में ही वैराज्य शासन प्रणाली पर भी प्रकाश डाला गया है। इस प्रकार की शासन प्रणाली हिमालय के पार्श्व मे प्रचलित थी। किंतु कालान्तर में यह दक्षिण मे भी प्रचलन में आई। इस प्रकार से इसका प्रचलन पर्याप्त क्षेत्र में था।[11] वैराज्य का शाब्दिक अर्थ होता है 'बिना राजा की या राजा रहित शासन प्रणाली'।[12] ऐतरेय ब्राह्मण इस पर प्रकाश डालते हुए लिखता है कि सारा देश या जाति (जाति से अभिप्राय एक भाषा बोलने वाले लोग, यहाँ पर संस्कृति अलग और भाषा/जाति अलग है) राजपद के लिए अभिषिक्त होता था। जिस प्रकार से संपूर्ण प्रजा ही राजा के रूप में अभिषिक्त हो रही है वह निश्चय ही प्रजातंत्र की प्रतिनिधि शासन प्रणाली होगी।

4. मद्र शासन प्रणाली- प्राचीन भारत में मद्र एक सुव्यवस्थित शासन प्रणाली वाला राज्य था और राज्य की राजधानी भी अत्यधिक भव्यता को प्राप्त थी। यद्यपि, पाणिनी ने अपने अष्टाध्यायी में कहीं पर भी मद्रों की राजधानी का नाम नहीं लिया है किंतु उसका उल्लेख अवश्य किया है, जिसको मार्गों के द्वारा चिन्हित करने पर शाकल (स्यालकोट जो कि वर्तमान में पाकिस्तान में है) के रूप में पहिचाना जा सकता है। प्रारंभिक दिनों में यह निश्चित ही उत्तर मद्रों का निवास स्थान रहा होगा। आज से लगभग दो हजार दो सौ वर्ष पूर्व यह राज्य मैनेन्डर की अधीनता में आया और यहाँ से मद्रों ने दक्षिण की ओर पलायन किया। भौज्य की ही भाँति यहाँ पर भी बहुल कार्यपालिका का अस्तित्व था और उसका निर्वाचन होता था। यह प्रणाली राष्ट्रिक कहलाती थी। इसी शासन प्रणाली के आधार पर पश्चिम के राज्यों का नामकरण हुआ जैसे- भौज्य से भुज बना वैसे ही राष्ट्रिक से सौराष्ट्र बना। अर्थशास्त्र के अनुसार सौराष्ट्र के लोग प्रजातंत्री थे।[13] इसी प्रजातंत्री शासन प्रणाली के आधार पर इस क्षेत्र का नाम सुराष्ट्र और बाद में सौराष्ट्र हुआ।

5. राष्ट्रिक शासन प्रणाली:- साहित्य के अध्ययन से यह संज्ञान में आता है[14] कि पश्चिमी भारत में राष्ट्रिक शासन प्रणाली प्रचलन में थी। यद्यपि इसकी कार्य प्रणाली भौज्यों एवं पैत्तनिकों के समकक्ष ही थी किंतु इसमें इनकी भाँति न ही वंशानुक्रमिक रूप से कोई एक व्यक्ति राजा होता था और न ही समस्त प्रजा।

लेकिन साहित्य में इस शासन प्रणाली में शासक का उल्लेख बहुवचन में किया गया है, यह स्पष्ट है।[15] इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि यह भी एक प्रजातन्त्री शासन प्रणाली ही थी और थोड़े से भेद के साथ क्रियाशील थी।

6. पेत्तनिक शासन प्रणाली:- पेतनिक शासन प्रणाली से अभिप्राय है पैतृक या वंशानुक्रमिक नेतृत्व, जो कि पूर्वजों के समय से चला आ रहा हो।[16] यह शासन प्रणाली भौज्यों एवं राष्ट्रिकों के बिल्कुल विपरीत थी क्योंकि वहाँ निर्वाचन था और यहाँ पर वंशानुक्रम के आधार पर राजा पद प्राप्त करता था। ऐतरेय ब्राह्मण में भी भोजों से भिन्न एक विशिष्ट प्रकार के भोज बताए गए हैं, जिनको 'भोजपितरग्' कहा गया है।[17] इसका अर्थ है वंशानुक्रमिक भोज या वह भोज जो किसी अन्य भोज का पिता भी हो।[18] सही अर्थों में यह विशिष्ट वर्ग की शासन प्रणाली थी जो कि सरदारी या गण शासन की प्रणाली के रुप में पश्चिमी भारत में प्रचलित थी।[19]

7. द्वैराज्य शासन प्रणाली:- वैराज्य शासन प्रणाली के ही समान कौटिल्य ने अर्थशास्त्र में द्वैराज्य शासन प्रणाली का भी उल्लेख किया है जिसका अर्थ होता है दो का शासन। इसमें प्रतियोगिता के आधार पर पारस्परिक संघर्ष होता है जो कि अंत में नाशकारक सिद्ध होता है।[20] किंतु यह नाशकारक सदैव नहीं होता, क्योंकि भारत के प्राचीन इतिहास में इसके सुखद उदाहरण भी मिलते हैं। महाभारत में इसके विषय में उल्लेख है कि अवंती में विंद और अनुविंद इन दो राजाओं का राज्य था और ये दोनों राजा मिलकर राज्य करते थे।[21] 6वीं एवं 7वीं सदी में नेपाल में भी द्वैराज्य शासन प्रणाली प्रचलन में थी। लिच्छवी राजवंश तथा ठाकुरी राजवंश के राजाओं के यहां भी इसी प्रकार की शासन प्रणाली थी, इसके शिलालेख काठमांडू में पाए गए हैं।[22]

8. अराजक शासन प्रणाली - जैसा कि शब्द से ही विदित है कि 'अराजक' यानि बिना शासक वाली शासन प्रणाली।[23] भारत में इस प्रकार की शासन प्रणाली का महाभारत में भी उल्लेख आया है।[24] सही अर्थों में यह शासन सबसे आदर्श है क्योंकि इसमें कोइ किसी पर राज्य नहीं करता बल्कि स्वधर्म के आधार पर प्रत्येक मनुष्य के द्वारा राज्य का संचालन होता है। निश्चय ही अराजक शासन प्रणाली का राज्य बहुत ही कम जनसंख्या वाला राज्य रहा होगा, जहाँ पर प्रत्येक विषय पर सभी नागरिक किसी निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए एकत्रित होते होंगे। महाभारत में भी इस प्रकार की व्यवस्था का उल्लेख है। प्राचीन भारत के इन राज्यों के अध्ययन से इनकी शासन प्रणाली ध्यान में आती है। निश्चय ही शासन प्रणालियों के आधार पर प्रशासन तंत्र भी निर्मित किया गया होगा, जिससे शासन का संचालन सुचारू रूप से किया जा सके।

9. उग्र और राजन्य शासन प्रणाली - वेद में इसका उल्लेख मिलता है। केरल के मालाबार में इस प्रकार की शासन प्रणाली प्रचलन में थी। इसमे शासक तो होता था किंतु राजा नहीं। अशोक के शिला लेखों में उसे केवल पुत्रों के रूप में उल्लेख किया गया है।[14]

कालांतर में इन शासन प्रणालियों का और अधिक विस्तार हुआ और उस विस्तार के आधार पर राज्यों के कर संग्रहण की क्षमता के बल पर राजा की पदवी निर्धारित की जाने लगी। शुक्रनीति इस विषय पर विस्तार से प्रकाश डालती है।[15] वह लिखती है कि-राज्यों के अधिष्ठाताओं की पदवी का निर्धारण कर संग्रहण की क्षमता के आधार पर होगा। वस्तुतः कर संग्रहण की क्षमता राज्य के क्षेत्रफल के विस्तार का भी द्योतक था। शुक्र के अनुसार:

1. सामान्त उसे कहा जाता था जो कि एक लाख से 3 लाख तक प्रतिवर्ष चादी के सिक्के कर के रूप में एकत्रित करता था।
2. माण्डलिक उसे कहा जाता था जो 4 लाख से 10 लाख तक चांदी के सिक्के कर के रूप में प्रतिवर्ष संग्रहित करता था।
3. राजन उसे कहा जाता था जो कि 11 लाख से 20 लाख प्रतिवर्ष चांदी के सिक्के कर के रूप में संग्रहित करता था।
4. महाराज उसे कहा जाता था जो कि 21 लाख से 50 लाख तक चांदी के सिक्के कर के रूप में प्रतिवर्ष संग्रहित करता था।
5. स्वराज उसे कहा जाता था जो कि 51 लाख से 100 लाख तक चांदी के सिक्के कर के रूप में प्रतिवर्ष संग्रहित करता था।
6. साम्राज्ञ उसे कहा जाता था जो कि 1 करोड़ से 10 करोड़ तक चांदी के सिक्के कर के रूप में प्रतिवर्ष संग्रहित करता था।
7. विराज उसे कहा जाता था जो कि 11 करोड़ से 50 करोड़ तक चांदी के सिक्के कर के रूप में प्रतिवर्ष संग्रहित करता था।
8. सार्वभौम वह होता था जो 51 करोड़ से ऊपर प्रतिवर्ष चांदी के सिक्के कर के रूप में संग्रहित करता था।

ऐतरेय ब्राह्मण में इन्हीं को अग्रवत् बताया गया है।

ऐतरेय ब्राह्मण-

ऐतरेय ब्राह्मण भी राजा की विजीगीषु प्रकृति के अनुरूप ही उसे राज्य के विस्तार की प्रेरणा देता है। इस प्रेरणास्पद सूक्त में अनेक प्रकार के राज्यों को समाविष्ट करने का आह्वान है।

स य इच्छेदेवं वित्क्षत्रिय मयं सर्वा जितीर्जयतायं स सर्वाल्लोकान्विन्देतायं सर्वेषां राज्ञां श्रैष्ठयमतिष्ठां परमतां

गच्छेत् साम्राज्यं, स्वाराज्यं, वैराज्यं परमेष्ठ्यं राज्य, महाराज्यमाधिपत्यमयं समंत पर्यायो स्यात्सार्वभौम: सार्वायुष आन्तादा परार्धात्पृथिव्यै समुद्र पर्यन्ताया एकराडिति तमेते नैन्द्रेण महाभिषेकेण क्षत्रियं शापयित्वाऽभिषिंचेत्।[6]

यानि, जो ब्राह्मण पुरोहित यह इच्छा करे कि अभिषिक्त होने वाला क्षत्रिय सब जितियों को जीते, सब लोकों को प्राप्त करे, सब राजाओं में श्रेष्ठता प्राप्त करे, एवं साम्राज्य, भौज्य, स्वाराज्य, वैराज्य, परामेष्ठ्यम, राज्य, महाराज्य, अधिपत्य, इन विभिन्न प्रकारों से अभिषिक्त होकर परमस्थिति प्राप्त करे, चारों दिशाओं के अंत तक पहुंचकर आगु पर्यन्त सार्वभौम बने और समुद्र पर्यन्त पृथ्वी का एक राट् बने, उस याजिग को इस ऐन्द्र महाभिषेक की शपथ दिलाकर राज्य में अभिषिक्त करना चाहिए।''

ऐतरेय ब्राह्मण में वर्णित आठों प्रकार के राज्य एवं वे जोकि पूर्व में अनेक प्रकार की शासन प्रणालियों का परिचय कराते और बाद के सूक्त में राजा से यह अपेक्षा की गई है कि वह छोटी (राज्य) इकाई से बढ़कर सार्वभौम राजा तक की यात्रा को पूर्ण करे और उस पद पर जीवन पर्यन्त बना रहे। यहाँ पर यह बात भी ध्यान देने योग्य है कि ये आठों प्रकार की राज्य शासन प्रणाली राज्यों की तुलना की दृष्टि से पर्याप्त संभावनाएँ अपने में समेटे हुए हैं, क्योंकि सभी के शासन में पर्याप्त भेद है और यह भेद शासनिक दृष्टि से और प्रशासनिक दृष्टि से भी अनुभव किया जा सकता है।

1) भौज्य शासन प्रणाली में नेतृत्व मिलजुलकर या बहुल रूप में किया जाना पाया जाता है। यदि वे ऐसा करते थे तो शासन और प्रशासन के संचालन के लिए उन्होंने एक संरचना भी तैयार की होगी और वह संरचना क्षैतिज और लंबवत् दोनों ही प्रकार की रही होगी। यदि, ऐसा नहीं रहा होता तो राज्यों का लंबे समय तक संचालन और संस्कृत वाङ्मय में उनकी उपस्थिति संभव नहीं हो सकती थी।

2) इसी प्रकार से ऐतरेय ब्राह्मण के सूक्त 5/15 में पुरोहित के द्वारा राजा के लिए जो इच्छा व्यक्त की गई है उसमें भी राज्य और राजा के विभिन्न रूपों का उल्लेख अनेक शासन प्रणालियों का प्रतीक है। वासुदेव शरण अग्रवाल इन सभी की विशद व्याख्या करते हुए लिखते हैं कि "सार्वभौम यानि, सर्वभूमि या महापृथिवी का राज्य। सार्वभौम राजा को चक्रवर्ती के रूप में भी उल्लेखित किया है। चक्रवर्ती यानि, जिसके रथ का चक्र अपने राज्य के बाहर भी निर्बाध गति से चले, वह चक्रवर्ती। सार्वभौम राजा के लिए यह अनिवार्य था कि वह अन्य राज्यों या राजाओं को किसी भी प्रकार से अपने राज्य का भाग बनाये। जब वह ऐसा करता है तो उसे अपने शासन और प्रशासन के दोनों स्वरूप क्षैतिज एवं लम्बवत् का विस्तार करना पड़ता है"।[7] भरत, दुष्यन्त, चंद्रगुप्त एवं समुद्रगुप्त इसी श्रेणी के राजा थे।

3) महाभारत के आदिपर्व में आधिपत्य या आधिराज्य शासन प्रणाली के प्रचलन का भी उल्लेख मिलता है।

इस शासन प्रणाली में राजा अन्य शासकों से कर लेकर उन्हें अपने राज्य में सुरक्षित रहने देता था। पाण्डु ने कुरू जनपद की शक्ति का विस्तार करके मगध, विदेह काशी, सहम, पुण्ड आदि जनपदों को अपना कर दाता बना लिया था[28] और आधिराज्य का भोक्ता कहलाया। जब हम, आधिराज्य के शासन तंत्र की तुलना सार्वभौम राजा या चक्रवर्ती राजा के साथ करते हैं तो दोनों में शासनिक और प्रशासनिक दृष्टि से पर्याप्त भेद प्रतीत होता है। यही भेद तुलनात्मक दृष्टिकोण को विकसित करने के लिए हमें पर्याप्त सामग्री उपलब्ध करवाता है।

4) साम्राट जो कि साम्राज्य का अधिपति होता था, को वाङ्मय थोड़ा हीन भाव प्रदान करता है। क्योंकि, सम्राट अपने जनपद की सीमा से बाहर निकलकर किसी भी जनपद को सुरक्षित नहीं रहने देता था। महाभारत के सभापर्व में सम्राट को हड़पने वाला कहा गया है।[29] इसी में साम्राज्य का आधार बल को भी माना है।[30] इन्हीं कारणों से इसको थोड़ा हेय माना है और इसकी शासन व्यवस्था भी अन्यों से अलग हो गयी। महाभारत में जरासंध और रामायण में रावण इसी परंपरा के शासक थे।

5) इसी प्रकार से पारमेष्ठ्य प्रणाली थी जो कि साम्राज्य के विपरीत परंपरा का निर्वहन करने वाली थी।

यह प्रणाली गणराज्यों के मध्य प्रचलन में थी। इस व्यवस्था में शासन का संचालन कुलों के आधार पर होता था और परिवार का ज्येष्ठ व्यक्ति 'राजा' कहलाता था।[31] शाक्यों और लिच्छवियों में यह शासन प्रणाली प्रचलन में थी।[32] यहाँ पर यह ध्यातव्य है कि साम्राज्य में जिस प्रकार से शासन का आधार बल होता था उसी प्रकार से 'पारमेष्ठ्य' शासन व्यवस्था में शासन का आधार शान्ति की नीति होती थी।[33] इस प्रकार से निश्चय ही इस प्रकार की शासन प्रणाली में अन्य शासनों से भिन्न व्यवस्थाओं की संरचना की गई होगी। सही अर्थों में यह शासन कल्याणकारी राज्य की अवधारणा पर अवलंबित था।[34] समन्तपर्यायी या चतुरन्त प्रकार की शासन प्रणाली से अभिप्राय था कि ऐसा शासन जिसमें पृथ्वी के चारों खूँट आपस में संबद्ध हैं। जब हम पृथ्वी के चारों खूँटों की बात करते हैं तो इसका निर्धारण विष्णु पुराण के आधार पर-

उत्तरं यस्य समुद्रस्य, हिमाद्रेश्चैव दक्षिणम्।
वर्ष तद् भारतम् नाम, भारतिः यत्र सन्ततिः।।[35]

किया जाता है। महाभारत इसी की कल्पना करता है। ऐतरेय ब्राह्मण में 'जो एक राट' का उल्लेख किया गया है वह भी इसी ओर संकेत करता है। मौर्य साम्राज्य का उदय इस प्रकार के शासन का ज्वलन्त उदाहरण है।

वासुदेव शरण अग्रवाल इस प्रकार की शासन व्यवस्था की प्रशंसा करते हुए लिखते हैं कि मौर्य साम्राज्य का मधुर फल दो रूपों में प्रकट हुआ। एक तो इससे समस्त देश में समान शासन-संस्थाओं की

स्थापना हो गई। शासन के कर्मचारी, विभाग, आय के साधन, कर व्यवस्था, यातायात के मार्ग, दंड और व्यवहार, दीवानी और फौजदारी की न्याय व्यवस्था, नाप-तौल और मुद्राएँ इन सब बातों में देश ने एक सूत्रता का अनुभव किया। इससे जनता के जीवन को एकरूपता प्रदान करने वाले बंधन दृढ़ हुए। विष्णुगुप्त का अर्थशास्त्र साम्राज्य के मंथन से उद्भूत उस एकरूपता का परिचायक महान ग्रंथ है। उदाहरण के लिए, मौर्य साम्राज्य में जो सिक्के चालू थे उनके बहुत से निधान (जखीरे) तक्षशिला से लेकर राजस्थान, मगध, कलिंग, मध्यभारत, महाराष्ट्र, आंध्र, हैदराबाद , मैसूर आदि प्रदेशों में पाए गए हैं। चांदी की इन आहत मुद्राओं की तौल सब जगह 32 रत्ती थी। उन पर बने हुए रूपया चिह्न भी सब जगह एक से पाए गए हैं।[16]

मौर्य साम्राज्य का दूसरा सुफल यह रहा कि उससे देश में अंतर्राष्ट्रीय चेतना उत्पन्न हुई। भारत वर्ष की जनता अपने चारों ओर के देशों से सच्चे अर्थ में परिचित हुई। भारत वर्ष में जाने वाले लंबे राज्य मार्ग और अधिक लंबे होकर दूसरी राजधानियों से जुड़ गये जिनके द्वारा यहाँ का व्यापारिक यातायात विदेशों के साथ बढ़ा। इन्हीं मार्गों से विदेशी दूत मंडल साम्राज्य की राजधानी पाटलीपुत्र की ओर मुड़े और भारत वर्ष से अनेक धर्म प्रचारक विदेशों में गये।[17]

इस प्रकार से भारत में अनेक प्रकार के राज्यों की शासन प्रणालियाँ अस्तित्व में थीं। उस शासन प्रणाली का सम्मान सभी पड़ोसियों के द्वारा किया जाता था। कालान्तर में दो प्रकार की व्यवस्थाएं बहुतायत में प्रचलन में आई (1) चक्रवर्ती सम्राट या (2) एकराट की। इस कारण से बाद में विभिन्न शासन प्रणालियों का स्वरुप प्रचलन से बाहर हो गया।

इस प्रकार यह ध्यान में आता है कि तुलनात्मक राजनीति के दृष्टिकोण से संस्कृत वाङ्मय में पर्याप्त सामग्री उपलब्ध है, आवश्यकता है तो बस इतनी कि उसकी, उसके अनुरूप व्याख्या हो पावे। पश्चिम के राजनीतिक सिद्धान्तों के अंतर्गत तुलनात्मक राजनीति का विकास सही अर्थों में संविधानवाद के अभ्युदय के बाद और व्यवस्थित रूप से 19वीं सदी के अंत में होना प्रारंभ हुआ। भारत में संविधानवाद जैसी कृत्रिम अवधारणा कभी विकसित ही नहीं हुई। भारतीय जीवन का प्राणतत्व धर्म था उसी के आधार पर समस्त प्रक्रियाएँ संचालित होती थीं। भारतीय धर्म ने समस्त प्राणियों के जीवन को सांगोपांग आच्छादित कर रखा था। वही धर्म उन्हें जीवन को व्यवस्थित करने का मार्गदर्शन करता था। अनेक शासन प्रणाली होने के बाद भी संपूर्ण व्यवस्था का संचालन धर्मानुसार ही होता था। यही कारण रहा कि भारत में अनेकानेक प्रणालियों के बावजूद भी उनके मध्य उक्त प्रकार का विभेद दिखाई नहीं देता जैसा कि पाश्चात्य राज्यों के मध्य दिखता है। यही भारत का वैशिष्ट्य था कि अनेक शासन प्रणालियों के बावजूद भी वे एक ही धर्म व्यवस्था पर आधारित थीं और उसी के अनुरूप कार्य करती थीं। यही समकालीन विद्वानों के लिए

विधाता की अनुभूति जीवित रहे इसलिए विधाता ने प्राचीन काल में 'स्वर और व्यंजन' वर्णों से चिन्हित लेख का निर्माण किया।[26] इन लेखों को शुक्र दो श्रेणी में विभाजित करते हैं।

1.समाचार संबन्धी लेख 2. आय व्यय संबंधी लेख। इनमें प्रत्येक आचार और क्रिया के भेद से बहुविध होते हैं।[27] (इस श्लोक से यह भी प्रतीत होता है कि समाचार लेखन की परंपरा का विकास हो चुका था और संपूर्ण कार्यवाही को लेखबद्ध करने की व्यवस्था प्रचलन में थी यानि कार्यवाही का दौरा लिपिबद्ध किया जाता था) अब इस व्यवस्था के प्रकाश में नें यहाँ पर शुक्र ने जो 21 प्रकार के 'पत्रों' का उल्लेख किया है, पर विस्तार से लिखता हूँ। आय–व्यय संबंधी लेख के इस पत्र के लिए समीचीन नहीं समझता हूँ इसलिए इस पर चर्चा नहीं की गई है।

1. जय पत्रक : जिसमें ठीक ढंग से कहे गए अभियोगी विषयों का तथा उनके उत्तर में कही गयी बातों का अन्तिम निर्णय अंकित हो, उसे 'जय पत्रक' कहते हैं।[28] समकालीन भारत में यह डिक्री के नाम से जाना जाता है। यह सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 की धारा 2(2) के अंतर्गत परिभाषित है।[28A]
2. आज्ञा पत्र : जिस लेख के द्वारा सामन्तों, राज्यपालों, तथा अन्य पदाधिकारियों को निर्दिष्ट काम करने का आदेश दिया जाता है, उसे 'आज्ञापत्र' कहते है [29] (अंग्रेजी में इसी को चार्टर कहते हैं)
3. प्रज्ञापना पत्र : जिस पत्र के द्वारा यज्ञकर्ता, पुरोहित, आचार्य तथा अन्य पूज्य लोगों के लिए राजा लेख के माध्यम से कार्य की सूचना देता है या सूचित करता है, उसे 'प्रज्ञापना पत्र' कहते हैं।[30]
4. शासन पत्र : जिस पत्र के द्वारा राजा प्रजा से अपनी बात कहता कि हे प्रजा! तुम सभी मेरी बातें सुनो, मेरी आज्ञा से निर्धारित अपने कर्तव्य कर्म को करो ऐसा नेथि के साथ हस्ताक्षर युक्त पत्र 'शासन पत्र' कहलाता है।[31](आज के समय मे इन्हें सरकारी आदेश या जी.ओ. कहते हैं।)
5. प्रसाद लिखित पत्र : राजा किसी भी व्यक्ति के कार्यकलापों से प्रसन्न होकर पुरुस्कार स्वरूप कोई जनपद (जागीर) आदि दे देता है, को प्रसाद लिखित पत्र कहते हैं।[32] (आज–कल भी यह परंपरा प्रचलन मे है, अद्भुत वीरता, शौर्य, उदभट विद्ववत्ता, खेल–कूद में विशेष उपलब्धि पर इस प्रकार के आदेश जारी होते हैं।) समकालीन भारत में अदभुत वीरता और शौर्य के लिए परमवीर चक्र आदि–आदि, खेल के लिए अर्जुन पुरुस्कार तथा विद्ववत्ता के लिए पदम श्री, पदम विभूषण आदि–आदि पुरुस्कार दिये जाते हैं।[32A]
6. भोग पत्र : जिस पत्र में यह लिखकर दिया जाए कि 'तुम इसका उपभोग करो' उसे भोग पत्र कहते हैं।[33] समकालीन भारत में यह पट्टे के रूप में जाना जाता है तथा संपत्ति (अंतरण) हस्तांतरण अधिनियम 1882 की धारा 105 के अंतर्गत परिभाषित है।[33A]
7. करदीकृत पत्र : माल गुजारी वसूल करने के सम्बन्ध में जारी किए गए पत्र को

'करदीकृत' पत्रक कहा जाता है।[34]वर्तमान में यह भारत के प्रत्येक राज्य में प्रचलित भूराजस्व संहिता के अंतर्गत परिभाषित है।

8. उपायनीकृत पत्र : उपहार स्वरूप जो संपत्ति दी जाती है उससे संबन्धित जो पत्र जारी किया जाता है, को उपायनीकृत पत्र कहते हैं।[35] वर्तमान भारत में संपत्ति (अंतरण) हस्तांतरण अधिनियम 1882 की धारा 122 के अंतर्गत परिभाषित हैं।[35A]
9. पुरुषावधिक पत्र : किसी भी संपत्ति आदि का जब एक से अधिक लोगों को उपभोग करने के लिए जो पत्र जारी किया जाता है उसे 'पुरुषावधिक पत्र' कहते हैं।[36] वर्तमान में यह भारतीय न्यास अधिनियम 1882 के अंतर्गत वर्णित है।[36A]
10. कालावधिक पत्र : जिस पत्र में किसी भी कार्य या अधिकार आदि से संबन्धित 'काल' या समय सीमा का निर्धारण करके पत्र दिया जावे उसे 'कालावधिक पत्र' कहते हैं।[37] वर्तमान में से मुख्तारनामा/प्राधिकार पत्र कहते हैं।[37A]
11. विभाग पत्र : स्वेच्छा से भाइयों के मध्य बंटवारे संबन्धी पत्र को भागलेख/विभाग पत्र कहते हैं।[38] वर्तमान में यह पारिवारिक बटवारा के नाम से जाना जाता है और इससे संबंधित कोई विधि प्रचलन में नही है यह आपसी समझ पर आधारित है।[38A]
12. धर्म पत्र : घर, धरती, आदि किसी को देकर सार्वजनिक रूप से यदि यह घोषित कर दिया जावे कि यह अन्हार्य है तो उसे धर्म पत्र कहते हैं।[39] वर्तमान में यह भारतीय न्यास अधिनियम 1882 में सार्वजनिक न्यास के अंतर्गत वर्णित है।[39A]
13. क्रय पत्र : घर, जमीन आदि का उचित मूल्य देकर जो खरीददारी होती है, उसके लिए जो प्रामाणिक दस्तावेज तैयार किया जाता है उसे 'क्रय पत्र' कहते हैं।[40] वर्तमान में यह संपत्ति (अंतरण) हस्तांतरण अधिनियम 1882 की धारा 54 के अंतर्गत वर्णित है [40A]
14. सादि लेख पत्र : चल–अचल संपत्ति को रेहन रखकर 'यह रक्षणीय एवं उपभोग्य है' इस तरह की शर्त के साथ जो अनुबन्ध पत्र लिखा जाता है, उसे 'सादिलेख पत्र' कहते हैं।[41] वर्तमान में संपत्ति (अंतरण) हस्तांतरण अधिनियम 1882 की धारा 58 के अंतर्गत अचल संपत्ति से संबंधित रेहन को बंधक कहते है ।[41] इसी प्रकार भारतीय संविदा अधिनियम 1872 की धारा 172 के अंतर्गत इसे चल संपत्ति के रेहन को गिरवी कहते हैं।[41B]
15. संवित्लेख्य पत्र : ग्रामीण एवं नगरिक एक साथ मिलकर प्रशासन के सहयोगी धर्म की रक्षा के लिए जो प्रतिज्ञा – पत्र (उवन) लिखते हैं, उसे 'संवित्लेख्य' कहा जाता है।[42] (आजकल प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप संवित्लेख्य –पत्र का ही आधुनिक रूप है।)
16. ऋण पत्र : सूद की शर्त पर रुपये उधार लेकर गवाही के साथ अपने हाथ से लिखे या किसी से लिखवाए पत्र को विद्वान लोग 'ऋण – पत्र' कहते हैं।[43] वर्तमान में परक्राम्य विलेख अधिनियम 1881 की धारा 4 के अंतर्गत यह वचन पत्र के रूप में प्रचलित है।[43A]
17. शुद्धि पत्र : लगाए गए अभियोग को प्रमाणित न होने पर प्रायश्चित कर चुकने के बाद गवाह के हस्ताक्षर युक्त जो अभियोग मुक्ति प्रमाण – पत्र मिलता है उसे 'शुद्धि पत्र' कहते

है।[44]

18. सामयिक लेख पत्र : कुछ उद्योगपति अपने धन का हिस्सा लगाकर भागीदार के रूप में कोई उद्योग चलाने के लिए संवित पत्र तैयार करते है उसे –'सामयिक लेखपत्र' कहते है।[45](वर्तमान में शेयर होल्डिंग प्रक्रिया के रूप में यह प्रचलन में हैं।) वर्तमान में यह भारतीय भागीदारी अधिनियम 1932 की धारा 4 के अंतर्गत वर्णित है।[45A]
19. सम्मित संज्ञक पत्र : शिष्ट नागरिक, पदाधिकारी वर्ग, अमात्यादि प्रधान पुरूषों एंव पार्षदों के द्वारा लिए गए अप्रदर्शित निर्णय यदि वादियों को मान्य हों तो उस संबन्ध के लेख पत्र को 'सम्मित संज्ञक पत्र' कहते हैं।[46] वर्तमान में यह शासकीय गुप्त बात अधिनियम 1923 के अंतर्गत वर्णित हैं।[46A]
20. क्षेम पत्र : जिस पत्र में संपूर्ण समाचार से संबंधित ब्यौरा, हमेशा स्वस्ति या मंगल सूचक शब्दों से प्रारंभ करके प्रश्नोत्तर युक्त असंदिग्ध, स्पष्ट अर्थ वाले तथा साफ एवं सुडोल अक्षरों वाले हस्तान्तरित होने से बचने के लिए अपने या दूसरों के पिता आदि के नामों से युक्त एक; दो या बहुवचनों से प्रशस्ति युक्त काम को सही ढंग से सूचित करने वाला, वर्ण, मास, पक्ष, दिन, नाम तथा जाति बोधक शब्दों से चिन्हित, सुसंगत, यथायोग्य प्रणाम या आशीर्वाद युक्त, स्वामी एवं सेवक के बीच परस्पर सेवा से संबन्धित पत्र को 'क्षेमपत्र' कहते हैं।[47] (वर्तमान में स्पीकिंग लेटर इसी श्रेणी में आता हैं।)
21. भाषा पत्र/अभियोग पत्र/वेदनार्थक पत्र : उपर्युक्त समस्त गुणों से वर्णित लेखक की मनोव्यथाओं को व्यक्त करने वाले पत्र को 'भाषापत्र/अभियोग पत्र/वेदनार्थक' पत्र कहते है।[48]

शुक्र के विचारों की समकालीन परिस्थितियों में उपादेयता

यद्यपि शुक्रनीति का प्रणयन आज से लगभग 2600 वर्ष पूर्व हुआ था तथापि उसमें सुशासन से संबंधित जो सूत्र उपलब्ध हैं वे आज भी उतने ही प्रासंगिक है जितने तब थे। यथा जय–पत्र (डिक्री), आज्ञा–पत्र (चार्टर), शासन–पत्र (जी.ओ.), प्रसाद–लिखित पत्र जिनके माध्यम से पुरूस्कार आदि की घोषणा की जाती है) सामयिक पत्र (शेयर आदि से संबंधित) क्षेम–पत्र (समझौता पत्र, एग्रीमेंट आदि) उसी प्रकार प्रचलन में है जिस प्रकार से शुक्रनीति के प्रणयन के काल में थे। नोटशीट पर लेखन के द्वारा संबंधित अधिकारी की जवाबदेही भी आज सर्वविदित है। राजा से लेकर प्राथमिक स्तर तक नोटशीट प्रस्तोता के विषय में जिस प्रकार से शुक्र ने क्रमतय किया है वह भी आज के परिप्रेक्ष्य में न केवल अनुकरणीय है बल्कि यह जवाबदेही भी सुनिश्चित करता है। इस प्रकार एक पारदर्शी शासन व्यवस्था जो कि सुशासन का आधारभूत आयाम है,को लागू करने में शुक्र के सिद्धान्त/सूत्र आज भी समीचीन प्रतीत होते हैं। नोटशीट लेखन, को वे पर्याप्त नहीं मानते बल्कि उसकी पूर्णता वे तब मानते है जब तक कि उसके आधार पर पत्र का लेखन, वितरण, कार्यालयीन संग्रहण आदिन हो जाये। यानि, वर्तमान में कोई भी कार्यवाही जब तक सार्वजनिक परिक्षेत्र में न जावे तब तक उसका पूर्ण होना नहीं माना जाता, इसी प्रकार की व्यवस्था होने की वे बात करते हैं। शासकीय क्रियाकलापों से संबंधित अभिलेखों को वे

सार्वजनिक करने की बात करते है, बशर्ते वे अत्यंत गोपनीय नहीं हैं।

इस प्रकार शुक्रनीति के अध्ययन के उपरांत यह दृष्टिगत होता है कि शुक्र के द्वारा लिख गया ग्रंथ सुशासन के दृष्टिकोण से लिखा गया सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ कहा सकता हैं क्योंकि यह ग्रन्थ उन्हीं मुद्दों पर प्रकाश डाल रहा हैं जिन मुद्दों पर आजकल सुशासन पर लिखी गई पुस्तकें प्रकाश डाल रहीं है और स्मार्ट (SMART) सरकारों की बातें कर रही है। ये बतें न केवल आज की जा रही हैं बल्कि आज से डेढ़–दो सौ वर्ष पूर्व भी अंग्रेज इन बातों को भारत के ग्रन्थों से सीख कर उनके आधार पर व्यवहार करने की प्रयास करते प्रतीत होते हैं। मैंने जो उद्धरण तुलनात्मक दृष्टिकोण से दिए हैं, वे 1871, 1882, 1923 के हैं। यह वह समय हैं जब अंग्रेजों ने संस्कृत साहित्य को न केवल पूर्ण रूपेण पढ़ लिया था बल्कि उसका उन्होंने यूरोप की कई भाषाओं में अनुवाद भी कर लिया था।[49] भारतीय ज्ञान के प्रति ललक जगाने का कार्य सर्वप्रथम ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया कंपनी के कलकत्ता स्थित सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सर विलियम जोन्स थे, जो 1783 में भारत आए और लगभग 10 वर्ष तक भारत में रहे; उन्होंने न केवल संस्कृत ग्रन्थों का अनुवाद किया बल्कि स्वयं भी संस्कृत व्याकरण का अध्ययन किया तथा इस कार्य को करने के लिए 'रॉयल एशियाटिक सोसायटी ऑफ बंगाल' की स्थापना भी 1784 में की। वारेन हेस्टिंग्स भारत के गवर्नर जनरल को इसका अध्यक्ष और स्वयं को उपाध्यक्ष बनाया। वे न केवल भारत के साहित्य से प्रभावित थे, बल्कि 'मनुस्मृति' को वे नाय की दृष्टि से लिखा गया एक श्रेष्ठ ग्रंथ मानते थे और यही कारण था कि उन्होंने इसका 'इंस्टीट्यूट्स ऑफ हिन्दू लॉ' के नाम से अंग्रेजी भाषा में अनुवाद भी किया। इस प्रकार से जब यूरोप के क्रमिक विकास का हम अध्ययन करते हैं तो यह ध्यान में आता है कि जैसे–जैसे संस्कृत वांग्मय का यूरोपीय भाषाओं में अनुवाद होता जा रहा है वैसे–वैसे ही यूरोप में उनका प्रभाव दृष्टिगोचर होता जा रहा है। इसी बात को विल ड्यूरण्ट अपनी 1935 में लिखी गई पुस्तक 'केस फॉर इंडिया' जिसका पुनर्मुद्रण 2111 में हुआ स्पष्ट रूप से लिखते हैं कि "भारत माता अनेक रूपों में हम सब की माँ है।"[50] किन्तु अंग्रेजो के व्याहमोह में पढ़कर इसने अपने अपार श्रेष्ठ साहित्य को दुर्लक्ष्य किया और विश्व के पिछलग्गू बन गए है। संपूर्ण विश्व ने हमसे सीखा और आज इन अपना खोया हुआ ज्ञान ही शेष विश्व से प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं। यह शोध पत्र इसी दिशा में किया गया एक लघुतम प्रयास है।

सन्दर्भ ग्रंथ

1. शुक्रनीति सार– डॉ. जगदीश चंद्र मिश्र का भाष्य, चौखम्बा प्रकाशन, वाराणसी, वर्ष–2009, पृष्ठ–10
2. महाभारत
3. शुक्रनीति, तदैव, पृष्ठ–12
4. दशावतार का उल्लेख संस्कृत साहित्य में है और उनमें से कई अवतारों के अवतरित होने का कारण जनसामान्य का कल्याण ही है।

4[A] ई–वायुनंदन तथा डॉली मैथ्यु द्वारा संपादित, गुड गवर्नेन्स इनिशिएटिव्स इन इण्डिया : प्रेन्टिस हाल ऑफ इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड नई दिल्ली, 2003, पृष्ठ–17

4[B] ई–वायुनंदन तथा डॉली मैथ्यु द्वारा संपादित, गुड गवर्नेन्स इनिशिएटिव्स इन इण्डिया : प्रेन्टिस हाल ऑफ इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड नई दिल्ली, 2003, पृष्ठ–8

5. शुक्रनीति 2/360
6. तदैव– 2/361
7. तदैव– 2/361
8. तदैव– 2/362
9. तदैव– 2/363
10. वाल्मीकि रामायण, गीताप्रेस गोरखपुर, 1/7/3.
11. शुक्रनीति– 2/364
12. कौटिल्यीय अर्थशास्त्र
13. शुक्रनीति 2/315
14. तदैव
15. तदैव–2/366
16. तदैव 2/367
17. तदैव 2/368
18. तदैव 2/369
19. तदैव 2/290
20. तदैव 2/291
21. तदैव 2/292
22. तदैव 2/293
23. सन्दर्भ देना है।
24. शुक्रनीति–2/294–95
25. तदैव –2/296
26. तदैव –2/297
27. तदैव –2/298
28. तदैव –2/299

28[A] धारा 2 (2) सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908

29. तदैव –2/300
30. तदैव –2/301
31. तदैव –2/302

32. तदैव –2/303

32[A] अनुच्छेद 18, भारत का संविधान

33. तदैव –2/304

33[A] धारा 105, संपत्ति अंतरण अधिनियम, 1882

34. तदैव
35. तदैव

35[A] धारा 122, संपत्ति अंतरण अधिनियम, 1882

36. तदैव

36[A] भारतीय न्यास अधिनियम 1882

37. तदैव

37[A] मुख्तारनामा अधिनियम, 1882

38. तदैव –2/305

38[A] त्रिपाठी, जी.पी. संपत्ति अंतरण अधिनियम, 1882

39. तदैव –2/306

39[A] भारतीय न्यास अधिनियम, 1882

40. तदैव –2/307

40[A] धारा 54 संपत्ति अंतरण अधिनियम, 1882

41. तदैव –2/308

41[A] धारा 58, संपत्ति अंतरण अधिनियम, 1882

41[B] धारा 72, भारतीय संविदा अधिनियम 1872

43. तदैव –2/310

43[A] धारा 4, भारतीय परक्राम्य लेख अधिनियम 1881

44. तदैव –2/311
45. तदैव –2/312

45[A] धारा 4, भारतीय भागीदारी अधिनियम 1932

46. तदैव –2/313

46[A] शासकीय गुप्त बात अधिनियम 1923

47. तदैव –2/314
48. तदैव –2/315
49. ए.एल.बाशम, अद्भुत भारत, शिवलाल अग्रवाल एण्ड कंपनी, आगरा, पृष्ठ–4–5।
50. विन्ड ड्यूरण्ट, 'केस फॉर इण्डिया' स्ट्राण्ड बुक स्टॉल मुंबई, 2011, पृष्ठ–3

शोध मंथन, Impact Factor 6.725 (SJIF), UGC No. 40908 ISSN: (P): 0976-5255 (e): 2454-339X
Vol. X, No.II, pp (855-365) April - June 2019

शुक्रनीति में वर्णित सुशासन के सूत्र: समकालीन शासन/प्रशासन के विशेष संदर्भ में

पवन कुमार शर्मा
आचार्य, राजनीति विज्ञान विभाग,
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ (उ0प्र0),
Email: pawansharmaccs57@gmail.com

सारांश

प्राचीन भारत का समस्त ज्ञान वेदों, स्मृतियों, संहिताओं, उपनिषदों, आरण्यकों, सूत्रों, पुराणों, महाकाव्यों एवं नीतियों आदि के रूप में प्राप्त होता है। ये ग्रन्थ या तो किसी एक ऋषि या आचार्य के द्वारा लिखे गये थे या फिर विचार परंपरा (School of Thought) के वाहकों के द्वारा, जो भी हो इन सभी में राज्योपयोगी एवं जीवनोपयोगी अथाह सामग्री उपलब्ध है। यद्यपि इनके काल निर्धारण में कुछ विद्वानों को समस्या हो सकती है, क्योंकि ये विद्वान भारतीय ज्ञान परंपरा से या तो परिचित नहीं हैं या उसे पाश्चात्य की तुलना में कमतर आकते हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा में काल, व्यक्ति आदि से महत्वपूर्ण ग्रन्थ की विशय वस्तु एवं समाज की आवश्यकता की पूर्ति होती थी, उसी के दृष्टिगत विद्वान स्वयं अपने नाम तथा कालादि पर कम बल देते थे। इसलिए पाश्चात्य विद्वान या पश्चिम परक विद्वान भ्रमित हो जाते हैं। किन्तु भारत की 'चिति' को समझने वाले अध्येता इस भ्रम से परे रहकर विषय वस्तु को महत्व देते हैं। यही कारण है कि यहाँ पर ज्ञान महत्वपूर्ण है समय, नामादि नहीं।

प्रस्तावना

संस्कृत वांग्मय में उदभट्नीतिकार शुक्र की कृति का नाम बहुत ही सम्मान से लिया जाता है। इसमें कुल पांच अध्याय तथा दो हजार चार सौ चौवन श्लोक हैं। पश्चिमी विद्वान इसके काल को लेकर थोड़ा ऊहापोह में हैं किन्तु भारतीय विद्वान शुक्रनीति को लगभग 2600 वर्षो से अधिक प्राचीन मानते हैं और इसके उनके पास पर्याप्त प्रमाण हैं।[1] यद्यपि इसका उल्लेख महाभारत में भी आया है; महाभारत में उल्लेख आने के कारण इसका काल खण्ड लगभग 5 हजार वर्ष से अधिक हो जाता है।[2] मीमांसकों के द्वारा यह पाणिनी के काल से पूर्व की है; इस आधार पर भी इसका काल खण्ड 2600 वर्ष से अधिक का हो जाता है।[3] जो भी हो, शुक्रनीति के अध्ययन से अनेक विषयों, जोकि प्राचीन भारत में प्रचलन में थे और सुशासन के लिए राजा को उनका उपयोग करना चाहिए, पर शुक्रनीति में शुक्र ने विस्तार से प्रकाश डाला है। यद्यपि भारतीय मान्यता के आधार पर ये वही शुक्र हैं जो दानवों के गुरू थे और जिन्होने येन-केन-प्रकारेण अपने शिष्यों को स्वर्ग का न केवल अधिपति बनवाया बल्कि देवताओं को अपनी औशनस नीति

के द्वारा लम्बे समय तक प्रताड़ित भी किये रखा, इस प्रताड़ना से मनुष्य और देवों की मुक्ति के लिए भगवान को पृथ्वी पर मनुष्य के रूप में समय–समय पर अवतरित होना पड़ा।[4] तथापि, इसमें अभी और अधिक अनुसंधान की आवश्यकता है जिससे यह स्पष्ट हो सके कि शुक्रनीतिसार दानव गुरू भृगुवंशी शुक्राचार्य द्वारा प्रणीत है या उनकी विचार परंपरा के अध्येताओं द्वारा उसका संकलन किया गया है। अस्तु।

भारत में सुशासन की अवधारणा प्राचीन संस्कृत साहित्य में बहुतायत में देखने को मिलती है। रामायण, कौटिल्यीय अर्थशास्त्र, महाभारत का शान्तिपर्व एवं सभापर्व तथा जाँगाक्षी स्मृति आदि प्रमुख हैं। इन सभी ग्रन्थों में सुशासन पर कहीं सूत्र रूप में और यही पर विस्तृत उल्लेख देखने को मिलता है। किन्तु शुक्रनीति में इन सभी ग्रन्थों से थोड़ा अलग सुशासन की अवधारणा पर विस्तृत प्रकाश डाला गया है, जिसमें पारदर्शिता के सिद्धान्त को इसका मुख्य आधार माना गया है और इसके लिए शासकीय लेख–पत्रों की (नोट शीट्स) की परंपरा के निर्वहन पर स्तत् बल दिया गया है। प्राचीन भारत में जब आज जैसे इलेक्ट्रॉनिक संसाधन नहीं थे तब शासकीय लेखपत्र ही सुशासन के प्रधान अवलंबन थे जिनके माध्यम से न केवल विषय–वस्तु की सत्यता से अवगत हुआ जा सकता था बल्कि पारदर्शिता का भी पूर्ण परिचय प्राप्त होता था, जिसके आधार पर उत्तरदायित्व और जवाबदेही सुनिश्चित होती थी। स्मल नोट शीट्स की महत्ता का अनुमान प्राचीनकाल और वर्तमान में भी इससे लगाया जा सकता है कि उस पर जो भी टिप्पणी संबंधित अधिकारी ने कर दी उसको किसी भी अधिकारी के द्वारा पलटना या उसको नकारना आसान कार्य नहीं होता। शुक्र के काल से लेकर आज तक शासकीय लेख–पत्र का महत्व यथावत बना हुआ है। इसी बात को दृष्टिगत रखकर लोक कल्याण के लिए विश्व बैंक ने जो दस्तावेज 'गवर्नेस एन्ड डेवलेपमेन्ट' (1992) के नाम से जारी किया, वह भी सुशासन का अर्थ कुछ इसी प्रकार बताता है।अतः विश्व बैंक के अनुसार, 'वह व्यवस्था/विधि, जिसमें शक्तियों का उपयोग किसी देश के आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए किया जाता है, सुशासन कहलाता है।'[4A]

उपर्युक्त परिभाषा के आधार पर शुक्रनीति में उल्लिखित सूत्रों के अध्ययन से सुशासन की अवधारणा का स्पष्टतः न केवल अनुभव होता है बल्कि उसकी महत्ता का भी प्रतिपादन होता है।

प्रस्तुत शोध–पत्र में शुक्राचार्य द्वारा प्रणीत विभिन्न विचारों में से उत्तरदायी शासन, के सूत्रों पर प्रकाश डाला जाएगा। समकालीन सुशासन के दृष्टिकोण से जो 'SMART सिम्पल, मॉरल, एकाउंटेबल, रिसपॉन्सिबल ट्रांसपरेन्ट,) का संक्षिप्तीकरण प्रचलन में है[4B] उसी को शुक्राचार्य आज से हजारों साल पूर्व भी शासन के द्वारा अनिवार्य रूप से प्रचलन में लाकर शासन को उत्तरदायी बनाने की पहल करते हैं। शुक्राचार्य के सूत्र आज भी सुशासन के दृष्टिकोण से शासन/प्रशासन में प्रयुक्त होते हैं किंतु हमें उसका भान नहीं है क्योंकि हमने शुक्रनीति का अध्ययन इस दृष्टिकोण से किया ही नहीं है। प्रस्तुत शोध पत्र में, न केवल शुक्रनीति में वर्णित सूत्रों पर प्रकाश डालूंगा बल्कि समकालीन भारत में सूत्र किस प्रकार अधिनियम, अनुच्छेद

(संविधान के) धारा के रूप में प्रचलित हैं, भी प्रस्तुत करने का प्रयास करूंगा यही इस शोधपत्र का प्रमुख उद्देश्य है।

नोटशीट लेखन की परंपरा

शुक्रनीति के द्वितीय अध्याय में विस्तार से इस विषय पर प्रकाश डाला गया है कि टिप्पणी पत्र (Note sheet) को कैसे लिखें। शासकीय कार्य में तथा उत्तरदायी शासन के लिए इसका सर्वाधिक महत्व होता है। इसी को दृष्टिगत रखकर शुक्र लिखते हैं" थोड़ा या ज्यादा विषयानुसार लेख लिखने के लिए लम्बे कागज के ऊपर उसे चार भागों में विभाजित करके उसके तीन भाग के भीतर आधे या चौथाई हिस्से में आड़ी–तिरछी लकीरों की पंक्ति बनाकर पत्र लिखना चाहिए।[5] इस श्लोक के माध्यम से नोटशीट का उपयोग कैसे करें उस पर प्रकाश डाला गया है। फिर आगे नोटशीट लेखन के गुण–दोषों का उल्लेख करते हैं–यथा" पूर्व कथित तीन तरह की पदावलियों में जो पत्र बांए से दाहिनी ओर भीतर तीन भागों में लिखा जावे, वह श्रेष्ठ होता है। इसके विपरीत दाएं से बाएं की ओर तीन भागों में जो पत्र लिखा होता है वह मध्यम श्रेणी का होता है तथा अर्द्धांश में लेख गया पत्र मध्यम से भी कमतरतथा चतुर्थांश में लिखा गया अधम कोटि का माना गया है।[6] पत्र लेखन के विभाजन को देखकर लगता है कि शुक्र नियमानुसार पत्र के अधिकतम उपयोग को महत्व देते हैं वे आगे लिखते हैं कि पत्र (नोटशीट) सुन्दर एवं सुपाठ्य हो तथा अक्षरों का संयोजन आकर्षक हो।[7] यानि, नोटशीट का आरंभ इस प्रकार से किया गया है कि राजा उसको पढ़कर विषय को समझ लेवे तथा उस पर विचार कर लेखानुसार (जैसा विषय नोटशीट पर अंकित है) जैसा चाहे वैसा अपना अभिमत उस पर दे।[8] तदोपरान्त पत्र पर (नोटशीट, मन्त्री, विधिवेत्ता विद्वान, राजप्रतिनिधि अपना–अपना अभिमत लिखने के बाद ही राजा के सामने उस पत्र (नोटशीट, को उपस्थित करें।[9] यानि, मन्त्री, विधिवेत्ता, विद्वान तथा राजप्रतिनिधि सभी के लिए यह अनिवार्य है कि वे उस पर अपनी–अपनी योग्यतानुसार, दायित्वानुसार अभिमत दें, जिससे पत्र के पढ कर राजा उस पर निर्णय ले सके। इस श्लोक के प्रकाश में यह ध्यान में आता है कि राजा के सहयोगियों में से भी कोई भी पद या व्यक्ति ऐसा नहीं है जो अपने उत्तरदायित्व से बच पावे। मन्त्री अपने ज्ञान कौशल के आधार पर, विधिवेत्ता विधि सम्मत, विद्वान (जिन्होने विषयों को व्यवस्थित रूप से समझा है और विशेषज्ञता अर्जित की है उस के अनुसार टीप देवें। हो सकता है वह टीप पूर्व टीपों से भिन्न हो किन्तु विशेषज्ञ का मत सर्वाधिक महत्वपूर्ण होता है।) तदोपरान्त राजप्रतिनिधि राज्य के हितानुसार टीप देवें और इन समस्त टीपों को दृष्टिगत रखकर राजा धर्म सम्मत निर्णय ले। इस प्रकार से वरिष्ठता के क्रम से दायित्व में भी वृद्धि हो रही है और वह पत्र पर टीप के रूप में उपस्थित भी है। इस प्रकार से शुक्र आज से हजारों वर्ष पूर्व उत्तरदायी शासन/प्रशासन की न केवल बात करते हैं बल्कि वह व्यवहारिक रूप से प्रचलन में कैसे आवे इस पर भी प्रकाश डालते हैं। वे लिखते हैं कि सर्व प्रथम अमात्य के द्वारा यह लेखा जावे कि 'यह लेख यानि टिप्पणी अच्छी है' फिर उस पर सुमन्त्र (यानि मंत्रियों में भी श्रेष्ठ मंत्री जिसकी मन्त्रणा शुभ हो)[10]लिखे कि "मैंने इस पर भलीभांति विचार किया है।"[11] सुमन्त्र अपने विचार से भी अवगत करावे कि उसका विचार इस

लेख के विषय में क्या है। अमात्य से अभिप्राय सचिव से है। कौटिल्य इसकी व्याख्या करते हैं। वे लिखते है कि क्रम मे अमात्य फिर महामात्य तदोपरान्त मंत्री आता है।[12] सुमन्त्र के बाद पत्र प्रधान के सम्मुख जाता है और प्रधान वस्तुतः यह यथार्थ है, ऐसा लिखे।[13] प्रधान के ऐसा लिखने से यह प्रतीत होता है कि पत्र पर जो टीप नीचे से लिखकर आ रही हैं उनका यथार्थ होना आवश्यक ही है; तभी तो प्रधान उस पर यथार्थ है की टीप लिख रहे हैं। इस प्रकार प्रत्येक स्तर पर उत्तरदायित्व सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रधान के बाद पत्र राजप्रतिनिधि के सम्मुख उसका मंतव्य जानने के लिए जाता है। राजप्रतिनिधि के लिए भी शुक्र इसी प्रकार का प्रावधान करते हैं कि वह भी इस पर 'यह स्वीकार करने योग्य है' ऐसा लिखे।[14] शुक्र राजकुमार से भी यही अपेक्षा करते हैं कि वह भी यही लिखे कि 'यह लेख स्वीकार करने योग्य है' और इसके बाद पुरोहित भी इस पर अपनी स्वीकृति देवे।[15] यह भी अनिवार्य है कि सभी दायित्ववान पत्र पर अपनी मुहर लगावें और तदोपरांत पत्र राजा के सम्मुख जावे और राजा उस पर 'यह मुझे स्वीकृत है' लिख कर अपनी मुहर लगावे।[16] इस प्रकार प्रथम अवस्था में सभी चरणों से होता हुआ पत्र राजा तक पहुंचता है तथा सभी उस का अवलोकन करके उत्तरदायी भूमिका का निर्वहन करें ऐसा प्रावधान शुक्र देते हैं किन्तु कई बार कार्याधिक्य के कारण पूरा पत्र राजा के द्वारा या वरीयता क्रम में जो पद सोपान में वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा पढा जाना संभव प्रतीत नही होता है; ऐसी अवस्था में शुक्र प्रशासन को जिम्मेदार बनना सिखाते हैं यह उनके सुशासन का द्वितीय चरण है।

द्वितीय चरण में वे लिखते हैं कि जहां से पत्र प्रस्तुत किया जाता है वहाँ से पत्र पर लिखा जावें कि "दूसरे महत्वपूर्ण कार्यों (यानि इस पत्र के पठन–पाठन से अधिक महत्वपूर्ण) में व्यस्त रहने के कारण युवराज प्रभृति पत्र के लेख के संपूर्ण विषयों को नहीं पढ़ सके, अतः इस लेख के संपूर्ण विषय का ठीक से अवलोकन किया है।"[17] इस टीप को पढ़ने के बाद मन्त्रीगण भी उस पत्र पर अपनी मुहर लगा दें और इसी क्रम का निर्वहन राजा भी करे।[18] कार्याधिक्य के कारण कार्य में विलम्ब न हो इसलिए शुक्र इस 'जिम्मेदारी पूर्ण व्यवस्था' का प्रावधान द्वितीय चरण में करते हैं।

तृतीय चरण–पत्रों का निर्गतीकरण

शुक्र पत्र पर टीप–टिप्पणी के उपरांत कार्यों के क्रियान्वयन के लिए पत्रों के निर्गत करने की बात करते हैं तथा प्रत्येक आदेश के लिए यह अनिवार्य करते हैं कि उस के लिए राजा के द्वारा न केवल नोटशीट पर अनुमति दी जावे बल्कि उसके लिए पत्र भी निर्गत हों। इन पत्रों के सम्बंध में भी शुक्र विस्तार से चर्चा करते हैं। इस प्रकार के पत्र शुक्र नीति में कुल 21 हैं। पत्रों का निर्गत होना शुक्र अत्यधिक अनिवार्य मानते हैं। वे स्पष्ट रूप से व्यवस्था करते हैं कि "राजा के लिखित आदेश के बिना किसी भी राजकर्मचारी को कोई काम नहीं करना चाहिए। राजा भी लिखित आदेश के बिना किसी भी कर्मचारी से कोई छोटा या बड़ा काम करने को न कहे।"[19] वह ऐसा करना अनिवार्य इसलिए करते हैं जिससे शासन/प्रशासन व्यवस्थित रूप से चले। क्योंकि उनका मानना है कि "भूल मनुष्य का स्वभाव है; भ्रम न हो इसके लिए लेख बहुत बड़ा प्रमाण होता है। अतः जो राजा अलिखित आदेश देता है तथा जो सेवक बिना लिखित

राजाज्ञा के ही राजकाज करता है वे दोनों (राजा और कर्मचारी) चोर हैं।"[20] शुक्र की यह व्यवस्था न केवल राजा और कर्मचारी को एक व्यवस्था के अन्तर्गत लाने का प्रयत्न करती है बल्कि भारतीय परिप्रेक्ष्य में संप्रभुता राजा के पास नही अपितु संप्रभुता का स्वामी 'परम पिता परमात्मा' है की ओर भी इंगित करती है। राजा तो मात्र उनका पालक और संरक्षक मात्र हैं इसलिए अगले श्लोक में वे स्पष्ट रूप से लिखते हैं कि "राजा की मुहर लगा आदेश पत्र ही असली राजा है। केवल राजा ही राजा नहीं होता है।"[21] क्योंकि, यदि मात्र राजा ने कोई आदेश दे दिया तो वह राजा का व्यक्तिगत निर्णय हो सकता हैं किंतु यदि उस पर मुहर लगी है तो निश्चित ही वह प्रशासन के विभिन्न चरणों से होकर राजा के सम्मुख आता है जिसमें संपूर्ण पारदर्शिता है। विभिन्न चरणों से होकर आने के कारण उस पर विभिन्न प्रकार के अभिमत भी अंकित होते हैं जिनके प्रकाश में राजा उचित निर्णय लेने में सक्षम होता है और यदि अभिमत राजा सम्मत, विधि सम्मत, लोक सम्मत तथा धर्म सम्मत है तो उस के हस्ताक्षर कर के मुहर लगाने में कोई असुविधा नहीं होती। इस प्रकार से शासन में पारदर्शिता के तत्व स्पष्ट रूप से परिलक्षित होते हैं।

राज आज्ञाओं की स्थिति पर भी शुक्र प्रकाश डालते हुए लिखते हैं कि राजा की मुहर लगी राजाज्ञा परमोत्कृष्ट होती है। (क्योंकि विभिन्न चरणों से होकर आने के कारण इस पर सभी की सम्मति होती है।) मुहर सहित राजा के हस्ताक्षर युक्त राज निर्देश उत्तम कोटि का है। (यहां पर शुक्र यह स्पष्ट करते हैं कि राजाज्ञा यानि समस्त चरणों से होकर संपन्न होने वाली प्रक्रिया है, इसलिए वह सर्वोत्तम है क्योंकि उस पर किसी का विरोध या असहमति नहीं हैं, किंतु जो मुहररहित है राजाज्ञा नहीं अपितु राजा का निर्देश है क्योंकि वह व्यक्तिगत है अभी राजा की समस्त व्यवस्थाओं या प्रक्रियाओं द्वारा उसे मान्य नहीं किया गया है आज की व्यवस्था के अनुसार कहें तो वह गजेटेड नहीं हैं इसीलिए वह उत्तम कही गई है क्योंकि उसके बने रहने में संशय विद्यमान हैं) मंत्रियों का आदेश मध्यम कोटि में आता है। क्योंकि उसे भी अभी विभिन्न चरणों का सामना करते हुए परमोत्कृष्ट अवस्था तक जाना हैं। पुरवासियों (यानि पुर में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी) का आदेश अधम कोटि का है। (क्योंकि वह कभी भी उच्च स्तर के आदेश पर निरस्त करने योग्य है।)[22]

शुक्र न केवल कार्य का निर्धारण करते हैं, बल्कि कार्य व्यवस्थित हो तथा सभी के द्वारा निर्धारित कार्य नियत समय पर हो इसकी भी व्यवस्था करते हैं। इस व्यवस्था को आधुनिक समय में 'कार्यालयीन कार्य अध्ययन' की श्रेणी में सम्मिलित किया गया है।[23] वे लिखते हैं कि "जिन–जिन कामों के लिए जिन युवराज, सचिव आदि को पदधिकारी बनाया गया हो–वे सभी क्रमशः अपने कामों का विवरण दैनिक, मासिक, वार्षिक, बहुवार्षिक रूप में लिखकर सही ढंग से (सही ढंग से अभिप्राय निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से हैं राजा के सामने देखने के लिए प्रस्तुत करें।"[24] कार्यालय प्रति को सुरक्षित रखने का भी प्रावधान देते हैं; जिससे समय पड़ने पर काम आवे। क्योंकि भूलना वे मनुष्य का स्वभाव मानते है।[25]

समस्त राज्यव्यवहार का लेखा क्यों रखा जाए? इसके लिए जहाँ वे (सुशासन), मनुष्य के व्यवहार का हवाला देते हैं वहीं वे इसके लिए विश्वास की अनुभूति की भी बात करते हैं।

आश्चर्य का विषय रहा और इसी आधार पर उन्होंने यह समझ लिया कि भारत में शासन व्यवस्थाओं का विकास ही नहीं हुआ था। संस्कृत वाङ्मय को आधार बनाकर यदि विषय का अध्ययन किया जाये तो निश्चय ही यह भ्रम दूर हो सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. विल डयूरण्ट, केस फार इण्डिया, स्प्रान्ल बुक स्टाल, मुंबई, 2011, पृ. 3
2. माक्स, एंगेल्स कलेक्टेड वक्र्स, खण्ड 12, पृष्ट 221
3. जे. डब्ल्यू. गार्नर, पालिटिकल साइन्स एण्ड गवर्नमैण्ट, पृ. 23
4. ऐतरेय ब्राह्मण - 8/14
5. अंगुत्तर निकाय- खण्ड-3, पृष्ठ-76
6. अशोक की प्रधान शिलालेख 5 और 13 (के.पी.जायसवाल की पुस्तक हिन्दू राजतन्त्र से उद्धृत)
7. महाभारत शांति पर्व-67/54 (महाभारत- टी.आर.व्यासाचार्य द्वारा संपादित-1908)
8. ऐतरेय ब्राह्मण-8/14
9. तैत्तिरीय ब्राह्मण 1/3, 2, 221
10. शुक्ल यजुर्वेद 15/13
11. ऐतरेय ब्राह्मण 8/14
12. एम. हाग का ऐतरेय ब्राह्मण की टीका, खण्ड-2, पृष्ठ 518
13. कौटिल्यीय अर्थशास्त्र, पृष्ठ 376
14. के.पी.जायसवाल हिन्दू राज तंत्र पृष्ठ-106
15. अगुत्तर निकाय-भाग 3/58-1
16. अगुत्तर निकाय-3/पृष्ठ 456
17. ऐतरेय ब्राह्मण 8/12
18. अगुत्तर निकाय-भाग 3-परिशिष्ट-456 के.पी. जायसवाल की पुस्तक से उद्धृत
19. अशोक के शिलालेख. 5, 13, के.पी. जायसवाल की पुस्तक से उद्धृत
20. कौटिल्य अर्थशास्त्र-
21. महाभारत, सभापर्व, अध्याय 31, उद्योगपर्व अध्याय 165
22. फ्लीट द्वारा संपादित गुप्त इन्सक्रिप्शन्स-परिशिष्ट-6
23. कौटिल्य का अर्थशास्त्र, 1/4, पृष्ठ 9 3-7,
    23ए महाभारत, शान्तिपर्व- अध्याय 59
24. के.पी. जायसवाल की पुस्तक हिन्दू राज तन्त्र पृष्ठ

25. डॉ. आर. भण्डारकर, सम आस्पेक्ट आफ एन्शियेण्ट हिन्दू पालिटी, पृ. 87-88
26. ऐतरेय ब्राह्मण 8/15
27. वासुदेवशरण अग्रवाल, भारत की मौलिक एकता, पृष्ठ 168
28. महाभारत आदिपर्व-105/12-21
29. महाभारत सभापर्व, 14/2
30. महाभारत सभापर्व, 14/13
31. महाभारत सभापर्व, 14/2
32. महाभारत सभापर्व, 14/6
33. महाभारत सभापर्व, 14/5
34. महाभारत सभापर्व, 14/3-4
35. विष्णुपुराण - 2/3/1- गीताप्रेस गोरखपुर-संवत् 2067-39वां संस्करण
36. वासुदेवशरण अग्रवाल, भारत की मौलिक एकता पृष्ठ 170-71
37. तदैव- पृष्ठ 171

***

29. भारत में आपदा प्रबंधन नीति का विकास

राजेंद्र कुमार पांडेय*

किसी भी देश में आपदा प्रबंधन को एक व्यवस्थित और प्रभावी स्वरुप देने में एक सुविचारित और दीर्घकालिक आपदा प्रबंधन नीति की बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। एक अच्छी आपदा प्रबंधन नीति न केवल उस देश में एक विस्तृत और सटीक आपदा प्रबंधन मशीनरी के निर्माण में मील का पत्थर साबित होती है अपितु उसके द्वारा आपदा प्रबंधन में संलगन विविध इकाइयों और कर्मियों की स्पष्ट भूमिका के निर्धारण का भी मार्ग प्रशस्त करती है। यह निसंदेह रूप से कहा जा सकता है कि पूर्व के समय में भारत समेत संसार के विभिन्न देशों में प्राकृतिक अथवा मानव निर्मित आपदाओं में हज़ारों लोगों की असमय और त्रासद मृत्यु का एक बड़ा कारण आपदा प्रबंधन नीति का सर्वथा अभाव रहा है। इसलिए द्वितीय विश्व युद्ध के उत्तरार्ध में कई अंतर्राष्ट्रीय मानवीय संगठनों द्वारा प्रत्येक देश में, विशेषकर अत्यधिक आपदा संभावित देशों में, आपदा प्रबंधन नीति के निर्माण पर बल दिया जाने लगा। इस संगठनों का मूल तर्क यह था कि प्राकृतिक अथवा मानव निर्मित आपदाएं वास्तव में व्यक्ति के प्रबंधकीय क्षमता और कौशल की परिधि से बाहर नहीं हैं।

अतः आधुनिक विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में हो रहे नित नूतन अन्वेषणों और उससे प्राप्त जानकारियों एवं यंत्रों के समुचित प्रयोग से व्यक्ति विभिन्न प्रकार की आपदाओं से होने वाली मृत्यु और संपत्ति के नुकसान को न्यूनतम तो कर ही सकता है यदि उन्हें पूर्णरूपेण रोक पाना संभव न प्रतीत होता हो। इस प्रकार की वैश्विक मुहिम के बावजूद भारत समेत संसार के अनेक देशों में लम्बे समय तक एक व्यवस्थित और व्यापक आपदा प्रबंधन नीति का विकास न हो सका। आपदा प्रबंधन नीति के निर्माण पर सरकारों का ध्यान वस्तुतः १९९० के दशक के दौरान ही गया जब संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस दशक को दशक के रूप में मनाने का प्रस्ताव पारित किया "अंतर्राष्ट्रीय प्राकृतिक आपदा न्यूनीकरण"। इस आलेख में भारत में आपदा प्रबंधन नीति की विकास यात्रा का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है।

ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य

भारत वर्ष की वैविध्यपूर्ण भौगोलिक स्थिति और जटिल जलवायु प्रणाली देश को हमेशा से ही प्राकृतिक आपदाओं की संभावना से युक्त बनाता रहा है। इसलिए यह स्वाभाविक ही माना जाना चाहिए कि प्राकृतिक आपदाओं का पर्याप्त ज्ञान और उनसे निपटने की कोई न कोई युक्ति इस देश के निवासी प्राचीनकाल से ही सोचते रहे होंगे। भौगोलिक रूप से देखने पर हमें यह ज्ञात होता है कि उत्तर में स्थित विशाल हिमालय जहाँ

* एसोसिएट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

हैं।

अत: कौटिल्य यह स्पष्ट करते हैं कि इन आपदाओं से न केवल लोगों को अपना बचाव करना चाहिए वरन राजा का भी यह पुनीत कर्त्तव्य बनता हैं कि वह अपनी प्रजा को इन आपदाओं के दुष्प्रभावों से बचाए। दूसरे शब्दों में, कौटिल्य यह स्पष्ट करते है कि लोगो को अष्ट व्यसनों के दुष्प्रभावों को बखूबी समझकर उनसे दूर रहने अथवा उनसे बचने का प्रयास करना चाहिए। उदहारण के लिए, वह लोगों पर यह दायित्व डालते हैं कि यदि उन्हें लगे कि किसी प्रकार से भी बाढ़ की संभावना बन रही हैं तो उन्हें समय रहते अपने सामन और पशुधन समेत किसी ऊँचे और सुरक्षित स्थान पर चला जाना चाहिए। साथ ही वे शासक पर भी यह दायित्व डालते हैं कि बाढ़ अथवा सूखे की स्थिति से निपटने के लिए शासक को आवश्यक खाद्य पदार्थों सहित अन्य वस्तुओं का पर्याप्त भंडार अपने पास सुरक्षित रखना चाहिए। इस तरह कौटिल्य के माध्यम से यह स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता हैं कि प्राचीन काल में भी लोग प्राकृतिक आपदाओं से भली भांति परिचित थे और उनसे समुचित बचाव या प्रबंधन हेतु विविध प्रकार के उपायों का भी उस समय प्रचलन था। यद्यपि वर्तमान समय में प्राकृतिक आपदाओं के स्वरुप और उनके प्रभावी प्रबंधन के विषय में हमें कौटिल्य के विचार कुछ अटपटे या अधूरे लग सकते हैं, तथापि यह कदापि नहीं भूलना चाहिए कि प्राचीन समय में इस प्रकार के विषयों का विशद विवेचन ही उस समय के समाज की स्पष्ट दृष्टि और कौशल का परिचायक माना जा सकता हैं।

चूँकि प्राकृतिक अथवा मानव निर्मित आपदाओं की विभीषिका इतिहास के प्रत्येक कालखंड में हुई हैं इसलिए यह स्वाभाविक ही है कि इन आपदाओं से निपटने का कोई न कोई तरीका मध्यकाल में भी तलाशा जाता रहा होगा। किन्तु उल्लेखनीय बात यह है कि जिस स्पष्टता और सुविचारित ढंग से प्राकृतिक आपदाओं से निजात पाने पर विचार प्राचीन काल में किया गया था उस प्रकार की दृष्टि का मध्यकाल में सर्वथा अभाव पाया जाता है। इसका एक कारण यह भी हो सकता है कि आपदा प्रबंधन जैसे कदाचित बोझीले और लोकोपयोगी कार्य सरकारों द्वारा तभी किया जाते हैं जब उनके अंदर शासन व्यवस्था को लोकोन्मुखी और लोक कल्याणकारी बनाने की अभिलाषा पर्याप्त रूप में विद्यमान रहती है। इस सन्दर्भ में यह कहना समीचीन रहेगा कि मध्यकाल में अकबर जैसे कुछ गिने चुने शासकों को छोड़कर अधिकतर शासकों की मनोवृति विजय अभियानों पर जाने अथवा विलासिता में रत रहने की रही है जिसके कारण आपदा प्रबंधन जैसे विषय न ही उनके ध्यान में आ पाए और फलत: न उनके शासन की प्राथमिकता बन पाए। तथापि, अकबर जैसे शासकों के समय में प्राकृतिक आपदाओं से निपटने में लोगों की सहायता करने के अनेकों दृष्टान्त इतिहासकारों ने वर्णित किये हैं जिनसे यह निष्कर्ष निकला जा सकता है कि मध्यकाल में भी आपदा प्रबंधन के कतिपय प्रयत्न लोगों और शासकों दोनों के द्वारा किये जाते रहे हैं।

जैसी स्थिति से निपटने में वे सक्षम रहें और लोगों को असमय काल कवलित होने से बचा सकें। किन्तु यह प्रशासनिक कदम न केवल सैद्धांतिक रूप से अपर्याप्त और त्रुटिपूर्ण था अपितु इसके द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों पर कोई निश्चित एवं ठोस कार्य का दायित्व नहीं सौंपा गया जिनके द्वारा वे लोगों के कष्टों का निवारण कर सकते। इससे भी अधिक सोचनीय विषय यह था कि यह फेमिन कोड केवल अकाल की विभीषिका से निपटने के लिए कल्पित था और अन्य प्राकृतिक अथवा मानव निर्मित आपदाओं से आगे भी सरकार का कोई लेना देना नहीं था। इस प्रकार औपनिवेशिक आपदा प्रबंधन का प्रयास सर्वथा निष्फल रहा। अंग्रेजी सरकार न केवल आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में किसी नीति के निर्माण में विफल रही अपितु इसने आपदा प्रबंधन को बहुत ही सतही और हल्के तरीके से लिया। फलतः अंग्रेजी शासन के दौरान अनेक प्रकार की प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाएं लोगों के जीवन क्रम को खंडित करती रहीं और सरकार हाथ पर हाथ धरे मूक दर्शक की भांति निहारती रही।

स्वातंत्र्योत्तर आपदा प्रबंधन नीति

स्वातंत्र्योत्तर काल में भी भारत में आपदा प्रबंधन नीति के विकास का क्रम सुगम नहीं रहा। इसमें कोई संदेह नहीं है कि स्वतंत्रता के पश्चात सरकार के समक्ष लोगों के आर्थिक और सामाजिक विकास की गति को द्रुतगामी और फलदायक बनाने का महती दायित्व था।साथ ही सरकार के पास आर्थिक और मानवीय संसाधनों की अपर्याप्तता के साथ साथ लोगों के भोजन, वस्त्र और आश्रय जैसी मूलभूत आवश्यकताओं को यथाशीघ्र पूरा करने का गुरुत्तर दबाव था। इसलिए आपदा प्रबंधन जैसे विषय न ही सरकार के ध्यान में आये और न ही उनकी ओर कोई विशेष प्रयास किया गया।दूसरे शब्दों में, स्वातंत्र्योत्तर काल में भी सरकार ने ब्रिटिश शासन की आपदा सहायता नीति को ही आपदा प्रबंधन का पर्याय मानना उचित समझा। इस बीच देश में आने वाली भीषण बाढ़ों और सूखों ने सरकार को विवश किया कि वो इन समस्यायों से निपटने का कोई दीर्घकालिक नहीं तो तात्कालिक उपाय ही तलाशे। फलतः, लम्बे समय तक देश में आपदा प्रबंधन के नाम पर केवल बाढ़ और सूखे की समस्या की ओर ही ध्यान दिया गया।

चूँकि 2017 तक देश में आर्थिक और सामाजिक प्रगति की दिशा को निर्देशित करने और संसाधनों के समुचित आवंटन का सर्वप्रमुख माध्यम पंचवर्षीय योजनाएं थीं, अतः अप्रत्यक्ष रूप से आपदा प्रबंधन के सूत्र विभिन्न पंचवर्षीय योजनाओं में भी देखे जा सकते हैं। इस दृष्टि से यह उल्लेखनीय हैं कि नौवीं पंचवर्षीय योजना तक सभी पंचवर्षीय योजनाओं में आपदा प्रबंधन के विषय को कृषि के विकास के साथ जोड़कर देखा गया। दूसरे शब्दों में, बाढ़ और सूखे जैसी प्राकृतिक आपदाओं को उसी सीमा तक प्रबंधकीय दृष्टिकोण से देखा गया जहां तक देश में कृषि की दशा सुधारने और खाद्यान्न के उत्पादन की अभिवृद्धि में उनकी कोई भूमिका पाई गई। अन्यथा भूकंप और समुद्री तूफान जैसी प्राकृतिक आपदाएं प्रलयंकारी होने

नीतियों को अपनाना प्राथमिकता रह सका होगा। किन्तु सबसे दुर्भाग्य की बात यह लगती है कि स्वतंतता प्राप्ति के पश्चात् भी काफी लम्बे अरसे तक आपदा प्रबंधन का विषय ही शासकीय शब्दावली का हिस्सा नहीं बन पाया और किसी आपदा प्रबंधन की बात करना तो शासकों के लिए दिवास्वप्न जैसा प्रतीत होता था। इस दृष्टि से स्वातंत्र्योत्तर भारतीय विकास की अवधारणा तथा उसके माध्यम से जन सामान्य के जीवन के जिन पहलुओं को प्राथमिकता के आधार पर ध्यान देने का चिंतन किया गया वे वस्तुतः दीर्घकालिक तो कतई नहीं प्रतीत होते है। अन्यथा प्राकृतिक आपदाओं से नियमित रूप से होने वाले भीषण नुकसानों से सरकार कैसे आँख चुरा सकती थी। परन्तु ऐसी स्थिति लम्बे समय तक देश में इस लिए बनी रह सकी कि आपदाओं को प्रकृति के अभिशाप के रूप में स्वीकार करने की जन मानस की वृत्ति को अक्षुण्ण रखा गया और इस प्रकार का आभास कराया गया कि प्राकृतिक आपदाएं शासकीय प्रबंधन की परिधि से बाहर की वस्तु हैं।

इस प्रकार के निराशावादी वातावरण में देशवासियों, विशेषकर नियमित रूप से प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं की मार झेल रहे लोगों, को अंतर्राष्ट्रीय संगठनों विशेषकर संयुक्त राष्ट्र संघ का आभारी होना चाहिए जिसने वैश्विक स्तर पर आपदाओं की बढ़ती चुनौती को समझा और उससे निपटने के लिए प्रत्येक देश की सरकार को कमर कसने के लिए प्रेरित किया। वस्तुतः भारत ही नहीं अपितु विश्व के अधिकतर देशों में आपदा प्रबंधन नीति के सृजन की समग्र प्रक्रिया नब्बे के दशक से आरम्भ होकर इक्कीसवीं शताब्दी के प्रथम दशक तक ही मूर्त रूप में आ पाई। इस दृष्टि से भारतीय प्रयास और भी शिथिल और मंद थे जिसके फलस्वरूप देश में एक व्यापक और सम्यक आपदा प्रबंधन नीति का निर्माण 2006 में फलीभूत हो पाया। तथापि इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि देर आए दुरुस्त आए। वर्तमान में यह आशा की जा सकती हैं कि एक समर्पित आपदा प्रबंधन नीति के निर्माण से देश के आपदा प्रबंधन तंत्र को एक नई दिशा मिलेगी और यह अन्तः वह आपदाओं से होने वाले जानमाल के नुकसान को न्यूनतम करने के अपने महती लक्ष्य की प्राप्ति में सफल होगा।

संदर्भ

1. डब्ल्यू. निक कार्टर, *डिजास्टर मैनेजमेंटः ए डिजास्टर मैनेजर्स हैंडबुक*, एशियाई विकास बैंक, मनीला, 1991, पृ. २६
2. राजेंद्र कुमार पांडेय, 'प्राकृतिक आपदा एवं विकास' *लोक प्रशासन*, वर्ष 3, अंक 2, जुलाई-दिसंबर, 2011, पृ. 347
3. कौटिल्य, *अर्थशास्त्र*, (आर शामशास्त्री द्वारा अनुवादित और सम्पादित), चौखम्भा प्रकाश, दिल्ली, 2014, पृ. 294 -295

गांधी के पर्यावरण-विषयक विचार

डॉ. राजेन्द्र कुमार पांडेय[1]

महात्मा गांधी का चिंतन कालजयी और समावेशी है। व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन के कतिपय ही ऐसे पक्ष या विषय रहे होंगे जिन पर गांधी ने अपने विचार व्यक्त न किये हों या उनको अपने व्यवहार में न उतारा हो। इस दृष्टि से पर्यावरण का विषय भी गांधी की चिंतन परंपरा में एक विशिष्ट स्थान रखता है। कालजयिता की बात करें तो यह बात पर्याप्त विस्मयकारी लगती है कि गांधी के पर्यावरण विषयक विचार जितने प्रासंगिक उनके समय में थे, उससे कई गुना अधिक प्रासांगिक और उपादेयी वे वर्तमान समय में माने जा रहे हैं। सैद्धांतिक तौर पर इसमें कोई दो राय नहीं है कि किसी भी महापुरुष का चिंतन उसके काल और स्थान के सापेक्ष होता है। फिर भी इस सत्य को भी नकारा नहीं जा सकता है कि काल और स्थान की सापेक्षता के बावजूद ऐसे चिंतन प्राय. सार्वकालिक और सार्वदेशिक होते हैं।

महात्मा गांधी भारतवर्ष के ऐसे ही महान कर्मयोगी विचारक हुए हैं। गांधी के विचार पुँज यद्यपि उनके समय और स्थान की मर्यादा में सृजित किये गए हैं किन्तु उनकी प्रासंगिकता और उपादेयता अभी तक अक्षुण्ण है और संभवतः भविष्य में भी यथावत रहेगी। परन्तु, एक चिंतक के रूप में गांधी का चिंतन सामान्य अकादमिक चिंतन परंपरा से दो मायनों में भिन्न प्रतीत होती है। प्रथम, गांधी का चिंतन-प्रवाह क्रमिक, व्यवस्थित और किसी व्यष्टिगत सिद्धांत के प्रतिपादन स्वरुप नहीं हुआ है। उदाहरण के लिए, कौटिल्य ने अपने महाग्रंथ अर्थशास्त्र की रचना शासन व्यवस्था और नीति विषयक सूक्ष्म सिद्धांतों की रचना हेतु क्रमबद्ध, व्यवस्थित और एकमुश्त रूप से किया। इस कसौटी पर गांधी का चिंतन परंपरा से हटकर और अनूठे प्रकार का माना जा सकता है। द्वितीय, गांधी का चिंतन प्रायः उनके व्यावहारिक आचरण से अनुप्राणित रहा है। या यूँ भी कह सकते हैं कि अपने किसी भी विचार को सैद्धांतिक स्तर पर प्रतिस्थापित करने से पहले गांधी ने उस विचार को अपने व्यवहार में उतारा जिससे कि उनका विचार अव्यावहारिक या कपोल कल्पना मात्र प्रतीत न हो।

गांधी के पर्यावरण विषयक विचारों के आलोचनात्मक विश्लेषण से पूर्व दो बातों को स्पष्ट करना समीचीन प्रतीत होता है। प्रथम, गांधी ने एक विषय अथवा समस्या के नाते पर्यावरण पर कोई क्रमबद्ध, व्यवस्थित और वृहत टीका नहीं लिखी है। इसका मूल कारण यह माना जा सकता है कि गांधी के काल में न तो पर्यावरण कोई उल्लेखनीय समस्या थी, न ही गांधी के अति प्रिय विषयों में पर्यावरण किंचित उच्च स्थान रखता था। द्वितीय, इन सबके बावजूद अप्रत्यक्ष रूप से गांधी पर्यावरण को भविष्य में होने वाले क्षयों की प्रकृति और परिमाप से भलीभांति परिचित प्रतीत होते हैं। इसलिए उनके लेखन के क्रम में कई ऐसी धाराएं दृष्टिगोचर होती हैं जिनके अन्तर्निहित भावों के विश्लेषण से गांधी के पर्यावरण विषयक विचारों की रुपरेखा प्रस्तुत की जा सकती है। इस प्रकार गांधी की विचार श्रृंखला में ऐसी धाराओं को चार मुख्य बिन्दुओं में रेखांकित कर सकते हैं।

---

[1] एसोसिएट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ (उ.प्र)

प्रौद्योगिकी के नित नूतन अविष्कार मनुष्य के हाथ में ऐसे यंत्रों, कौशलों तथा प्रविधियों का हस्तांतरण कर रहे हैं जिनके द्वारा शनैः शनैः मानव के लिए कुछ भी करना असंभव नहीं रह जाएगा। ऐसे वातावरण में मनुष्य स्वयं को प्रकृति का सहवासी मानने के स्थान पर प्रकृति का स्वामी और नियंता मान बैठेगा। आज की स्थिति देखें तो गांधी की यह आशंका पूर्णतः सत्य सिद्ध हो रही है। गांधी ने मशीनीकरण और शहरीकरण की प्रक्रिया को भी प्रकृति विरोधी और पर्यावरण विनाशक माना है। उनका कहना है कि मशीनीकरण की प्रक्रिया के चलते न केवल व्यक्ति की श्रम साधना की वृत्ति का क्षरण होता है अपितु कारखानो मे वस्तुओं का अरीगित और अनुपयोगी उत्पादन होने लगता है। इससे किस प्रकार प्राकृतिक संसाधनों का अंध दुरुपयोग होता है और मानव जीवन का बाज़ारीकरण होता है, यह किसी से छिपा नहीं है। इस क्रम में शहरीकरण की प्रक्रिया भी व्यक्ति को उसकी जड़ों से निर्मूल करके एक ऐसे शुष्क स्थान पर प्रतिस्थापित करती है जिनसे न तो उस व्यक्ति का कोई स्नेह होता है और न ही अर्जित उस नए स्थान पर अपनी पारम्परिक जीवन शैली के अनुरूप जीवनयापन का क्रम सुनिश्चित कर पाता है। साथ ही नयी-नयी भौतिक सुख-सुविधाओं की मृगमरीचिका में वह पर्यावरण के क्रमिक विनाश का प्रमुख कारण बनता है।

पारिस्थितिकीय संतुलन की अक्षुण्णता

सामान्यतः पारिस्थितिकीय संतुलन की अक्षुण्णता को पर्यावरणीय सततता का प्रमाण माना जाता है। नैसर्गिक रूप से मानव पारिस्थितिकी के स्वरुप का निर्धारण इस प्रकार किया गया है कि इसमें व्यक्ति तथा प्रकृति एक दूसरे के पूरक माने गए हैं। दोनों में से किसी एक के भी असंतुलित व्यवहार अथवा इस पूरकता को खंडित करने के परिणाम भयावह हो सकते हैं। वर्तमान समय में घटित होने वाली विविध प्रकार की प्राकृतिक आपदाएं वस्तुतः मानव द्वारा पारिस्थितिकी के संतुलन को खंडित करने के प्रयासों का दुष्परिणाम ही माना जाना चाहिए। यही कारण है कि गांधी के पर्यावरण विषयक विचारों की श्रृंखला में मानव और प्रकृति के पारस्परिक संबंधों की रुपरेखा का बहुत महत्व है। गांधी ने हमेशा प्रकृति को मानव जीवन में विविध प्रकार की नेमतों और प्रेरणाओं का स्रोत माना है। इसलिए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि व्यक्ति को सर्वदा प्रकृति की आराधना करनी चाहिए न कि उसके शोषण और विध्वंस के नित नए साधनों की खोज में तल्लीन रहना चाहिए। गांधी के इन विचारों का आधार मूलतः उनकी पारम्परिक भारतीय जीवन शैली में अटूट निष्ठा और विश्वास रहा है। वस्तुतः भारतीय जनमानस कालांतर से ही प्रकृति पूजक रहा है। इसने प्रकृति प्रदत नेमतों और अवयवों को देवी और देवताओं के रूप में देखा है। गांधी के अनुसार मानव और प्रकृति के संबंधों के निरूपण की यही दृष्टि ही श्रेयस्कर और उपादेयी है। आधुनिक सभ्यता में क्रम के बदलते जीवन मूल्यों तथा व्यक्ति के हाथों में आने वाले नित नवीन औजारों और कौशलों ने उसे प्रकृति पर विजय अभियान छेड़ने की प्रेरणा दी है। इसलिए गांधी आधुनिक सभ्यता को पर्यावरणीय विनाश का सर्वप्रमुख कारक मानते हैं।

भारतीय दर्शन परंपरा में प्रकृति के पांच तत्व माने गए हैं: क्षिति, जल, पावक, गगन और समीर । इस तत्वों को भारतीय सनातन परंपरा में सजीव और जीवनदायिनी माना जाता है। किसी भी प्रकार से इन तत्वों का विद्रूपण अथवा प्रदूषण मानव जीवन के लिए घातक और प्रकृति के लिए विनाशक समझा

के चिंतन का एक वैशिष्ट्य यह भी है कि जीवन की गूढ़तम और महत्तम चुनौतियों के समाधानस्वरुप उन्होंने जीवन के सहज, सरल और दैनिक जीवन के उपयोगी सूत्रों और कृत्यों के पुनर्स्थापन का प्रयत्न किया है। इस प्रकार आज जब हर व्यक्ति पर्यावरणीय समस्याओं के समाधानस्वरुप क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीग विकल्पों व समाधानों की चर्चा करने में व्यस्त है, गांधी ने उन अधिकतर समस्याओं का निराकरण दैनिक जीवन को सरल और सहज बनाये रखने में ही समाहित किया है। उनका मत है कि यदि उनके द्वारा सुझाई गई जीवन शैली को लोग अपना लें तो वर्तमान जीवन की पर्यावरण विषयक चुनौतियाँ उत्पन्न ही नहीं होंगी।

गांधी का विश्वास सादा जीवन और उच्च विचार की युक्ति को प्रत्येक व्यक्ति के जीवन का आधार बनाने में है। वे इस बात के कायल प्रतीत होते हैं कि आधुनिक सभ्यता और औद्योगीकरण की प्रक्रियाओं द्वारा जीवन में लाई गयी गूढ़ताएं किसी के लिए भी श्रेयस्कर नहीं हो सकती हैं। इसके विपरीत, ये गूढ़ताएं न केवल हर व्यक्ति के व्यक्तिगत जीवन को क्लिष्ट और वीभत्स बनाएंगी अपितु सामाजिक जीवन की अनेक विसंगतियों जैसे नैतिक मूल्यों के क्षरण, परिवारों के विखंडन और पर्यावणीय संतुलन को स्थाई रूप से विद्रूप करने की प्रक्रिया को भी जन्म देंगी। अतः इन सबसे बचने के लिए गांधी ने सादा जीवन और उच्च विचार की धारणा को अपनाने पर बल दिया। उनका यह दृढ़ मत है कि व्यक्ति की आश्यकताएँ जितनी न्यूनतम होंगी, उतना ही उसका जीवन सुखी और प्रकृति सम्मत रहेगा। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने परिश्रम के द्वारा अर्जित रोटी ही खानी चाहिए । हम अपने जीवन को जितना अधिक मशीन आधारित होने से बचा के रख सकेंगे, उतना ही हम अपने जीवन के साथ-साथ प्रकृति के साथ भी न्यायसंगत व्यवहार कर पाएंगे।

गांधी की प्रकृति-सम्मत जीवनशैली के प्रतिमान का एक ठोस आधार उनके द्वारा रेखांकित किया गया 'आवश्यकता' और 'लालच' के मौलिक विभेद को भी माना जा सकता है। गांधी इस बात से पूरी तरह आश्वस्त थे कि प्रकृति के पास धरती पर रहने वाले हर व्यक्ति की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त संसाधन हैं। परन्तु किसी भी व्यक्ति का लालच जब प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग अथवा दोहन का आधार बन जाता है तो प्रकृति प्रदत्त संसाधन न केवल अपर्याप्त पड़ जाते हैं अपितु उनका क्षरण इतनी तीव्र गति से होने लगता है कि प्रकृति उनका पुनः पोषण नहीं कर पाती है। अंततोगत्वा प्राकृतिक संसाधनों का विलोपन होने लगता है और व्यक्ति के समक्ष किंकर्तव्यविमूढ़ता की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। साथ ही लालच प्रेरित विकास की यह अंधाधुंध दौड़ पर्यावरण के विनाश का कारण भी बनती है। अतः गांधी अपने जीवन और जीवन-शैली से संपूर्ण विश्व को यह सन्देश देना चाहते थे कि अपनी आवश्यकताओं को न्यूनतम रखकर भी व्यक्ति सुखी और प्रसन्न रह सकता है। उनके द्वारा स्थापित आश्रम और अन्य आश्रयगृह इसी न्यूनतम आवश्यकता के सिद्धांत पर कार्य करते थे और अपने निवासियों की मूलभूत आवश्यकताओं को बखूबी पूरा करते थे।

गांधी के पर्यावरण विषयक चिंतन की एक अनूठी विशेषता उनके द्वारा रेखांकित की गयी ग्रामीण और शहरी जीवन शैलियों में अन्तर्निहित विभेद है। गांधी इस बात पर बल देते हैं कि ग्रामीण जीवन ही प्रकृतिसम्मत जीवन होता है। वे शहरी जीवन का आधार आधुनिक सभ्यता और औद्योगीकरण

समालोचना

पर्यावरण विषयक गांधी के विचार कई मायनों में अनूठे और अपारम्परिक हैं। इसलिए इन विचारों की कई लोगों ने कटु आलोचना भी की है। किन्तु, समालोचना की दृष्टि से गांधी के विचार अन्य चिंतकों और नीति-निर्माताओं के लिए धर्मसंकट की स्थिति पैदा करते हैं। यह धर्मसंकट इस बात में निहित है कि एक तरफ तो वे गांधी के विचारों को कपोलकल्पित, दिवास्वप्नीय और अव्यावहारिक सिद्ध करने का प्रयत्न करते हैं। परन्तु, दूसरी ओर वर्तमान जीवन की अनेकानेक विसंगतियों और समस्याओं का सरल समाधान जब उनकी समझ से परे लगने लगता है तो वे गांधी के विचारों के अनुपालन की ओर भी संकेत करते हैं। अतएव गांधी के विचारों की आलोचना का मूल स्वर दो दिशाओं से सुना जा सकता है। एक, गांधी के विचारों की इस आधार पर आलोचना की जाती है कि वे आधुनिक जीवन की मूल परिपाटियों की कुतार्किक आलोचना करते हैं। यह तर्क दिया जाता है कि आधुनिक जीवन की कल्पना में क्या औद्योगीकरण, मशीनीकरण, शहरीकरण, वैज्ञानिक और तकनीकी अविष्कारों और आधुनिक व्यवसायों तथा जीवन शैलियों को ख़ारिज किया जा सकता है और उत्तर दिया जाता है कि यह संभव नहीं है। अतः गांधी द्वारा इन बिन्दुओं के आधार पर की गयी आलोचना उपयुक्त नहीं है।

गांधी के विचारों की आलोचना की दूसरी धारा का प्रवाह उनके द्वारा प्रस्तावित प्रकृतिसम्मत जीवनशैली की अव्यावहारिकता के रूप में दृष्टिगोचर होती है। आलोचकों का यह तर्क है कि गांधी द्वारा प्रस्तुत जीवन शैली उस समय के लिए उपयुक्त हो सकती है किन्तु आज के आधुनिक तकनीक आधारित जीवन शैली के युग में गांधी के विचार सर्वथा अव्यावहारिक हैं। उनका यह भी तर्क है कि गांधी के विचारों को जब भारत में ही नहीं स्वीकार किया गया तो उनकी सार्वभौमिक और सार्वकालिक उपादेयता पर प्रश्नचिन्ह लगना स्वाभाविक ही है। यह भी कहा जाता है कि गांधी के विचार अतिरेकी हैं और एक विशिष्ट प्रकार की जीवन-शैली की श्रेष्ठता का प्रतिपादन करते हैं। परन्तु, इन सब आलोचनाओं के बावजूद गांधी के विचारों की सार्वत्रिकता और उपादेयता का प्रमाण वर्तमान समय की वे अनुलझी गुत्थियां हैं जिन्हें सुलझाने के विविध प्रयास अभी तक कारगर और कालजयी नहीं प्रतीत हो रहे हैं।

वर्तमान समय में पर्यावरणीय संकट और पारिस्थितिकीय असंतुलन की समस्या मानव-सभ्यता के समक्ष यक्ष प्रश्न बनकर खड़ी है। अब व्यक्ति को इस बात का बखूबी अहसास हो रहा है कि कैसे प्रकृति के संबंध में उसके भौतिकवादी विचार और विजयशालिनी दृष्टिकोण ने उसके सामने अस्तित्व का संकट उत्पन्न कर दिया है। कतिपय क्षेत्रों में अब इस बात पर बल दिया जा रहा है कि यदि समकालीन पर्यावरणीय संकट का कोई स्थाई हल निकालना है तो गांधी के विचार हमारे लिए एक व्यावहारिक विकल्प के रूप में मौजूद हैं। परन्तु, गांधी के अन्य विचारों की तरह पर्यावरणीय विचारों के प्रति भी लोगों के अंदर भ्रम की स्थिति विद्यमान दिखती है। यह भ्रम इस बात को लेकर है कि वैश्विक स्तर पर गांधी के विचार किस मर्यादा तक लोगों के व्यावहारिक जीवन में उतर सकते हैं। इस दृष्टि से यह बात काफी विडम्बनापूर्ण लगती है कि गांधी के विचारों की सैद्धांतिक परिपक्वता के विषय में तो सम्पूर्ण विश्व में सर्वसम्मति का मुखर स्वर प्रतिध्वनित होता है। किन्तु जब इन विचारों के अनुरूप लोगों की जीवन शैलियों को निरूपित करने की बात होती है तो अभी भी वैश्विक स्वर में मतभेद नज़र आता है।

महात्मा गाँधी और आपदा प्रबंधन

राजेंद्र कुमार पाण्डेय

सारांश : महात्मा गाँधी आधुनिक समय के ऐसे चिन्तक रहें हैं जिनकी सूक्ष्म दृष्टि और पैनी लेखनी से शायद ही मानव जीवन के विरले पक्ष अछूते रह गए होंगे। इसलिए यह स्वाभाविक ही है कि भारत के लोक प्रशासन के विविध पक्षों पर उन्होंने समय-समय पर अपने निश्चित और सुविचारित मत व्यक्त किए हैं। इन पक्षों में जो विषय कदाचित लेखकों और विश्लेषकों का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट करने में काफी हद तक विफल रहा है वह है आपदा प्रबंधन। मानवता के समक्ष घटित होने वाले कतिपय प्राकृतिक आपदाओं पर गाँधी ने विस्तृत और सारगर्भित भाषण दिए हैं और लेख लिखे हैं। इनके माध्यम से आपदा प्रबंधन के कुछ महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर गाँधी ने बहुत ही उत्कृष्ट विश्लेषण प्रस्तुत किये हैं जो आज भी कदाचित उतने ही सटीक प्रतीत होते हैं जितने कि वे उस समय रहे होंगे। अतएव, इस आलेख में आपदा प्रबंधन पर गाँधी की अंतर्दृष्टियो का विश्लेषणात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

प्रस्तावना

महात्मा गाँधी के चिंतन का स्वरूप इतना व्यापक तथा सर्वस्पर्शी है कि मानव जीवन का कोई विरला ही पक्ष होगा जिस पर उन्होंने कुछ कहा या लिखा न हो। उनके चिंतन के इस मूल में कदाचित उनका वह जागृत आत्मबोध रहा है जिसके कारण वे स्वयं को भारत की मूल चेतना और जीवन दर्शन से कभी भी पृथक नहीं कर पाए। फलतः भारतीय चिंतन परंपरा के प्राणतत्व के रूप में आदिकाल से विद्यमान सत्य, अहिंसा और परोपकार के शाश्वत मूल्य गाँधी के भी चिंतन का मूल आधार बन गए। इन्हीं जीवन मूल्यों को अपने दर्शन और कर्म का आधार मानते हुए गाँधी निरंतर अपने देश काल की परिस्थितियों, घटनाक्रमों, और समस्याओं पर न केवल पैनी नजर रखे हुए थे अपितु उनके ऊपर निश्चित मत भी व्यक्त करते रहे। इस प्रकार गाँधी की चिंतन परम्परा और उनके विचार पुंज के प्रस्फुटन की दो समानांतर धाराएँ दृष्टिगोचर होती हैं। *प्रथम,* उन्होंने अपने कतिपय प्रबल और सुसंश्लेषित विचारों के निरूपण के लिए कुछ सुगठित और सूत्र रूपी ग्रंथों की रचना की जिनमें 1909 में प्रकाशित हिन्द

प्रबंधन के सम्बन्ध में गाँधी के मंतव्य को निरूपित करने का भागीरथ प्रयत्न किया जा सकता है। परन्तु यह अप्रत्यक्ष पद्धति प्रस्तुत आलेख के दायरे से बाहर है और इसलिए आपदा प्रबंधन पर गाँधी के विचारों को अभिव्यक्त करने के लिए उपरोक्त शोध सामग्रियों की सहायता नहीं ली गई है।

द्वितीय गाँधी के जीवन काल में ही भारत और भारत से बाहर विभिन्न कालखंडों में कई प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं ने लोगों के जीवन को अभिशप्त किया था। इनमें से कई प्राकृतिक आपदाओं ने गाँधी का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया जिसके फलस्वरूप उन आपदाओं के कारण, उनके निवारण तथा प्रबधन के कतिपय पहलुओं पर गाँधी ने अपने विचार व्यक्त किये। इन आपदाओं पर उन्होंने अपनी पत्र-पत्रिकाओं में सारगर्भित लेख और सम्पादकीय लिखे और लोगों को इनसे निबटने हेतु कुछ संकेत-रेखाओं का निरूपण किया। इस प्रकार आपदा प्रबंधन पर गाँधी की चिंतन सृष्टि से प्रचुर मात्रा में ऐसे संकेतात्मक बिन्दुओं को प्राप्त किया जा सकता है जो इस विषय पर गाँधी के विचारों को निरूपित करने में सहायक सिद्ध हो सकती हैं। इस दृष्टि से भिन्न-भिन्न कालखंडों में घटित चार प्राकृतिक आपदाओं पर गाँधी ने अपने विशद् विचार व्यक्त किए हैं। इनमें सर्वप्रथम घटित होने वाली प्राकृतिक आपदा 1910 की पेरिस की बाढ़ थी जिसने फ्रांस के इस ऐतिहासिक शहर को विनाश के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया था। कालान्तर में सम्पूर्ण विश्व में इस विभीषिका का समाचार इस प्रकार प्रसारित हुआ कि गाँधी की मानवीय संवेदना भी इससे प्रभावित हुए बिना न रह पायी। तदुपरांत, उन्होंने अपने पत्र इंडियन ओपिनियन में इस प्राकृतिक आपदा पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किये। इसी प्रकार, 1924 में केरल के मालाबार क्षेत्र में आयी भीषण बाढ़ की आपदा से भी गाँधी विचलित हुए बिना न रह सके। कालांतर में जिन दो अन्य प्राकृतिक आपदाओं पर गाँधी ने विस्तार से अपने विचार व्यक्त किये और अनेक व्यक्तियों से उनका वाद-विवाद भी हुआ वे थीं– 1920 और 1930 के दशकों में ओडिशा में आने वाली बाढ़, अकाल और चक्रवात की विभीषिकाएँ, और 1934 में बिहार में घटित होने वाला विनाशकारी भूकंप। निसंदेह, उपरोक्त घटनाओं पर गाँधी ने अपने जीवन मूल्यों और चिंतन के गुणधर्मों के आधार पर अपना मत व्यक्त किया जिसके आधार पर आपदा प्रबंधन विषयक गाँधी के विचारों को संकेत रूप में निरूपित किया जा सकता है। अग्रिम पृष्ठों में इसी पद्धति के अनुसार आपदा प्रबंधन पर गाँधी के विचारों का विश्लेषण करने का प्रयत्न किया गया है।

प्राकृतिक आपदा का सभ्यताजनित स्वरूप

वर्तमान समय में इस तथ्य को लगभग अकाट्य मान लिया गया है कि जिन्हें प्राकृतिक आपदा कहा जाता है उनके घटित होने में मनुष्य की भी बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कई अर्थों में तो प्राकृतिक आपदाएं प्रकृति की स्वाभाविक क्रियाएँ ही होती हैं जिन्हें आपदा का स्वरूप मानव की अतृप्त पिपासा और प्रकृति के कार्यक्षेत्र में उसके

और उनकी पूर्ति हेतु किए जाने वाले प्रयत्न न केवल अनैतिक हैं बल्कि पाप के समान है। वे पाश्चात्य जनमानस को जागृत करते हुए स्पष्ट शब्दों में लिखते हैं कि यदि उन्हें प्राकृतिक आपदाओं की बारंबारता से स्वयं को बचाना है तो उन्हें निश्चित रूप से अपने भोगी और विलासी जीवन की पुनर्संरचना करनी पड़ेगी। केवल इस प्रकार की पुनर्संरचना ही उनके जीवन और भौतिक परिसम्पत्तियों को प्राकृतिक आपदाओं के कहर से सुरक्षित कर सकती है। इसके अभाव में संभवतः यूरोपीय लोग अपनी सुख सुविधा के बोझ तले ही दबकर समाप्त हो सकते हैं। इस प्रकार गाँधी पेरिस की भीषण बाढ़ को यूरोप की भौतिकवादी सभ्यता का एक दुष्परिणाम मानते थे। वे इस बात से काफी आश्वस्त थे कि ये बाढ़ वस्तुतः पेरिस के लोगों के लिए प्रकृति की ओर से दी गई एक चेतावनी है जिसे उन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। अतः उनकी भलाई इसी में है कि वे अपने जीवन को प्रकृति सम्मत बनाएं जिससे कि वह निरंतरता और संपोषित हो सके।

आपदा प्रबंधन की समग्रता

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि काफी लम्बे समय तक, और विशेषकर उपनिवेशी शासन के दौरान भारत में आपदा प्रबंधन को अनावश्यक और अंशकालिक कार्य समझा जाता था। इससे भी अधिक सोचनीय बात यह थी कि आपदा प्रबंधन का पूरा फलसफा केवल प्राकृतिक आपदाओं के समय पीड़ित लोगों को कुछ राहत और सहायता प्रदान करने तक ही सीमित कर दिया गया था। इन सब बातों से गाँधी काफी चिंतित और व्यथित दिखाई पड़ते थे। इसलिए 1920 और 1930 के दशकों में ओडिशा में आने वाली अनेक प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं यथा-बाढ़, सूखा, अकाल और समुद्री तूफानों आदि को गाँधी ने काफी गंभीरता से लिया और इनमें से कुछ के ऊपर उन्होंने अपने पत्रों में काफी सारगर्भित और विस्तृत लेख और सम्पादकीय भी लिखे। इन लेखों के माध्यम से उन्होंने ने केवल उस समय में प्रचलित आपदा प्रबंधन की नीतियों और प्रक्रियाओं की तीखी आलोचनाओं की अपितु उनके विकल्पस्वरूप कई प्रकार के रचनात्मक सुझाव भी दिए। उन्होंने इस बात को पूरी तन्मयता के साथ रेखांकित किया कि प्राकृतिक आपदाओं का स्वरूप बहुआयामी है और यदि उनका समग्रता में अध्ययन और चिंतन न किया गया तो उनके प्रबंधन के विविध उपाय अधूरे और निष्फल ही सिद्ध हो सकते हैं। अतः उनका यह दृढ़ निवेदन था कि प्राकृतिक आपदाओं पर जो भी विचार किया जाए वह समग्रता में किया जाए जिससे कि उनके विविध पक्षों के अनुरूप ही आपदा प्रबंधन की व्यवस्था का निरूपण किया जा सके।

गाँधी ने इस बात पर काफी बल दिया कि प्राकृतिक आपदाएं अपने आप में परिपूर्ण संकल्पना नहीं हैं और यदि उनको समग्रता में समझना है तो किसी क्षेत्र विशेष की भौगोलिक संरचना को दृष्टिगत करने के साथ ही उस क्षेत्र के लोगों की

गाँधी की यह युक्ति वस्तुतः आज के सर्वविदित तथ्य का लगभग 90 वर्ष पूर्व के उनके विचार को इंगित करता है। वर्तमान समय में इस बात को अकाट्य सत्य माना गया है कि प्राकृतिक आपदाओं और गरीबी में ऐसा विषम सम्बन्ध है कि दोनों एक दूसरे को बढ़ाने और सुदृढ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दूसरे शब्दों में, जब किसी गरीब व्यक्ति का प्राकृतिक आपदा से सामना होता है तो उसके ऊपर उस आपदा का पड़ने वाला प्रभाव बहुत ही भीषण और प्रलयकारी होता है। इसलिए उसकी गरीबी की दशा और अधिक दयनीय हो जाती है और जैसे-जैसे उसकी गरीबी की दशा दयनीय होती जाती है वैसे-वैसे ही प्राकृतिक आपदाओं के सांघातिक खतरे उसके लिए कई गुना बढ़ते जाते हैं। इसलिए ओडिशा में 1926 में आई भीषण बाढ़ के सम्बन्ध में गाँधी ने उत्कलमणि गोपबंधु दास को यह निश्चित सन्देश दिया कि वहां पर बाढ़ प्रभावित लोगों की स्थिति बहुत दयनीय है और इसलिए उन्हें सर्वदूर भ्रमण करने के स्थान पर जहाँ पर हैं वहाँ पर लोगों की भरपूर सहायता करनी चाहिए। चूँकि इस बाढ़ से लोगों का सबकुछ नष्ट हो गया होगा इसलिए अगली फसल के होने तक उन्हें अनवरत रूप से राहत सामग्री के साथ-साथ अन्य प्रकार की सहायता भी प्रदान करते रहना चाहिए।

आपदा राहत

आपदा राहत का विषय गाँधी के आपदा प्रबंधन सम्बन्धी चिंतन में बड़ा महत्वपूर्ण स्थान रखता है। उन्होंने जब-जब किसी भीषण प्राकृतिक आपदा के दृश्य को देखा या उसके द्वारा की गई विनाशलीला के बारे में सुना तो उनका प्रथम विवेचन यही होता था कि कैसे आपदा प्रभावित लोगों को विविध प्रकार की राहत पहुंचाई जाये। उनका यह सुविचारित मत था कि किसी भी प्राकृतिक आपदा के पश्चात जब आपदा प्रभावित क्षेत्र में लोगों के जान और माल का नुकसान अपरिमित हो जाता है तो उस समय उनके लिए जीवित रहने और जीवन को नए सिरे से आरम्भ करने के लिए कोई भी संबल उपलब्ध नहीं रहता। ऐसे समय में आपदा प्रभावित लोगों को पहुंचाई गई किसी भी प्रकार की राहत उनके लिए बहुत बड़े आश्रय के रूप में प्रतीत होती है। इसलिए गाँधी ने लगभग प्रत्येक विनाशकारी प्राकृतिक आपदा के पश्चात लोगों से उदारतापूर्वक सहायता देने का अनुरोध किया। इस प्रकार की सहायता का प्रमुख रूप तो यद्यपि नकद रूपये के रूप में प्रदान की गई धनराशि ही होती थी किन्तु अन्य प्रकार की सहायता के लिए भी स्थानीय लोगों से उनका निवेदन रहा करता था।

इस सन्दर्भ में महत्वपूर्ण बात यह है कि आपदा राहत की गाँधी की संकल्पना दो रूपों में अनूठी प्रतीत होती है। एक तो गाँधी अपने वचन और कर्म की एकरूपता के अनुरूप जब भी किसी प्राकृतिक आपदा के सन्दर्भ में आपदा राहत की अपील करते थे तो वे प्रायः स्वयं ही उस राहत के संकलन और प्रबंधन में अग्रणी भूमिका निभाने को तत्पर रहते थे। दूसरे शब्दों में, गाँधी के आपदा राहत संकलन का निवेदन औरों

उस व्यक्ति का, जो इन दैवीय प्रकोपों से सही सलामत बचा रहता है, का पुनीत कर्त्तव्य होता है कि वह आपदा प्रभावित लोगों की अथक सहायता करे और उन्हें पर्याप्त मात्र में राहत पहुँचाने में अपने योगदान दे। गाँधी का यह भी मानना था कि इस प्रकार के आपदा काल में लोगों द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता राशि या राहत सामग्री अमूल्य होती है और उनके परिमाण देखे बिना उन्हें स्वीकार किया जाना चाहिए। अतएव, आपदा राहत के विषय मे गाँधी ने जिन विचारों का प्रतिपादन आज से लगभग सौ वर्ष पूर्व किया था। वे विचार आज भी उतने ही समीचीन और उपयोगी प्रतीत होते है। वर्तमान समय मे भी घटित होने वाली प्राकृतिक आपदाओं के समय सरकार द्वारा किये जाने वाले राहत कार्यों के अतिरिक्त जन सामान्य द्वारा दी जाने वाली सहायता और सहयोग ही वास्तव में आपदा प्रभावित लोगों को असली सुकून पहुंचाता है।

आपदा प्रबंधन का सामाजिक पक्ष

गाँधी के आपदा प्रबंधन सम्बन्धी विचारों का निरूपण करते हुए इस आश्चर्यजनक तथ्य का रहस्योद्घाटन करना भी आवश्यक प्रतीत होता है कि वे प्राकृतिक आपदाओं के सामाजिक पक्ष को भी बखूबी समझते थे और उन्हें समाज सुधार के एक यन्त्र के रूप में प्रयोग करने में भी कोई गुरेज नहीं समझते थे। इस दृष्टि से जनवरी 1934 में बिहार में आये भूकंप के बारे में गाँधी का वक्तव्य न केवल अपने समय में बहुत विवादित रहा है अपितु अभी तक भी उस विषय के ऊपर विद्वतजनों के मध्य विभिन्न प्रकार के वाद-विवाद का आधार बनता रहता है। वस्तुतः जब इस भूकंप के घटित होने का समाचार गाँधी को मिला तो उस समय वे सुदूर दक्षिण में मद्रास प्रेसीडेंसी के तिरुन्वेली जिले में अस्पृश्यता के विरूद्ध जनजागरण के अपने सुविचारित कार्य में लगे हुए थे। बिहार में आये प्रलयकारी भूकंप का समाचार सुनने के पश्चात उन्होंने अपनी एक सभा मे अपने इस विचार को उदघोषित किया कि यह भूकंप बिहार के लोगों को उनके अस्पृश्यता के अनुपालन के पाप के बदले में प्राप्त हुआ दैवीय दंड है। इस प्रकार गाँधी ने न केवल इस भूकंप को दैवीय प्रकोप कहा अपितु इस बात को भी रेखांकित किया कि प्रकृति का यह प्रकोप बिहार कि लोगों को इसलिए झेलना पड़ रहा है कि वे समाज के कुछ बंधुओं के विरूद्ध अस्पृश्यता के पाप का वरण करते हैं। इस तरह गाँधी ने भूकंप और अस्पृश्यता के मध्य एक नवीन अभिकल्प की रचना प्रस्तुत करने का प्रयत्न किया।

भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा के सामाजिक निहितार्थ को आगे बढ़ाते हुए गाँधी ने कहा कि वास्तव में यह प्रकृति के द्वारा मानवनिर्मित सामाजिक असमानता को खंडित कर समाज में अन्तर्निहित समानता को स्थापित करने का भी एक दैवीय प्रयत्न है। उन्होंने इस बात पर काफी बल दिया कि ईश्वर ने समाज में सबको समान रूप से दैवीय गुणों और मूल्यों से परिपूर्ण करके भेजा है। इसलिए व्यक्ति-व्यक्ति के मध्य किसी भी प्रकार की मानव निर्मित कृत्रिम भेदभाव के लिए कोई स्थान नहीं बचता।

किया। यहाँ पर रोचक बात यह है कि आपदा प्रबंधन के कतिपय पक्षों पर गाँधी ने अपने विचार और वर्ष से भी अधिक समय से पूर्व व्यक्त किये थे। किन्तु उन विचारों के कालजयीपन का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि उस समय गाँधी ने जो आपदा प्रबंधन के जो प्रतिमान सुनिश्चित किए थे अभी भी विश्लेषक उन्हीं प्रतिमानों को आपदा प्रबंधन का मूल आधार मानते हैं। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि आपदा प्रबंधन पर गाँधी के विचारों का पुनर्पाठ किया जाए और उन्हें समकालीन भारतीय आपदा प्रबंधन की नीतियों और प्रक्रियाओं का अभिन्न अंग बनाया जाए ।

सन्दर्भ

1. राजेंद्र कुमार पाण्डेय, डिजास्टर मैनेजमेंट इन इंडिया, नयी दिल्ली: रोज पब्लिकेशन, 2020, पृ. 19
2. महात्मा गाँधी, सम्पूर्ण गाँधी वाग्मय, खड 15, नयी दिल्ली: प्रकाशन विभाग, 1970, पृ. 448
3. महात्मा गाँधी, सम्पूर्ण गाँधी वांग्मय, खंड 56, नयी दिल्ली: प्रकाशन विभाग, 1970, पृ. 428
4. महात्मा गाँधी, सम्पूर्ण गाँधी वांग्मय, खंड 66, नयी दिल्ली: प्रकाशन विभाग, 1970, पृ. 116
5. एस. एन. साहू, महात्मा गाँधीज़ आर्टीकुलेशन्स ऑन नेचरल डिजास्टर्स, पॉजिटिव वाइब्स, 15 मई 2019, उपलब्ध है: http://positivevibes-today/article/newsview/165, पठित: 27 अप्रैल 2020
6. महात्मा गाँधी, सम्पूर्ण गाँधी वांग्मय, खंड 24 , नयी दिल्ली: प्रकाशन विभाग, 1970, पृ. 528
7. महात्मा गाँधी, सम्पूर्ण गाँधी वांग्मय, खंड 56, नयी दिल्ली: प्रकाशन विभाग, 1970, पृ. 437
8. मकरंद आर. परांजपे, " नेचरल सुपरनेचरलिज़्म: द टैगोर–गाँधी डिबेट ऑन द बिहार अर्थक्वेक, द जर्नल ऑफ हिन्दू स्टडीज, 4 (2), जुलाई 2011, पृ. 189
9. बिद्युत चक्रबर्ती, सोशल एंड पोलिटिकल थॉट ऑफ महात्मा गाँधी, अबिन्डन: रटलेज, 2006, पृ. 96

ISSN-2229-452X

भारतीय राजनीति विज्ञान शोध पत्रिका

भारतीय राजनीति विज्ञान परिषद् का अर्द्धवार्षिक प्रकाशन

वर्ष-द्वादश, अङ्कः-प्रथम, जनवरी-जून, *2020*

मानस चक्रवर्ती
सम्पादक

IJPS
वादे वादे जायते तत्त्वबोधः

भारतीय राजनीति विज्ञान शोध पत्रिका

(ISSN 229 452X)

सदस्यता शुल्क प्रपत्र

प्रिय सम्पादक महोदय,

मैं ..... भारतीय राजनीति विज्ञान शोध पत्रिका की वार्षिक/तीन वर्षीय सदस्यता हेतु आवेदन करता/करती हूँ । इस हेतु 'Editor, IJPS, Meerut' के नाम से रुपये ..... मात्र (.....) का बैंक ड्राफ्ट/चैक संख्या ..... दिनांक ..... संलग्न है।

सदस्यता शुल्क परिषद् के बैंक खाते में सीधे भी जमा कराया जा सकता है जिसका विवरण निम्न प्रकार है :–

Now you may deposit the subscription free directly in IPSA Account as per following detail:-		
Name of the bank- Allahabad bank	MICR Code	250010004
Branch C.C.S. University, Meerut	Account Number	20195852952
Account holder-Editor, IJPS	IFS Code	ALLA0210144

कृपया प्राप्ति स्वीकारें तथा पत्रिका निम्न पते पर प्रेषित करना प्रारम्भ करने का कष्ट करें :–

	एक प्रति	वार्षिक	तीन वर्ष
व्यक्तिगत	रु0 200/–	रु0 400/–	रु0 1100/–
संस्थागत	रु0 400/–	रु0 800/–	रु0 2200/–

सधन्यवाद,

भवदीय

हस्ताक्षर .....

नाम .....

पता .....

फोन .....

ई–मेल .....

सेवा मे,
सम्पादक,
भारतीय राजनीति विज्ञान शोध पत्रिका, राजनीति विज्ञान विभाग
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ – 250005 (उ0प्र0)
फोन :– +91–9412205348
ई–मेल :– officeipsa@gmail.com

प्राचीन भारत में राजधर्म की अवधारणा: महाभारत में राजत्व के परिप्रेक्ष्य में कतिपय संकेत

संजीव कुमार शर्मा

प्राचीन भारत में राजधर्म का अत्यन्त सूक्ष्म, वैदुष्यपूर्ण एवं विस्तृत वर्णन किया गया है। भारतीय राजदर्शन में प्रजा–हितैषी राजा, शासन की सुरक्षा, उन्नति, सुस्थिरता एवं प्रजा आकांक्षाओं हेतु नीतियों का निर्माण, नियोजन एवं कार्यान्वयन में जिन पद्धतियों का अनुसरण करना है, उसी को राजधर्म कहा गया है प्राचीन भारतीय चिन्तन में राजधर्म जीवन का उच्च आदर्श है, जिसमें सामाजिक, धार्मिक, नैतिक राजनीतिक, एवं आर्थिक पक्ष सन्निहित हैं। वास्तव में प्राचीन भारतीय वांगमय में राजधर्म का आशय राजा एवं राजव्यवस्था से है। धर्म को सामान्यतः कर्त्तव्य के अर्थ में लिया गया है। भारतीय मान्यताओं के अनुसार जिसमें धर्म विद्यमान है, वही राजा है, क्योंकि राजा धर्म का पालन करने तथा प्रजा से धर्म का पालन कराने के लिए ही होता है महाभारत महाकाव्य में राजा के लिए विभिन्न पर्यायवाची सम्बोधन प्राप्त होते हैं जो राजा के विराट स्वरूप एवं राज–कर्त्तव्यों के द्योतक हैं।[1]

महाभारत महाकाव्य में राजधर्म विषयक व्यवस्था उद्घोष करते हुए भीष्म पितामह कहते हैं कि राष्ट्र का सर्वप्रथम कर्त्तव्य राजा का विधिवत् राज्याभिषेक करना है। राजा रहित राज्य दुर्बल रहता है। ऐसे राज्य में दस्यु आक्रमण करते हैं।[2] जिन राष्ट्रों में कोई राजा नहीं होता, वहां धर्म की स्थिति नहीं रहती अतः वहां के लोग एक–दूसरे को इड़पने लगते हैं। इसलिए जहां अराजकता हो, उस देश का सर्वथा धिक्कार है।[3] राजा का आवाहन करने से इन्द्र का आवाहन समझा जाता है। ऐश्वर्य की इच्छा रखने वाले पुरुषों को इन्द्र की भांति राजा की भी पूजा करनी उचित है। महाभारत के मत में राजा हीन राज्य में वास करना उचित नहीं है, क्योंकि वैसे राज्य में अग्निदेव भी देवताओं के निकट हव्य नहीं पहुँचाते हैं।[4] अतएव जो मनुष्य वैभव वृद्धि की कामना रखते हों, उन्हें सर्वप्रथम इस भूमण्डल में प्रजाजनों पर अनुग्रह करने के लिए राजा अवश्य ही बना लेना चाहिए।[5] इस प्रकार राजा राष्ट्र की उन्नति की आरम्भिक आवश्यकता है. जो राज्य को सबलता प्रदान करता है। महाभारत में राजधर्म की श्रेष्ठता को अतिरिक्त गम्भीरता के साथ विश्लेषित किया गया है। राज्य की सुव्यवस्था, संरक्षण एवं शान्ति का संचालन राजधर्म पर ही आधारित है

महाभारतकार का कहना है कि यदि पृथ्वी का पालन करने वाला राजा अपने राज्य की रक्षा करता है तो समस्त आभूषणों से विभूषित सुन्दरी स्त्रियाँ किसी पुरुष को साथ लिए बिना भी निर्भय होकर मार्गों से आती जाती रहती है। जब राजा रक्षा करता है तो सभी लोग अपने धर्म का ही पालन करते हैं। कोई किसी की हिंसा नहीं करता तथा सभी एक दूसरे पर अनुग्रह करते हैं। जब राजा रक्षा करता है तो विभिन्न वर्णों के लोग नाना प्रकार के अपने कार्य–दायित्वों का अनुष्ठान करते रहते हैं और विद्वान एवं जिज्ञासु लोग पूर्ण मनोयोगपूर्वक विद्याध्ययन में लगे रहते हैं।[6]

महाभारतकार का कथन है कि राजा के होने से ही सम्पूर्ण व्यवस्था सम्यक् चलायमान रह सकती है। वार्ता इस लोक का मूल है। कृषि आदि की समुचित जीविकोपार्जन व्यवस्था इस सम्पूर्ण जगत् जीवन का मूल है तथा वृष्टि आदि की हेतुभूत त्रयी विद्या से ही सदा जगत् का समुचित भरण–पोषण होता है। जब प्रजा की रक्षा में राजा संलग्न एवं सन्नद्ध रहता है, तभी वार्त्ता, त्रयी आदि सब कुछ ठीक प्रकार से चलता रहता है। जब राजा अपनी विशाल सैन्य शक्ति के सहयोग से भारी भार उठाकर प्रजा की रक्षा का दायित्व निर्वहन करता है, तब यह सम्पूर्ण जगत् प्रसन्न एवं आनन्दित होता है।[7]

महाभारतकार का मानना है कि राजा समस्त प्रजाओं की सावयव प्रस्तुति है। वह प्रजा का प्रथम अथवा प्रधान शरीर है। प्रजा भी राजा का अनुपम एवं अप्रतिम शारीरिक स्वरूप है। राजा के बिना कोई देश और वहाँ के निवासी नहीं रह सकते और देशवासियों के बिना राजा नहीं रह सकते हैं। राजा प्रजा का गुरुतर हृदय, गति, प्रतिष्ठा और उत्तम सुख है। हे नरेन्द्र राजा का आश्रय लेने वाले मनुष्य इस लोक और परलोक दोनों पर पूर्ण विजय प्राप्त कर लेते हैं।[8]

राजधर्म के आधार पर, राजा, राजा के अधिकार एवं कर्त्तव्य, प्रशासनिक, न्यायिक, विधायी एवं युद्धनीति सम्बन्धी विचारों का विस्तार से वर्णन किया गया है। राजधर्मचरण राजा के द्वारा ही प्रजा धर्माचरण एवं कर्त्तव्यपालन की ओर उन्मुख होती है। राज्य के सर्वांगीण विकास का एकमात्र मंत्र 'राजधर्म' ही है जिसे सर्वकल्याणकारी कहा गया है। भीष्म पितामह कहते हैं– राजा के धर्मों में सारे त्यागों का दर्शन होता है। राजधर्म में सम्पूर्ण विद्याओं का सुयोग सुलभ है तथा राजधर्म में सम्पूर्ण लोकों का समावेश हो जाता है।[9] सम्पूर्ण जीवलोक का अंतिम आश्रय राजधर्म में ही है।[10] त्रिवर्ग (धर्म, अर्थ, काम), चारों वर्णों के धर्म, आश्रम धर्म, यहां तक कि दुःखनिवृत्ति रूप मोक्षधर्म भी राजधर्म पर ही आश्रित है।[11] राजधर्म अश्वों को वश में रखने वाली बागडोर एवं गज को अधिकार करने वाले महावत (अंकुश) के सदृश है। यह समग्र लोक को प्रतिष्ठा के अन्तर्गत ग्रहण करने में समर्थ एवं प्रभावान्वित समझा गया है।[12] राजधर्म से न केवल प्रजा कर्त्तव्यनिष्ठ होती है बल्कि राजधर्म प्रजा के कष्टों का निवारण करके उनके जीवन को परमगति प्रदान कर उन्नत भी करता है। जिस प्रकार सूर्य उदित होते ही समस्त तिमिर (अंधकार) को मिटा देता है, वैसे ही राजधर्म मनुष्यों के अशुभ एवं पुण्य लोकों से विमुख करने वालों अमंगल आचरणों को दूर हटाता है।[13]

राजा के महत्त्व को रेखांकित करते हुए महाभारतकार कहता है कि राजा ही सभी प्राणियों का कर्त्ता (जीवनदाता) है। राजा ही उनका विनाश करने वाला है। जो राजा धर्मात्मा है, वह प्रजा का जीवनदाता है और जो राजा पापात्मा है, वह उस प्रजा का विनाशक है।[14] हे मान्धाता! कहा जाता है कि विधाता ने दुर्बल प्राणियों की रक्षा के लिए ही बलसम्पन्न राजा की सृष्टि की है। निर्बल प्राणियों का महान समुदाय राजा के बल पर टिका हुआ है।[15] हे नरश्रेष्ठ! सत्ययुग, त्रेता, द्वापर और कलियुग– ये सबके सब राजा के आचरणों में स्थित हैं। राजा ही युगों का प्रवर्तक होने के कारण युग कहलाता है।[16]

महाभारत राजाओं का चरित्र है। राजा के धर्म में राजधर्म की सम्पूर्ण त्याग की भावना में समाहित है। भीष्म पितामह कहते हैं कि राजधर्म में समस्त त्यागों का दर्शन समाहित है। राजधर्म में सारी दीक्षाओं का प्रतिपादन हो जाता है। सम्पूर्ण विद्याओं का सुयोग राजधर्म में सुलभ है। समस्त लोक राजधर्म में प्रविष्ट हैं।[17] राजधर्म को क्षत्रिय धर्म का विशेषरूप माना गया है क्योंकि राज्य में शासन सामान्यतः क्षत्रिय (भावार्थ पराक्रमी) ही किया करते थे। क्षत्रियों का सामान्य धर्मपालन भी राजधर्म पर ही अवलम्बित है। इसीलिए कहा गया है– पुरातन राजधर्म जिसे क्षात्रधर्म भी कहते हैं, यदि लुप्त हो जाए तो आश्रमों के सम्पूर्ण धर्मों का ही लोप हो जावेगा।[18] महाभारत में कहा गया है कि चारों आश्रमों के धर्म एवं चारों वर्णों के धर्म राजा पर ही आश्रित होते हैं। एक राजा में ब्राह्मण की विद्वत्ता एवं स्वाध्याय, क्षत्रिय का पराक्रम, वैश्यों का अर्थोपार्जन तथा शूद्र का सेवाभाव जैसे आन्तरिक गुणों को सन्निहित होना चाहिए। राजा को चारों धर्मों की रक्षा करनी चाहिए। प्रजा को धर्मसंकरता से बचाना राजा का सनातन धर्म है।[19] राजा राज्य का मूल है। जो कर्मसंकरता एवं वर्णसंकरता के प्राबल्य को समाप्त करके व्यष्टि को स्वकर्म और स्वधर्म की ओर प्रवृत्त करके एक राज्य का निर्माण करता है। राजा को समुद्र पार करने वाली नौका की उपमा देते हुए भीष्म पितामह कहते हैं– राजधर्म उस नौका के समान है जो धर्मरूपी समुद्र में स्थित है। सत्वगुण द्वारा यह संचालित होता है, धर्मशास्त्र ही उसे बांधने वाली रस्सी है, त्यागरूपी वायु का सहारा पाकर यह मार्ग पर शीघ्रतापूर्वक अपने गन्तव्य की ओर अग्रसर होती है। इस प्रकार संसाररूपी समुद्र का खिवैय्या राजा है जो अपने सदाचरण से प्रजा को भवसागर से पार कराता है। यदि राजा का आचरण सर्वहितकारी हो, तभी प्रजा धर्म का सन्धान करती है।[20] राजा को व्यवहारपरक सन्तुलन

की सीख देते हुए महाभारतकार का स्पष्ट परामर्श है कि जो राजा सदा सब प्रकार से कोमलतापूर्ण बर्ताव करने वाला ही होता है, उसकी आज्ञा का लोग उल्लंघन कर जाते हैं और केवल कठोर बर्ताव करने से भी सब लोग उद्विग्न हो उठते हैं; अतः तुम आवश्यकतानुसार अपने व्यवहार में कठोरता और कोमलता दोनों का अवलम्बन करो।[21] परन्तु राजा को समान भाव से सभी प्रजाजनों पर दृष्टि रखते हुए कार्य करना चाहिए। अतः विद्वान् राजा के चारों वर्णों पर सदा दया करनी चाहिये, धर्मात्मा और सत्यवादी नरेश ही प्रजा को प्रसन्न रख पाता है।[22] दण्ड के सन्तुलन को प्राचीन भारतीय साहित्य में अनेकानेक स्थानों पर रेखांकित करते हुए सम्यक् दण्ड की अवधारणा प्रस्तुत की गई है। भलीभाँति दण्ड धारण करने वाला राजा सदा धर्म का भागी होता है। निरन्तर दण्ड धारण किए रहना राजा के लिए उत्तम धर्म मानकर उसकी प्रशंसा की जाती है।[23]

राजा का कर्त्तव्यपरायण आदर्श प्रजा जीवन को नियमबद्ध, कर्त्तव्यबद्ध एवं धर्मबद्ध करता है। तदनुसार प्रजा धर्माचरण एवं कर्त्तव्यपरायण के लिए उन्मुख होती है महाभारतकार का मानना है कि राजधर्म में राजा के गुण सन्निहित होते हैं। राजोचित गुणों से सम्पन्न व्यक्ति ही राजपद पर सुशोभित होता है। महाभारत महाकाव्य में राजा के लिए अपेक्षित, असंख्य गुणों का विधिवत उल्लेख किया गया है भीष्म पितामह ने राजा के आचरण की उत्कृष्टता प्रदान करने वाले गुणों को छत्तीस प्रकार का बतलाया है जिन का अनुपालन करने से राजा इहलोक एवं परलोक में सुख प्राप्त करने का अधिकारी बनता है। धर्माचरण करते राजा को राग द्वेष से शून्य होना चाहिए। राजा को धर्म पर पूर्ण श्रद्धालु और परलोक सुधारने के लिए उसे दयालु होना चाहिए। राजा क्रूरता का आश्रय लिए बिना अर्थ का अतिक्रमण किये बिना इन्द्रियों को तृप्त करे। दीनता रहित होके प्रिय वचन कहे, शूरवीर बने और अपनी प्रशंसा न करे। उदार हो, किन्तु कृपालु को दान न दे। प्रगल्भता रखे, किन्तु दया का भाव न छोड़े अन्यायों के साथ सन्धि न करे। बन्धुजनों के संग विग्रह न करे। अभक्त पुरुष (जो राजभक्त न हों), का गुप्तचरों के कार्यों में नियत न करे किसी को कष्ट पहुंचाये बिना अपना कार्य न साधे।[24] राजा को चाहिए कि वह दुष्टों को अपना अभीष्ट कार्य न कहे आत्मप्रशंसी न हो। श्रेष्ठ पुरुषों से उनका धन न छीने। नीच पुरुषों का आश्रय न ले। अपराध की अच्छी तरह परीक्षा किये बिना किसी के लिए महादण्ड का प्रयोग न करे। गुप्त मंत्रणा को प्रकट न करे। लोभियों को धन न दे। जिन्होंने कभी अपकार किया हो उन पर विश्वास न करे। स्त्रियों की सदैव रक्षा करे। स्वयं शुद्ध रहे परन्तु निष्ठुर न बने। कामादि भोगों का अधिक सेवन न करे। शुद्ध और स्वादेष्ट भोजन करे परन्तु अहित करने वाली मधुर वस्तु कभी न खावे। उद्दण्डता छोड़कर विनीत भाव से माननीय पुरुषों का आदर–सत्कार करे। निष्कपट भाव से गुरुजनों की सेवा करे। दम्भ त्याग कर देवताओं की पूजा करे। अनिन्दित उपायों से धन सम्पत्ति पाने की चेष्टा करे।[25] महाभारतकार का मानना है कि राज्य संचालन एक सरल कार्य नहीं है। राज्य एक बहुत बड़ा तंत्र है जिन्होंने अपने मन को वश में नहीं किया है। ऐसे क्रूर स्वभाववाले राजा उस विशाल तंत्र को संभाल नहीं सकते। इसी प्रकार जो बहुत कोमल प्रकृति के होते हैं, वे भी इसका भार वहन नहीं कर सकते। उनके लिए राज्य बड़ा भारी जंजाल हो जाता है।[26] इसलिए प्रत्येक शासक को अपने लोक व्यवहार एवं आचरण को सन्तुलित तथा समानुकूल बनाने की आवश्यकता है। इसी क्रम में महाभारतकार राजा से अपेक्षा करता है कि वह समयानुसार कठोरता तथा नमनीयता का धारण कर अपने आचरण को आवश्यकता के अनुरूप तीक्ष्ण एवं मृदु बनाता रहे। लोग सामान्यतः कोमल स्वभाव के शासक की अवहेलना करते हैं। साथ ही अत्यन्त तीक्ष्ण स्वभाव के शासक से भी लोग उद्विग्न हो जाते हैं।[27]

महाभारतकार का मानना है कि विभिन्न प्रकार के व्यवहारकुशल व्यक्तियों के ऐश्वर्य पर शासन करना जितना कठिन कार्य है उतना दुष्कर कर्म कोई दूसरा नहीं है।[28] इसलिए शासक को असाधारण गुणों से युक्त होना चाहिए। इसी को दृष्टिगत करते हुए महाभारतकार राजा से अपेक्षा करता है कि वह कार्यकुशल हो, किन्तु अवसर के ज्ञान से शून्य न हो। केवल पिण्ड छुड़ाने के लिए किसी को सान्त्वना या भरोसा न दे। किसी पर कृपा करते समय आक्षेप न करे। बिना

जाने किसी पर प्रहार न करे। शत्रुओं को मारकर शोक न करे। अकस्मात किसी पर क्रोध न करे और कोमल हो किन्तु अपकार का प्रतीकार करने वाला हो। राजा यदि इस लोक में कल्याण की स्थापना करना चाहता है, तो संयमित व्यवहार ही करे।[29] भीष्म कहते हैं कि हे युधिष्ठिर! जो राजा समस्त प्राणियों के प्रति समानभाव रखते हुए दण्ड का त्याग करता है और क्रोध को जीत कर यथार्थपूर्वक इन सब गुणों का सम्यक् पालन करता है वह इस जगत में कल्याण का अनुभव करके मृत्यु के पश्चात् स्वर्गलोक में प्रतिष्ठित होता है।[30] राजधर्म का पालन करते हुए दण्डधारण करना और प्रजापालन करना एक असामान्य दायित्व है क्योंकि सभी धर्मों में राजधर्म ही प्रधान है, क्योंकि उसके द्वारा सभी वर्णों का पालन होता है। राजन्! राजधर्मों में सभी प्रकार के त्याग का समावेश है और ऋषिगण त्याग को सर्वश्रेष्ठ एवं प्राचीन धर्म बताते हैं।[31] राजा के द्वारा शुद्ध अन्तःकरण युक्त प्रसन्न भाव से समस्त चित्तवृत्तियों के निरोध और योगयुक्त समभाव आचरण की अपेक्षा करते हुए महाभारतकार का कहना है कि इस प्रकार आत्म नियन्त्रण अत्यन्त सुखपूर्वक प्रजापालन में संलिप्त रहने वाला राजा उत्तम धर्म के फल का भागी होता है।[32]

महाभारतकार का कथन है कि अरण्यों में तथा विभिन्न आश्रमों में निवास करते हुए जो (तपस्वी) लोग धर्माचरण करते हैं और जितना धर्म पालन करते हैं, उन सबकी रक्षा करने से राजा उनसे शतगुण (सौ गुना) धर्म का भागी होता है।[33] महाभारतकार का मानना है कि देशधर्म तथा कुलधर्म का पालन करने वाला राजा सभी धर्मों व सभी आश्रमों के पुण्यफल का भागी होता है। जो राजा विहित धर्म में स्थित होकर यथार्थ रूप में उसका पालन करता है, जिस पुरुष में स्थित हुए सद्गुणों का कभी नाश नहीं होता, जो राजा स्थान, कुल और अवस्था का मान रखते हुए कार्य करता है। जो समय-समय पर सम्पत्ति और उपहार के द्वारा समस्त प्राणियों का सम्मान करता रहता है और जो राजा धर्म के दस तत्त्वों में स्थिर होकर सभी जीवधारियों के धर्म पर दृष्टि रखता है वह राजा सभी आश्रमों के पुण्य फल को प्राप्त करने का अधिकारी होता है।[34]

भीष्म पितामह ने राजा के व्यक्तिगत गुणों की भांति राजा के दुर्गुणों की विधिवत् व्याख्या करते हुए राजा को सभी प्रकार के व्यसनों को त्यागने का परामर्श दिया है। उन्होंने व्यसन को 18 प्रकारों में विभाजित किया है। जिनमें इस प्रकार के व्यसन कामज (शिकार करना, जुआ खेलना, परनिन्दा करना, दिवस शयन, स्त्री सेवन, मद, वाद्यगीत, नृत्य और मदिरापान) एवं आठ प्रकार के क्रोधज (चुगली, साहस, द्रोह, ईर्ष्या, असूया, अर्थदूषण, वाणी की कठोरता और दण्ड की कठोरता) बताये हैं। राजा की षष्ठांशवृत्ति का उल्लेख करते हुए भी प्रजापालन और सम्यक् संरक्षण के ध र्म की प्रधानता का उल्लेख किया गया है। कुरुनंदन! बुद्धिमान् नरेश प्रजाजनों से उन्हीं की रक्षा के लिए उनकी आय का छठा भाग कर के रूप में ग्रहण करे।[35] इस आय को राजा को प्रजा के सर्वतामुखी कल्याण के कार्यों में व्यय करना है अतः राजा से अधोभूत संरचना के विकास की अपेक्षा की गई है। इस क्रम में महाभारतकार राजा से आग्रह करता है कि प्रत्येक नरेश को बड़ी-बड़ी सड़कें बनवानी चाहिये और जहाँ जैसी आवश्यकता हो उसके अनुसार जलक्षेत्र और बाजारों की व्यवस्था करनी चाहिए।[36]

महाभारत में राजा के कर्त्तव्यों का सम्यक्, व्यापक एवं विस्तृत वर्णन किया गया है। महाभारत के सभापर्व एवं शान्तिपर्व में राजा के उन कर्त्तव्यों का विधिवत् उल्लेख किया गया है, जिनका अनुपालन करना प्रजाहितैषी राजा के लिए अत्यन्त अनिवार्य है। महाभारत के सभापर्व में देवर्षि नारद द्वारा युधिष्ठिर को राजधर्म की शिक्षा प्राप्त होती है। वहीं महाभारत के शान्तिपर्व में भीष्म पितामह महाराज युधिष्ठिर का विनम्र आग्रह स्वीकार करते हुए राजधर्म पर प्रकाश डालते हैं। राजधर्म को सभी धर्मों में श्रेष्ठ माना गया है। यह सभी धर्मों का रक्षण करता है। राज्य में राजा की उपस्थिति राजा को प्राणवान् बनाती है। राज्यरूपी शरीर के सभी अंग राजा के द्वारा ही गतिमान होते हैं। भीष्म पितामह कहते हैं कि राष्ट्र का सर्वप्रथम कर्त्तव्य राजा का अभिषेक करना है। राजारहित राज्य दुर्बल रहता है। ऐसे राज्य में दस्यु आक्रमण करते हैं।[37] जिन राष्ट्रों में कोई राजा नहीं होता वहां धर्म की स्थिति नहीं रहती, अतः वहां के लोग एक-दूसरे को हड़पने लगते

हैं, इसलिए जहां अराजकता हो, उस देश को सर्वस्व धिक्कार है।[38] अराजकता की विकट स्थिति के पूर्ण निवारण के लिए उन्नति की कामना रखने वाले राज्य का किसी व्यक्ति को अपना राजा अवश्य ही बना लेना चाहिए। राज्य में राजा की उपस्थिति से न केवल राज्य का रक्षण होता है, बल्कि समस्त व्यवस्थाओं का क्रियान्वयन भी होता है। एक सम्प्रभु राजा, राज्य की अराजक स्थिति को व्यवस्थित, नियमित एवं नियन्त्रबद्ध व्यवस्था में परिवर्तित करता है। राजा अपनी दण्डधारी शक्तियों के माध्यम से आपसी संघर्षों पर पूर्ण विराम भी लगता है और अपनी सुधारात्मक शक्तियों का प्रयोग करके मानव जीवन को एक नवीन दृष्टि प्रदान करता है। महाभारत में कहा गया है कि यदि इस जगत में भूतल तल पर एक दण्डधारी राजा न हो तो जिस प्रकार जल में बड़ी मछलियां छोटी मछलियों को अपना आहार बना लेती हैं उसी प्रकार प्रबल मनुष्य दुर्बल मनुष्यों को अपना आहार बना लेते हैं। अतएव ऐसे समय में सदैव शक्ति संघर्ष की चरम सीमा होती है, अपने बल का प्रयोग निरर्थक दिशा में करने के कारण ऐसे राज्य प्रायः नष्ट हो जाते हैं।[39] अतएव सदैव उन्नति की आशा रखने वाले देश को अपनी रक्षा के लिए किसी व्यक्ति को राजा अवश्य ही बना लेना चाहिए। जिनके देश में अराजकता है, उनके धन और स्त्रियां सदैव उनके ही अधिकार में रहे, यह सम्भव नहीं है।[40] अराजकता का सम्पूर्ण महाभारत में निरन्तर निषेध किया गया है। अतः कहा गया है कि कल्याण की कामना करने वाले मनुष्यों को सर्वप्रथम राजा की आवश्यकता है जिससे प्रजा पर अनुग्रह रहे। अराजकता की स्थिति में जो दास नहीं है उसे दास बना लिया जाता है और स्त्रियों को बलपूर्वक हरण किया जाता है इसी कारण देवताओं ने राजा की सृष्टि की है।[41] अतएव जो मनुष्य वैभव की कामना रखते हों उन्हें सर्वप्रथम इस भूमण्डल में प्रजाजनों पर अनुग्रह करने के लिए राजा अवश्य ही बना लेना चाहिए। भीष्म पितामह कहते हैं कि राज्य का आवाहन करने से इन्द्र का आवाहन समझा जाता है। इसने ऐश्वर्य की इच्छा रखने वाले पुरुषों को इन्द्र की भांति राजा की भी पूजा करनी चाहिए। राजाहीन राज्य में वास करना उचित नहीं है, क्योंकि वैसे राज्य में अग्निदेव भी देवताओं के निकट हव्य नहीं पहुंचाते हैं।[42]

राजा में अपेक्षित गुणों का वर्णन करते हुए महाभारतकार का कहना है कि प्रजा की सहायता पाकर राजा दुर्धर्ष एवं प्रजा की रक्षा करने में समर्थ हो जाता है राजा को चाहिए कि वह मुस्कराकर बातचीत करे। प्रजावर्ग के लोग यदि उससे कोई बात पूछें तो वह मधुर वाणी में उन्हें उत्तर दे। राजा को उपकार करने वालों के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए। अपने अनुयायियों पर सुदृढ़ स्नेह रखना चाहिए। राजा उपभोग में आने वाली वस्तुओं का सम्यक् प्रकार से यथायोग्य वितरण तथा विभाजन करे। अपनी इन्द्रियों को नियन्त्रण में रखना भी राजा का कर्त्तव्य है। जो लोग उसकी और अभिलाषा अथवा इच्छा से देखते हैं उन्हें सम्यक् रूप से प्रत्युत्तर देना चाहिए। राजा को चाहिए कि वह स्वभाव से मृदु, मधुर और सरल बने।[43] राजा का वेदों और वेदांगों का जानकार विद्वान्, बुद्धिमान्, तपस्वी सदा दानशील तथा यज्ञ/कर्मशील, कर्त्तव्यपरायण होना चाहिए।[44] राजा की महत्ता को रेखांकित करते हुए उसे सामान्य मनुष्यों से श्रेष्ठ बताते हुए महाभारतकार का कथन है कि 'यह भी एक मनुष्य है'- ऐसा समझकर कभी भी पृथ्वीपालक नरेश की अवहेलना नहीं करनी चाहिए; क्योंकि राजा मनुष्य के रूप में एक महान देवता को तन्ह प्रतिष्ठापित रहता है।[45]

भीष्म पितामह शान्तिपर्व के अध्याय 68 में युधिष्ठिर को राजा वसुमना एवं बृहस्पति के वृतान्त से राजाविहीन समाज एवं प्रजा की हानियों एवं राजा से सुशोभित राज्य के लाभों का वर्णन करते है। कथा के अनुसार कोसलदेश के राजाओं में राजा वसुमना एक महाबुद्धिमानी परमतेजस्वी, परमविवेकी, परमविनयी एवं सर्वलोकहितैषी राजा थे। उन्होंने प्रजाहित से प्रेरित होकर बृहस्पति से राजा के समस्त कर्त्तव्य विषयक प्रश्नों को प्रस्तुत किया। तब बृहस्पति ने राजा वसुमना से कहा- हे महाबुद्धिमान! प्रजा जो कुछ धर्माचरण करती है, राजा ही उसका मूल है, क्योंकि राजभय से ही प्रजा एक-दूसरे को हड़प नहीं लेती है। राजा ही मर्यादा का उल्लंघन करने वाले तथा अनुचित भोगों में आसक्त हो उनकी प्राप्ति के लिए उत्कण्ठित रहने वाले सारे जगत के लोगों को धर्मानुकूल शासन द्वारा प्रसन्न रखता है और स्वयं भी प्रसन्नतापूर्वक रहकर अपने तेज से प्रकाशित होता

है।[46] इस प्रकार इस संसार में सभी लोगों में निवास करने वाली शान्ति सौहार्द्रता, सामन्जस्य एवं धर्म की उपस्थिति सभी कुछ राजा पर ही निर्भर करते हैं। राजा राज्य व्यवस्था का संरक्षक है। राजा अपनी दण्डात्मक कार्यवाही के माध्यम से ऐसी प्रजा के चित्त का शुद्धिकरण करता है, जो लोभवश राज्य की मर्यादाओं का अतिक्रमण करते हैं। इस समय राजा का राजरूप समस्त जग में उजागर होता है। जो प्रजा का रक्षक बनकर समस्त अव्यवस्थाओं का निवारण करता है। राजा के विषय में बृहस्पति आगे कहते हैं। महाराज! जैसे सूर्य, चन्द्रमा का उदय न होने पर समस्त प्राणी घोर अंधकार में डूब जाते हैं और एक–दूसरे पर दृष्टिपात नहीं रख पाते हैं। जैसे थोड़े जल वाले तालाब में मत्स्यगण तथा रक्षक रहित उपवन में पक्षियों के झुंड बार–बार हिंसा करते हुए विचरते हैं, वे कभी तो अपने प्रहार से दूसरों को कुचलते और मथते हुए आगे बढ जाते हैं और कभी स्वयं दूसरों की चोट खाकर व्याकुल हो जाते हैं। इस प्रकार आपस में लड़ते हुए वे थोड़े ही दिनों में प्रायः संघर्ष करते हुए नष्ट हो जाते हैं।[47] वैसे ही राजा के न रहने पर प्रजा भी पालकहीन पशु की भांति घोर अन्धकार में पड़कर नष्ट हो जाती है।

यदि राजा दण्डनीति का उत्तम रीति से प्रयोग करे तो वह चारों वर्णों को अपने–अपने धर्म में बलपूर्वक लगाती है और उन्हें अधर्म की ओर जाने से रोक देती है।[48] इस प्रकार दण्डनीति के प्रभाव से जब चारों वर्णों के लोग अपने–अपने कर्मों में संलग्न रहते हैं धर्म मर्यादा में संकीर्णता नहीं आने पाती और प्रजा सब ओर से निर्भय एवं कुशलपूर्वक रहने लगती है; तब सभी वर्णों के लोग विधिपूर्वक स्वास्थ्य रक्षा का प्रयत्न करते हैं। इसी में मनुष्यों का सुख निहित है। यह तुम्हें ज्ञात होना चाहिए।[49] महाभारत में भीष्म कहते हैं कि हे नरश्रेष्ठ! तुम्हें यह ज्ञात होना चाहिए कि समस्त प्राणी दण्डनीति के आधार पर टिके हुए हैं। राजा दण्डनीति से युक्त हो और उसी के अनुसार चले–यही उसका सबसे बड़ा धर्म है।[50] यदि राजा, प्रजाजनों की रक्षा न करे तो बलवान प्रजाजन, निर्बल प्रजाजनों का घर स्त्री, धन, सम्पति इत्यादि को लूट और अपने घर–बार की रक्षा के लिए प्रयत्न करने वालों को मार डालें। राजा रक्षा न करे तो इस जगत् में स्त्री, पुत्र, धन अथवा घर बार कोई भी ऐसा संग्रह नहीं हो सकता। जिसके लिए कोई यह कह सके कि यह मेरा है, सब ओर सबकी सम्पत्ति का लोप हो जाये। यदि राजा पालन न करता, तो पाप्चारियों द्वारा धर्माचारियों के ऊपर बहुधा अस्त्र चलते लुटेरे वाहन, वस्त्र, आभूषण और रत्नों को लूट लेते और सब कोई अधर्म का आसरा ग्रहण करते। यदि प्रजापालक राजा न हो तो दुराचारी लोग अपने माता, पिता, आचार्य, अतिथि, गुरु तथा अन्य वृद्धजनों को या तो दुःख दें अथवा उन्हें जान ही से मार डालें। यदि राजा पालन न करे तो धनवानों को प्रतिदिन वध या क्लेश उठाना पड़े कोई भी किसी सम्पत्ति का अपना नहीं कह सकता।[51] राजा रक्षा न करता, तो सब ही अकाल असमय ही मृत्यु–मुख में पतित होते। समस्त जगत् के सब लोग ही डाकुओं के वश में हो जाते तथा सब कोई पाप के कारण घोर नरक यातनाएं सहते। यदि राजा रक्षा न करता, तो व्यभिचार से किसी को घृणा न हो, योनि दोष, कृषि और वाणिज्य कुछ भी न रहते सब नष्ट हो जाता, धर्म डूबता और वेदादि लुप्त हो जाते। राजा की रक्षा न करने से सात प्रकार के दक्षिणायुक्त यज्ञ, विवाह अथवा समाज कुछ भी विधिपूर्वक न निर्वाहित होते। राजा का शासन न रहता, तो वृषभ भी गौओं में वीर्यसिञ्चन न करते, गगरी भी न मथी जाती, इससे गोपालक लोग भी नष्ट हो जाते राजा रक्षा न करता तो सब लोग ही भयभीत और व्याकुल होकर हाहाकार करके चेतनारहित की भांति क्षणभर में नष्ट हो जाते।[52] महाभारत में राजा का सर्वप्रथम कर्त्तव्य आत्मविजयी होना बताया गया है। जो राजा स्व तन्त्र को नहीं जीतता है, वह शत्रु पर विजय प्राप्त नहीं कर सकता है।[53] राजा को सबसे पहले प्रजा का रंजन अर्थात् प्रजा को प्रसन्न रखने की इच्छा से देवताओं और ब्राह्मणों के प्रति शास्त्रोक्त विधि के अनुसार बर्ताव करना चाहिए।[54] क्योंकि प्रजा का रञ्जन करने का कारण ही राजा का नाम राजा है।[55] राजा का धर्म प्रजाजनों का पालन करना है। धर्म का अनुसरण करने वाले सदा धर्म को ही प्रमाण मानते हैं।[56] भीष्म पितामह युधिष्ठिर से कहते हैं कि सदा प्रजा रंजन में प्रवृत्त रहना, सत्य की रक्षा और प्रजा का पालन ही राजाओं का सनातन धर्म है।[57]

राजा की न्यायदृष्टि को अकलुषित, स्वेदनशील निष्पक्ष, निष्पाप तथा सन्देहरहित बनाने के लिए महाभारत के शान्तिपर्व में यह अपेक्षा की गई है कि राजा को चाहिए कि वह सर्वथा अपनी प्रजा के पुत्रों और पौत्रों की भाँति स्नेहदृष्टि से देख, परन्तु जब न्याय करने का अवसर प्राप्त हो, तब उसे स्नेहवश पक्षपात नहीं करना चाहिए। राजा न्याय करते समय सदा वादी–प्रतिवादी की बातों को सुनने के लिए अपने पास सर्वार्थदर्शी विद्वान् पुरुषों को साथ बिठाकर रखे क्योंकि विशुद्ध न्याय पर ही राज्य प्रतिष्ठित रहता है।[58] राज्य संचालन में नियमित निरीक्षण तथा पर्यवेक्षण की उपादेयता को रेखांकित करते हुए महाभारतकार का कथन है कि सोने आदि की खान, नमक, अनाज आदि की मण्डी, नाव के घाट तथा हथियों के यूथ–इन सब स्थानों पर होने वाली आय के निरीक्षण के लिए मंत्रियों को अथवा अपने हित चिंतक विश्वसनीय व्यक्तियों को राजा नियुक्त करे।[59] राजा को सप्तांग की रक्षा के दायित्व को बताते हुए भीष्म पितामह कहते हैं कि हे कुरुनंदन! राजा को उचित है कि वह सात तत्त्वों की अवश्यमेव रक्षा करे। वे सात कौन हैं। यह मुझसे सुनो। राजा को स्वत्व, मंत्री कोश, दण्ड (सेना), मित्र, राष्ट्र और नगर– ये राज्य के सात अंग हैं। राजा को इन सभी सातों का प्रयत्नपूर्वक पालन करना चाहिए।[60]

राजाओं के क्षात्र धर्म का वर्णन करते हुए महाभारतकार का कथन है कि युद्ध में अपने शरीर की आहुति देना, समस्त प्राणियों पर दया करना, लोक–व्यवहार का ज्ञान प्राप्त करना, प्रजा की रक्षा करना, विषादग्रस्त एवं पीड़ित मनुष्यों के दुःख और कष्ट से छुड़ाना– ये सब बातें राजाओं के क्षात्र धर्म में ही विद्यमान हैं।[61] महाभारत के शान्तिपर्व के अनुरूप राजाओं का परम धर्म तो यही है कि वे दुष्टों को दण्ड दें, सत्पुरुषों का पालन करें तथा युद्ध में कभी पीठ न दिखावें, पलायन न करें।[62] दण्ड की शक्ति को रेखांकित करते हुए द्रौपदी युद्ध के उपरान्त राज्य शासन के अधिकार से विमुख युधिष्ठिर से कहती है कि जो दण्ड देने की शक्ति नहीं रखता, उस क्षत्रिय की शोभा नहीं होती। दण्ड न देने वाला राजा इस पृथ्वी का उपभोग नहीं कर सकता। हे भारत! दण्डहीन राजा की प्रजाओं को कभी सुख नहीं मिलता है।[63] युधिष्ठिर को राजधर्म में प्रवृत्त होने की सलाह देते हुए अर्जुन का कथन है कि हे कुन्तीनंदन! कर्म कीजिए, यज्ञ कीजिए, दान दीजिए, प्रजा की रक्षा कीजिए और धर्म का निरन्तर पालन करते हुए अपने राजधर्म में प्रवृत्त रहिए। आप शत्रुओं का वध और मित्रों का संरक्षण कीजिए।[64] राजाओं के विशिष्ट गुणों का वर्णन करते हुए महाभारतकार का कथन है कि धर्म का अनुसरण करने वाले, सत्य, दान और तप में संलग्न रहने वाले, दया आदि गुणों से युक्त, काम–क्रोध आदि दोषों से रहित, प्रजापालनपरायण, उत्तम धर्मसेवी तथा गौओं और ब्राह्मणों की रक्षा के लिए युद्ध करने वाले नरेशों ने परम उत्तम गति प्राप्त की है।[65]

महाभारतकार का कथन है कि जो क्षत्रिय नरेश राज्यसिंहासन पर स्थित होकर अपनी सम्पूर्ण इन्द्रियों को सदा अपने अधीन रखता है, प्रिय और अप्रिय को समानदृष्टि से देखता है, यज्ञ से बचे हुए अन्न का भोजन करता है, शास्त्रों के यथार्थ रहस्य को जानता है, दुष्टों का दमन और साधुपुरुषों का पालन करता है, समस्त प्रजा को धर्म के मार्ग में स्थापित करके स्वयं भी धर्मानुकूल व्यवहार करता है, वृद्धावस्था में राज्यलक्ष्मी को पुत्र के अधीन करके वन में जाकर जंगली फल मूलों का आहार करते हुए जीवन व्यतीत करता है तथा वहाँ भी शास्त्र श्रवण से ज्ञात हुए शास्त्रविहित कर्मों का आलस्य छोड़कर पालन करता है, ऐसा व्यवहार करने वाला वह राजा ही धर्म को निश्चित रूप से जानने और मानने वाला है। अतः हे कुन्तीनंदन! तुम भी प्रयत्नपूर्वक इस धर्म का पालन करो।[66]

इस प्रकार महाभारत में राजत्व का परिप्रेक्ष्य प्राचीन भारतीय राजधर्म के विविध आयामों का सूक्ष्म एवं तलस्पर्शी विवरण प्रस्तुत करता है जिसका अधिकांश भाग समकालीन राजनीतिक नेतृत्व के लिए समुपयोगी हो सकता है। अतः इस दिशा में और अधिक विश्लेषणात्मक अनुसन्धान की आवश्यकता है।

सन्दर्भ–सूची

1- राजा भोजो विराट् सम्राट् क्षत्रियो भूपतिर्नृपः।

य एभिः स्तूयते शब्दैः कस्तं नार्चितुमर्हति।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 68, श्लोक 54

2- राष्ट्रस्यैत् कृत्यतमं राज्ञ एवाभिषेचनम्।

अनिन्द्रमवलं राष्ट्रं दस्यवोऽभिभवन्त्युत।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 67 श्लोक 2

3- अराजकेषु राष्ट्रेषु धर्मो न व्यवतिष्ठते।

परस्परं च खादन्ति सर्वथाधिगराजकम्।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 67, श्लोक 3

4- इन्द्रमेव प्रवृणुते यद्राजानमिति श्रुतिः।

यथैवेन्द्रस्तथा राजा संपूज्यो भूतिमिच्छता।।

नाराजकेषु राष्ट्रेषु वस्तव्यमिति रोचये।

नाराजकेषु राष्ट्रेषु हव्यमग्निर्वहत्युत।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 67, श्लोक 4–5

5- एवं ये भूतिमिच्छेयुः पृथिव्यां मानवाः क्वचित्।

कुर्यू राजानमेवाग्रे प्रजानुग्रहकारणात्।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 67. श्लोक 33

6- स्त्रियश्चापुरुषा मार्ग सर्वालंकारभूषिताः।

निर्भयाः प्रतिपद्यन्ते यदि रक्षति भूमिपः।।

धर्ममेव प्रपद्यन्ते न हिन्सन्ति परस्परम्।

अनुगृह्णान्ति चान्योन्यं यदा रक्षति भूमिपः।।

यजन्ते च महायज्ञैस्त्रयो वर्णाः पृथग्विधः।

युक्ताश्चाधीयते विद्यां यदा रक्षति भूमिपः।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 68, श्लोक 32–34

7- वार्तामूलो ह्यं लोकस्त्रय्या वै धार्यते सदा।

तत् सर्वं वर्तते सम्यग् यदा रक्षति भूमिपः।।

यदा राजा धुरं श्रेष्ठामादाय वहति प्रजाः।

महता बलयोगेन तदा लोकः प्रसीदति।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 68, श्लोक 35–36

8- राजा प्रजानां प्रथमं शरीरं

प्रजाश्च राज्ञोऽप्रतिमं शरीरम्।

राज्ञा विहीना न भवन्ति देशा

देशैर्विहीना न नृपाः भवन्ति।।

राजा प्रजानां हृदयं गरीयो

गतिः प्रतिष्ठा सुखमुत्तमं च।

समाश्रिता लोकमिमं परं च

जयन्ति सम्यक् पुरुषाः नरेन्द्र।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 68 श्लोक 58–59

9- सर्वे त्यागाः राजधर्मेषु दृष्टा

सर्वाः दीक्षाः राजधर्मेषु चोक्ताः।

सर्वा विद्या राजधर्मेषु युक्ताः

सर्वेलोकाः राजधर्मे प्रविष्टाः।। महाभारत, शान्तिपर्व अध्याय 63 श्लोक 29

10- सर्वस्य जीवलोकस्य राज्धर्मः परायणम् महाभारत शान्तिपर्व, अध्याय 55, श्लोक 3

11- त्रिवर्गो हि समाश्रित्तो राजधर्मेषु कौरव।

मोक्षधर्मश्च विस्पष्टः सकलोऽत्र समाहितः।। महाभारत शान्तिपर्व, अध्याय 56, श्लोक 4

12- यथा हि रश्मयोऽश्वस्य द्विरदस्यांकुशो यथा

नरेन्द्रधर्मो लोकस्य तथा प्रग्रहणं स्मृतम्।। महाभारत, शान्तिपर्व अध्याय 56, श्लोक 5

13- उदयन हे यथा सूर्यो नाशयत्यशुभं तमः।

राजधर्मास्तथालोक्यां निक्षिपन्त्यशुभांगतिम्।। महाभारत, शान्तिपर्व अध्याय 56, श्लोक 7

14- राजैव कर्त्ता भूतानां राजैव च विनाशकः।

धर्मात्मा यः स कर्ता स्यादधर्मात्मा विनाशकः। महाभारत शान्तिपर्व, अध्याय 91, श्लोक 9

15- दुर्बलार्थं बलं दृष्टं धात्रामान्धातारुच्यते

अबलं तु महद्भूतं यस्मिन् सर्वं प्रतिष्ठितम्।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 91, श्लोक 12

16- कृतं त्रेता द्वापरं च कलिश्च भरतर्षभ।

राजवृत्तानि सर्वाणि राजैव युगमुच्यते।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 91, श्लोक 6

17- सर्वे त्यागाः राज्धर्मेषु दृष्टाः

सर्वा दीक्षाः राजधर्मेषु चोक्ताः।

सर्वा विद्या राजधर्मेषु युक्ता

धर्म पुरुषशार्दूल प्राप्स्यते पालने रतः।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 65, श्लोक 39

33- वने चरन्ति ये धर्ममाश्रमेषु च भारत।

रक्षणात् तच्छतगुणं धर्म प्राप्नोति पार्थिवः।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 66, श्लोक 41

34- देशधर्माश्च कौन्तेय कुलधर्मास्तथैव च।

पालयन् पुरुषव्याघ्र राजा सर्वाश्रमी भवेत्।। महाभारत शान्तिपर्व, अध्याय 66, श्लोक 29

(साथ ही द्रष्टव्य महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 66, श्लोक 4–32)

35- आददीत बलिं चापि प्रजाभ्यः कुरुनन्दन।

स षड्भागमपि प्राज्ञस्तासामेवाभिगुप्तये।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 69, श्लोक 25

36- विशालान् राजमार्गांश्च कारयीतनराधिपः।

प्रपाश्च विपणांश्चैव यथोद्देशं समाविशेत्।। महाभारत, शांन्तिपर्व, अध्याय 69, श्लोक 53

37- राष्ट्रस्यैत् कृत्यतमं राज्ञ एवाभिषेचनम्।

अनिन्द्रमबलं राष्ट्रं दस्यवोऽभिभवन्त्युत।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 67, श्लोक 2

38- अराजकेषु राष्ट्रेषु धर्मो न व्यवतिष्ठते।

परस्परं च खादन्ति सर्वथा धिगराजकम्।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 67, श्लोक 3

39- राजा चेन्न भवेल्लोके पृथिव्यां दण्डधारकः।

जले मत्स्यानिवाभक्ष्यन् दुर्बलं बलवत्तरा।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 67 श्लोक 11

40- तस्माद् राजैव कर्त्तव्यः सततं भूतिमिच्छता।

न धनार्थो न दारार्थस्तेषां येषामराजकम्।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 67, श्लोक 2

41- एवं ये भूतिमिच्छेयुः पृथिव्यां मानवाः क्वचित्।

कुर्यू राजानमेवाग्रे प्रजानुग्रहकारणात्।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 67, श्लोक 33

42- इन्द्रमेव प्रवृणुते यद्राजानमिति श्रुतिः।

यथैवेन्द्रस्तथा राजा संपूज्यो भूतिमिच्छता।।

नाराजकेषु राष्ट्रेषु वस्तव्यमिति रोचये।

नाराजकेषु राष्ट्रेषु हव्यमग्निर्वहत्युत।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 67 श्लोक 4–5

43- गोप्ता तस्माद् दुराधर्षः स्मितपूर्वाभिभाषिता।

आभाषितश्च मधुरं प्रत्याभाषेत मानवान्।।

कृतज्ञो दृढ़भक्तिः स्यात् संविभागी जितेन्द्रियः।

ईक्षितः प्रतिवीक्षेत मृदु चल्गु च सुष्ठु च।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 67, श्लोक 33–39

44- वेदवेदांगवित् प्राज्ञः सुतपस्वी नृपो भवेत्।

दानशीलश्च सततं यज्ञशीलश्च भारत।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 69, श्लोक 31

45- न जात्ववमन्तव्यो मनुष्य इति भूमिपः।

महती देवता ह्येषा पररूपेण तिष्ठति।। महाभारत शान्तिपर्व, अध्याय 68, श्लोक 40

46- राजमूलो महाप्राज्ञ धर्मो लोकस्य लक्ष्यते।

प्रजा राजभयादेव न खादन्ति परस्परम्।।

राजा ह्येवाखिलं लोकं सनुदीर्ण सनुत्सुकम्।

प्रसादयति धर्मेण प्रसादे च विराजते।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 68, श्लोक 8–9

47- यथा ह्यनुदये राज्ञस्तमांसि शशिसूर्ययोः।

अन्धे तमसि मज्जेयुरपश्यन्तः परस्परम्।।

यथा ह्यनुदके मत्स्या न्याकन्दे विहगमाः।

विहरेयुर्यथाकामं वैहिंसन्तः पुनः पुनः।।

विमथ्यातिक्रमेश्चैव विषज्झपि परस्परम्।

अभावमचिरेणैव गच्छेयुर्नात्र संशयः।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 68, श्लोक 10–12

48- दण्डनीतिः स्वधर्मेभ्यश्चातुर्वर्ण्यं नियच्छति।

प्रयुक्ता स्वामिना सम्यग्धर्मेभ्यो नियच्छति।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 69, श्लोक 76

49- चातुर्वर्ण्यं स्वकर्मस्थे मर्यादानामसंकरे।

दण्डनीतिकृते क्षेमे प्रजानामकुतोभये।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 69, श्लोक 77

स्वास्थ्ये प्रयत्नं कुर्वन्ति त्रयो वर्णा यथाविधि।

तस्मादेव मनुष्याणां सुखं विद्धि सनाहितम्।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 69, श्लोक 78

50- यस्यां भवन्ति भूतानि तद् विद्धि मनुजर्षभ

एष एव परो धर्मो यद् राजा दण्डनीतिमान्।। महाभारत, शान्तिपर्व अध्याय 69, श्लोक 104

51- एवमेव बिना राज्ञा विनश्येयुरिमाः प्रजा।

अन्धे तमसि मज्जेयुरपापाः पशवो यथा।13।।

हरेयुर्बलवन्तोऽपि दुर्बलानां परिग्रहान्।

हन्युर्व्यायच्छमानांश्च यदि राजा न पालेयत्।।14

ममेदमिति लोकेऽस्मिन्न भवेत्संपरिग्रह।

न दारा न च पुत्रः स्यान्न धनं न परिग्रहः।।

विष्वग्लोपः प्रवर्तेत यदि राजा न पालयेत्।।15।।

यानं वस्त्रमलंकारान् रत्नानि विविधानि च

हरेयुः सहसा पापा यदि राजा न पालयेत्।।16।।

पतेद् बहुविधं शस्त्रं बहुधा धर्मचारिषु।

अधर्मः प्रगृहीतः स्याद्यदि राजा न पालयेत्।।17।।

मातरं पितरं वृद्धमाचार्यमतिथिं गुरुम्।

क्लिश्नीयुरपि हिंस्युर्वा यदि राजा न पालयेत्।।18।।

वध बन्धपरिक्लेशो नित्यमर्थवतां भवेत्।

ममत्वं च न विन्देयुर्यदि राजा न पालयेत्।।19।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 68, श्लोक 13–19

52- अन्ताश्चाकाल एवं स्युर्लोकोऽयं दस्युसाद् भवेत्।

पतेयुर्नरकं घोरं यदि राजा न पालयेत्।।20।।

न योनिदोषो वर्तेत न कृषिर्न वणिक्पथः।

मज्जेद् धर्मस्त्रयी न स्याद् यदि राजा न पालयेत्।।21।।

न यज्ञाः सम्प्रवर्तेयुर्विधिवत् स्वाप्तदक्षिणाः।

न विवाहाः समाजो वा यदि राजा न पालयेत्।।22।।

न वृषाः संप्रवर्तेरन् न मथ्येरंश्च गर्गराः।

घोषाः प्रणाशं गच्छेयुर्यदि राजा न पालयेत्।।23।।

त्रस्तमुद्विग्नहृदयं हाहाभूतमचेतनम्।

क्षणेन् विनशेत् सर्वं यदि राजा न पालयेत्।।24।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 68, श्लोक 20–24

53- आत्मा जेयः सदा राज्ञा ततोजेयाश्च शत्रवः।

अजितात्मा नरपतिर्विजयेत कथंरिपून।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 69 श्लोक 4

54- आदावेव कुरुश्रेष्ठ राजा रंजनकाम्यया।

देवतानां द्विजानां च वर्तितव्यं यथाविधि।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 56, श्लोक 12

55- ततो राजेति नामाभूद अनुरागादजायत।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 29, श्लोक 139

56- प्रजानां पालनं धर्मो राजा राजीवलोचन।

धर्मः प्रमाणं लोकस्य निन्द धर्मानुवर्तिनः।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 32 श्लोक 2

57- लोकरञ्जनमेवात्र राज्ञां धर्मः सनातनः।

सत्यस्य रक्षण चैव व्यवहारस्य चार्जयम्।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 57, श्लोक 1

58- यथा पुत्रास्तथा पौत्रा द्रष्टव्यास्ते न संशयः

भक्तिश्चैषां न कर्त्तव्या व्यवहारे प्रदर्शिते।।

श्रोतुं चैव न्यसेद् राजा राज्ञान् सर्वार्थदर्शिनः।

व्यवहारेषु सततं तत्र राज्यं प्रतिष्ठितम्।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 59, श्लोक 27–28

59- आकरे लवणे शुल्कं तरे नागबले तथा।

न्यसेदमात्यान् नृपतिः स्वाप्तान् वा कुरुषान् हितान्।

महाभारत शान्तिपर्व, अध्याय 69, श्लोक 29

60- राज्ञा सप्तैव रक्ष्याणि तानि चैव निबोध मे

आत्मामात्याश्च कोशाश्च दण्डो मित्राणि चैव हि ।

तथा जनपदश्चैव पुरं च कुरुनंदन।

एतत् सप्तात्मकं राज्यं परिपाल्यं प्रयत्नतः।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 69, श्लोक 64–65

61- आत्मत्यागः सर्वभूतानुकम्पा

लोकज्ञानं पालनं मोक्षण च।

विषण्णानां मोक्षण पीडितानां

क्षात्रे धर्मे विद्यते पार्थिवानाम्।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 64, श्लोक 27

62- असता प्रतिषेधश्च सता च परिपालनम्।

एष राज्ञां परो धर्मः स्मृत चापलयानम्।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 14, श्लोक 16

63- नादण्ड्याः क्षत्रियो नाति नादण्डो भूमिमश्नुते।

नादण्डस्य प्रजा राज्ञः सुखं चेन्दन्ति भारत।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 14, श्लोक 14

64- यजं देहि प्रजां रक्ष धर्मं समनुपालय।

अमित्रान्जहि कौन्तेय मित्राणि परिपालय।। महाभारत, शान्तिपर्व, अध्याय 15, श्लोक 53

65- एवं धर्ममनुक्रान्ताः सत्यदानतपः परः।

आनृशंस्यगुणैर्युक्ताः कामक्रोधविवर्जिताः।।

प्रजानां पालने युक्ता धर्ममुत्तममास्थिताः।

गोब्राह्मणार्थे युध्यन्तः प्राप्ता गतिमनुत्तमाम् । महाभारत शान्तिपर्व, अध्याय 21 श्लोक 18–19

66- तस्मादेतत् प्रयत्नेन कौन्तेय प्रतिपालय।

यो हि राज्ये स्थितः शश्वद् वशी तुल्यप्रियाप्रियः।।

क्षत्रियो यज्ञशिष्टाशी राजा शास्त्रार्थतत्त्ववित्।

असाधुनिग्रहरतः साधूनां प्रग्रहे रतः।

धर्मवर्त्मनि संस्थाप्य प्रजा वर्तेत धर्मतः।

पुत्रवत्क्रामितश्रीश्च वने वन्येन वर्तयन्।।

विधिना श्रावणेनैव कुर्यात् कर्माण्यतन्द्रितः

य एवं वर्तते राजन् स राजा धर्मनिश्चितः।। महाभारत शान्तिपर्व, अध्याय 21, श्लोक 13–16

भारतीय राजनीति विज्ञान शोध पत्रिका, वर्ष–द्वादश, अङ्क: प्रथम, जनवरी–जून, 2020 ISSN-2229-452X

प्राचीन साहित्य में राज्य एवं राजनीतिक तथ्यों का तुलनात्मक आंकलन

अलका गोयल

संस्कृत साहित्य की विभिन्न विधाओं में राज्य राजनीति और राजनीतिक संस्कृति का समृद्ध चित्रण उपलब्ध है लेकिन प्राचीन भारतीय साहित्य में राजनीतिक चिन्तन पर मनन करते हुए विद्वतजनों ने महाकाव्यों, नीति ग्रन्थों व स्मृतियों से भिन्न साहित्य पर पर्याप्त ध्यान केन्द्रित नहीं किया। **प्रस्तुत शोध पत्र में प्राचीन भारतीय चिन्तन के प्रतिनिधि स्त्रोतों में चित्रित राज्य व राजनीति के विभिन्न पक्षों का विशद तुलनात्मक आंकलन एवं विश्लेषण करने का प्रयास किया गया है।**

राज्य का स्वरूप

रामायण में राज्य को एक उद्देश्यपूर्ण संस्था के रूप में चित्रित किया गया है और उत्पत्ति के संबंध में स्पष्टत न होते हुए भी संविदात्मक आधार स्पष्ट किया गया है जोकि तत्वतः स्मृतियों व नीति ग्रन्थों में व्यक्त दृष्टिकोण से पर्याप्त सादृश्य रखता है। मनुस्मृति में प्रकटतः राज्य के दैवीय उत्पति के सिद्धान्त का प्रतिपादन किया है[1] तथापि यह दैवीय सिद्धान्त राज्य के संविदात्मक आधार की सम्भावनाएँ अनिवार्यतः समाविष्ट करता है। अन्य प्राचीन भारतीय ग्रन्थों के समान मनुस्मृति में राज्य के स्थान पर राजा की उत्पत्ति का विवरण प्राप्त होता है[2] ग्रन्थ में यह स्पष्टतः कहा गया है कि राजा को देवताओं के नित्य सारभूत अंशों से निर्मित किया गया है अतः उसे अपने शासकीय दायित्वों के अनुपालन में उनके गुणों को परिलक्षित करना चाहिए। याज्ञवल्य–स्मृति में राज्य की उत्पत्ति के मूल विचार के साथ धर्म व दण्ड दोनों के अनिवार्य संयोग के द्वारा राज्य के संविदात्मक स्वरूप को ही स्पष्ट करने का प्रयत्न किया है। **महाभारत** में चित्रित राज्य से पूर्व की अवस्था एक संगठित व कार्यशील सामाजिक व्यवस्था थी जिसका आधार धर्म था।[3] धीरे–धीरे धर्म के लोप के साथ ही मत्स्य न्याय प्रचलित हो गया अतः पुनः धर्म के सिद्धान्तों को कार्यशील बनाने और उन्हें प्रवर्तित करने के लिए भौतिक अवलम्ब की आवश्यकता थी।[4] राज्य की उत्पत्ति उसी भौतिक अवलम्ब की खोज का परिणाम थी। यद्यपि महाभारत भी मुख्यतः राज्य के संविदात्मक पक्ष को पदस्थापित करता है तथापि ग्रन्थ में विभिन्न स्फुट प्रसंगों में राज्य की उत्पत्ति के प्रक्रियात्मक पक्षों के वर्णन के क्रम में ईश्वरीय हस्तक्षेप का संकेत दिया गया है। ग्रन्थ में राज्य को प्रयोजनहीन स्वयंभू संस्था के रूप में चित्रित न कर उत्पत्ति में संविदा का संकेत देकर तथा राज्य को धर्म की पुनः प्रतिष्ठा के लिए उत्तरदायी बताकर ग्रन्थ में राज्य के लोक कल्याणकारी व सकारात्मक चरित्र को प्रतिपादित किया गया है।[5] **शुक्रनीतिसार** में मात्र एक ऐसा प्रसंग है जिसे राज्य की उत्पत्ति से संबंधित माना जा सकता है जिसमें कहा है कि प्रजाओं से अपना वार्षिक कर वेतन के रूप में स्वीकार करने से स्वामी के रूप में स्थित राजा को ब्रह्मा ने प्रजाओं के पालनार्थ सेवक बनाया है[6] इस प्रकार शुक्रनीति भी राज्य के संविदात्मक आधार को ही स्पष्ट करती है। **कौटिल्य के अर्थशास्त्र** में व्यक्ति के आचरण पर बाह्यकारी नियन्त्रण आरोपित करने वाली एक प्रयोजनपरक संस्था के रूप में राज्य का अस्तित्व प्रजा द्वारा शासकीय आज्ञाकारिता को शिरोधार्य करने का प्रस्ताव और मनु के द्वारा इस प्रस्ताव की स्वीकृति का सहज परिणाम है। अर्थशास्त्र का

ISSN-0019-5510

The Indian Journal of Political Science

Volume LXXXI, No. 1

January-March, 2020

Editor

Manas Chakrabarty

यथाचतुर्भिः कनकं परीक्ष्यते
निघर्षणच्छेदनतापताडनैः।
तथाचतुर्भिः पुरुषः परीक्ष्यते
अधीतिबोधाचरणप्रचारणैः।।

The Quarterly Journal of Indian Political Science Association

The Indian Journal of Political Science

The Indian Journal of Political Science IJPS is the quarterly peer-reviewed and refereed journal published by the Indian Political Science Association in March, June, September and December every year. Started in 1939, the IJPS has become one of the most reputed and refereed journals of Political Science at national level and, in fact, the foremost journal of the discipline at the international level. We feature research articles pertaining to issues and practices in Political Science, Public Administration, International Relations, Governance in India and around the world and also select papers of interdisciplinary nature that delineates the trajectory, progress and issues in the contemporary world and it is also a platform to culminate into a dialogue amongst the scientists of the field. It also invites books for review. All papers are liable to be published after peer review.

The journal has over the years evolved as a major publication of scholarly articles on ideas and issues important to the study of politics. It seeks to encourage greater collaboration and exchange of ideas among political scientists in India and abroad. The position of the Editor of the Indian Journal of Political Science had been occupied by renowned political scientists of the country at various points of time.

IJPS has now entered 80th year of its publication. The periodicity and visibility of IJPS at national and international levels has also increased tremendously. The website of the journal www.ijps.net has been providing all the updated information. The national and global abstracting and indexing of the papers published has also been restored to a great extent. The impact factor of the journal has grown substantially and its representative character has made the journal truly a publication of a national body with global acceptance. It has become the best avenue of interaction and dialogue between Indian political scientists as well as international community.

Editor

Manas Chakrabarty

The Indian Journal of Political Science
Vol. LXXXI, No. 1, January-March, 2020, pp. 9-16 (ISSN NO. 0019-5510)

GOOD GOVERNANCE IN ABHIJNANSHAKUNTALAM OF KALIDASA

Sanjeev Kumar Sharma

The present paper attempts to identify, locate, explore and analyze the dimensions of good governance in ancient Indian Sanskrit play by one of the greatest Indian poets, Kalidasa, in his Abhijnanshakuntalam with a perspective on contemporary relevance.

It has quite emphatically been argued and accepted that the study of political thinking in contemporary India is what could be termed as West-oriented and West-based. Our universities and colleges imparting knowledge about politics have essentially made us understand that the systematic study of political science begins with the Greeks. It is even more ironical that the so far all-accepted belief and knowledge that the study of state as a style of discourse started from the Greeks only has received widespread consent in academic quarters. One of the most celebrated political theorists of the West, George H. Sabine emphatically declares that "philosophical-scientific style of thinking of which political theory is a part began among the ancient Greeks."[1] Although in continuation of the same view Sabine does mention of India as "peripheral civilization that produced Buddha".[2] But this concomitantly underscores the assumed negligible contribution of India in the field of systematic philosophical or structural thinking about political institutions. This is also very interesting to note that the mention of the word India in his eight hundred seventy plus pages treatise does not find any further place. The other similarly distinguished writer on Greek political theory, Ernest Barker misses any mention of India in this regard even once in his off-quoted treatise on political theory.[3] His formidable declaration marks the opening of his off-quoted work that "political thought begins with the Greeks"[4] Going further and quoting Plato that 'philosophy is the child of wonder', he concludes that the Greeks dared to wonder about things visible and they attempted to conceive of the universe in the light of reason. Apparently, there is a well-conceived rejection of the Indian attempts of intellectual pursuits treated as activities pertaining to the sphere of religion.[5] This may appear to be little ironical that our political theorists in modern India have accepted these preconceived biased notions without posing any questions to the basic premises of this fundamentally faulty argument. D.R. Bhandari suggests that "we are on safe ground when we say that systematic political thought in the West begins with the ancient Greeks."[6] He further adds emphasis by opining that political thought originated with the Greeks because of the essential secularity of their mind which made them particularly prone to the reason about things."[7] One of the most respected political scientists of modern India, Edy Asirvatham travels little too far in this regard. He pronounces that "the Greeks were the first people to develop political science in its pure and systematic form. They were eminently fitted for this task by the rational and social outlook which characterized all their thinking."[8] We may find it interesting to note that Asirvatham keeps on to elaborate his argument by including all oriental thinking and comments that they "had speculated on the state and its problems even before the time of the Greeks. But they did not develop political science in its pure and systematic form. It was mixed up with a great deal of mythology and superstition. Religion and politics were so closely intertwined that no attempt was made to develop an independent science of politics. The social sciences were treated as a branch of theology."[9] Commenting on the Indian tradition of political and administrative institutions, Asirvatham also underlines that "early Hindu thought has much to say on kingship, village republics, organization of government, and the duties of rulers and subjects. All of this, however, does not produce a comprehensive political theory"[10] The preceding sketch of the inaugural observations of few of the leading political scientists of the Western world as well as India present before us a scenario which culminated in creation of an academic environment of the unquestioned ac-

Prof. Sanjeev Kumar Sharma, Vice Chancellor, Mahatma Gandhi Central University, Motihari (Bihar)

ceptability of the idea about the origin of the political thinking in Greek civilization. The argument that I wish to forward is that the unchallenged supremacy of the West in the domain of political thinking seems to have emanated out of the overwhelming ignorance of the ideational basis and theoretical premises of ancient Indian philosophical thinking preserved in Sanskrit, Pali and Prakrit texts. It must be interesting to note that the majority of our political scientists, teachers and scholars usually appears (and or attempts hard to appear to) to be substantially knowledgeable experts of concepts, theories, models, constructs, and thought of the Western ancient as well as contemporary political philosophers. And we might notice that this is why their references, sources, explanations, analysis and prepositions are abundantly based and dependent on works and writings of the political scientists residing or working in the west.

On a sincere examination, we may be witnessing the indomitable prevalence of a presupposed West-oriented-ness in the wider community and fraternity of political science in India with respect to the formulation of the reading material, text books, perspectives of research, academic orientation, and methods and fields of study and analysis, etc. This tendency gets immensely reflected in our scholarly publications including research journals. Quite naturally and obviously the corollary of all this has been evinced in the language, style, jargon, dogma, presentation, methodology and vocabulary of Indian political scientists being evidently West-based and attempted in continuation of Western thinking of political science.

Though this is also absolutely correct to state that despite this obedient following and aping of the scheme of thinking of the West in all possible dimensions of the study in Indian political science, we are yet to find any enviable recognition or respect or academic acknowledgement acquired by our political scientists at global level by this abject intellectual surrender. This unabated dominance earned by a large number of non-Indian writers and commentators of different countries in the area of political thinking even in Indian sphere makes us raise some intriguing questions such as – whether it is possible that a country (Rashtra) of the World's oldest civilization (Bhartavarsha), has since long been unable to produce any writer, thinker, philosopher, theory, concept or idea in its hitherto known history of philosophical excellence and metaphysical achievements of more than five thousand years which we could have assembled in comparison or consonance or equivalence of the academic explorations of the social scientists and political philosophers of the world? What would have resulted in a constant neglect of the political and administrative aspects of the nation by a society which through its multiple treatises and a great number of seers, could primarily, paved the way for ethical, transcendental and universal upliftment of the entire world? How it is that the exceedingly rich tradition of *rishis* and amazing method of *gurukul's* which got tremendously manifested in unbelievable intellectual and sufficiently extra-ordinary brilliance in diverse fields of philosophy, music, arts, literature, medicine, surgery, devotion *(bhakti)* etc. could not attempt to ponder upon some equally significant dimensions of state, society, administration and leadership? Whether the entire civilization in India did not have any worth mentioning line of thinking, system, organizational structure and/or administrative institution which could be present before the world as models? And, naturally the list of such questions may be extended to a great length with serious aspersion on the intellectual ability and capacities of our forefathers. It is also quite disturbing a fact that such attempts of understanding, analyzing or examining the tradition of socio-political thinking in ancient India are not witnessed in the realm of political science in Indian academia at any noticeable level or scale.

I have elsewhere argued that the complete westernization of the study and research of Indian political thinking has generally given birth to different noteworthy tendencies. First-our political science scholars have found and recognized the Western political thought as the only reason- based deep, scientific, fundamental, abstract tradition of thinking and therefore, not easily understandable for common students and thereby, they have accepted the natural superiority of the Western thinking over Indian minds. Next – so many theoretical constructs emerging out of the inner-contradictious and local socio-political requirements of the Western society have been included in the syllabi of political science students in Indian universities and higher education institutions even if those are quite insignificant (and sometimes irrelevant) in Indian contexts. The result is that our students are being made to understand and comprehend and get examined in a number of concepts which are completely alien to them and are in no way concerned with either the understanding or the analysis of the conditions prevalent before them and the possibilities

of their universal application are substantially bleak. In addition of that the disheartening impact of this has been the trend that the community of scholars of political science in India has very easily accepted the myth that the place of India in very long journey of the evolution and development of political theory and science is negligibly insignificant and irrelevant too. Fortunately, some of us have, by now, acceded to the demand of an analytical pursuit of the ancient Indian political thinking to be made a part of the syllabi in our academic institutions imparting higher education and conducting research. But interestingly that too has happened only to the extent of including the preliminary study of Kautilya in the scheme of the study of political thought for the purpose of providing initial understanding of the administrative dimensions of the rulers and kingdoms of early India. Ironically, in this context also, our students are made to understand that Kautilya was the Machiavelli of India which, somehow, is directed towards lowering the dignity involved with the name of a serious far-sighted philosopher and rather highlights the imputed cunningness and shrewdness in his characteristics. This imaginably fallacious and absurd comparison is made between the two thinkers without giving a serious note or attention to the fact that there is not only a time interval of more than fifteen hundred years between these two thinkers and also fundamentally Kautilya is essentially different and distinct in many ways from Machiavelli with regard to approach and treatment. His work is basically system – based and largely mechanical. He is out and out an Indian philosopher par excellence having roots in Indian cultural orientations and presenting an overarching assimilation of the ideas of most of the early political philosophers and thinkers of ancient India. It has to be understood that apart from Kautilya no other writer or philosopher has generally been considered worth studying for the students of political science in Indian university teaching departments. The necessary implications of all this have been quite interesting. Our teachers and scholars of political science generally appear to have been infected by a deep and latent (many a times manifest also) inferiority complex and the skepticism of wide general manifestation of this inferiority complex compels them to attempt for reaffirming the imagined superiority Western rational intellect. This trend often gets reflected in the academic activities and events such as the seminars, conferences and research papers published in different professional journals of the disciplines of political science and public administration.

It might be assumed that Asirvatham would have contemplated an assimilation of the political thinking of the West and the tradition of India as he suggests (though casually) that "in India there is an urgent need to graft the valuable political ideas of the entire world to the ancient tree of Indian tradition and culture. In so doing we may revive and revitalize such ancient concepts as *dharma, ahimsa*, and *asanga*, and put new meaning into them and provide them with new workable sanctions." In fact, to our understanding it appears that a closer and deeper understanding of the ancient Indian past systematically coupled with some sincere and proper analysis of ancient Indian literary works would essentially indicate that the *rishis*, seers, writers, poets, dramatists, historians, philosophers, thinkers of ancient India had provided very minute and very logical analysis of almost all the dimensions related to the holistic and integrated growth and development of state, society individual and all the living creatures. Therefore the argument of not having separate and exclusive attempts of political thinking is definitely misleading in the light of the fact that vast amount of ancient Indian thinking had and immensely holistic approach towards entire aspects of the life and functions of society, individual and the state. This is why the find that the rationalists of ancient India considered statecraft to be the essential element of the most universal *dharma* which would systematically regulate all spheres of the working and functioning of everyone including individual, state and society. Therefore, it has been observed that the theme of all the literary, Dharmik, academic and other treatises essentially remains the study of the various paths leading to the accomplishment of *dharma*. Therefore, the other dimensions of human life are considered to be the part of the pursuit of *dharma* though they have not been treated as at all irrelevant or ignorable. This is in this backdrop that the ancient Indian thinkers making continuous and sustained efforts in way of understanding the metaphysical aspects of human life have also been able to provide unimaginably excellent and tremendously composite expressions of various dimensions of human life in Vedic, Upanishadik and epic periods. It also might appear interesting to note that the prevalent myth of not having specific works on state, politics and administration in ancient India was demolished successfully by the invention of Kautilya's Arthshastra in early years of twentieth century. The quite famous Indologist Basham comments that "until the last half of the 18th century Europeans made no real attempt to study India's ancient

1960 के महिला लिबरेशन मूवमेंट (Women's Liberation Movement (WLM)) के उददेश्य में प्रथम लहर नारीवाद के समानता का सिद्धान्त, ब्लैक अधिकार आंदोलन (Black Right Movement), नागरिक अधिकार और गुलामी विरोध (Civil Rights and anti-Slavery) एवं राजनीतिक व्यवस्था में परिवर्तन इत्यादि शामिल हो गए थे । इसके साथ ही पुरूषों की दुनिया से अलग विभिन्न नए राजनीतिक संगठनों, छोटे विरोधी दल, चेतना समूह, प्रत्यक्ष कार्रवाई समूह और वैकल्पिक समूहों का भी उदय हो चुका था । जिनका उददेश्य समाज में महिलाओं की भागीदारी और उनके अधिकारों की रक्षा करना था ।[52] इससे यह ध्यान में आता है कि पाश्चात्य जगत में पर्याप्त लम्बे संघर्ष के बाद महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक आदि जीवन में स्थान प्राप्त हुए और अनेक स्थानों पर तो उनकी उपस्थिति आज भी नगण्य है या उसके योग्य ही नहीं समझी जाती है। इन परिस्थितियों में जब हम भारत के साथ तुलना करतें हैं तो भारत की स्थिति बहुत ही सुदृढ़ उभरकर हमारे सम्मुख आती है किन्तु उपनिवेशी वृतांत के चलते यह कमतर हो गई।

राजनीतिक क्षेत्रों में बृहद भारत की महिलाएँ और पश्चिम की महिलाएँ

देश का नाम	राष्ट्रीय प्रमुख का नाम	वर्ष
1. भारत	श्रीमती इन्दिरा गांधी	1966-77; 1980-84
2. श्रीलंका	श्रीमती सिरिमा बण्डारनायक (विश्व की प्रथम महिला प्रधानमन्त्री)	1960-65; 1970-77; 1994-2000
3.पाकिस्तान	बेनजीर भुट्टो	1988-90; 1993-96
4.बांग्लादेश	शेख हसीना	1996-2001; 2009-अभी तक
	खालिदा जिया	1991-96; 2001-2006
5.बर्मा	आंग-सांग-सूकी	2016-21(सेना द्वारा सत्ताच्युत किया गया)
6. श्रीलंका	श्रीमती चन्द्रिका कुमार तुंगा (बेटी) और उनकी माँ श्रीमती सिरि भावो भण्डार नामके (राष्ट्रपति) थीं (दोनों ने यह भूमिका एक साथ निर्वहन की थी)	1994 (प्रधानमंत्री) 1994-2005 (राष्ट्रपति)
1. अमेरिका	आज तक कोई महिला राष्ट्रपति नहीं बन सकीं	225 वर्ष से अधिक
2. इंग्लैण्ड	श्रीमती मार्गरिट थैचर (जो कि स्वयं का कार्यकाल भी पूरा न कर सकीं)	1979-90
	थेरेसा मे (समय पूर्व ही हटा दी गईं)	2016-19
3. फ्रांस	इडिथ क्रेसन	1991-92
4. जर्मनी	एंजेला मर्केल	2005- अभी तक

इस प्रकार यह भ्रमकारी है कि भारत में महिलाओं को यथेष्ट सम्मान प्राप्त नहीं था। यदि ऐसा नहीं था तो अनेक काम महिलाओं ने जो किए वे भारत की महिलाओं के ही द्वारा क्यों किए गए। भारत में ऐसा न केवल सामाजिक स्तर पर प्रचलित था बल्कि जैविक रूप से भी महिलाओं में यह गुण निर्कासित हो चुका था। किन्तु उपनिवेशी वृत्तान्त के चलते हमारी युवा पीढ़ी को काफी लम्बे समय से यही पढ़ाया जाता रहा है कि भारत में महिलाएं सदैव से ही दोयम श्रेणी की वस्तु रही हैं। यदि भारत का सम्पर्क पाश्चात्य जगत के साथ न हुआ होता तो भारत में नारी आज भी पद्दलित होती। यह भाव भारतीय जनमानस में कोई एक-दो दिन में विकसित नहीं हुआ है इसको विकसित करने में कई सौ वर्षों का समय लगा है।[53] और इस समय में जो प्रयास किए गए कालान्तर में वे ही प्रयास भारतीय शिक्षा व्यवस्था के माध्यम से अकादमिक जगत का विमर्श बने और वृहद वृतांत के रूप में हमारी युवा पीढ़ी के सम्मुख सिद्धान्तों या मान्यताओं के रूप में प्रस्तुत हुए। फलतः बहुत ही सहज-सरल रूप में वो सब जिसको साम्राज्यवादी प्रचारित-प्रसारित करना चाहते थे, भारत के युवाओं के मध्य में अकादमिक विमर्श के रूप में प्रचारित-प्रसारित होने लगा। इसलिए वास्तविकता के स्थान पर एक भ्रामक परिदृश्य न केवल निर्मित हुआ बल्कि उसने स्थैर्य भी प्राप्त कर लिया। इसलिए यह समीचीन है कि आज की युवा पीढ़ी संस्कृत वांगमय का विस्तार से अध्ययन करे जिससे वह अपनी समृद्ध विरासत से परिचित हो सके और पुनः विश्वगुरूत्व की श्रेणी को प्राप्त हो सके। और ऐसा न केवल भारत के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि यह विश्व कल्याण के मार्ग भी प्रशस्त करेगा।

सन्दर्भ

1. ऋग्वेद - 5/47/6
2. ऋग्वेद - 10/102/2
3. ऋग्वेद - 1/116/15
4. ऋग्वेद - वामन शिवराम आप्टे, संस्कृत-हिन्दी शब्द कोश (2015) मोतीलाल बनारसी दास, नई दिल्ली, पृ० 224,
5. आचार्य बलदेव उपाध्याय, वैदिक साहित्य और संस्कृति, (2015) शारदा संस्थान, वाराणसी, पृ० 426,
6. तैत्तिरीय ब्राह्मण, 2/3110,1,3
7. तदैव 1/1/4/4
8. तदैव 1/1/4/6

9. आचार्य बलदेव उपाध्याय, वैदिक साहित्य और संस्कृति, (2015) शारदा संस्थान, वाराणसी, पृ० 426
10. तदैव
11. बृहदारण्यक उपनिषद, पंचम ब्राह्मण, याज्ञवल्क्य मैत्रेयी संवाद
12. तदैव – अध्याय 3, याज्ञवल्क्य - गार्गी संवाद
13. तदैव पृ० 735
14. छान्दोग्य उपनिषद, चतुर्थ अध्याय / चतुर्थ खण्ड
15 वाल्मीकि रामायण, अयोध्याकाण्डम्, एकादश सर्ग, 18-19 श्लोक
16. वाल्मीकि रामायण, उत्तरकाण्डम्, 17 वाँ सर्ग
17. वाल्मीकि रामायण, किष्किन्धाकाण्डम्, 52 वाँ सर्ग
18. वाल्मीकि रामायण, अरण्यकाण्डम्, 74 वाँ सर्ग
19. तदैव
20. महाभारत, शल्यपर्व, 54/6
21. तदैव, 54/7
22. तदैव, 54/8
23. महाभारत, शान्ति पर्व, 20/181-83
24. श्रीमद् भागवत महापुराण, 4/1/64
25. अथर्ववेद - 11/7/18
26. महाभारत - आदिपर्व- 1/131/10
27. ऋग्वेद - 5/62/11
28. महाभारत – सुभद्राहरण पर्व, 220 वाँ अध्याय
29. महाभारत – पतिव्रतामाहात्म्यापर्व, 293 वाँ अध्याय
30 श्रीमद् भागवत महापुराण, तृतीय स्कंध, 22 वाँ अध्याय
31. कालिदास प्रणीत अभिज्ञान शाकुन्तलम, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, 2013, पृ० 33
32. कालिदास प्रणीत, मालविकाग्निमित्रम, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, 2012
33. पवन कुमार शर्मा, महिला एवं मानवाधिकार; एक अध्ययन (2012) राजेश्वरी प्रकाशन, गुना, पृ० 146-160

34. पवन कुमार शर्मा, स्त्रियों के सम्बन्ध में कौटिल्य के विचार: एक विवेचन, भारतीय राजनीति विज्ञान शोध पत्रिका, वर्ष अष्टम, अंक द्वितीय, जुलाई-दिसम्बर 2016, पृ० 169-180
35. सत्यकेतु विद्यालंकार, चाणक्य (2020), श्री सरस्वती सदन, नई दिल्ली
36. पवन कुमार शर्मा, पाणिनिकालीन शिक्षा व्यवस्था, राजनीति विज्ञान शोध पत्रिका, जनवरी-जून 2015, पृ० 19-42
37. सत्यकेतु विद्यालंकार, सेनानी पुष्यमित्र शुंग (1997), श्री सरस्वती सदन, नई दिल्ली
38. तिकन्याल हन्ह, जहाँ जहाँ चरण पडे गौतम के, (2015) हिन्द पाकेट बुक्स, नई दिल्ली, पृ0 297-300
39. तदैव
40. सर विलियम जोन्स समग्र, 13वाँ खण्ड, अगम प्रकाशन, नई दिल्ली (1971), पृ० 230-231
41. आलेख्या पुन्जला, रानी रुद्रम्मा देवी, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (2016), नई दिल्ली
42. कृष्ण गोपाल, भारत की सत परंपरा और सामाजिक समरसता (2013), मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, पृ० 245-50, 259-88, 481-533
43. अहिल्या बाईं होल्कर, https://www.mptourism.com/why-ahilyabai-holkar-was-a-great-women.html
44. शिवाजी की माता जीजा बाई, सुरुचि प्रकाशन नई दिल्ली (2018)
45. रानी दुर्गावती, https://www.dindori.co.in/2020/02/rani-durgavati-hindi-jivani-history-balidan.html
46. अवन्ति बाई, feminisminindia.com
47. धर्मपाल, रमणीक वृक्ष, (2007) पुनरोत्थान ट्रस्ट, अहमदाबाद
48. सरविलियम जोन्स समग्र
49. शुभ्रा परमार, नारीवादी सिद्धान्त और व्यवहार (2015), ओरियण्ट ब्लैकस्वान, नई दिल्ली, पृ० 67-64
50. तदैव, पृ० 64-69
51. तदैव, पृ० 67-71
52. तदैव, पृ० 71-72
53. वामसी जुलूरी, हिन्दू धर्म (2016) वेस्ट लैण्ड, नई दिल्ली, पृ० 54

वाल्मीकि रामायण में सुशासन के सूत्र

डॉ प्रो पवन कुमार शर्मा
आचार्य एवं अध्यक्ष
राजनीति विज्ञान विभाग
चौ. चरण सिंह विश्वविद्यलय
मेरठ

श्री राम भारत का पर्याय हैं। वे भारत की मर्यादा भी हैं और स्वयं भी वे भारत से मर्यादित हैं। वे भारत का अतीत, वर्तमान और भविष्य हैं। उन को केन्द्र में रखकर न केवल उनको अवतारी पुरूष मानने वालों ने महाकाव्य रचे हैं बल्कि उनको किंवदन्ती मानने वालों ने भी उनको एक ऐसा व्यक्तित्व माना है जो यद्यपि मिथ है तथावि लोक उससे आदृत है। तभी तो जहाँ एक ओर वाल्मीकि जैसा व्यक्तित्व जोकि सृष्टि का आदि कवि है वह उनपर प्रथम महाकाव्य रचता है वहीं दूसरी ओर 20 वीं सदी के भारत प्रेमी महान समाजवदी व्यक्तित्व डॉ० राम मनोहर लोहिया उन पर दो निबन्ध रामायण और राग, कृष्ण और शिव लिखते हैं। इनमें वे श्री राग को एक मर्यादित पुरूष निरुपित करते हैं।[1] यद्यपि वे श्री राम को 8 कलाओं का अवतारी पुरूष कहते हैं और इसलिए वे उनकी मर्यादा भी बताते हैं।[2] वहीं दूसरी ओर वाल्मीकि, रामायण में उन्हें एक ऐसे लौकिक राजकुमार के रूप में प्रतिष्ठापित करते हैं जो स्वयं की भी मर्यादा खींचता है और अन्यों को भी मर्यादित जीवन यापन करने की सीख देता है और जो ऐसा नहीं करता उसे वह शास्त्रोक्त शिक्षा देते हैं। इसलिए सृष्टि के पहले महाकाव्य के लेखन हेतु जब वाल्मीकि ने स्वयं का मानस बनाया तो देवर्षि नारद से उन्होंने संसार में सर्व श्रेष्ठ पुरूष के गुणों को बताते हुए प्रश्न पूछा कि मुने! संसार में गुणवान, वीर्यवान, धर्मज्ञ, उपकार मानने वाला, सत्यवक्ता, दृढप्रतिज्ञ, सदाचार युक्त, समस्त प्राणियों का हित साधक, विद्वान, सामर्थ्यशाली, एवं प्रियदर्शन पुरूष,

मनपर अधिकार रखने वाला, क्रोध को जीतने वाला, कान्तिमान, किसी की भी निन्दा न करने वाला तथा संग्राम में कुपित होने पर जिससे देवता डरते हैं। ऐसा पुरूष कौन है ?[3] ये तीनों श्लोक वाल्मीकि रामायण के बालकाण्ड के प्रथम सर्ग के हैं और इनमें वाल्मीकि जिस पुरूष को अपने महाकाव्य का नायक या केन्द्र मानकर रचना करना चाहते हैं उसके विषय में वे सभी विशेषण स्वयं ही चुनते हैं जोकि कुल 16 हैं।

भारत में ही नहीं अपितु सम्पूर्ण विश्व में ही श्रेष्ठता के मानक वे हैं जोकि जनकल्याणकारी हों। देश काल परिस्थिति के अनुसार ये न्यूनाधिक हो सकते हैं। किन्तु होते अवश्य हैं। इसलिए जब हम कोई भी कार्य प्रारम्भ करने के लिए उद्यत होते हैं तो उसमें परम आदर्श की अवस्था का भी मानक सुनिश्चित करते हैं। वाल्मीकि जब आदर्श पुरूष या श्रेष्ठ पुरूष का मानक निर्धारित करते हैं तो उसको वे स्वयं के मनोरूप ही चुनते हैं और इसी रामायण में जब रावण जैसा व्यक्ति जोकि घोर व्यक्तिवादी है वह भी राजा के गुण सामाजिक मानकों के ही अनुरूप बताता है[4] इस प्रकार यह तो सुनिश्चित है कि राजा के गुणों या किसी पुरूष के गुणों का निर्धारण चाहे व्यक्तिवादी करे या आदर्शवादी वह समान करते हैं, जोकि लोक को अच्छा लगने वाला हो। व्यक्तिवादी भी गुणों का निर्धारण तो वैसा ही करता है जैसा कि आदर्शवादी करता है। किन्तु अंतर मात्र इतना होता है कि आदर्शवादी स्वयं उन मानकों का अनुपालन करता है और व्यक्तिवादी उनका अनुपालन नहीं करता। रामायण में भी वाल्मीकि जिन 16 गुणों से विभूषित पुरूष के विषय में जानना चाहते हैं, उन गुणों को सर्व प्रथम हम

वर्गों में बांट लेते हैं जिससे महान पुरूष के मूल्यांकन में आसानी हो जावे। इन 16 गुणों को देखने पर यह संज्ञान में आता है कि इनके दो वर्ग सुगमता के दृष्टिकोण से बनाए जा सकते हैं। एक शारीरिक दृष्टिकोण से, दूसरे मानसिक दृष्टिकोण से।

1. शारीरिक दृष्टिकोणः- इस श्रेणी में उनके वीर्यवान, प्रियदर्शन, कान्तिमान, संग्राम में कुपित होने पर जिससे देवता डरते हों, को सम्मिलित किया जा सकता है।

2. मानसिक दृष्टिकोणः- गुणवान, धर्म यानि जो धर्म का ज्ञाता हो। यहाँ धर्म से अभिप्राय जो समत्व भाव रखता हो या जो अभ्युदय और निःश्रेयस दोनों का ध्यान रखता हो।[5] उपकार मानने

वाला यानि अपने सहायकों के प्रति जिसका हृदय विनम्र एवं सर्वस्व न्योछावर करने वाला हो। सत्यवक्ता, क्योंकि यही एकमात्र कल्याण कारी मार्ग है और यही सनातन धर्म भी है, मानव धर्म शास्त्री ने कहा है। दृढ़प्रतिज्ञ यानि एक बार जो निर्णय कर लिया उस पर अन्त तक डटे रहना। सदाचार पर चलने वाला, सर्वभूत हिते रत; (जो सभी में ईश्वर दर्शन करता हो या आत्मनः प्रतिकूलानि या आत्मवत् सर्वभूतेषु का भाव रखता हो वही सभी प्राणिगों का हित साधक हो सकता है) विद्वान, सामर्थ्यशाली (यानि शक्ति होने पर भी उसका दुरूपयोग न करने वाला) सर्वांग सुन्दर को ही प्रिय दर्शन कहा जाता है (यानि जिसके दर्शन मात्र से ही प्रिय होता हो) मन पर अधिकार रखने वाला (यानि जितेन्द्रिय) क्रोध को जीतने वाला (जो जितेन्द्रिय होगा वही राजा हो सकता है) कान्तिमान, परमशक्तिशाली (यानि जिसका संबन्ध न केवल देवताओं से बल्कि उपर्युक्त गुणों से विभूषित होने के कारण समय पडने पर देवताओं को भी जो भयभीत कर दे)।

इस प्रकार से वाल्मीकि के मन में एक ऐसा पुरूष समाया है जोकि सर्व गुण संपन होने के बाद भी मर्यादाओं का उल्लंघन न करे क्योंकि आदर्शों की प्रतिष्ठापना तो मर्यादित पुरूष ही कर सकता है। या यों कहें तो ज्यादा समीचीन प्रतीत होता है कि भारतीय समाज सभ्यताओं के दौर से निकलकर नए सांस्कृतिक परिवेश के पुष्टिकरण की ओर अग्रसर हो रहा था। इसलिए वाल्मीकि एक ऐसे महानायक पर काव्य रचना चाहते थे जो समाज में स्वयं के साथ-साथ अन्यों की भी मर्यादाएं सुनिश्चित करे; तभी तो वे एक ऐसा पुरूष ढूंढ़ रहे थे। जिसके कोप से देवता भी भयभीत हों। बेशक श्री राम आठ कलाओं के स्वामी हैं। कलाओं से अभिप्राय व्यक्तित्व में समाहित गुण तत्व से है। उपनिषद 16 कलाओं में 1. प्राण 2.श्रद्धा 3.पृथ्वी 4.अप 5.तेज 6. वायु 7. आकाश 8. इन्द्रिया 9. मन 10 अन्य 11. वीर्य 12. तप 13. मन्त्र 14.कर्म 15.लोक 16. नाम सम्मिलित करता हैं[6] और इनमें कौन सी 8 कलाएं श्री राम में समाहित थीं। यह ही जानने योग्य है किन्तु वे मर्यादा के पक्षधर थे, यह सुनिश्चित है, इसलिए वाल्मीकि अपने महाकाव्य के लिए एक ऐसे महानायक के विषय में नारद जी से प्रश्न करते हैं। तब नारद जी कहते है.- मुने! मैं आपके मनोरूप गुण वाले एक पुरूष को जानता हूँ, आप उसे सुनें। तब नारद जी ने इक्ष्वाकु वंश में उत्पन्न राम के विषय में बताना प्रारंभ किया। उन्होंने श्री राम के गुणों का वर्णन कुछ यों किया। उन्होंने कहा कि उनका नाम राम है, वे मन को वश में रखने वाले हैं, महाबलवान हैं, कान्तिमान है, धैर्यवान

और जितेन्द्रिय हैं। फिर कहते है कि वे बुद्धिवान है नीतिज्ञ हैं, वक्ता, शोभायमान, शत्रुसंहारक हैं। उनके कंधे मोटे और भुजाएँ बड़ी-बड़ी हैं, ग्रीवा शंखके समान है और ठोढी मांसल है। उनकी छाती चौड़ी है, धनुष बड़ी है, गले के नीचे की हड्डी मांस से छिपी है वे शत्रुओं का दमन करने वाले हैं। भुजाएँ घुटने से लम्बी हैं, मस्तक सुन्दर है, ललाट भव्य और चाल मनोहर है। उनका शरीर मध्यम और सुडौल है, रंग स्निग्ध है और वे बडे प्रतापी हैं। वक्ष स्थल भरा हुआ है। ऑखें-बडी बडी हैं। वे शोभायमान और शुभ लक्षणों से सम्पन्न हैं।, वे धर्म के ज्ञाता हैं, सत्य प्रतिज्ञ हैं, प्रजा के हित साधक है, यशस्वी, ज्ञानी पवित्र, जितेन्द्रिय और मन को एकाग्र रखने वाले हैं। प्रजापति के समान पालक, श्री संपन्न वैरि विध्वंसक, जीवों तथा धर्म के रक्षक हैं। स्वधर्म एवं स्वजनों के पालक हैं। वेद-वेदांगों के तत्त्व वेत्ता हैं, धनुर्वेद में प्रवीण हैं। वे सर्व शास्त्रों के तत्वो को जानने वाले हैं स्मरण-शक्ति से युक्त और प्रतिभा सपन्न है। सदाविचारी, उदार हृदयी, वाक चातुर्य, तथा सर्व लोकप्रिय हैं। वे, नदियाँ जैसे सागर से मिलती हैं वैसे ही सभी सदपुरूष उनसे आकर मिलते हैं। वे अपनी माता के आनन्द वर्धक हैं, गाम्भीर्य में समुद्र और धैर्य में हिमालय के समान हैं। वे भगवान विष्णु के समान बलवान हैं। उनका दर्शन चन्द्रमा के समान मनोहर है। क्रोध में कालाग्नि एवं क्षमा में पृथ्वी सदृश हैं। त्याग में कुबेर और सत्य में धर्मराज के समान है।[7]

वाल्मीकि को श्री राम के विषय में जब नारद मुनि बता रहे थे तो पहले उन्होंने, उनके बुद्धि विवेक सम्बन्धी गुणों का वर्णन किया। ये गुण कुल 80 हैं। फिर वे उनके शरीर शौष्ठव सम्बन्धी गुणों का बखान करते हैं और ये गुण भी 12 हैं। उसके बाद वे श्री राम के व्यक्तिगत गुणों का उल्लेख करते हैं जोकि कुल 18 हैं। इसके बाद वे उनके स्वभाव के विषय में बताते हैं जोकि संख्या में कुल 14 हैं। इस प्रकार श्री राम के विवेक सम्बन्धी गुणों, शरीर सौष्ठव एवं सौन्दर्य सम्बन्धी गुणों, उनके व्यक्तिगत गुणों के आधार पर जो स्वभाव बना उसके विषय में बताते हैं। इस प्रकार श्री राम के स्वभाव और गुणों की तुलना के आधार पर नारदमुनि उनके विषय में वाल्मीकि के सम्मुख एक महानायक किन्तु लौकिक पुरूष जोकि मर्यादाओं का पालन अपने विवेक के आधार

पर करता है, का वर्णन करते हैं और फिर वाल्मीकि ऐसे मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम को एक लौकिक पुरूष के रूप में अपने महाकाव्य में एक महानायक के रूप में प्रतिष्ठापित करते हैं।

वे श्री राम को भगवान की श्रेणी में नहीं मानते वे उन्हें एक लौकिक पुरूष ही मानते हैं; तभी तो ने उन्हें सुख-दुख, राग-द्वेष, मोह-माया, प्रेम-क्रोध आदि सांसारिक प्रपंचों से प्रभावित हुआ व्यक्ति प्रतिभागित करते हैं। इस शोध पत्र में उनके उपर्युक्त गुण दोषों के आधार पर ही वाल्मीकि रामायण के अयोध्या काण्ड के 100 वें सर्ग के श्री राम-भरत संवाद प्रसंग की सुशासन के सूत्र के रूप में व्याख्या करने प्रयास किए जाएगा। इसमें श्री राम का व्यक्तित्व न केवल उपर्युक्त गुणो के बल पर निखर कर हमारे सम्मुख प्रकट होता है बल्कि श्री राम के व्यक्तित्व में सम्मिलित मानवीय दुर्बलताओं यथा-भय, लाभ-हानि, सुख-दुख, हित-अनहित आदि को भी प्रगट करता है। एक विजिगीषु राजा का जैसा स्वभाव होना चाहिए वैसा व्यवहार करते हुए वे भरत के सम्मुख प्रस्तुत होते हैं। प्राचीन भारत में राजनय का व्यवहार किस प्रकार से किया जाता था इसका प्रत्यक्ष उदाहरण उन्होंने प्रस्तुत किया है। उन्होंने जिस प्रकार से भरत से वार्तालाप किया है वह राजनीतिक मनोविज्ञान का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। श्री राम के उसी व्यवहार को शोध-पत्र के माध्यम से प्रगट करना ही मुख्य ध्येय है।

वाल्मीकि रामायण में श्री राम अपने अनुज भरत के साथ शिष्टाचार व्यवहार करते हैं और यहाँ पर सर्वप्रथम वाल्मीकि भरत की वेश-भूषा का वर्णन करते हुए लिखते हैं कि भरत ने भी वही रूप धारण किया हुआ है जो कि श्री राम धारण करके अयोध्या से वन को आए थे। यानि, जटा, चीर-वस्त्र धारित भरत ने चित्रकूट में श्री राम को देखते ही चरणों में दण्डवत प्रणाम किया। श्री राम ने भरत के इस सौंदर्य के फलस्वरूप उनको स्नेहभाव से उठाकर अपने हृदय से लगाया तथा उनके मस्तक को सूंघकर अपने निकट बैठाया। श्री राम ने इस व्यवहार से चक्रवर्ती साम्राज्य के युवराज को सर्व प्रकार से यह स्वष्ट करने का प्रयत्न किया कि तुम्हारी माता कैकयी द्वारा संपादित दुर्व्यवहार के बाद भी मेरे मन में तुम्हारे प्रति लेश-मात्र भी कलुषितता नहीं है और तुम्हारे औदार्यपूर्ण व्यवहार के प्रत्युत्तर में मेरा विशाल हृदय तुम्हारे स्वागत के लिए सदैव ही उत्सुक है; इसलिए तुम निःशंक होकर राज्य का सर्वविध कल्याण करो। किन्तु भरत के मन में विषाद तो है यह तो वे उनकी वेश-भूषा से समझ गए थे इसलिए उन्होंने भरत के प्रति बडप्पन का प्रदर्शन करते हुए संस्कारक्षम व्यवहार ही किया। लेकिन उनका यह भाव भी था कि वे अब आर्या

कैकयी पुत्र अयोध्या के युवराज भरत के सम्मुख हैं; इसलिए लोकाचार का व्यवहार करते हुए उन्होंने क्रमशः भरत के मन को समझना प्रारंभ किया।

यह आचरण उनमें राजा के गुणों की पुष्टि करता है जोकि वाल्मीकि, रामायण के प्रथम सर्ग में व्यक्त करते हैं और यही भाव उन्हें लौकिक महानायक के रूप में प्रतिष्ठापित करता है। यानि लौकिक महानायक क्षमतावान होते हुए भी लोकाचार को महत्त्व देता है। श्री राम अपने अनुज और अयोध्या के युवराज से क्रमश. जो जिज्ञासा व्यक्त करते हैं यह उनके वाक्यौशल का ही परिचायक है।

कुशलक्षेम

इस क्रम में उन्होंने सर्वप्रथम अयोध्या के चक्रवर्ती सम्राट और पिता दशरथ के विषय में प्रश्न पूछा हैं और उसका उत्तर भी स्वयं दिया कि "तात! पिताजी कहाँ थे कि तुम इस वन में आए हो"? बाद में उन्होंने स्वयं ही से प्रश्न करते हुए अपना उत्तर प्रस्तुत किया हैं। उनके जीते जी तो तुम वन में नहीं आ सकते थे।" श्री राम के द्वारा दिया गया यह उत्तर भरत को नानाविध श्री राम के सामर्थ्य से परिचित करवाता है। श्री राम का वाक कौशल्य इस सर्ग के प्रारंभ से अंत तक देखने को मिलता है। इसी सर्ग में उनके उच्चशिक्षित होने के विषय में स्पष्ट हो जाता है साथ ही दशरथ की मंशा की भी पुष्टि होती है कि वे श्री राम को लक्ष्मण के साथ वास्तव में अयोध्या का युवराज बनाना चाहते थे क्योंकि उच्च अध्ययन मात्र श्री राम ने ही प्राप्त किया था।, नहीं तो इस उपदेश के माध्यम से वे भरत को राजधर्म के विषय में उपदेश नहीं देते, उपदेश देने की आवश्यकता भी इस बात का द्योतक है कि वे इससे परिचित नहीं थे। श्री राम जैसा मर्यादा का पालन करने वाला व्यक्तित्व किसी भी हाल में महान गुरूओं से राजधर्म की शिक्षा प्राप्त करने के बाद भरत को राजधर्म का उपदेश नहीं करते। इसलिए श्री राम-भरत के अतिरिक्त वाल्मीकि रामायण का यह सर्ग वाल्मीकि कालीन भारत वर्ष के अन्य आयामों को भी उद्घाटित करता है। यथा उच्चशिक्षा सभी के लिए अनिवार्य नहीं थी चाहे वे राजकुमार ही क्यों न हो। चक्रवर्ती सम्राट दशरथ के चार पुत्रों में से दो ही (श्री राम-लक्षमण) उच्च शिक्षित थे। ये दोनों ही विश्वामित्र के द्वारा उच्च शिक्षित किए गए थे।[8]

फिर बहुत लम्बे समय बाद नाना के यहाँ से वापिस आए भरत की उन्होंने कुशल क्षेम पूछी और उनके वन में आने का कारण जानने की जिज्ञासा प्रकट की। यहाँ पर श्री राम लोकाचार और भावनात्मक संवाद को प्रतिष्ठापित कर रहे थे वहीं दूसरी ओर लक्ष्मण के मन में उठे संदेहों को समाप्त करने के लिए जो बाते उन्होंने लक्ष्मण को कही थीं, पुष्टि भी कर रहे थे। साथ ही वे भरत के साथ रथगं को और रथगं के साथ भरत को भावनात्मक संवेगों से साथ निमर्श प्रतिष्ठापन के लिए भी तैयार कर रहे थे। इसके बाद उन्होंने दशरथ के जीवित होने की पुष्टि की। क्योकि, मर्यादा पुरूषोत्तम की भूमिका पिता के रहते अलग होती और अभाव में अलग। इसलिए उनके जीवन की पुष्टि की, फिर उन्होंने उन सभी शंकाओं को व्यक्त किया जिनके कारण भरत को वन आना पड़ा। यहाँ पर उन्होंने राज्य की कुशलता के साथ साथ पुनः भरत से पिता की सेवा-सुश्रुषा के विषय में पुष्टि की क्योंकि अभी-तक श्री राम के द्वारा सामान्य स्नेहिल व्यवहार के बाद भी भरत ने अपना मंतव्य व्यक्त नहीं किया था। इसलिए भी राम समस्त शंकाओं के रहते हुए भरत के साथ न केवल संवाद संस्थापन का प्रयास कर रहे थे बल्कि वे सर्वनिष्ठ इसे स्वीकार भी करें ऐसा वातावरण भी निर्मित कर रहे थे।

अगले श्लोक में वे महाराज दशरथ के गुण वैशिष्टय यानि धर्म परायण, राजसूय एवं अश्वमेघ के अधिष्ठाता तथा सत्य प्रतिज्ञ कहकर वे स्वयं को और भरत को उनकी कीर्ति के साथ न केवल जोड़ रहे थे बल्कि वे भरत को कुछ धर्म से इतर करने से रोकने की चेतावनी भी पिता के गुणों के माध्यम से दे रहे थे। लेकिन भरत के द्वारा अभी तक कोई भी प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की गई थी। फिर उन्होंने वशिष्ठ जी जोकि इक्ष्वाकु वंश के आचार्य और महातेजस्वी थे, के स्वागत सम्मान के विषय में प्रश्न किया है। यहाँ पर यह विषय थोड़ा ध्यान देने योग्य है कि वशिष्ठ एक व्यक्ति हैं या परंपरा (School of Thought) क्योंकि वे ऋग्वैदिक ऋषि थे और श्री राम का जन्म त्रेतायुग में हुआ था तथा इक्ष्वाकु वंश भी बहुत ही प्राचीन था। विषय की तथ्यगत प्रस्तुति हेतु यह विचार परंपरा जोकि जैविक या विधा पर अवलंबित होती थी, के अनुरूप प्रतीत होती है।

प्रारंभिक रूप में श्री राम ने राज्य, महाराज एवं इक्ष्वाकु वंश के पूज्य वशिष्ठ के विषय में जानकारी प्राप्त करने का प्रयत्न किया किन्तु भरत के द्वारा कोई भी उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। इसलिए श्री राम ने भरत के दृष्टिकोण से थोड़ा संवेदनशील विषय माताओं के संबन्ध में प्रगट किया। सर्वप्रथम उन्होंने माता कौसल्या के सुख, उत्तम संतान वाली (लक्ष्मण-शत्रुघ्न) सुमित्रा की प्रसन्नता एवं

आर्या कैकयी देवी भी आनन्दीत हैं।" यहाँ पर यह ध्यातव्य है कि श्री राम जैसे आदर्श व्यक्तित्व ने भी अपनी माताओं के विषय में जानकारी लेते हुए पृथक-पृथक विशेषणों का प्रयोग किया हैं। माता कौशल्या के सुख (जिसका पुत्र युवराज बनने वाला था किन्तु वन चला गया और स्वयं जोकि पटरानी थी वह न केवल पति को खोकर वैधव्य को प्राप्त हो गई बल्कि राजमहिषी के पद से भी च्युत हो गईं) की जानकारी नाही। सुमित्रा को उत्तम संतानों वाली कहकर प्रसन्नता की बात की (सुमित्रा के लिए प्रसन्नता विशेषण इसलिए लगाते हैं क्योंकि उनके पुत्रों को किसी भी अनरथा में राजसुख प्राप्त नहीं होता; लक्ष्मण और शत्रुघ्न दोनों ही अपने से बड़े श्री राम भरत के सहायक ही रहते। परिवर्तन मात्र इतना हुआ कि श्री राम के साथ लक्ष्मण को वन आना पड़ा) और सबसे अन्त में उन्होंने आर्या कैकयी देवी के आनन्द की बात की। यहाँ तक आते-आते श्री राम जैसा व्यक्तित्व भी वितृष्णा भाव को या तो नियन्त्रित नहीं कर पाया या वे भरत के मन के उद्वेलन को उस समय के सबसे संवेदनशील चरित्र पर लाक्षणिक कटुक्ति करके बाहर लाना चाहते थे; इसीलिए उन्होंने आर्या और देवी उपसर्ग और प्रत्ययों के साथ आनन्द शब्द का प्रयोग किया और जब देखा कि भरत अब भी कोई प्रत्युत्तर या प्रतिक्रिया नहीं कर रहे तब उन्होंने विषय को आगे बढ़ाया हैं। इस प्रकार से श्री राम ने सर्वविध भरत के मर्म को स्पर्श करने के प्रयास किए।

पुरोहित एवं कर्मकाण्ड में संलग्न श्रेष्ठ जनों की कुशलक्षेम

प्राचीन भारतीय परंपरा में यज्ञों का अत्यधिक महत्व था क्योंकि यज्ञ भारतीय संस्कृति का सदैव से आधार रहा है। इसलिए यज्ञ से सम्बन्धित सभी व्यवस्थाओं का समुचित प्रबंधन हो इस दृष्टि से श्री राम ने भरत से प्रश्न किया कि धर्मपरायण पुरोहित, हवन विधि के ज्ञाता, बुद्धिमान और सरल स्वभाव वाले ब्राह्मण जोकि अग्निहोत्र आदि के कार्य में नियुक्त हैं, वे समय पर आकर क्या तुम्हें यह सूचित करते हैं कि इस समय अग्नि में आहुति दे दी गयी और अब अमुक समय पर हवन करना है? श्री राम की जिज्ञासा से दो बात स्पष्ट होती हैं कि एक तो, हवन आदि के योग्य व्यक्ति नियुक्त होते थे और अग्निहोत्र आदि का समय प्रतिदिन के हिसाब से परिवर्तित होता था; तभी तो उन्होंने यह पूछा कि अग्निहोत्र के समय होने की सूचना समय-समय पर मिलती तो है न ?

वृद्धों, देवताओं, पितरों, भृत्यों, गुरूजनों, पिता सदृश आदरणीय वृद्धों, वैद्यों और ब्राह्मणों का सम्मान तो करते हो ? श्री राम के द्वारा व्यक्त की गई जिज्ञासा यह प्रकट करती है कि अवैदिक

परंपरा भी विकसित होने लगी थी इसलिए लोग उपरिवर्णित सभी का अनादर या अवहेलना करते होंगे। श्री राम के द्वारा भरत से यह पूछा जाना इसकी पुष्टि करता है और श्री राम भरत के आचरण से आश्वस्ति चाहते थे कि वे तो ये सब नहीं करने लगे हैं। क्योंकि शास्त्र कहता है कि इन सबका सम्मान व्यक्ति आयु, विद्या, यश और बल बर्धक होता है।

श्री राम भरत से अपने बाल्यकाल के शिक्षक सुधन्वा जोकि अर्थशास्त्र (राजनीति) के ज्ञाता थे और जिन्होंने प्रत्येक निषग की प्रारंभिक शिक्षा इन चारों भाइयों को दी, के सम्मान के विषय में पूछते हैं क्योंकि प्रायः ये देखने में आता है कि सभी युवावस्था के शिक्षकों को तो स्मरण रखते हैं किन्तु बाल्यावस्था के शिक्षकों को भूल जाते हैं। इससे यह ध्यान में आता है कि उपर्युक्त कार्यों में संलग्न व्यक्तियों का भी राजा के द्वारा सम्मान किया जाना चाहिए; ऐसा न करने पर राज्य में अव्यवस्था निर्माण हो सकती है।

मन्त्री के गुण, कर्तव्य आदि

श्री राम मन्त्री को भी राजा के ही समान शूरवीर, कुलीन, हाव-भाव-भंगिमा से मन की बात जानने वाला, शास्त्रज्ञ, जितेन्द्रिय आदि गुणों से विभूषित मानते थे; तभी तो उन्होंने भरत से इनका उल्लेख करते हुए मन्त्रियों की नियुक्ति के विषय में पूछा है। राजा के लिए मन्त्री के महत्व का प्रतिपादन करते हुए श्री राम ने कहा वे मात्र मन्त्रणा ही नहीं अपितु उसकी गोपनीयता के संरक्षण में मन्त्रियों के साथ सचिवों की भूमिका भी महत्वपूर्ण मानते थे। वाल्मीकि, वे मन्त्रिशिरोमणि अमात्य का प्रयोग अमात्य (सचिव); क्योंकि मन्त्रि और अमात्य के गुणों में बहुत भेद है।[9] इस पद पर अपने निकटस्थ को साथ रखना चाहिए, क्योंकि स्वयं (अकेले) या बहुतों के साथ विचार करने से निर्णय गलत हो सकता है। मन्त्रियों के शान्त स्वभाव और गाम्भीर्य को वे सर्वाधिक महत्वपूर्ण मानते थे। इसके अतिरिक्त अनेक के स्थान पर मात्र एक ही विद्वान को सहयोगी बनाने का उन्होंने परामर्श दिया क्योंकि राजा के लिए गुणों का ही महत्व होता है संख्या का नहीं। इसीलिए उन्होंने पुनः कहा कि व्यक्तियों के गुणानुसार ही तुमने उनको पदासीन किया है न ? ऐसा तो नहीं कि तुमने अधम को अत्तम और उत्तम को अधम स्थान पर आसीन कर दिया हो ? नियुक्ति में अनुवांशिक के सिद्धान्त को मान्यता प्रदान की गई है।

सेनापति के गुण/सैन्य संबन्धी विचार

वे कहते हैं कि सेनापति को सदैव संतुष्ट, शूरवीर, धैर्यवान, बुद्धिमान, पवित्र, कुलीन एवं स्वअनुरागी, एवं रणकर्म में दक्ष होना चाहिए। इसके अतिरिक्त अन्य सैनिक भी तुम्हारे द्वारा परीक्षित और प्रशिक्षित तो हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात जो उन्होंने कही वह बहुत महत्वपूर्ण थी कि उनके सम्मान, वेतन तथा अन्य मदों का समय पर प्रदान किया जाना; क्योंकि समय का जीवन में अत्यधिक महत्व होता है। समय निकल जाने पर निवेश का महत्त्व नहीं रह जाता है और सेना में विद्रोह हो सकता है। तथा राजा स्वयं सैनिकों को प्रशिक्षित करे जिससे वह सैनिकों की क्षमता से परिचित हो सके।

राजदूत के गुण

राजदूत के विषय में वे कहते हैं कि उसे देश का ही निवासी होना चाहिए, वह विद्वान हो, कुशल, प्रतिभाशाली एवं यथार्थ भाषण करने वाला तथा विवेकी हो। क्योंकि राजदूत के बल पर ही परराष्ट्रों के साथ सम्बन्धों का निर्धारण होता है और राजा के लिए पड़ोसी राज्यों का अत्यधिक महत्त्व होता है।

राजा के कर्तव्य/गुण

वे राजा के लिए भी कुछ गुण-निर्धारित करते हैं। यथा-राजा को निद्रा जयी होना चाहिए, रात के अन्तिम प्रहर में उसे अर्थ चिन्तन करना चाहिए, सोचे हुए कार्यों को परामर्श उपरांत शीघ्र ही संपन्न कर देना चाहिए। कार्य की सिद्धि पर ही उसका अन्यों को भान होना चाहिए। दण्ड सरल किन्तु परिणामकारी होना चाहिए। लोभी और राज्य को हड़पने वाले का तत्काल बध करना चाहिए। राजा को शत्रुपक्ष के 18 (मन्त्री, पुरोहित, युवराज, सेनापति, द्वारपाल, अन्तर्वंशिक (अन्तः पुर का अध्यक्ष) कारागाराध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, यथा योग्य कार्यों में धन का व्यय करने वाला सचिव, प्रदेश (पहरेदारों का प्रमुख) नगराध्यक्ष (कोतवाल), कार्य निर्माण कर्ता (शिल्पियों का प्रमुख) धर्माध्यक्ष, सभाध्यक्ष, दण्डपाल, दुर्गपाल, राष्ट्र-सीमापाल, तथा वनरक्षक तथा अपने 15 तीर्थ (सेनापति, द्वारपाल अंतः पुराध्यक्ष, कारागारध्यक्ष, धनाध्यक्ष राजा कि आज्ञा से सेवकों को

काम बताने वाला, वादी-प्रतिवादी से पूछताछ करने वाला प्राड्विवाक) तीन-तीन गुप्त चरों से जासूसी करवानी चाहिए। तीन-तीन से इसलिए कि इनमें से दो की बात एकसी जानकर निर्णय लिया जा सके। राज्य निष्कासित व्यक्तियों के वापिस आने पर उनको निर्बल तो नहीं मानते, यदि ऐसा है तो यह हानिकारक हो सकता है क्योंकि बाहर रहकर हो सकता है उसने विरोधियों से संबन्ध बना लिये हों। इन संबन्धों का उपयोग समय आने पर तुम्हारे विरूद्ध कर सकते है। नास्तिकों के संग से बचना चाहिए क्योंकि वे भोग में आसक्त कर देते हैं।

अर्थ के दृष्टिकोण से राजा को कृषकों एवं वैश्यों के प्रति मृदु एवं सरल होना चाहिए जिससे वे राज्य की समृद्धि में सहयोगी हो सकें। सभी के लिए लोक कल्याण के कार्यों का तो संपादन करते हो क्योंकि राजा का यही प्रमुख कर्तव्य होता है।

स्त्रियों की संतुष्टि एवं संरक्षण-संवर्द्धन तथा एक सीमा के बाद उन पर विश्वास न करने को कहते है क्योंकि वे स्वाभाविक रूप से ही सरल होती है।

पशुधन के प्रति राजा को लोलुप होना चाहिए क्योंकि वे न केवल सेना के लिए महत्वपूर्ण हैं बल्कि उनसे अर्थोपार्जन में भी सहयोग मिलता है तथा परिस्थितिकि भी ठीक रहती है। लोक दर्शन का कार्य तो करते हो। कर्मचारियों के प्रति सम्यक दृष्टि रखनी चाहिए। सभी दुर्गो की नानाविध चिन्ता तो करते हो। आय से अधिक व्यय तो नहीं है और खजाना अपात्र के हाथ में तो नहीं है। धर्म के फलन में धन का व्यय तो करते हो न ? निर्दोष को दण्डित तो नहीं करते। चोर सजा तो पाता है न? निर्धन को न्याय तो मिलता है न ? क्योंकि निर्दोष को दण्ड देने से धर्म का नाश होता है। वृद्ध पुरूषों, बालकों एवं प्रधान वैद्यों के सम्मान की चिन्ता तो करते हो न ? सप्तजनों (गुरू, वृद्ध, तपस्विगों, देवताओं, अतिथियों चैत्य, वृक्षों, रागरत पूर्णकाग ब्राह्मणों) को नमस्कार तो करते हो न ? धर्म-अर्थ का सही नियमन तो करते हो न ? तथा धर्म-अर्थ-काग का समयानुसार चिंतन तो करते हो संपूर्ण नगर तुम्हारे लिए कल्याण की कामना तो करता है न ?

राजा के दोष

आगे राजा के दोषों का बखान करते हैं और बताते हैं कि

1.**दशवर्ग-** काम से उत्पन्न होने वाले दस दोषों को दशवर्ग कहते है। ये राजा के लिये त्याज्य हैं। आखेट, जुआ, दिनमें सोना, दूसरों की निन्दा करना, स्त्री में आसक्त होना, मद्यपान, नाचना, गाना, बाजा बजाना और -व्यर्थ घूमना।

2. **पंचवर्ग-** जलदुर्ग, पर्वतदुर्ग, वृक्षदुर्ग, ईरिणदुर्ग और धन्वदुर्ग--ये पाँच प्रकार के दुर्ग पंचवर्ग कहलाते हैं। इनमें आरम्भ के तीन तो प्रसिद्ध ही है। जहाँ किसी प्रकार की खेती नहीं होती, ऐसे प्रदेश को ईरिण कहते हैं। बालू से भरी मरुभूमिको धन्व कहते हैं। गर्मी के दिनो मे वह शत्रुओं के लिये दुर्गम होती है। इन सब दुर्गों का यथा समय उपयोग करके राजा को आत्मरक्षा करनी चाहिये।

3. **चतुर्वर्ग-** साम, दान, भेद, और दण्ड--इन चार प्रकार की नीति को चतुर्वर्ग कहते हैं।

4. **सप्तवर्ग-** राजा, मंत्री, राष्ट्र, किला, खजाना, सेना और मित्रवर्ग---ये परस्पर उपकार करने वाले राज्य के सात अंग है। इन्हीं को सप्तवर्ग कहा गया है।

5. **अष्टवर्ग-** चुगली, साहस, द्रोह, ईर्ष्या, दोषदर्शन, अर्थदूषण, वाणीकी कठोरता और दण्ड की केठारता--ये क्रोध से उत्पन्न हैने वाले आठ दोष अष्टवर्ग माने गये हैं। किसी-किसी के मत में खेती की उन्नति करना, व्यापार को बढ़ाना, दुर्ग बनवाना, पुल निर्माण कराना, जंगल से हाथी पकड़कर मँगवाना, खानों पर अधिकार प्राप्त करना, अधीन राजाओं से कर लेना और निर्जन प्रदेश को आबाद करना--ये राजा के लिये उपादेय आठ गुण ही अष्टवर्ग हैं।

6. **त्रिवर्ग-** धर्म, अर्थ और काम को अथवा उत्साह-शक्ति, प्रभुशक्ति तथा मन्त्रशक्ति को त्रिवर्ग कहते हैं।

7. **विद्या-** त्रयी, वार्ता और दण्डनीति-ये तीन विद्याएँ हैं। इनमें तीनों वेदों को त्रयी कहते हैं। कृषि और गोरक्षा आदि वार्ता के अन्तर्गत हैं तथा नीतिशास्त्र का नाम दण्डनीति है।

8. **षाडगुण्य**- संधि, विग्रह, यान, आसन, द्वैधीभाव और समाश्रय--ये छः गुण हैं। इनमें शत्रु से मेल रखना संधि; उससे लड़ाई छेड़ना विग्रह, आक्रमण करना यान, अवसर की प्रतीक्षा में बैठे रहना आसन, दुरंगी नीति बर्तना द्वैधीभाव और अपने से बलवान् राजा की शरण लेना समाश्रय कहलाता है।

9. **पाँच दैवी बाधाएँ**- आग लगना, बाढ़ आना, बीमारी फैलना, अकाल पड़ना और महामारी का प्रकोप होना--ये पाँच दैवी बाधाएँ हैं। राज्य के अधिकारियों, चोरों, शत्रुओं और राजा के प्रिय व्यक्तियों से तथा स्वयं राजा के लोभ से जो भय प्राप्त होता है, उसे मानवी बाधा कहते हैं।

10. शत्रु राजाओं के सेवकों में से जिनको वेतन न मिला हो, जो अपमानित किये गये हों, जो अपने मालिक के किसी बर्ताव से कुपित हों तथा जिन्हें भय दिखाकर डराया गया हो, ऐसे लोगों को मनचाही वस्तु देकर फोड़ लेना राजा का कृत्य (नीतिपूर्ण कार्य) माना गया है।

11. विंशतिवर्ग बालक, वृद्ध, दीर्घकालका रोगी, जातिच्युत, डरपोक, भीरु मनुष्यों को साथ रखने वाला, लोभी-लालची लोगों को आश्रय देने वाला, मंत्री, सेनापति आदि प्रकृतियों को, असंतुष्ट रखने वाला, विषयों में आसक्त, चंचलचित्त मनुष्यों से सलाह-लेनेवाला, देवता' और ब्राह्मणों की निन्दा करने वाला, दैवका मारा हुआ, भाग्य के भरोसे पुरुषार्थ न करने वाला, दुर्भिक्षसे पीड़ित, सैनिक-कष्ट से युक्त (सेनारहित), स्वदेशमें न रहने वाला, अधिक शत्रुओंवाला, अकाल (क्रूर ग्रहदशा आदि से युक्त) और सत्यधर्म से रहित-ये बीस प्रकार के राजा संधिके योग्य नहीं माने गये-हैं। इन्हींको विंशतिवर्ग के नाम से कहा गया है।

12. **प्रकृतिमण्डल**- राज्य के स्वामी, अमात्य, सुहृद्, कोष, राष्ट्र, दुर्ग और सेना--राज्य के इन सात अंगों को ही प्रकृतिमण्डल कहते हैं। किसी-किसी के मत में मंत्री, राष्ट्र, किला, खजाना और दण्ड--ये पाँच प्रकृतियाँ अलग हैं और बारह राजाओं के समूह को मण्डल कहा है।

13. **द्वैधीभाव और समाश्रय**- ये इनकी योनिसंधि हैं और यान तथा आसन इनकी योनिविग्रह हैं, अर्थात् प्रथम दो संधिमूलक और अन्तिम दो विग्रहमूलक हैं।

इस प्रकार से श्री राम भरत को जोकि राज्य कार्य में दक्ष नहीं थे को भली भांति सुशासन के सूत्रों के द्वारा दक्ष बनाने का प्रयास करते हैं। क्योंकि, भरत जी को तो स्वतन में भी यह आशा नहीं थी कि एक दिन उन्हें अयोध्या जैसे विशाल साम्राज्य का युवराज बनना होगा। जिसका श्री राम जैसा योग्य एवं कुशल ज्येष्ठ भ्राता हो उसके लिए यह सब स्वपन जैसा ही था। अतएव जब श्री राम भरत को ये सब समझा रहे थे तो वे शान्तभाव से सभी कुछ सुन कर उसे आत्मसात करने का प्रयत्न कर रहे थे। श्री राम जी अनुपस्थित में भरत ने जिस प्रकार से अयोध्या नगर की सीमा से बाहर नन्दीग्राम नामक अरण्य में शासन सत्ता का संचालन किया था यह आज भी अनुसरणीय हैं। श्री राम ने जिन सूत्रों को यहाँ पर स्पष्ट किया है बाद में वे महाभारत, शुक्र, कौटिल्य, में भी प्रकारांतर से उल्लेखित हुए हैं। आज भी शासन सम्बन्धित नीतियों में इनका महत्त्वपूर्ण स्थान है; विशेषकर लोककल्याणकारी राज्य के सन्दर्भ में। इस प्रकार वाल्मीकि रामायण में वर्णित सुशासन के सूत्र जितने तब प्रासांगिक थे उतने ही आज प्रासंगिक हैं; इसमें कोई सन्देह नहीं है।

संदर्भ

1. डा० ओंकार शरद, राम मनोहर लोहिया, के 'भारत माता-धरती माता' शीर्षक से संकलित सांस्कृतिक लेख-लोकभारती, इलाहाबाद 1999, पृ० 9-18
2. तदैव- पृ० 53-90
3. वाल्मीकि रामायण, बालखण्ड प्रथम सर्ग
4. वाल्मीकि रामायण, 4/17/29-32
5. कणाद वैशेषिक दर्शन 1/2
6. प्रश्नोपनिषद - 6/2/4
7. वाल्मीकि रामायण बालखण्ड प्रथम सर्ग,
8. वाल्मीकि रामायण 1/27-28, 3/12/32-6, 6/108/4,14
9. कौटिल्य अर्थशास्त्र, प्रथम अधिकरण/ प्रकरण 3/ अध्याय 4 एवं प्रकरण 4 अध्याय 8

भारत के अतीत का विऊपानिवेशी आख्यान : पाश्चात्य विद्वानों के विशेष सन्दर्भ में

प्रो० पवन कुमार शर्मा
अध्यक्ष, राजनीति विज्ञान विभाग
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ

जैसा कि हमों विदित ही है कि बहुत लंबे समय तक भारत ने विश्व का न केवल ज्ञान के क्षेत्र में मार्गदर्शन किया बल्कि वह व्यापार के क्षेत्र में भी 18 वीं सदी तक प्रथम स्थान पर रहा[1] । ज्ञान विज्ञान के क्षेत्र में भी उसके नाम अनेक कीर्तिमान अंकित हैं । किंतु भारतीय शिक्षा में ये सब बातें सम्मिलित ही नहीं कि गईं । भारतीय विद्यार्थियों को तो बस यही पढ़ाया जाता रहा कि भारत की खोज वास्को डी गामा ने की, जाति व्यवस्था भारत का अभिशाप है, अंग्रेजों के आने से पूर्व भारतीय जंगलियों का जीवन जीते थे, अंग्रेजों ने हमें एक किया, नहीं तो भारत अनेक टुकड़ों में बंटा हुआ था और सबसे बड़ी बात तो यह कि भारत एक राष्ट्र तो कभी नहीं रहा आदि । जब विद्यार्थियों को बचपन से यही सब पढ़ाया और सिखाया जाएगा तो वे भी इस सब पर विश्वास करते हुए घर परिवार में भारत की विशेषताओं के आख्यानों को हास्यास्पद मानने लगते हैं और पश्चिम के गुण वैशिष्ट्य के आगे नतमस्तक हो जाते हैं । 1947 में भारत स्वतन्त्रता को प्राप्त हुआ । यह परिप्रेक्ष्य तभी बदल जाना चाहिए था किन्तु बदला नहीं । गद्यपि 1948 में डॉ राधाकृष्णन आयोग की रिपोर्ट में[2] इन सब बातों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया फिर उसके बाद 1964 में कोठारी आयोग[3] में भी यही सब मुद्दे उठाए गए । किन्तु न जाने क्यों इन को व्यवहार में नहीं लाया गया । 1947 से 2021 तक बहुत लंबा समय बीत गया, इन सब बातों को लिखे हुए लेकिन कुछ नहीं हुआ । 2021 में भारत के स्वातन्त्र्य का अमृतोत्सव वर्ष प्रारम्भ हुआ है जोकि 2022 में पूर्ण होगा । यह सही अवसर है कि जो कार्य 1947 में नहीं हुआ जो कार्य 1972 में रजत जयंती के अवसर पर भी नहीं हुआ और जो कार्य भारत के स्वातन्त्र्य के स्वर्ण

जयंती वर्ष 1997 में भी नहीं हो पाया वह भारत के स्वातन्त्र्य के अमृतोत्सव के वर्ष में पूर्ण हो रहा है। भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 राष्ट्र को जुलाई 20 में समर्पित हो चुकी है और अधिकांश राज्यों में उसका क्रियान्वयन भी प्रारम्भ हो गया है। यही सही अवसर है कि भारत की तरुणाई को उसके स्वर्णिम अतीत से परिचित करवाया जाए, वह भी पाश्चात्य निद्रानों की दृष्टि से। उसी को दृष्टिगत रखते हुए यह आलेख लिखा जा रहा है जिससे भारत के गौरवशाली अतीत से परिचित हुआ जा सके।

ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना दिसम्बर 1600 में भारत के साथ व्यापार करने के लिए हुई थी और ब्रिटिश रानी ने इसको 15 वर्ष का आज्ञा पत्र भारत के साथ व्यापार करने के लिए दिया था[4]। इस आज्ञा पत्र का नवीनीकरण होना था। इसके नवीनीकरण के पूर्व भारत के तत्कालीन शासक से भी व्यापार करते रहने देने की अनुमति चाहिए थी। इस अनुमति को प्राप्त करने के लिए ब्रिटिश रानी एलिजाबेथ का विशेष दूत सर टॉमस रो 1614 में भारत आया था। उस समय दिल्ली की सत्ता पर जहांगीर का शासन था। रो जब जहांगीर से आगरे में मिला तो उसके दरबार की शान शौकत के सामने रानी एलिजाबेथ के दरबार को फीका पाया। कुछ समय बाद जब वह जहाँगीर से मिलने अजमेर गया, जहाँ वह तंबुओं के द्वारा स्थापित शहर में ठहरा हुआ था। तो उसने इतना सुंदर तम्बुओं का शहर पहले नहीं देखा था। वह यहां के कारीगरों की कला देख कर अचंभित रह गया[5]। इस शहर की समृद्धि ने भी उसे प्रभावित किया।

इस प्रकार से वह इंग्लैंड, जिससे हमारा समाज आज इतना प्रभावित रहता है, के रानी के महल की 17वीं सदी में जो दशा थी, उसका वर्णन रो अपने संस्मरण में जिस प्रकार से करता है उससे इंग्लैंड के पिछड़े पन का अनुमान सहजता से लगाया जा सकता है। वह लिखता है की बादशाह के दरबार में सभी लोग कुछ न कुछ भेंट दे रहे थे जो सभी बेशकीमती थीं किन्तु जो भेंट मैं लेकर गया था वह अन्यों की तुलना में बहुत हल्की थी और बादशाह ने उस पर कोई ध्यान दिए बिना किनारे रखवा दिया[6]।

1757 में प्लासी की झड़प के 3 दिन बाद जब क्लाईव ने मुर्शिदाबाद के बाजार में अपनी शोभायात्रा के रूप में कदम रखा तो वह वहां की चकाचौंध को देखकर दंग रह गया और उसने मुर्शिदाबाद के बाजार की तुलना में इंग्लैंड के बाजार को कमतर पाया[7]। 18वीं सदी तक भारत

की समृध्दि विश्व के किसी भी देश की समृद्धि से कहीं अधिक थी। जबकि भारत में विदेशियों के द्वारा लूट का कारोबार लम्बे समय से चल रहा था। इस समृद्धि ने ही विदेशियों को भारत की ओर आकृष्ट किया था। प्लासी की लूट में ही अंग्रजों ने सात सौ संदूकों में खजाने को भरकर सौ किश्तियों में लादकर अपने जहाज़ के द्वारा इंग्लैंड भेजा था। जो कुल 72,71,666 चांदी के सिक्के थे[8]।

वर्ष 1783 में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कम्पनी के कलकत्ता स्थित सर्वोच्च न्यायालय के प्रमुख न्यायाधीश बनकर भारत आने वाले सर विलियम जोन्स भारत से बहुत अधिक प्रभावित थे। उनके प्रभावित होने का इससे ही पता चलता है कि जब वे भारत की यात्रा कर रहे थे तो पानी के जहाज में वे उन कार्यों की सूची बना रहे थे जोकि उनको भारत आकर करने थे। उस सूची में सम्मिलित कामों में हिन्दू मुस्लिम कानून, प्राचीन पाण्डुलिपियां, आधुनिक राजनीति, भारत का भूगोल, चिकित्सा, रसायन, सर्जरी, भारतीयों का शारीर विज्ञान व रचना सम्बन्धी ज्ञान, उनकी कविताएँ और संगीत शामिल था[9] और यह सब बिना संस्कृत के ज्ञान के संभव नहीं था। उन्होंने भारत आकर सँस्कृत भाषा सीखी और पाया कि सँस्कृत भाषा ग्रीक और लैटिन की तुलना में अधिक परिष्कृत और व्याकरण सम्मत तथा अन्य भाषाओं के लिए अनुकरणीय है[10]। वे यह भी मानते थे कि फ़ारसी भाषा के शब्दों की व्युत्पत्ति सँस्कृत की मूल धातुओं से ही हुई है[11]। उन्होंने महाकवि कालिदास विरचित नाटक अभिज्ञान शाकुंतलम का अंग्रेजी अनुवाद किया और उस अनुवाद को पढ़कर जर्मन कवि गेटे ने उसे विश्व की सर्वोत्तम कृतियों में से एक पाया[12]। जोन्स ने भारत को सदियों से ज्ञान का केंद्र माना। वे लिखते हैं कि यूनान के विद्वान ज्ञान प्राप्ति के लिए मिस्र आते थे और मिस्र के विद्वान इसके लिए गंगा जमुना के किनारे[13]। इस प्रकार से वे भारत को ज्ञान का अजस्र स्रोत मानते थे। श्रीमद्भगवद्गीता को वे संसार की श्रेष्ठतम पुस्तक मानते थे और उसको मूल रूप में पाकर उन्हे बहुत प्रसन्नता हुई थी[14]। विधि शास्त्र के रूप में वे मनुस्मृति एवं नीतिशास्त्र के रूप में हितोपदेश के भी प्रशंसक थे[15]। यहां के गणित और ज्योतिष से भी वे बहुत अधिक प्रभावित थे और लिखते हैं कि अभी हमें पुरी तरह से न्यूटन पर गर्व नहीं करना चाहिए क्योंकि भारत में उपलब्ध सूर्य सिद्धांत का अभी अंग्रेजी अनुवाद नहीं हुआ है[16]। इस प्रकार से विलियम जोन्स से बहुत सारी बातें अपने साहित्य में भारत के विषय में सकारात्मक लिखी हैं। इतना ही नहीं जो यूनानी फिलॉसफी पूरे यूरोप के ज्ञान का आधार रही है उस को वे षड दर्शन से प्रभावित मानते थे और तुलना करते हुए लिखते है कि गौतम के न्याय का सम्बन्ध अरस्तू, कणाद के वैशेषिक दर्शन का सम्बन्ध थलेस, जैमिनी के पूर्व मीमांसा का सम्बन्ध सुकरात, व्यास के उत्तर मीमांसा का सम्बंध प्लेटो, कपिल के सांख्य का सम्बंध पाइथागोरस, और पतंजलि के योग का सम्बन्ध जेनो के स्टोइक से है[17]। भारत के देवी देवताओं की साम्यता की भी बात वे प्राचीन यूनान के देवी देवताओं से करते हैं[18]। वे पहले ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने भाषा वैज्ञानिक

आधार पर आर्यों का भारत से बहिर्गमन का सिद्धांत दिया था[19] वे यूनानी लेखकों के हवालों से भारतीयों को सर्वाधिक बुद्धिमान मानते थे[19A]। इस प्रकार नानाविध उन्होंने भारत की प्रशंसा की है। 1775 में भारत में ही जन्में एच०एच० विल्सन भी भारत को एक समृद्ध और शांतिप्रिय देश मानते थे जोकि अपनी स्थानीयता के बल पर ही यह सब प्राप्त कर सका था[20]।

भारत में शिक्षा का तंत्र कितना मजबूत और व्यवस्थित था इसका अंदाजा चार्ल्स ट्रेवलीन के इस वक्तव्य से ही लगाया जा सकता है जोकि उसने अपनी पुस्तक 'द एजुकेशन ऑफ द पीपुल्स ऑफ इंडिया' में लिखा है कि हमारी चिंता भारतीयों को पढ़ाना नहीं अपितु जो वे जानते हैं उसको भुलाना है[21] क्योंकि यह सब इंग्लैंड की तुलना में ज्यादा अच्छा है। भारत में अंग्रेजों के आने के पूर्व प्रत्येक गांव में कम से कम एक स्कूल तो अवश्य ही था। ये स्कूल व्यक्तिगत और सामुहिक दोनो ही स्तरों पर कार्य करते थे। इन विद्यालयों में सभी जाति के शिक्षक और शिक्षार्थी होते थे। लड़कियां भी इनमें पढ़ने के लिए आती थीं[22]। शल्य क्रिया और वास्तु से सम्बंधित ज्ञान भी यहां दिया जाता था[23]। उच्च कोटि के इस्पात निर्माण के भी अनेक प्रमाण पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। इस्पात निर्माण की छोटी छोटी भट्टियां नदियों के किनारे पर स्थापित होती थीं और आवश्यकता पड़ने पर इन्हें बैलगाड़ियों पर रखकर बहुत ही आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाया जा सकता था। इन भट्टियों में विश्व स्तरीय इस्पात निर्मित होता था[24]। बर्फ जमाने की स्वदेशी तकनीक प्रचलन में थी जोकि बहुत ही सस्ती और सरल थी[25]। चेचक का टीका भारत में बहुत ही सरल पद्धति से निर्मित किया जाता था और भारत पेन्सिलिन के उत्पादन से भी परिचित था[26]। इस प्रकार से अनेक ,वे सब कार्य जोकि बाद में हमें विदेशियों के हवाले से प्राप्त हुए, वे सब भारत के ही अविष्कार थे। शिक्षा के लोकव्यापीकरण में एंड्रू बेल के नाम से, जो पद्धति प्रचलित हुई उसे वे मद्रास में अपनी नियुक्ति के दौरान ही सीख कर गए थे। भारत में यह नायकीय प्रणाली के रूप में जानी जाती थी। बाद में उन्होंने इसे इंग्लैंड में जाकर अपने नाम से प्रचलित कर दिया[27]।

भारत के विषय में मैक्स मुलर ने एक पुस्तक लिखी, वस्तुतः यह उनके उन व्याख्यानों का संकलन है जोकि वे भारत आने वाले नौकरशाहों को दिया करते थे। इस पुस्तक का नाम है इंडिया : व्हाट कैन इट टीच अस ?
पुस्तक की विषय वस्तु भारत के परिचय से सम्बंधित है और विश्लेषणात्मक है। अनेक स्थानों पर भारत की प्रशंसा है और भारत की विद्या परम्परा के लोग जीवन को कितनी सहजता और सरलता से यापन करते हैं इसका वे ससन्दर्भ उल्लेख करते हैं। कई स्थानों पर आलोचना भी है आलोचना का आधार दृष्टिकोण में भेद है और उसे वैसे ही लेना चाहिये यह विदेशी आक्रांताओं

के सम्पर्क में आने के बाद बना व्यवहार है, हमें उसको भी सहजता में लेकर अपने में सुधार करने चाहिए यदि वे सुझाव इस योग्य हैं, तो। लेखक पूरे भारत के लोगों के विषय मे कई बार समग्रता में और कई बार अलग अलग वर्णन करता है। बिहार के लोगों के विषय में वह लिखता है कि वे अपनी कद काठी के लिए नहीं अपितु अपनी सच्चाई के लिए सम्माननीय हैं। उनकी सच्चाई उन्हें अंग्रेजों से अलग करती है। वे इनको अत्यधिक बुद्धिमान, बहादुर और दयालु भी मानते हैं। ये प्रोफेसर विल्सन के बहुत प्रशंसक थे और उनके हवाले से ही लिखते हैं कि वहां के शिल्पी, श्रमिक और अन्य सभी बहुत ही ईमानदार, परिश्रमी ,हँसमुख और आज्ञाकारी हैं। इतना ही नहीं वे इन्हें गीतोंका, और व्यसनों से मुक्त भी पाते है[28]। आगे वे पुनः प्रोफेसर विल्सन के हवाले से लिखते हैं कि वे वहां के पंडितों के विषय में लिखते हैं कि ये बहुत ही सरल, बुद्धिमान और निश्छल स्वभाव के धनी लोग हैं[29]। इस प्रकार से वे प्रोफेसर विल्सन के अनुभवों की व्याख्या प्रशिक्षुगणों के सम्मुख करते है। आगे पुनः वे लिखते हैं कि विल्सन फिर उन पण्डितों की बातें करते हैं जिन्हें अक्सर अपशब्द कहें जाते हैं, वे कहते हैं कि मेरा अध्ययन मुझे पढ़े-लिखे लोगों के संपर्क में लाया और मुझे उनमें वह समानांतर गुण मिले जो उनके काम से बहुत अलग थे जैसे उद्योग, बुद्धि और जो समान विशेषताएं उनमें दिखी विशेष रुप से हिन्दुओं में वह ही सादगी थी (बच्चे की भांति)। आगे कलकत्ते के एक परिवार के विषय में विल्सन बताते हैं कि मैंने उनमें शिष्टाचार, स्पष्टता व व्यापक समझ और भावनाओं में औदार्य देखा[20]।

भारत के विषय में विकृत वातावरण का निर्माण करने में जेम्स मिल की पुस्तत 'कैम्ब्रिज हिस्ट्री ऑफ ब्रिटिश इंडिया' की वे बहुत ही महत्व पूर्ण भूमिका मानते हैं वे लिखते हैं कि इस पुस्तक में जो बातें (जिनका कोई अर्थ नहीं है, यह भाव मेरा है जोकि लेखक को पढ़ कर बना) लिखी गई हैं उनको प्रोफेसर विल्सन की भारत के विषय में लिखी गई प्रशंसापूर्ण बातें भी नहीं काट सकती। एक और पुस्तक जोकि आप लोगों को अनिवार्य रूप से पढ़नी चाहिए , जिसकी अनुशंसा में बहुत लंबे समय से करता आ रहा हूँ। वह है कर्नल स्लीमैन द्वारा लिखित "रेम्बल्स एंड रिकलेक्शनस ऑफ एन इंडियन ऑफिसियल" जोकि मूलतः 1934 -35 में लिखी गई थी और 1944 में प्रकाशित हुई थी। किन्तु यह पुस्तक किसी को भी उपलब्ध नहीं कराई जाती क्योंकि ऐसा करने से मिल के द्वारा गढ़ा गया मिथक टूट सकता है।

वे मिल के विषय में लिखते हैं कि आखिर उसने इतना अनर्गल क्यों लिखा? तो वे पाते हैं कि वह अनेक फ्रांसीसी मिशनरी के द्वारा लिखित पुस्तकों से प्रभावित था और उनमें से भी उसने वे बातें

ग्रहण कीं जोकि भारत के प्रतिकूल थीं, अनुकूल तथ्यों का उसने संज्ञान ही नहीं लिया[31]। वे फिर आगे डॉ रॉबर्टसन की पुस्तक "हिस्टोरिकल डिस्कशनस कॉन्सर्निंग इंडिया" के हवाले से लिखते हैं कि हिन्दू उच्च सभ्यता वाले लोग हैं और उनके मुकद्दमें मुद्दे आधारित और पूर्ण ईमानदारी से सम्पन्न होते हैं। इस बात की पुष्टि वे आंकड़ों के माध्यम से तुलनात्मक रूप से करते हुए लिखते हैं कि इंग्लैंड में 10,000 में से 1 व्यक्ति को और इंडिया में 10 लाख में से किसी 1 व्यक्ति को मृत्युदंड दिया जाता है। ऐसा भारत की विद्या व्यवस्था के कारण था जिसमें मनुष्य अपने कर्मों के माध्यम से ही अपने अच्छे - बुरे का निर्धारण करता था। इसलिए वह सदकर्मी रहता था और गलत कार्यों से बचता था[32]। मैक्स म्यूलर लिखते हैं कि कर्नल स्लीमैन को 'रैमबल्स' को जितना सम्मान मिलना चाहिए, नहीं मिला। वे स्लीमैन के उस सन्दर्भ का हवाला देते हैं जोकि पुस्तक में वह अपनी बहिन को लिख रहा है कि अगर भारतीयों से पूछा जाए कि उनके आनन्द का क्या कारण है? तो दस में से नौ कहेंगे कि उनकी बहिनों के पत्र जोकि उनकी बहिनें उनके घरों से उनके लिए लिखतीं हैं[33]।

कर्नल स्लीमैन के हवाले से वे पुनः लिखते हैं कि भारत को लोग नहीं जानते क्योंकि भारत तो गांव में बसता है और लोग , शहरों के सम्पर्क में आते हैं और इसलिए भारत के सम्पर्क में नहीं आ पाते। वे लिखते हैं कि लम्बे समय से ही गांव ही भारत की राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियों का केंद्र रहा है। यद्यपि उसने अनेक आक्रमणों का सामना किया है तथापि ये केंद्र कभी कमजोर नहीं पड़े। मनु के नियमों में हमने पढ़ा है कि कैसे ग्राम व्यवस्था का संचालन होता था। पूरी प्रशासनिक व्यवस्था विकेंद्रीकरण पर अवलम्बित थी और 100 में से 99 व्यक्तियों के लिए गांव ही उनकी दुनिया था[34]। भारत में गावों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण रही है (इस पर मेरा बल है)। वे लिखते हैं कि मेगस्थनीज ने भी लोगों को अपने परिवार के साथ गांव में रहने वाला बताया है और लिखा है कि वह शहरों की ओर जाने से बचता है। नर्चस कहता है कि वे सामूहिक रूप से खेती करते थे। स्लीमैन पहले ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने यह बताया कि हिंदुओं के गुणों का सम्बंध गांव से था। वे लिखते हैं कि गांव के लोग आपस में कभी भी झूठ नहीं बोलते थे। यदि गांव में अधिकारों,कर्तव्यों और हितों का कभी टकराव होता भी था तो सीमित जनता (गांव की पंचायत, यह मेरा अभिप्राय है) उसे गलत करने से रोकती थी[35]। म्युलर हिंदुओं को वहमी भी मानता था किंतु इस वहम के कारण वे सत्य का अनुसरण करते थे। वह लिखता है कि समाज का यह मानना है कि व्यक्ति का झूठ-सच ही यह निर्धारित करता था कि उसके पूर्वज स्वर्ग जाएंगे या नरक और इसलिए वह प्रायः सच ही बोलते थे। स्लीमैन के हवाले से ही वह गांव के लोगों को अपने ही लोगों के सामने झूठ बोलने से बचते हुए बताते हैं क्योंकि गांव में

सभी एक दूसरे से परिचित जो होते थे । यह परिचय ही हमें गलत काम करने से रोकता है क्योंकि हमारे परिचित ऐसा करने पर हमारे पूर्वजों का हवाला देकर रोकते हैं[36]।

यद्यपि महमूद गजनवी के पूर्व 2 हजार वर्ष के इतिहास पर दृष्टिपात किया जाए तो ध्यान में आता है कि यूनानियों, अरबों व चीनियों ने भारत की यात्रा की और उन्होंने इन्हें सत्य और न्याय में अग्रणी पाया । ने आगे चीनी यात्री ह्वेनसांग के हवाले से बताते हैं कि हिन्दू शांत, ईमानदार,न्याय प्रिय और कुशल तथा सरल प्रशासक होते हैं । गुस्तिाव इतिहासकार इदरीश के हवाले से लिखते हैं कि हिन्दू प्राकृतिक रूप से न्याय की ओर झुके हुए हैं और वह उनके दैनिक कार्यों में दिखाई भी देता है । इनके इन गुणों से प्रभावित होकर लोगों के झुंड के झुंड सब तरफ से इनकी ओर आते हैं । वे 13 वीं सदी के शमशुद्दीन अबदुल्ला के हवाले से लिखते हैं कि हिन्दू रेत के दानों की भांति असंख्य हैं और इनको जीवन मृत्यु का भी भय नहीं है । वह 13 वीं सदी के समुद्री व्यापारी मार्को पोलो का उद्धरण देते हुए लिखते हैं कि वह लिखता है कि यद्यपि ब्राह्मण वर्णगत व्यापारी नहीं होते तथापि राजा लोग उनको बड़े व्यापारों में लगाते हैं और यह समय ब्राह्मणों की दृष्टि में संकट का समय माना जाता है । मार्को पोलो की दृष्टि में ब्राह्मण दुनिया के सर्वश्रेष्ठ व्यापारी थे और वे किसी भी कीमत पर असत्य का सहारा नहीं लेते थे । वे इसी प्रकार की बात चौदहवीं सदी के विद्वान फ्रायर जोर्डन्स के हवाले से कहते हैं कि भारत के लोग सत्यनिष्ठ व न्यायप्रिय हैं[37]।

भारत व्यापारियों को सदैव से ही उत्कृष्ट सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने का पक्षधर रहा है । इस बात की पुष्टि विजयनगर और कालीकट में दूत के रूप में आए कमालुद्दीन अब्द ए रजाक समरकन्दी करता है । अकबर का दरबारी अबुल फजल "आईने अकबरी" में लिखता है कि यहां हिन्दू धर्मिक , सुशील, हँसमुख, न्याय से प्रेम करने वाले, व्यवसाय करने वाले,सत्य के प्रशंसक,आभारी,और उनके सिपाही कभी भी मैदान से पीठ न दिखाने वाले है । वे आगे हिन्दू और मुसलमानों की आपसी तुलना करते हुए लिखते है कि मुसलमान, मुसलमानों की तुलना में हिन्दू, हिंदुओं के लिए अधिक सरल है । इसके अतिरिक्त हिन्दू गुण गाहक होता है और इसे वह सभी के लिए ठीक बताता है । जबकि मुसलमान इतना संकुचित होता है कि वह मुसलमानों के 72 सम्प्रदायों में से भी अपने सम्प्रदाय के ही आदमी को चुनता है और उसका सम्प्रदाय ही उसका सबसे बड़ा गुण होता है। भारत के हिंदुओं के सत्य प्रेम का वे इतने अधिक प्रशंसक थे कि वे लिखते है कि हमें यह देखना चाहिए कि जो लोग हिंदुओं के सम्पर्क में आए वे उनकी सत्यनिष्ठा को देखकर चौंक गए और उन्होंने सत्य को भारत के राष्ट्रीय चरित्र के रूप में स्वीकारा[38]।

वे आगे माउंट स्टुअर्ट एलफिंस्टन की पुस्तक "हिस्ट्री ऑफ इंडिया" के हवाले से भारतीयों के चरित्र की प्रशंसा करते हैं। वारेन हेस्टिंग्स भी भारतीयों को दयालु, आभारी,बदले की भावना न रखने वाले,वफादार व कानून के पालन कर्ता बतायें हैं । बिशप व्हियर हिंदुओं को साहसी,विनम्र,बुद्धिमान, ज्ञान के लिए तत्पर,शांत, मेहनती,माता पिता के प्रति कर्तव्यनिष्ठ, बच्चों को स्नेह देने वाले,धैर्यवान, दयावान,अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करने वाले बताते हैं तथा ऐसे लोग उन्होंने और कहीं नहीं देखे। एलफिंस्टन भी भारतीयों के विषय में बहुत ही प्रशंसनीय बाते लिखते हैं कि ठगों और डकैतों को मिलाकर भी भारत में इंग्लैंड की तुलना में कम अपराध होते हैं तथा यहां पर कैदियों के प्रति भी दयाभाव रखा जाता है। सर जॉन मैल्कम भी इसी प्रकार की राय रखते हैं। इस प्रकार से मैक्स म्युलर नानाविध सन्दर्भों के माध्यम से हिन्दुओ के चरित्र का बखान करते हैं और अंग्रेजों के लिए इस चरित्र को अनुकरणीय मानते हैं । सर थॉमस मुनरो के हवाले से वे बहुत ही रोचक बात कहते हैं कि अच्छी कृषि प्रणाली,कुशल उत्पादन जो जीवन जीने में सहायता करता है, हर गांव में विद्यालय जिसकी मदद से पढ़ना पढ़ाना ,लेखन,अंक गणित की समझ विकसित हो, अतिथियों का स्वागत, एक दूसरे के मददगार लोग ,महिलाओं को पूर्ण सम्मान मिलता हो यदि ये सभ्यता के संकेत हैं तो हिन्दू यूरोपीयों के बराबर हैं और यदि इसे हम व्यापार की सामग्री के रूप में देखें तो इंग्लैंड को इसे आयात करना पड़ेगा[39]।

मैक्स म्युलर कभी भी हिंदुस्थान नहीं आए थे किंतु उन्होंने पुस्तकों के माध्यम से उसे देखा था। हिंदुस्तान न आने का उन्हें अफसोस रहा और इस लिए वे लिखते हैं कि उनके स्वयम के अनुभव हिंदुओं के चरित्र को लेकर कम हैं क्योंकि वे एक बार भी भारत नहीं गए हैं। किन्तु, जिन से उन्हें मिलने का मौका मिला वे असाधारण व सर्वश्रेष्ठ थे । मैने जब उनकी तुलना यूरोपीय और अमेरिकी विद्वानों से की तो सदैव ही मैंने उनको सत्य का अनुपालन करते हुए पाया। मैंने यह भी पाया कि वे अपनी गलतियों को भी आसानी से स्वीकार कर लेते है और जब वे ठीक होते हैं तो वे अपने विरोधी के सम्मुख दृढ़ता से खड़े होते हैं। वे न तो किसी की सिफारिश करते हैं और न ही ऐसा करवाना पसन्द करते हैं। वे सदैव ही गलत के विरोध में होते हैं। यहां भी इंग्लैंड को आयात करने की आवश्यकता है। इतना ही नहीं वे यह भी जोड़ते हैं कि व्यावसायिक व्यवहार में भी हिन्दू अंग्रेजों से श्रेष्ठ हैं। उनका साहित्य भी उच्च कोटि का है और वह प्रेम और सत्य से सराबोर है। वे आगे चेतावनी स्वरूप लिखते हैं कि मैं चाहता हूँ कि हिंदुओं पर जो अनर्गल आरोप लगाए गए हैं वे झूठे और भ्रामक हैं तथा पूर्णतया असत्य हैं[40]। वे अंग्रेजों के शासन को भारत पर

गलत मानते हैं और उन सिविल सेवा के अधिकारियों को चेताते है कि वे ऐसे देश में जा रहें है जो नैतिक हैं[41]।

यद्यपि मार्क्स भारतीय समाज व्यवस्था को जड़ मानते थे तथापि वे भारत की समृद्धि में इसकी भूमिका को भी स्वीकार करते थे। उनका मानना था कि भारत में प्रारंभिक स्तर पर श्रम के विभाजन हो जाने से कौशल्य समाज का निर्माण हो गया और उससे उच्च स्तरीय उत्पादन होने लगा। फलतः वैश्विक स्तर पर भारतीय उत्पादों की मांग रही और यह मांग भारत उन देशों से सोना चांदी लेकर पूरी करता था। इस प्रकार से पूरी दुनिया का सोना चांदी भारत आ गया और भारत को सोने की चिड़िया कहा जाने लगा। भारतीय उत्पादों की उत्कृष्टता के चलते ही भारत 18 वीं सदी तक वैश्विक अर्थव्यवस्था में लगभग 23 प्रतिशत से अधिक भागीदारी बनाए रख सका था[42]। अंग्रेजों ने आकर इन उद्योगों को उजाड़ा और भारत का बाजार चौपट कर दिया। भारत का वह ,सब कुछ ,जो भारत के स्वत्व से सम्बंधित था, को नष्ट करना अंग्रेजों की पहली प्राथमिकता थी और उसके स्थान पर भारत को आत्मनिश्चास विहीन बनाने के सभी प्रयास करते थे। इसीलिए भारतीयों को उनके इतिहास के स्थान पर उनका इतिहास पढ़ाया जाता था जिन्होंने भारत पर आक्रमण किए थे[43] जिससे भारतीय युवा अपनी हार और अपने आक्रंताओं की विजय को पढ़ कर विषादग्रस्त हो जाएं। मार्क्स भारत की ग्राम व्यवस्था की जो तस्वीर प्रस्तुत करते हैं वह गांव के स्वावलम्बन की भूमिका को विस्तार से स्पषट करती है। वे लिखते हैं कि भारत में गांव की रचना स्थान के अनुसार अलग अलग है। ग्रामीण सामुहिक खेती करते हैं और पैदावार को आपस में बांट लेते हैं। प्रत्येक परिवार में सूत कातने और कपड़ा बुनने का काम सहायक धंधे के रूप में होता है। इस प्रकार से वे गांव में एक प्रकार के लोगों का उल्लेख करते हैं जोकि विशेष प्रकार के काम में संलग्न हैं। दूसरी ओर वे गांव की अन्य भूमिका निर्वाह करने वालों का वर्णन करते है कि गांव में एक मुखिया होता है जोकि गांव का जज, पुलिस और तहसीलदार होता है। गांव में शांति और न्याय उसकी जिम्मेदारी होती है। पटवारी खेतीवाड़ी से सम्बंधित सभी बातों का अभिलेखीकरण करता है। एक और कर्मचारी गांव की सुरक्षा, अपराधियों पर मुकद्दमें चलाने और अजनबी यात्रियों को अगले गांव तक सुरक्षित पहुंचने का काम करता है। लठैत पड़ोसी बस्तियों से गांव की सीमा की रक्षा करता है। एक व्यक्ति तालाबों से सिंचाई के लिए पानी वितरण की व्यवस्था की देखभाल करता है। ब्राह्मण धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करवाता है।

पाठशाला का पण्डित बालू में बालकों को लिखना पढ़ना सिखाता है। ज्योतिषी, जोतने- बोने , फसल काटने और खेती के अन्य कामों के लिए मुहूर्त तय करता है[44]। (यहां पर मार्क्स ब्राह्मण

और पाठशाला के पण्डित तथा ज्योतिषी को अलग अलग बता रहे हैं। यदि यह कार्य एक ही व्यक्ति करता होता तो वे इन तीनों का उल्लेख अलग अलग नहीं करते। यह बात समझने की है कि बाद में इतिहासकारों ने भारत में एक वर्ग विशेष को घेरने के लिए ये तीनों काम उसी के मत्थे बांध दिए जिससे समाज में विद्वेष बढ़े) वह आगे लिखते हैं कि लोहार और बढ़ई खेती के औजार बनाते हैं। कुम्हार सारे गाव के लिए बर्तन - भाडे तैयार करता है। इनके साथ साथ वे नाई, धोबी, सुनार और कवि का भी उल्लेख करते हैं। कवि को कहीं-कहीं पर वे सुनार का काम और पाठशाला के संचालन से भी जोड़ते हैं। भारत में वैद्य को भी कविराज के नाम से सम्बोधित किया जाता था। यह गा गा कर लोगों को सामाजिक से सम्बंधित बीमारियों के प्रति जागरूक करने का भी काम करता था। इन दस बारह प्रकार के लोगों का जीवन निर्वाह गांव के सहयोग से होता था। आगे लिखते हैं कि जनसंख्या के बढ़ने पर इसी प्रकार की नई बस्ती बस जाती थी[45]। यह एक आदर्श व्यवस्था थी जो न केवल स्वावलम्बी थी बल्कि सम्पोषित भी थी। वे लिखते है कि अंग्रेजो ने इस व्यवस्था को तोड़ा जोकि क्रांतिकारी कदम था। यहां पर वे यूरोपीय दृष्टि से सोच रहे थे जोकि भारत पर सही नहीं बैठता था। अस्तु। आगे वे लिखते हैं कि अंग्रेजों ने रेल की स्थापना भारत के शोषण के लिए की है[46] उससे हिंदुओं का भला नहीं होने वाला। वे इस बात से भलीभांति परिचित थे कि भारत में हिन्दू - मुस्लिम सहित, कुछ अन्य पूजा पद्धति के लोग भी रहते हैं किंतु उन्होंने हिन्दू शब्द का प्रयोग किया क्योंकि हिन्दू शब्द पूरे भारत के लिए सबसे उपर्युक्त शब्द है और वही उन्होंने किया भी।

मार्क्स इतना ही नहीं बल्कि अंग्रेज भारत का शोषण किस प्रकार से कर रहे हैं इस विषय को भी लेकर अपनी चिंता व्यक्त करते थे। वे लिखते हैं कि कम्पनी के कर्मचारी भारतीय उत्पादों की कीमतें स्वयम तय करते थे और फिर वे हिंदुस्तानियों को लूटते थे। इस प्रकार वे सभी वस्तुओं पर एकाधिकार कर लेते थे और अकाल की स्थिति निर्मित हो जाती थी। 1760 - 70 में अंग्रेजों ने देश का सारा चावल खरीदकर कृत्रिम अकाल की स्थिति पैदा कर दी थी। वे उपनिवेशी मानसिकता का वर्णन ईसाई धर्म के विशेषज्ञ डब्ल्यू हैविट के हवाले से ईसाइयों की औपनिवेशिक व्यवस्था के बारे में लिखते हैं कि " ईसाई कहलाने वाली नस्ल ने दुनिया के हर उस हिस्से में और हर उस कौम पर, जिसे वह जीतने में कामयाब हुई है, जो जुल्म,बर्बरता और अत्याचार किया है, वह इतिहास के किसी भी युग में और किसी भी नस्ल ने, वह चाहे कितनी भी खूँखार और जाहिल क्यों न रही हो और दया तथा संकोच से कितनी भी हीन क्यों न रही हो, नहीं किया है[47]।"

इस प्रकार वे न केवल भारत की चिंता कर रहे हैं बल्कि अंग्रेजों के क्रियाकलापों पर भी प्रश्न चिह्न लगा रहे हैं। वे भारत के प्रति जहाँ एक ओर उसे आधुनिक परिवेश में लाने से रोकने के लिए उसकी यथा स्थितिवाद की आलोचना करते हैं वहीं दूसरी ओर उसके विभिन्न प्रकार के शोषण के लिए अंग्रेजो की लानत मलामत भी करते हैं। उन्होंने ही सर्वप्रथम1857 के स्वातन्त्र्य समर को भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम घोषित किया था और इस पर अपने निबन्धों को "फर्स्ट फ्रीडम वॉर ऑफ इंडियाज इंडिपेंडेंस" के रूप में प्रकाशित भी किया था। यह पहली पुस्तक थी जोकि 1857 के विद्रोह को उपनिवेशी शब्दावली से इतर स्वातन्त्र्य समर के रूप में निरूपित करती है[48]। (वीर सावरकर जी की पुस्तक से अलग) 20वीं सदी के महान इतिहासकार विल ड्यूरेन्ट ने 1930 में एक पुस्तक लिखी थी जिसको अंग्रेजों ने उस समय प्रतिबंधित कर दिया था क्योंकि उस पुस्तक में उनकी भारत सम्बन्धी लूट आदि को विस्तार से उजागर किया गया था, इस पुस्तक का नाम "द केस फॉर इंडिया" रखा गया था। इसी पुस्तक में वे भारत सम्बन्धी अन्य विशेषताओं के साथ साथ यह भी लिखते हैं कि भारत ने पश्चिम को किस प्रकार से उपकृत किया है। वे लिखते हैं कि 'भारत, हमारी नस्ल, संस्कृत यूरोपीय भाषाओं की, हमारे दर्शन की,अरबों के द्वारा हमारे गणित की, बुद्ध के द्वारा ईसाइयत में व्याप्त करुणा की, गाँवों में प्रचलित व्यवस्था के द्वारा हमारी सेल्फ गवर्नमेंट और लोकतंत्र की तथा अन्य अनेक रूपो में हमारी मां रहा है[49]।' वे आगे पुनः लिखते हैं कि हाल ही में होने वाली खुदाइयों ने इन सब की पुष्टि कर दी है कि यह कितनी पुरानी सभ्यता रहा है। वे मेगस्थनीज के हवाले से भारतीयों के सभ्य और कलात्मक स्वभाव की तुलना यूनानियों से करते हैं।

ब्रिटिश सरकार ने भारत को लाभ कम, हानि अधिक पहुँचाई है, इसको वे उदाहरण देते हुए लिखते हैं कि इस प्रकार की उच्च सभ्यता जोकि अनेक श्रेष्ठ सन्तों की जननी रही, जिसने बुद्ध से लेकर राम कृष्ण और गांधी जैसे महान व्यक्तित्वों को जन्म दिया, जिसने वेदों के दर्शन को प्रतिपादित किया, को अंग्रेजो ने बदूकों के बल पर लूट लिया और उसे नष्ट कर दिया[50]। इस प्रकार वे अंग्रेजों के कुकृत्यों को न केवल उजागर करते हैं बल्कि उन पर गहरा दुख भी व्यक्त करते हैं। साहित्यिक क्षेत्र में वे महाभारत जिसमें की श्रीमद्भगवद्गीता भी सम्मिलित है, से सरोजिनी नायडू, रविंद्र नाथ टैगोर तक कि प्रशंसा करते हैं और इसे संसार की श्रेष्ठतम कृतियों में सम्मिलित करते हैं। कला और शिल्प के क्षेत्र में वें एलोरा, मदुरै, अंगकोरवाट, दिल्ली, और आगरा का उल्लेख करते हैं[51]। उनके द्वारा भारत के वैशिष्ट्य का जो वर्णन किया गया है वह भारतीयों में आत्म गौरव का संचार करने के लिए पर्याप्त है।

भारतीय साहित्यिक कृतियों ने विश्व के महान कहे जाने वाले व्यक्तियों का किस प्रकार से मार्गदर्शन किया है, को विश्वविख्यात और नोबल पुरस्कार से सम्मानित फ्रेंच साहित्यकार रोम्यां रोलां के हवाले से सुगमता से समझ जा सकता है वे लिखते हैं कि "किन्तु थोरो महान पाठक था । 1837 और 1862 के बीच वह इमर्सन का पड़ोसी था । इमर्सन ने लिखा है, कि जुलाई 1846 में थोरो उसे अपनी 'ए वीक ऑन द कॉन्कर्ड एंड मेरीमैक रिवर्स' के अंश सुनाता रहा। इस कृति में (सोमवार खण्ड में) गीता, भारत के महान काव्यों और दर्शनों की प्रशस्ति है[52] ।" इसी वक्तव्य के पाद टिप्पणी को प्रस्तुत करने का मैं मोह नहीं संवरण नहीं कर पा रहा हूँ क्योंकि उसके अभाव में विषय के गम्भीरता की पुष्टि थोड़ी कम रह जायेगी, इसलिए उसे भी मैं यहां पर यथावत प्रस्तुत कर रहा हूँ । "थोरो ने अपने आधार ग्रंथ बताए । ये थे : गीता का फ्रेंच अनुवाद जिसका लेखक बरनफ होगा, वह उसका उल्लेख नहीं करता है; यह 1840 में प्रकाशित हुआ था । इससे भी महत्वपूर्ण था चार्ल्स विल्किन्स का 1846 में हाल ही में प्रकाशित अंग्रेजी अनुवाद जिसकी भूमिका वारेन हेस्टिंग्स ने लिखी थी । इस प्रसिद्ध विजेता शासक ने सार्वजनिक रूप से वेदों की भूमि की आध्यात्मिक प्रभुता को स्वीकार किया ।

1786 में ईस्ट इंडिया कम्पनी के प्रेसिडेंट से भगवद्गीता के अनुवाद करने की सिफारिश की । उसकी भूमिका में उसने घोषणा की, "जब भारत में ब्रिटिश प्रभुता का अंत हो जाएगा, तब उसकी सम्पत्ति और शक्ति ही केवल यादगार रह जायेगी, तब भी भारतीय दर्शनों के लेखक जीवित रहेंगे।" थोरो ने अन्य हिन्दू ग्रंथो का भी उल्लेख किया है, जैसे कालिदास का शकुंतला; उसने मनुस्मृति का भी उत्साहपूर्वक बखान किया है, जिससे उसका परिचय विलियम जोन्स के अनुवाद से हुआ था[53]। रोम्यां रोल यहीं पर प्रसिद्ध रहस्यवादी अमेरिकी कवि इमर्सन की कविता ब्रह्म को भारतीय विचारधारा के सिंचन का ही परिणाम मानते हैं[54]। इस प्रकार से रोलां, इमर्सन, थोरो, वाल्ट व्हिटमैन और एडगर एलन पो को भी भारतीय दर्शन और वेदांत से प्रभावित मानते हैं । इतना ही नहीं यदि इन सबके लिखे हुए साहित्य का गहन अध्ययन किया जाए तो भारतीय दर्शन की श्रृंखला बद्ध उपस्थिति देखने को मिल सकती है। रोम्यां रोलां ने इन सब बातों को बहुत ही विस्तार से अपनी पुस्तक में लिखा है ।

रोम्यां रोलां भारत कभी नहीं आए थे किंतु वे भारत से बहुत अधिक प्रभावित थे और उसी के वशीभूत वे पश्चिम की समस्त समस्याओं के समाधान के रूप में भारत की ओर ही देखते थे। वे लिखते हैं कि "और अब पश्चिमी नस्लें स्वयम को अंधी गली में गहरे फंसा हुआ पाती हैं, वे बर्बरता

पूर्वक एक दूसरे की हस्ती मिटाने में लगी हैं । आइए, हम इस रक्त रंजित भगदड़ से अपनी आत्माओं को बाहर खींच लें ! हम उस महान चतुष्पथ को फिर पाने का प्रयास करें जहा से आकाश की चारों दिशाओं में मानव प्रतिभा की धाराऐं प्रवाहित हैं । हम एशिया के ऊंचे मैदानों पर फिर चढ चलें[55]" यहां यह ध्यातव्य है कि एशिया के वे ऊंचे मैदान भारत में ही जिनसे वे शांति पा सकते थे । वे और लिखते हैं कि एशिया, महाभूखण्ड, यूरोप जिसका प्रागद्वीप मात्र है, सेना का अगदल, भारी पोत का शीर्ष भाग वहां से सदा हमारे देवता, और विचार आए हैं[56] तथा जहाँ पर जर्मन का रूप जात में और प्राचीन यूनान का रूप ब्राह्मण में देखा जा सकता है। मार्क्स ने यह भी लिखा है कि वह हमारी भाषाओं, धर्मों का स्त्रोत रहा है[57] ।

इस प्रकार से भारत सदैव पश्चिम के लिए मार्गदर्शक की भूमिका में रहा है । वही भारत आज आत्म विस्मृति के गर्त में पड़कर अपने गौरवशाली अतीत को भुलाकर पश्चिम का अनुगामी बन गया है और अपने भवितव्य को भी वैसा ही होने की शिक्षा दे रहा है । स्वातन्त्र्य के 75 वर्ष बाद वह घड़ी आई है जब हम अपने गौरवशाली अतीत को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने को तत्पर हुए हैं । राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने भारतीय ज्ञान परम्परा के अध्ययन के क्षितिजों को पढ़ने और समझने के अवसर प्रदान किये हैं । इसलिए अध्येताओं को इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपने युवकों को उससे परिचित करवाने के उपक्रम करने चाहिए । यह उपक्रम उसी कड़ी का एक अंग हैं । मैंने पश्चात्यविद्वानों का हवाला मात्र इसलिए दिया है जिससे युवा पीढ़ी बिना किसी संकोच के बात गले उतार सके क्योंकि पश्चिम के सन्दर्भों के अभाव में हमारे गले कोई बात उतरती नहीं है । आज वैश्विक स्तर पर पुनः भारत विश्व का नेतृत्व करता हुआ प्रतीत हो रहा है । भारत ने अपने स्वरुप को पहचानने की पहल प्रारम्भ कर दी है । आवश्यकता है अनुसारों के सामानुसार व्यवहार में लाने की जिससे भारत पुनः अपने विस्तृत अतीत को साकार कर सके । इस कार्य में शिक्षकों की महती भूमिका होती है हम उसी का निर्वहन करें । यजुर्वेद यही कहता है कि 'वयं राष्ट्रे जागृयाम पुरोहितः'।

सन्दर्भ

1.एगनस मैडीसन द वर्ल्ड इकॉनमी, (2006) एकाडेमिक फाउंडेशन, नई दिल्ली, पृ0110-119

2.राधा कृष्ण आयोग

3.कोठारी कमीशन

4. रामकृष्ण मुकर्जी, द राईज एण्ड फॉल ऑफ द ईस्ट इण्डिया कम्पनी, (2011) आकार बुक्स, नई दिल्ली,
पृ0 65-66
5.पवन कुमार वर्मा, भारतीयता की ओर (2010), पेंगुइन बुक्स, नई दिल्ली, पृ038
6.तदैव पृ० पृ 39
7.सर सुन्दर लाल, भारत में अंग्रेजी राज (2016), प्रकाशन विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली, पृ0164
8.तदैव- पृ० 165-65
9.पवन कुमार वर्मा, भारतीयता की ओर (2010) पेंगुइन बुक्स, नई दिल्ली, पृ०34
10. सर विलियम जोन्स समग्र, खण्ड 3, पृ०31
11.तदैव-खण्ड 7, पृ० 117
12.पारसनाथ द्विवेदी, वैदिक साहित्य का इतिहास (2009) चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, पृ०17
13.सर विलियम जोन्स, खण्ड 3-4, पृ० 391
14.तदैव-खण्ड 4, पृ० 113
15.तदैव-खण्ड 3, पृ० 43
16.तदैव-खण्ड 3, पृ० 248
17.तदैव-खण्ड 4, पृ० 110
18.तदैव-खण्ड 3, पृ० 386-320
19.तदैव-खण्ड 3, पृ० 181, खण्ड 4, पृ० 211, खण्ड 3, पृ० 34-35
19ए. तदैव-खण्ड 3, पृ० 43
20.तदैव खण्ड 3, पृ० 181,
21.चार्ल्स ट्रेवलिन, ऑन द एजुकेशन ऑफ द पीपुल्स ऑफ इण्डिया(1838) लांगमैन, ओरमे ब्राउन- ग्रीन एण्ड लांगमैक्स, पैप्टनॉस्टर रो, पृ085
22. धर्मपाल, भारतीय चित्त, मानस एवं काल (2007) पुनरुत्थान ट्रस्ट, अहमदाबाद, पृ074-75

23.तदैव, पृ0 80-81
24. तदैव, पृ0 78-80
25.तदैव, पृ0 80 खण्ड टेक्नोलोजी इन एशियण्ट इण्डिया
26.तदैव पृ0 81
27. तदैव पृ0 65
28.मैक्समूलर, इण्डिया व्हाट केन इट टीच अस (2002), रुपा पब्लिकेशन्स प्रा0 लि0, नई दिल्ली पृ029
29.तदैव- पृ० 30-31
30.तदैव- पृ० 31
31.तदैव- पृ० 32-33
32.तदैव पृ० 33 34
33.तदैव- पृ० 34
34.तदैव- पृ० 36
35.तदैव- पृ० 36-37
36.तदैव- पृ० 38
37.तदैव- पृ० 41-43
38.तदैव- पृ० 43-44
39.तदैव- पृ० 44-47
40.तदैव- पृ० 47-48
41.तदैव- पृ० 56
42.एगनस मेडिसिन, द वर्ल्ड इकोनोमी (2006) अकादमिक फाउंडेशन, नई दिल्ली, पृ० 110-119
43.कार्ल मार्क्स, भारत के सन्दर्भ में (2012), सिद्धार्थ बुक्स, नई दिल्ली, पृ०67
44.तदैव- पृ० 75
45.तदैव- पृ०
46.मार्क्स का पत्र दानियलसन के नाम, 9 फरवरी 1881

47. अनु0 अनिल कुमार, कार्ल मार्क्स भारत के सन्दर्भ में, (2012) सिद्धार्थ बुक्स, नई दिल्ली, पृ0 91
48. कार्ल मार्क्स, द फर्स्ट इण्डियन वॉर ऑफ इंडिपेंडेन्स, 1857-59
49 बिल ब्यूरन्ट, केस फॉर इण्डिया (2011) स्ट्राण्ड बुक स्टाल, मुम्बई, पृ०03
50.तद्रैव- पृ० 04
51.तद्रैव- पृ०
52.रोम्यां रोला, विवेकानन्द की जीवनी, (2013), अद्वैत आश्रम, कोलकाता, पृ० 039
53.तद्रैव-39-40
54.तद्रैव
55.आनन्द कुमार स्वामी, द डान्स ऑफ शिवा, (1952) पृ० 05
56.तद्रैव- पृ० 08
57.मार्क्स एंगेल्स, ऑनकालोनियालिज्म (2016) आकार बुक्स, नई दिल्ली, पृ० 86

कौटिलीय अर्थशास्त्र के आलोक में मोदी राजनय : एक विश्लेषण

प्रो० पवन कुमार शर्मा*

किसी भी राष्ट्र की संपन्नता और विपन्नता उसकी सक्रियता पर निर्भर करती है और सक्रियता संसाधनों पर। संसाधनो का निर्धारण दो प्रकार से किया जा सकता है; एकः- उनका राष्ट्रहित में उपयोग करने से, दुसरे उनके प्रति उदासीन भाव को प्राप्त करके। इसके अतरिक्त आन्तरिक नीति के बल पर भी राष्ट्र की संपन्नता का नियामक निर्धारित किया जा सकता है। यथा किसी वर्ग विशेष को अतिरिक्त लाभ देकर उसकी ओर से उदासीन होकर या फिर सर्व सगाबेशी भाव के बल पर सभी के साथ समान भावी व्यवहार करके। आन्तरिक नीति के बल पर ही राष्ट्र हित/अहित के दृष्टिकोण से विदेश नीति का निर्धारण होता है। जो राष्ट्र उपर्युक्त बातों को दृष्टिगत रखकर स्वयं की विदेश नीति का निर्धारण करते हैं वे समृद्धि के शिखर को प्राप्त करके विश्व गुरूत्व को प्राप्त करते हुए विश्व का नेतृत्व करते हैं, शेष इस प्रकार के राष्ट्रों का अनुसरण करते हैं। 18वीं सदी तक भारत आर्थिक दृष्टिकोण से और 8वीं सदी तक भारत सैन्य दृष्टिकोण से राष्ट्र हित को दृष्टिगत रखकर व्यवहार करता था। आज से 2600 वर्ष पूर्व तक भारत की विदेश नीति का निर्धारण राष्ट्रहित को केन्द्र में रखकर ही किया जाता था। परिणामतः भारत न केवल आर्थिक, सांस्कृतिक, सैन्य दृष्टिकोण से विश्व का प्रेरक था बल्कि वह शेष विश्व को नियन्त्रित भी करता था। किन्तु, बौद्ध काल के बाद भगवान बुद्ध के सप्तशील सिद्धान्त को त्यागने के कारण भारत विश्वगुरूत्व के स्थान से स्खलित हुआ और स्वयं की भूमिका को छोड़ने लगा। 2200 वर्ष पूर्व पुनः उसने यह स्थान प्राप्त किया जब संवाद शैली को अपनाया। इस प्रकार से भारत की विदेश नीति निर्धारण के दृष्टिकोण से काल विभाजन को पांच वर्गों में रखा जा सकता है। भगवान बुद्ध के पूर्व, उनके बाद से 8वीं सादी तक, 8वीं सदी से 18वीं सदी तक, 18वीं सदी से 2014 तक तथा 2014 के बाद से सतत। अतएव, भारतीय विदेश नीति को देश काल परिस्थितियों के अनुकूल स्वयं को बदलते रहना चाहिए। वी०पी० दत्त स्पष्ट करते हुए लिखते हैं कि प्रत्येक देश की विदेश नीति का निर्धारण उस काल से होता है जिसमें इसे लागू किया जाता है। इस पर प्रकार इतिहास और इसकी भौगोलिक स्थिति का भी प्रभाव पड़ता है। देश की अवचेतन स्थिति को इसके हाल का अतीत प्रभावित करता है। दुनिया के साथ संवाद में जिस प्रकार आप अपनी स्थिति को देखते हैं, उसी तरह इसका भारी अंतर पड़ता है कि आप मानचित्र में कहाँ हैं। या यूँ कहा जाए कि विदेश नीति के विकास में भू-राजनीति एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। इसके अतिरिक्त समय विशेष पर किसी देश की अपनी विशेष आवश्यकताए होती हैं जिनको अनदेखा नहीं किया जा सकता।[1] वी०पी० दत्त ने विदेश नीति के निर्धारण तत्वों का उचित वर्णन किया है। देश-काल परिस्थितियाँ महत्त्वपूर्ण भूमिका निर्वहन करती हैं और एतिहासिक तथ्य भी। फलतः कोई भी विदेश नीति गति शील होती है, जड़ नही। किन्तु भारतीय विदेश नीति के संचालन में 2014 से पूर्व के नीति नियन्ताओं ने भारत के एतिहासिक तथ्यों और देश-काल परिस्थितियों को दृष्टि ओझल किया और इतिहास को भी मात्र अंग्रेजी शासन तक

प्रो० पवन कुमार शर्मा
आचार्य एवं अध्यक्ष , राजनीति विज्ञान विभाग , चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय

सीमित करके ही आंकलन किया। परिणाम स्वरूप भारत की मौलिकता प्रभावित हुई और जो विदेशनीति निर्धारित हुई उसमें 'स्व' का अभाव रहा। फलतः भारत की विदेश नीति गतिशील न बन पाई। 2014 के बाद इस ओर दृष्टिपात हुआ और तदानुरूप काम भी प्रारंभ हुआ।

संस्कृत वांगमय में भारत की विदेश नीति के निर्धारक तत्व सूत्र रूप में और व्याख्या के रूप में बहुतायत में उपलब्ध हैं। प्रमुखतः महाभारत, पंचतन्त्र, हितोपदेश, सूत्र एवं नीति ग्रन्थ आदि। इन्ही नीति ग्रन्थों में से एक है कौटिलीय अर्थशास्त्र। इस ग्रन्थ में विदेश नीति के ऊपर पर्याप्त सामग्री उपलब्ध है किन्तु आज (स्वातन्त्र्योतर काल) किसी भी सरकार ने उसको केन्द्र में रखकर भारत की विदेश नीति का निर्धारण नहीं किया। यदि किया होता तो भारत स्वयं के खोए हुए स्थान को प्राप्त कर लिया होता। किन्तु 2014 के बाद की विदेशनीति के आधार के रूप में कौटिलीय अर्थशास्त्र में वर्णित मण्डल सिद्धान्त और षाड्गुण्य नीति को स्पष्टतः देखा जा सकता है। परिणामतः आज भारत की भूमिका परिवर्तनशील अवस्था में आने लगी है। भारत मण्डल सिद्धान्त में वर्णित विजिगीषु राजा की स्थिति को प्राप्त होकर दिग- दिगन्त में स्वयं की उपस्थिति अनुभव करा रहा है। 2014 के पूर्व भी यह काम हो सकता था किन्तु भारत और भारतीयता के दृष्टिकोण को चिन्तन का स्वभाव न होने के कारण ऐसा संभव न हो सका। भारत की विदेश नीति निर्धारण के संबन्ध में जो साहित्य रचा गया, उस पर भी उपनिवेशी छाप स्पष्टतः परिलाक्षित होती है। फलतः भारत नेतृत्व की अवस्था में न आकर अनुसरणक ही बना रहा। 2014 के बाद परिदृश्य बदला है। इस में भारत और भारतीयता का पक्ष स्पष्टतः न केवल प्रस्तुत किया जा रहा है बल्कि उसका अनुप्रयोग करके उसकी उपयोगिता को प्रमाणित भी किया जा रहा है। इस शोध पत्र का भी उद्देश्य यही है कि अध्येता कौटिलीय अर्थशास्त्र में वर्णित मण्डल एवं षाड्गुण्य सिद्धान्त को न केवल परिचित हो बल्कि उसके अनुप्रयोगीय व्यवहार से मोदी सरकार की विदेश नीति किस प्रकार प्रभावित है इसका विश्लेषण भी कर सकें।

जैसा कि हमें विदित है कि श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एन०डी०ए० द्वितीय ने 26 मई 2014 को सरकार का गठन किया था। इस अवसर पर इंग्लैण्ड के लोकप्रिय समाचार पत्र द गार्जियन ने अपने 19 मई 2014 के अंक के एक स्तंभ में लिखा था कि अन्ततः ब्रिटिशर्स ने भारत को छोड़ दिया। ये पंक्तियाँ आलेख के प्रारंभ में थीं और फिर इसके बाद उन्होनें श्री मोदी के विषय में अन्यान्य बातों का उल्लेख किया था और इसके समापन पर उन्होंने लिखा था कि अब मोदी को स्वयं को सिद्ध करना होगा। द गार्जियन के इस आलेख ने 2014 से पूर्ववर्ती सरकारों को यह अहसास करा दिया कि आप स्वयं को कितना भी भारत की सरकार कहते रहे हों किन्तु आपके क्रियाकलापों पर छाप ब्रिटिशर्स की ही रही है। और जब 2014 में एन०डी०ए० की सरकार जिसका नेतृत्व श्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में भा०ज०पा० कर रही थी, वह स्वयं 282 स्थानों पर विजयी होकर 340 से अधिक स्थानों को एन०डी०ए० के पक्ष में करने में सफल रही थी। परिणामत: द गार्जियन को यह अनुभव हो गया कि अब भारत में ब्रिटिशर्स की व्यवस्था के स्थान पर भारतीय चिंतन को प्रश्रय मिलेगा और इसलिए ही उसने अन्त में लक्षणा में लिखा कि अब मोदी को स्वयं को सिद्ध करना होगा; क्योकि आज (2014) से पहले भारत में भारतीयता की बात कहने का प्रचलन ही नहीं था। श्री मोदी ने इसे एक

चुनौती के रूप में स्वीकारा और भारतीय वृतान्त को गढ़ना प्रारंभ कर दिया। सर्वप्रथम उन्होंने अपने शपथ ग्रहण समारोह में सार्क देशों (कुल 8) को ससम्मान आमन्त्रित किया। यहीं से श्री मोदी ने अन्तराष्ट्रीय सम्बन्धों के निर्धारण में संस्कृत वाङ्मय विशेषकर कौटिलीय अर्थशास्त्र को आधार बनाना प्रारंभ किया। कौटिल्य यहाँ पर राजा जिसके केन्द्र में रखकर सिद्धान्त का विकास होता है को विजिगीषु राजा कहता है। विजिगीषु से अभिप्राय विजय की अभिलाषा वाला राजा। विजिगीषु वह राजा होता है जोकि आत्मसंपन्न, अमात्य आदि द्रव्य प्रकृति संपन्न और नीति अवलम्बलित होता है।[2] मैं विषय को आगे बढाऊँ, उसके पूर्व विजिगीषु राजा स्वयं की विजय अभिलाषा को पूर्ण कैसे करते हैं के विषय में जो मण्डल सिद्धान्त, कौटिल्य के द्वारा निरूपित किया गया है को स्पष्ट कर देता हूँ। तदोपरान्त विषय को आगे विस्तृत करेंगे।

कौटिल्य कहते हैं कि विजिगीषु राजा मण्डल के केन्द्र में होता है। उसके सीमा से लगा हुआ राजा अरि होता है। अरि की सीमा से लगा हुआ राजा विजिगीषु का मित्र होता है। मित्र की सीमा से लगा हुआ राज्य अरि-मित्र होता है और अरि-मित्र की सीमा से लगा हुआ राज्य प्रायः विजिगीषु के मित्र का मित्र होता है जिसे वह मित्र-मित्र के नाम से संबोधित करता है। और इसके बाद पुनः अरि के मित्र के मित्र का राज्य आता है जिसे उसने अरि-मित्र-मित्र के नाम से वर्णित किया है। ये सभी पाँच राज्य विजिगीषु की विजयी होने की यात्रा में आगे के क्रम में आते हैं। जैसा क्रम आगे की ओर का है वैसा ही क्रम विजिगीषु राज्य के पीछे की ओर भी होता है। बस भेद है तो नाम का। यथा विजिगीषु राज्य के पीछे की ओर अवस्थित राज्य को पार्ष्णिग्राह कहते हैं जो कि सामान्यतः विजिगीषु के पृष्ठ यानि पीछे होने के कारण पार्ष्णिग्राह कहलाता है और विजिगीषु के साथ द्वैषपूर्ण संबन्धों का निर्वहन करने वाला होता है। पार्ष्णिग्राह से लगा हुआ राज्य आक्रान्द यानि विजिगीषु के साथ सौहार्दपूर्ण संबन्धों वाला होता है। फिर इसके बाद का राज्य पार्ष्णिग्राह का मित्र होने के कारण पार्ष्णिग्राह सार के नाम से जाना जाता है। और अन्त में पार्ष्णिग्राह सार की सीमा से लगा हुआ राज्य आक्रान्द सार कहलाता है; जो कि विजिगीषु के मित्र का मित्र होता है। इस प्रकार से विजिगीषु राज्य स्वयं के आगे 5 प्रकार के राज्यों से और पीछे चार प्रकार के राज्यों से घिरा होता है। ये विजिगीषु सहित कुल 10 राज्य होते हैं।[3] इसके अतिरिक्त कौटिल्य दो और राज्यों का उल्लेख मण्डल सिद्धान्त में मण्डल को पूर्ण करने के लिए करते है। वे लिखते हैं कि विजिगीषु राज्य की संधि में संधि और विग्रहों में विग्रहों का समर्थन करने वाला राज्य मध्यम कहलाता है।[4] वी०पी० वर्मा लिखते हैं कि मध्यम से अभिप्राय उस राज्य या राजा से है जो कि तटस्थ हो और जिसकी सीमाएं विजिगीषु तथा अरि दोनों से ही सटी हों। तथा यह दोनों कि अपेक्षा शक्ति में अधिक हो[5] तभी तो वह तटस्थ रह सकेगा। किन्तु, यदि कौटिल्य के वाक्य पर ध्यान दें तो स्पष्ट होता है कि वह विजिगीषु और अरि की संधि और विग्रह दोनों में वह उनके साथ खड़ा है तो तटस्थ कैसे हो सकता है। तटस्थ से अभिप्राय: तो दोनों ही अवस्थाओं में दोनों में से किसी का भी साथ न देने से होता है। अस्तु। आगे वे दूसरी प्रकार के राज्य या राजा की भी स्थिति स्पष्ट करते हैं और उसे नाम देते हैं उदासीन। यानि वह राज्य या राजा जोकि अरि, विजिगीषु और मध्यम की प्राकृतियों के आतिरिक्त शक्तिशाली, मध्यम राजा से भी वलवान, अरि, विजिगीषु और मध्यम की सन्धि में सन्धि और विग्रह में विग्रह का समर्थक रहे।[6] वी०पी० वर्मा इसकी व्याख्या कुछ यों करते हैं कि उदासीन, मध्यम की भांति दूसरा तरस्थ राज्य है जोकि विजिगीषु,

अरि और मध्यम तीनों से अधिक शक्ति संपन्न हैं तथा इसका प्रदेश तीनों राज्यों से दूर है।[7] यहाँ पर भी तटस्थता की स्थिति भ्रमकारी है। किन्तु यह तो स्पष्ट ही है कि उदासीन निश्चित ही विजिगीषु, अरि और मध्यम से अधिक शक्तिशाली है और आवश्यकता पड़ने पर वह सभी पर नियन्त्रण भी करता है। इसलिए विजिगीषु राज्य या राजा को स्वयं सहित अन्य के साथ उनकी मूल प्रकृति जिनको कौटिल्य द्रव्य प्रकृतियाँ कहते हैं, सहित सम्बधों की स्थापन करना चाहिए।



कौटिल्य मण्डल सिद्धान्त के निरूपण में सहजशत्रु, कृत्रिमशत्रु और सहजमित्र और कृत्रिममित्र को भी सम्मिलित करते हैं। इनमें जो भेद वे करते हैं वह इस प्रकार है कि विजिगीषु राजा की सीमा से लगा हुआ शत्रु और विजिगीषु के वंश में ही पैदा हुआ दायभागी विजिगीषु के सहज शत्रु होगें। इसी प्रकार जो राजा स्वयं से ही विजिगीषु का विरोधी हो जाए या अन्य को भी विरोधी बनाने वाला हो को कृत्रिमशत्रु कहा है। इस प्रकार शत्रुओं के दो प्रकार का निरूपण उनके द्वारा किया गया है।[8]

अब मित्रों के प्रकार पर प्रकाश डालते हैं। उपर्युक्तानुसार मित्र भी दो ही प्रकार के उनके द्वारा बताए गए हैं। 1. सहजमित्र यानि विजिगीषु के राज्य से लगे राज्य की सीमा से लगा हुआ राज्य और विजिगीषु का ममेरा या फुफेरा भाई। धन या जीवन, जीविका के लिए आश्रय लेने वाला कृत्रिममित्र कहलाता है। सरल रूप में समझने के लिए महाभारत में भगवान श्री कृष्ण पाण्डवों के सहजमित्र थे क्योंकि उन दोनों में ममेरे और फुफेरे भाई का संबन्ध था और कर्ण कौरवों का कृत्रिम मित्र था क्योंकि उस मित्रता का मूल हेतु जीविका का आश्रय था।

मण्डल सिद्धान्त के विस्तार के लिए कौटिल्य आगे विस्तार से समझाते हैं कि विजिगीषु, मित्र और मित्र–मित्र ये तीन प्रकृतियाँ और हैं तथा तीनों ही राज्यों की पांच द्रव्य प्रकृतियाँ और हैं यथा अमात्य, जनपद, दुर्ग, कोष, राष्ट्र।[9] इस प्रकार एक राज्य या राजा यथा विजिगीषु (मूल प्रकृति) और उसकी पांच अन्य प्रकृतियाँ, कुल हुई छः। इसी प्रकार मित्र

की भी और मित्र-मित्र की भी छः छः प्रकृतियाँ मिलकर कुल हो गईं 18 ।[10] इस प्रकार 18 प्रकृतियों का मिलकर एक मण्डल बना। यही क्रम अरि राज्यों के मण्डल निर्माण में प्रयुक्त होगा, यही मध्यम और उदासीन के मण्डल निर्माणों में। इस प्रकार से चार मण्डलों का गठन हुआ। एक मण्डल में 18 प्रकृतिगाँ तो चार गण्डलों में 18x4=72 प्रकृतियाँ हुईं।[11]

इसको सारणी के माध्यम से कुछ यों दर्शाया जा सकता है:-

विजिगीषु			अरि			मध्यम			उदासीन		
विजिगीषु । मित्र। मित्र–मित्र			अरि+अरिमित्र +अरिमित्र-मित्र			मध्यम + मित्र+ गिन्न गिन्न			उदासीन+ मित्र+ मित्र–मित्र		
आगात्य जनपद दुर्ग कोष दण्ड	अमात्य जनपद दुर्ग कोष दण्ड	अमात्य जनपद दुर्ग कोष दण्ड	अमात्य जनपत दुर्ग कोष दण्ड	अमात्य जनगत दुर्ग कोष दण्ड	अमात्य जनपद दुर्ग कोष दण्ड	अमात्य जनपद दुर्ग कोष दण्ड	अमात्य जनपद दुर्ग कोष दण्ड	अमात्य जनपद दुर्ग कोष दण्ड	अमात्य जनपद दुर्ग कोष दण्ड	अमात्य जनपद दुर्ग कोष दण्ड	अमात्य जनपद दुर्ग कोष दण्ड
6 + 6 + 6			6 + 6 + 6			6 + 6 + 6			6 + 6 + 6		
कुल = 18 एक मण्डल			कुल = 18 दूसरा मण्डल			कुल = 18 तीसरा मण्डल			कुल = 18 चतुर्थ मण्डल		

इस प्रकार 12 राजपद्धतियाँ एवं 60 अमात्य आदि द्रव्य प्रकृतियां मिलकर कुल 72 प्रकृतियों का एक बृहद मण्डल बनता है।

अब विजिगीषु और शत्रु राजाओं के गुणों का विवेचन करते हैं।

वे कहते हैं कि अगर संपन्न राजा (शत्रु को इसमें सम्मिलित नहीं किया गया है क्योंकि शत्रु राजा होने से स्वयं स्वामी प्रकृति की श्रेणी का है।) शेष सात प्रकृतियाँ यानि, स्वामी, अमात्य, जनपद दुर्ग, कोष, दण्ड, और मित्र हैं। इन सभी का व्यवस्थित क्रिया संपन्न होना, राजा का आत्म संपन्न होना, या राजसंपति कही गई है।[12] आत्म संपन्न राजा जोकि स्वयं स्वामी प्रकृति है, वह अपने स्वभाव से गुणहीन प्रकृतियों को भी गुणवान बना लेता है महाभारत के हमारे सम्मुख है। शत्रु राजा जो कि स्वयं स्वामी प्रकृति है, वह अपने स्वभाव से ना केवल स्वयं को हानि पहुँचाता है बल्कि अपने राज्य सहित अपनी समस्त प्रकृतियों को भी नष्ट कर लेता है।[13]

मण्डल सिद्धान्त की परिणति को वे शक्ति (बल) और सिद्धि (सुख) के रूप में प्रकट करते हैं यानि विजिगीषु राजा की शक्ति और सिद्धि का परिणाम बल और सुख के रूप में प्राप्त होता है।[14] वे प्रकारांतर से शक्ति और सुख दोनों के तीन-तीन भेद बताते हैं। यानि शक्ति को वे ज्ञानशक्ति, कोषशक्ति और विक्रमशक्ति में विभाजित करते हैं वहीं सिद्धि को मंत्रसिद्धि, प्रभुसिद्धि और उत्साह सिद्धि के रूप में प्रस्तुत करते हैं।[15] इन हानियों से संपन्न राजा को श्रेष्ठ, रहित को अधम एवं समान शक्ति वाला राजा मध्यम कहलाता है।[16] इसलिए राजा को सदैव ही स्वयं शक्ति और सिद्धि का

विस्तार करते रहना चहिए। यदि राजा यह कार्य स्वयं न कर सके तो उसे ये कार्य स्वयं की अमात्य आदि द्रव्य प्रकृतियों के द्वारा करवाने चाहिए। इस प्रकार विजिगीषु राजा स्वयं की शक्ति विस्तार में न केवल स्वयं सक्रिय रहे बल्कि शत्रु की शक्ति को क्षीण करने के भी समस्त उपाय करता रहे। और इन उपायों के लिए निशेष परिस्थितियों की प्रतीक्षा करे।[17]

कौटिल्य विजिगीषु राजा की और उसके सहयोगियों की तुलना चक्र के रूप में करते हुए उनकी स्थिति की व्याख्या कुछ यों करते हैं। वे कहते हैं कि विजिगीषु चक्र में स्वयं नाभि, मित्र को अरा और मित्र-मित्र को नेमि के रूप में माने।[18] इसको हम निम्न आकृति से सुगमता से समझ सकते हैं।



वे आगे कहते हैं कि जो बलवान शत्रु विजिगीषु और मित्र के मध्य आ जावे वह या तो जीत लिया जाए या सदैव संतप्त रहे।[19] इस प्रकार मण्डल सिद्धान्त के व्यवहारिक क्रियान्वयन से विजिगीषु राजा निश्चित ही यशस्वी होता है।

मण्डल सिद्धान्त में यों तो षाड्गुण्य सिद्धान्त की भी महती भूमिका है किन्तु इसमें सर्वाधिक प्रभावी भूमिका सन्धि और विग्रह की है। उसका विवेचन भी यहाँ पर समीचीन प्रतीत होता है। कौटिल्य इसे स्पष्ट रूप से स्वीकारते हैं कि सात प्रकृतियाँ (स्वामी, अमात्य, जनपद, दुर्ग, कोष, दण्ड (सेना), मित्र) और बारह राज मण्डल (विजिगीषु, अरि, मित्र, अरि मित्र, मित्र-मित्र, अरि-मित्र-मित्र, पार्ष्णिग्राह आक्रन्द, पार्ष्णिग्राह सार, आक्रान्द सार, मध्यम और उदासीन) ही षाड्गुण्य नीति का मुख्य आधार हैं।[20] ये हैं - सन्धि, विग्रह, यान, आसन, संश्रय एवं द्वैधीभाव।[21] यों तो ये छः ही पूर्ण हैं किन्तु कौटिल्य ने मण्डल सिहात के निरूपण में दो (सन्धि एवं विग्रह) पर अधिक बल दिया है,[22] इसलिए इन्हीं का विवेचन यहाँ पर प्रस्तुत करेंगे।

कौटिल्य लिखते हैं कि दो राजाओं के मध्य कुछ शर्तों पर मेल हो जाना सन्धि कहलाता है और शत्रु पर कोई अपकार करना विग्रह कहलाता है।[23] वे आगे सन्धि का आधार बताते हैं कि शत्रु की तुलना में स्वयं को निर्बल समझने पर यह गुण व्यवहृत होता है और यदि स्वयं बलवान हों तो विग्रह का उपयोग करना चाहिए।

कौटिल्य विजिगीषु को निर्देशित करते हैं कि यदि सन्धि और विग्रह की अवस्था में एक समान लाभ की अवस्था हो तो विजिगीषु सन्धि ही करे क्योंकि विग्रह से प्रजा की हानि की संभावना प्रबल हो जाती है।[24] वे आगे यह

भी बताते हैं कि सामर्थ्यानुसार सन्धि विग्रह को व्यवहार में लावे। इसके लिए यह अनिवार्य है कि वह समान या शक्तिशाली के साथ सन्धि तथा कमजोर के साथ विग्रह करके स्वयं के प्रभाव की वृद्धि करे।[25] वे आगे कहते हैं कि यदि शक्ति शाली राजा सन्धि के लिए तत्पर न हो तो विजिगीषु को चाहिए कि वह अपने शत्रु राजा को नानाविध दूतकर्म, मन्त्र युद्ध, सेनापतियों का वध करके राजमण्डल की सहायता ले, शत्रु आदि तथा रसों का गूढ़ प्रयोग, वीवध (धान्य) आसार (मित्र सेना) और प्रसार (घास एवं लकडी) को हानि पहुँचावे।[26] कपट उपायों का प्रयोग करे और दण्ड और आक्रमण को व्यवहार में लावे। इन सबसे या तो बलवान राजा सन्धि के लिए तत्पर हो जावेगा या फिर संघर्षरत रहकर दुर्बलता को प्राप्त होगा। कौटिल्य नानाविध सन्धियों के प्रकारों का उल्लेख करते हैं और विग्रह पर भी विस्तार से प्रकाश डालते हैं। इस प्रकार से वे मण्डल सिद्धान्त को व्यवहारिक रूप से लागू करने में सन्धि की भूमिका को महत्वपूर्ण मानते हैं और यदि निग्रह अपरिहार्य हो तभी उसके उपयोग की बात करते हैं। सारपूर्ण विषय के अध्ययन के बाद यह स्पस्ट होता है कि कौटिल्य राष्ट्रहित के लिए किसी भी व्यवहार को अनुचित नहीं मानते। मात्र राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर अपनी नीतियों के क्रियान्वयन का पक्ष स्पष्ट करते हैं। बी०पी० बर्मा कौटिल्य के मण्डल सिद्धान्त के व्यवहारिक स्वरूप को दृष्टिगत रखकर ही उन्हें भारतीय राजनीतिक चिन्तकों में यथार्थवादी चिन्तक के रूप में प्रतिष्ठापित करते हैं।[27] क्योंकि जहाँ एक ओर कौटिल्य ने विजिगीषु को संप्रभु साम्राज्य स्थापित करने के लिए उपक्रम प्रस्तुत किए हैं वहीं वे मण्डल के विभिन्न राजाओं के मध्य संतुलन स्थापित करने हेतु विषयों का प्रतिपादन भी करते हैं। सन्धि, विग्रह, आसन, यान, संश्रय एवं द्वैधीभाव ये छः गुण इसी दृष्टिकोण से प्रतिष्ठापित किए गए गुण हैं।

2014 से श्री नरेन्द्र मोदी ने जिन देशों कि यात्राएँ की हैं उन यात्राओं के माध्यम से हम कौटिल्य के मण्डल सिद्धान्त में सम्मिलित चारों मण्डलों (विजिगीषु, अरि, मध्यम, और उदासीन) को समकालीन देशों के साथ रख कर श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा व्यवहृत विदेशनीति को मण्डल सिद्धान्त की कसौटी पर कसने का प्रयास करेंगे।

म्यांमार एवं नेपाल यों तो सहज मित्र की श्रेणी के राज्यों में आते हैं किन्तु वैचारिक दृष्टिकोण से यहाँ पर कृत्रिम मित्र की गतिविधियों के संचालन के चलते ये अरि राज्य के अनुसार व्यवहृत होते हैं। यानि कम्यूनिस्ट पार्टी की सरकार के चलते ये अपनी जीविका हेतु चीन पर निर्भर करते हैं। वहीं अफगानिस्तान, भूटान आदि सहज मित्र के रूप में व्यवहृत होते है। सांस्कृतिक भारत का व्याप मध्य एशिया तक जाता है। 2014 के बाद उनमें से भी अधिकांश राज्य या तो सहज मित्र की श्रेणी के अनुसार व्यवहृत हो रहे हैं या कृत्रिम मित्र का आचरण कर हैं। पाकिस्तान अरि की श्रेणी का राज्य है और चीन अरि-मित्र की भूमिका का निर्वहन करता है। तथा इसके साथ वह मध्यम श्रेणी के मण्डल का भी प्रतिनिधि राज्य है। और वह भारत की ओर से विजिगीषु राज्य के रूप में अपना आचरण नहीं करता है। वह सदैव भारत के अरि-मित्र के रूप में ही व्यवहृत होता है। यद्यपि रूस की भुमिका भारत के मित्र की श्रेणी के अनुसार व्यवहृत होती है। योंतो इस प्रकार श्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 के बाद जिन देशों की यात्राएँ की हैं उन्हें हम भारत की अधिकारिक वेवसाइट पर उपलब्ध आंकड़ो के अनुसार सुगमता से समझ सकते हैं क्योंकि श्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 के बाद से ये सतत प्रयास किए हैं कि भारत के सहज मित्र या कृत्रिम मित्रों की संख्या में वृद्धि हो। भारतीय सेना के विंग कमांडर अभिनन्दन की यथाशीघ्र वापसी इस बात का प्रमाण है की भारत भी विदेश नीति पाश्चात्य प्रभाव या सिद्धान्तों से बाहर

निकल कर राष्ट्रहित के अनुसार आचरण करने लगी है। 2014 से पूर्व की विदेश नीति जिसे जे०एस०मिल नपुंसक के रूप में निरूपित करते हैं।[28] किन्तु ये ध्यातव्य है कि 2014 के बाद की विदेश नीति जिस पर मण्डल सिद्धान्त की छाप स्पष्टत: देखी जा सकती है, ने अपने अतीत की छाया (1947-2014) से बाहर निकलना प्रारंभ कर दिया है। भारत के विषय में पश्चिम की जो धारणा बन गई थी और उस समझ के अनुसार ही भारत का सर्वत्र मूल्यांकन होता था को अब बदला जाने लगा है। क्योंकि पाश्चात्य राजनयों ने भारत के विषय में जो दावे किए थे यथा उनका चरित्र भावुकता के कारण कमजोर हो जाता है जिसमें मूल्यों के प्रति उनकी समझ कभी-कभी नष्ट हो जाती है।[29] अब भारत भावुकता के संरक्षण संवर्धन के साथ-साथ यथार्थ चिन्तन का भी अनुगामी हो गया है। राष्ट्रहित उसके लिए सर्वोपरि है चाहे उसके लिए उसे कोई भी कीमत क्यों न चुकानी पड़े।

2014 के बाद की विदेश नीति की दशा-दिशा ने यह सिद्ध करना प्रारंभ कर दिया है। और इसके परिणाम भी दृष्टिगोचर होने लगे है। द गार्जियन के 19 मई के अंक में छपे स्तंभ की अंतिम पंक्तियाँ कि श्री मोदी को स्वयं को सिद्ध करना होगा। मुझे लगता है कि वह सिद्ध करने कि प्रक्रिया शुरू हो गई है। श्री मोदी उस पर खरे उतरने लगे है। और इस आधार पर न केवल भारत की विदेश नीति में परिवर्तन हो रहा है बल्कि आंतरिक नीति के परिवर्तन के चलते दोनों एक दूसरे के पूरक सिद्ध होकर भारत को प्रतिष्ठापित कर रही है।

सन्दर्भ

1. दत्त ,वी०पी०, (2009), स्वतन्त्र भारत की विदेशनीति, नेशनल बुक ट्रस्ट, इण्डिया, पृ०1
2.कौटिल्य अर्थशास्त्र, (2009) चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान, वाराणसी, पृ० 446
3. तदैव
4. तदैव, पृ० 447
5. वर्मा , वी०पी०, (2010 11), आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिन्तन, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, आगरा पृ० 888
6. कौटिल्य अर्थशास्त्र, (2009), चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान, वाराणसी, पृ० 447
7. वर्मा, वी०पी०, (2010-11) , आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिन्तन, लक्ष्मीनारायाण अग्रवाल, आगरा, पृ० 888
8. कौटिल्य अर्थशास्त्र, (2009) चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान, वाराणसी, पृ० 446
9. तदैव, पृ० 447
10. तदैव
11. तदैव
12. तदैव, पृ० 444
13. तदैव
14. तदैव, पृ० 447
15. तदैव, पृ० 448
16. तदैव
17. तदैव
18. तदैव, पृ० 449

19. तदैव, पृ० 449
20. तदैव, पृ० 443
21 तदैव
22. तदैव, पृ० 447 एवं पृ० 453
23. तदैव, पृ० 453
24 तदैव
25. तदैव, पृ० 454
26. तदैव
27. वर्मा,वी०पी०, (2010-11), आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिन्तन, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, आगरा पृ० 887
28. रॉटर, ए०जे०, (2000), कामरेड्स एट ओड्स: द यूनाइटेड स्टेट्स एण्ड इंडिया 1947-1964, कारनेल यूनिवर्सिटी प्रेस, लन्दन, 192
29. तदैव, पृ० 194